दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :299
प्रतापगढ़ | शनिवार , 31 अगस्त-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें *www.dailylokmitra.com*

## न्यूज डायरी

### तीन राज्यों में बुलडोजर एक्शन के खिलाफ जमीयत पहुंची सुप्रीम कोर्ट, 2 सितंबर को सुनवाई



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** जमीयत उलेमा ए हिंद ने तीन राज्यों में बुलडोजर एक्शन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है।आज वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए आरोपितों के घरों पर सरकारों द्वारा बुलडोजर चलाने पर रोक लगाने की मांग की।उन्होंने कहा कि इस मामले में याचिका दाखिल की गई है, जिस पर तत्काल सुनवाई की जरूरत है। उसके बाद कोर्ट ने 2 सितंबर को सुनवाई करने का आदेश दिया।याचिका में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में अल्पसंख्यक समुदाय के आरोपितों के घरों पर बुलडोजर चलाने की घटनाओं का हवाला दिया गया है।

### जामिया ने यौन उत्पीड़न की शिकायत पर प्रोफेसर को निलंबित किया



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने एक छात्रा द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकायत मिलने के बाद एक प्रोफेसर को बृहस्पतिवार को निलंबित कर दिया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई है।आदेश में कहा गया है कि विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति ने आरोपी के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। इस आरोप पर टिप्पणी के लिए प्रोफेसर से संपर्क नहीं हो सका है।निलंबन आदेश में कहा गया है, ''बीए (ऑनर्स) संस्कृत की एक छात्रा ने 29 अगस्त, 2024 को भेजे गए अपने ईमेल के जरिए यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई है...अपनी शि

### फर्जी पास के आधार पर संसद में प्रवेश करने की कोशिश करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** संसद परिसर में फर्जी प्रवेश पास के आधार परघुसने की कोशिश करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।पुलिस के अनुसार, बुधवार सुबह संसद परिसर के अंदर एक निर्माण स्थल पर जांच के दौरान एक मजदूर के पास फर्जी प्रवेश पास पाया गया। बाद में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अधिकारियों ने उस व्यक्ति को दिल्ली पुलिस को सौंप दिया।पुलिस ने बताया कि इसके बाद उसे संसद मार्ग पुलिस थाने ले जाया गया, जहां उसने बताया कि उसके पास की अवधि समाप्त हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में जांच जारी है।

### शिवाजी की मूर्ति गिरने के मामले में हुई बड़ी कार्रवाई, आरोपी कंसल्टेंट गिरफ्तार



**सिंधुदुर्ग , एजेंसियॉ।** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने के मामले में हुए बड़े बवाल के बाद शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई हुई है। पुलिस ने मामले की पहली गिरफ्तारी की है। पुलिस ने कोल्हापुर के स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट को गिरफ्तार किया है। इस मामले में ये बड़ा कदम है। आरोपी चेतन पाटिल को कोल्हापुर क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। पाटिल को गिरफ्तार करने के लिए कोल्हापुर क्राइम ब्रांच और मालवन पुलिस ने ज्वॉइंट ऑपरेशन चलाया था, जिसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। आरोपी मालवन पुलिस के पास है।कोल्हापुर पुलिस अधीक्षक महेंद्र पंडित का कहना है कि चेतन पाटिल को बृहस्पतिवार 29 अगस्त की देर रात हिरासत में लिया गया था। इसके बाद उससे पूछताछ की गई। पूछताछ करने के लिए आरोपी को सिंधुदुर्ग पुलिस को सौंप दिया गया। सिंधुदुर्ग पुलिस ने बताया कि पाटिल को गिरफ्तार कर लिया गया है। कोल्हापुर के रहने वाले पाटिल ने बुधवार को दावा किया था कि वह इस परियोजना के लिए संरचना सलाहकार नहीं थे। मामले से जुड़ी प्राथमिकी में पाटिल को कलाकार जयदीप आप्टे के साथ नामजद किया गया। मराठी समाचार चैनल 'एबीपी माझा' से बातचीत में पाटिल ने कहा था कि उन्होंने राज्य के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के माध्यम से भारतीय नौसेना को मंच का डिजाइन सौंपा था, लेकिन उनका प्रतिमा से कोई लेना-देना नहीं था।

● ● पेरिस पैरालंपिक 2024 ● ●

# पैरा महिला शूटर अवनी लेखरा ने रचा इतिहास जीता गोल्ड मेडल

### मोना ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** पेरिस पैरालंपिक 2024 के दूसरे दिन भारत का खाता खुल गया है। भारत की झोली में एक साथ 2 मेडल आए हैं। जहां स्टार पैरा शूटर अवनी लेखरा ने गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल एसएच 1 फाइनल इवेंट में गोल्ड मेडल पर निशाना लगाया। वहीं, मोना अग्रवाल ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। एक ही इवेंट में 2 मेडल जीतकर भारत के पैरा एथलीट ने पेरिस पैरालंपिक में शानदार आगाज किया है। इससे पहले अवनी लेखरा ने क्वालिफिकेशन राउंड में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल का टिकट हासिल किया था। अवनी क्वालीफिकेशन राउंड में 625.8 के स्कोर के साथ दूसरा स्थान पर रहीं थी और पैरालंपिक



रिकॉर्ड से चूक गई थी। उनका स्कोर पैरालंपिक रिकॉर्ड से केवल 0.2 प्वाइंट कम था। वहीं, मोना 623.1 के स्कोर के साथ पांचवें नंबर पर रहीं थी। बता दें कि, अवनी लेखरा जयपुर की रहने वाली हैं और स्टार पैर शूटर हैं। अवनी पहली बार उस समय सुर्खियों में आई थी जब तीन साल पहले टोक्यो पैरालंपिक में एसएच 1 कैटेगरी में उन्होंने गोल्ड मेडल जीतने का बड़ा कारनाम किया था। जबकि 50 मीटर राइफल थ्री-पोजीशन में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया था। पेरिस में अब मेडल जीतने के साथ ही अब वह लगातार 2 पैरालंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला पैरा एथलीट बन गई हैं। 12 साल पहले अवनी का एक भयंकर कार एक्सीडेंट हुआ था जिसमें उनकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लगी थी। इस चोट के चलते उनके शरीर के निचले हिस्से में पैरालिसिस हो गया लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। अभिनव बिंद्रा की आत्मकथा से प्रेरणा लेकर उन्होंने शूटिंग की प्रैक्टिस शुरू की और अब लगातार 2 पैरालंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर नया इतिहास रच दिया है। कार दुर्घटना में शरीर के निचले हिस्से में गंभीर चोट के बाद से अवनी व्हीलचेयर का इस्तेमाल करती है। शूटिंग में एसएच1 श्रेणी में ऐसे निशानेबाज हिस्सा लेते हैं जिनकी बाहों, निचले धड़, पैरों की गति प्रभावित होती है या उनके हाथ या पैर में विकार होता है।

## रेप को लेकर सख्त कानून बनाने की मांग

### ● सीएम ममता ने पीएम मोदी को फिर लिखी चिट्ठी



**कोलकाता(हि.स.)।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से चिट्ठी लिखकर दुष्कर्म के खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग की है। इस चिट्ठी को उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर भी साझा किया। मुख्यमंत्री ने 22 अगस्त को पहली बार प्रधानमंत्री को इसी विषय पर चिट्ठी लिखी थी, जिसका उन्होंने शुरुआत में ही जिक्र किया है।ममता ने अपनी पहली चिट्ठी में संसद में बिल पास कर दुष्कर्मियों को %सख्त और उदाहरण प्रस्तुत करने वाली सजा% की जरूरत बताई थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री को लिखी अपनी दो पन्नों की चिट्ठी में कहा है, ÷इस अत्यंत संवेदनशील मुद्दे पर लिखी गई उस चिट्ठी का कोई जवाब अब तक नहीं मिला है।÷ हालांकि, उन्होंने बताया कि पहली चिट्ठी की एक प्रति केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय को भेजी गई थी, जिसका जवाब उन्हें मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय की तरफ से आए जवाबी चिट्ठी में इस मुद्दे पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने लिखा, ÷मैंने जिस गंभीरता से इस समाज से जुड़े अहम मुद्दे पर सोचा था, वह गंभीरता मंत्रालय के साधारण जवाबी पत्र में नहीं दिखी।प्रधानमंत्री को लिखी पहली चिट्ठी में ममता ने फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए 15 दिनों में दुष्कर्म के मामलों की सुनवाई पूरी कर दोषियों को सजा दिलाने की मांग की थी।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन भाजपा में शामिल

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गये। धुर्वा गोलचक्कर के शाखा मैदान में आयोजित अभिनंदन सह मिलन समारोह में शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्व सरमा ने चम्पाई को भाजपा की सदस्यता दिलावायी।

चम्पाई के साथ उनके समर्थकों ने भी भाजपा का दामन थामा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने माला पहनाकर चम्पाई सोरेन का पार्टी में स्वागत किया। सदस्यता ग्रहण के दौरान चम्पाई सोरेन भावुक हो गये।चम्पाई सोरेन का पार्टी में स्वागत करते केंद्रीय मंत्री सह झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि टाइगर अभी जिंदा है।चम्पाई सोरेन अब भाजपा के परिवार में शामिल हो गए हैं। चम्पाई ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण पल बचपन से लेकर जवानी तक को आंदोलन में लगा दिया। चम्पाई के आंदोलन के जरिये ही अटल बिहारी वाजपेयी ने राज्य को अलग करने का काम किया।शिवराज ने




कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में अब कुछ नहीं बचा है। यह पार्टी परिवार की पार्टी बन गयी है। पति-पत्नी की पार्टी हो चुकी है। किसी सीनियर का सम्मान नहीं बचा है। जनता के लिए काम करने वाले चम्पाई सोरेन को भी अपमानित किया गया है। शिवराज ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा दलालों की पार्टी बन गयी है। जब चम्पाई सोरेन के हाथ में कमान मिली तो दलालों को हटाने का काम किया। इसके बाद चम्पाई सोरेन हेमंत की आंखों में गड़ने लगे थे।

## उत्तर प्रदेश में लाल टोपी को लेकर घमासान हुआ तेज

### ● मुख्यमंत्री योगी के बयान पर भड़के अखिलेश

**लखनऊ,एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश की सियासत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के बीच बर पलटवार का दौर लगातार जारी रहता है। हाल में ही योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा था कि लाल रंग की टोपी पहनने वालों के काले कारनामे सभी को पता है। सपा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि %लाल टोपी% वाले लोग %काले कारनामों% के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा था कि योगी ने कहा कि आज विकास और



सुशासन का क्या मॉडल होना चाहिए, कानून-व्यवस्था कैसी होनी चाहिए, यह उत्तर प्रदेश तय करता है। इसी पर अब समाजवादी पार्टी की ओर से खुद अखिलेश यादव ने पलटवार किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि जब सदमा लग जाता है तो लोग भी कुछ कहते हैं। लाल रंग को समझना होगा। यह लाल रंग क्रांति का है, मेल-मिलाप का है। लाल रंग भाव का है। हमारे मुख्यमंत्री भावनाओं को नहीं समझ सकते हैं। ये टोपी उन लोगों के काम भी आ सकती है जो गंजे हों। उन्होंने कहा कि हमारा लाल रंग खुशी, त्यौहार का है... आखिर इस रंग से नाराजगी क्या है? योगी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि वे हार के सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं इसलिए उन्हें हर जगह लाल रंग दिखाई दे रहा है।यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि रंग अच्छा बुरा नहीं होता, नजरिया अच्छा बुरा होता है। योगी ने बृहस्पतिवार को कानपुर में एक जनसभा में सपा पर निशाना साधते हुए कहा था, ÷इनकी टोपी लाल है, लेकिन कारनामे काले हैं और इनका इतिहास काले कारनामों से भरा पड़ा है।÷ अखिलेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जनता की संसद का प्रश्नकाल। प्रश्न-लाल और काले रंग को देखकर भड़कने के क्या क्या कारण हो सकते हैं? दो-दो बिंदुओं में अंकित करें।÷ उन्होंने लिखा, उत्तर-रंगों का मन-मानस और मनोविज्ञान से गहरा नाता होता है। यदि कोई रंग किसी को विशेष रूप से प्रिय लगता है, तो इसके विशेष मनोवैज्ञानिक कारण होते हैं और यदि किसी रंग को देखकर कोई भड़कता है, तो उसके भी कुछ नकारात्मक मनोवैज्ञानिक कारण होते हैं।

नक्सली भर्ती मामला

## एनआईए की दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उप्र में छापेमारी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नक्सली भर्ती के एक मामले में शुक्रवार को चार राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उप्र में छापेमारी की है। एनआईए ने आज जारी एक बयान में कहा है कि यह छापेमारी शुक्रवार को भी जारी है।एनआईए के मुताबिक जांच से पता चला है कि कई फ्रंटल संगठनों और छात्र विंग को भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के उद्देश्य से कैडरों को प्रेरित करने और भर्ती करने के साथ-साथ नक्सल विचारधारा का प्रचार करने का काम सौंपा गया है। आरोपितों ने इस एजेंडे के लिए आतंक और हिंसा के कृत्यों को अंजाम देने की साजिश रची। पिछले साल छह सितंबर को




एनआईए ने नक्सली नेताओं और भाकपा (माओवादी) के कैडरों द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयासों पर भी कार्रवाई की थी।

एनआईए ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, चंदौली, वाराणसी, देवरिया और आजमगढ़ जिलों में आठ स्थानों पर आरोपितों और संदिग्धों के परिसरों में छापेमारी के दौरान इलेक्ट्रानिक डिवाइस व आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं।

इनमें मोबाइल फोन, लैपटॉप, पेन ड्राइव, कॉम्पैक्ट डिस्क और मेमोरी कार्ड सहित कई डिजिटल उपकरण, सिम कार्ड, नक्सली साहित्य, किताबें, पर्चे, पॉकेट डायरी, मनी रसीद बुक और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज शामिल हैं।उस समय एनआईए की जांच ने संकेत दिया था कि कई फ्रंटल संगठनों और छात्र विंग को भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से सीपीआई (माओवादी) की विचारधारा का प्रचार करने के साथ-साथ कैडरों को प्रेरित करने और भर्ती करने का काम सौंपा गया था।

आरोपित इस एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए आतंक और हिंसा के कृत्यों को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे।

जांच में यह भी पता चला है कि प्रमोद मिश्रा आतंकी संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयासों में सीपीआई (माओवादी) के कैडर, सहानुभूति रखने वालों और ओजीडब्ल्यू का नेतृत्व कर रहे थे।

## लड़कियों के शौचालय में सीक्रेट कैमरा लगाकर बनायी वीडियो

### ▶▶ लड़कों के पूरे होस्टल में बांटी, इंजीनियरिंग कॉलेज कांड के बाद विरोध प्रदर्शन तेज

**कृष्णा,एजेंसियॉ।** आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में एक इंजीनियरिंग कॉलेज में लड़कियों के छात्रावास के शौचालय में एक गुप्त कैमरा पाए जाने के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया और कथित तौर पर वीडियो छात्रों के बीच प्रसारित किए गए। घटना के सिलसिले में अंतिम वर्ष के एक छात्र को हिरासत में लिया गया है। गुडलावलेरु कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के कैंपस छात्रावास के अंदर रखा कैमरा एक छात्र को मिला, जिसके बाद गुरुवार रात छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया और परिसर में अपनी सुरक्षा और गोपनीयता के बारे




में गंभीर चिंता जताई।आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में एसआर गुडलावलेरु इंजीनियरिंग कॉलेज में गुरुवार को लड़कियों के छात्रावास के शौचालय में कथित तौर पर एक छिपा हुआ कैमरा मिलने के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। छात्राएं छात्रावास में एकत्र हुई और न्याय के लिए नारे लगाए तथा अधिकारियों से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने और परिसर में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। कथित तौर पर छिपे हुए कैमरे द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो को लड़कों के छात्रावास में छात्रों के बीच प्रसारित किया गया। पुलिस ने मामले के संबंध में अंतिम वर्ष के इंजीनियरिंग छात्र को हिरासत में लिया है और जांच जारी है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार घटना तब घटी जब गुरुवार शाम को कुछ छात्राओं ने अपने शौचालय में एक छिपा हुआ कैमरा देखा, जिससे तत्काल चिंता और परेशानी पैदा हो गई। रिपोर्ट के अनुसार इस खोज के बाद अराजक प्रतिक्रिया हुई और छात्रों ने शाम 7 बजे के आसपास विरोध प्रदर्शन शुरू किया जो शुक्रवार सुबह तक जारी रहा और पूरे परिसर में ÷हमें न्याय चाहिए÷ के नारे गूंजते रहे।

● ● 1984 सिख विरोधी दंगा ● ●

## जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय, चलेगा हत्या का मुकदमा

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आज (30 अगस्त) पुल बंगश सिख हत्या मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि आरोपी जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सामग्री है। 302 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 143, 153ए, 188, 149 आदि के तहत आरोप तय किए गए हैं। सीबीआई ने टाइटलर के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया था। यह मामला 1984 में गुरुद्वारा पुल बंगश के पास तीन सिखों की हत्या और धार्मिक स्थल में आगजनी से जुड़ा है। यह घटना तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुई थी।एक गवाह ने पहले आरोप पत्र में कहा था कि टाइटलर 1 नवंबर, 1984 को गुरुद्वारा पुल बंगश के सामने एक सफेद एम्बेसडर कार से बाहर आए और भीड़



को यह कहकर उकसाया कि ÷सिखों को मार डालो, उन्होंने हमारी मां को मार डाला है। अदालत ने गैरकानूनी सभा, दंगा, विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने, घर में अतिक्रमण और चोरी सहित कई अपराधों के लिए आरोप तय करने का आदेश दिया। अदालत ने औपचारिक रूप से आरोप तय करने के लिए मामले को 13 सितंबर के लिए सूचीबद्ध किया है।

## 90 सेकेंड की 3 कॉल, आरजी कर अस्पताल के ऑडियो कॉल से विस्फोटक खुलासा

### ● पीड़िता के पिता ने किया हैरान करने वाला दावा

**कोलकाता एजेंसियॉ।** बलात्कार और हत्या की शिकार 31 वर्षीय प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के पिता ने दावा किया कि उन्हें नहीं पता कि 9 अगस्त की सुबह आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर फोन कॉल की तीन कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग कैसे की गईं। माता-पिता को लीक कर दिया गया। समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया कि हालांकि, पिता ने कहा कि परिवार लीक की जिम्मेदारी नहीं लेगा। पिता ने




संवाददाताओं से कहा कि हमें नहीं पता कि यह (परिवार और अस्पताल के सहायक अधीक्षक के बीच फोन पर बातचीत) कहां से, कैसे वायरल हो गई। हम इसकी जिम्मेदारी नहीं लेंगे। जब पत्रकारों ने पूछा कि क्या फोन कॉल में सुनाई दे रही आवाज उनकी है तो पीड़िता के पिता ने कहा कि आप ऐसा कहते हैं, लेकिन मुझे यह नजर नहीं आता. इस मुद्दे से जांच पर कोई असर नहीं पड़ेगा। ऑडियो लीक ने बुरी खबरों को तोड़ने में संस्थान के प्रबंधन की असंवेदनशीलता और दुष्प्रचार पर एक नया विवाद खड़ा कर दिया। उन फोन कॉलों में एक अधिकारी द्वारा पीड़ित की स्थिति पर दिए गए बयानों में बदलाव, जिनकी प्रामाणिकता एचटी ने व्यक्तिगत रूप से सत्यापित नहीं की है, इस पर सवाल उठाते हैं कि क्या अस्पताल शुरू में इस भयानक अपराध को कवर करने की कोशिश कर रहा था।

कॉल करने वाली महिला, जिसने खुद को अस्पताल के सहायक अधीक्षक के रूप में चिन्हित किया था उसने थित तौर पर पीड़ित के माता-पिता को लगभग 30 मिनट की अवधि के भीतर एक ही नंबर से तीन बार फोन किया और सुविधा में उनकी तत्काल उपस्थिति के लिए कहा। उसने कहा कि मैं आरजी कर अस्पताल से बोल रही हूं। क्या आप तुरंत आ सकते हैं?

## महाठग सुकेश चंद्रशेखर को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ी राहत, कोर्ट ने दी जमानत



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को अन्नाद्रमुक के ÷दो पत्तियां÷ चुनाव चिन्ह से संबंधित रिश्वत मामले में कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर को जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने उन्हें 5 लाख रुपये के निजी मुचलके पर राहत दी। चंद्रशेखर पर अन्नाद्रमुक नेता टी टी वी दिनाकरन के लिए बिचौलिए के रूप में काम करने और वी के शशिकला के नेतृत्व वाले गुट के लिए पार्टी के दो पत्तों वाले चुनाव चिह्न को सुरक्षित करने के लिए चुनाव आयोग के एक अधिकारी को रिश्वत देने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया है। हालाँकि, चन्द्रशेखर अपने खिलाफ दर्ज अन्य लंबित मामलों में जेल में ही रहेंगे।अदालत ने कहा कि वर्तमान तथ्यों में, कार्यवाही में देरी के लिए आरोपी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि वह आरोप पर आदेश को चुनौती देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने का हकदार था। यदि उच्चतम न्यायालय और दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा कार्यवाही पर रोक लगा दी जाती है, तो धारा 479 बीएनएसएस के स्पष्टीकरण को लागू करके आरोपी को दंडित नहीं किया जा सकता है। कानून के तहत उपचार के प्रयोग को आरोपी को मंजूरी देने और उसे धारा 479 (1) और धारा 479 बीएनएसएस के तीसरे प्रावधान के अधिकार से वंचित करने के कारण के रूप में नहीं माना जा सकता है।सुकेश की ओर से पेश होते हुए, वकील अनंत मलिक ने तर्क दिया कि आरोपी को 15.04.2017 को पकड़े जाने के बाद वर्तमान कार्यवाही में 7 साल 4 महीने से अधिक समय तक हिरासत में रखा गया है, जबकि दिनांक 17.11.2018 के आदेश के तहत उस पर जिन अपराधों का आरोप लगाया गया है, वे इस प्रकार हैं। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 8, आईपीसी की धारा 120-बी, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 8 के साथ पढ़ें, आईपीसी की धारा 170/201/419/420/468/471/474 और इनमें से किसी भी अपराध के लिए सजा का प्रावधान नहीं है 7 वर्ष से अधिक की अवधि के लिए।

# शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुई चौथे दिन पुलिस भर्ती परीक्षा

## हो रही गहन तलाशी, सीसीटीवी से भी की जा रही निगरानी

बस स्टैंड से लेकर रेलवे स्टेशनों तक अभ्यर्थियों की भीड़, सेंटरों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा आज शुक्रवार को फिर से शुरू हुई। पांच दिनों तक चलने वाली इस परीक्षा का आज चौथा दिन है। दूसरे शहरों के अभ्यर्थी बड़ी संख्या में रात को यहां पहुंचने लगे थे। प्रयागराज के 63 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा हो रही है। यहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा कराई जा रही है।

परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की विधिवत तलाशी ली गई। सेंटरों पर त्रिस्तरीय जांच की व्यवस्था की गई है। महिला अभ्यर्थियों की तलाशी के लिए सभी सेंटरों महिला पुलिस को तैनात किया गया है। पुलिस के जवान जेब, पर्स, जूता मोजा सब की तलाशी ली जा रही है।

पुलिस भर्ती परीक्षा दो पालियों में हो रही है। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा शाम तीन बजे से पांच बजे तक होगी। प्रत्येक पाली की परीक्षा में 22,877 परीक्षार्थी बैठेंगे। परीक्षा केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जा रही है। अधिकारियों की तरफ से सख्त हिदायत दी गई है कि परीक्षा में किसी तरह की लापरवाही न होने पाए अन्यथा केंद्र संचालक से लेकर जो भी जिम्मेदार होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों का बस किराया फ्री किया गया है। यही कारण है, रोडवेज की बसों में अभ्यर्थियों की सबसे ज्यादा भीड़ दिख रही है। दरअसल, प्रयागराज के परीक्षार्थियों का सेंटर दूसरे जनपद मे है। ऐसे में परीक्षार्थियों को आवागमन में किसी तरह की असुविधा न होने पाए इसके लिए बसों की संख्या भी बढ़ाई गई है।

फ्री रोडवेज बस सेवा के लिए कैंडिडेट्स को यात्रा के दौरान कंडक्टर को एडमिट कार्ड की एक फोटोकॉपी देनी होगी। बिना फोटोकॉपी दिए वे फ्री यात्रा नहीं कर सकेंगे। एडमिट कार्ड की ये कॉपी आते-जाते समय दोनों तरफ कंडक्टर को देना होगा। इसलिए फ्री यात्रा के लिए एडमिट कार्ड की दो एक्सट्रा प्रिंट आउट साथ रखें।

### पुलिस कमिश्नर ने किया परीक्षा केदो का निरीक्षण

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त, प्रयागराज द्वारा उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती-2023 लिखित परीक्षा की सुचिता बनाये रखते हुए नकल विहीन सकुशल सम्पन्न करायें जाने के दृष्टिगत जनपद प्रयागराज के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

पुलिस कमिश्नर ने केश्पीश इंटर कॉलेज, सी0ए0वी0 इण्टर कॉलेज, जगत तारन गर्ल्स इण्टर कालेज, मेरी वानामेकर गर्ल्स इण्टरमीडिएट कालेज, प्रयागराज एवं परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी कण्ट्रोल रूम का भ्रमण एवं निरीक्षण कर सम्बन्धित को मानक संचालन प्रकिया में दिये गये बिन्दुओं के अनुसार अनुपालन कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## रानी रेवती देवी के छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह कारसेवक पुरम अयोध्या में 31 अगस्त को

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर, प्रयागराज के छात्र संसद, कन्या भारती एवं शिशु भारती के छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह 31 अगस्त को कारसेवक पुरम अयोध्या में संपन्न होगा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के अखिल भारतीय महामंत्री एवं राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय होंगे,

अध्यक्षता राम जन्मभूमि के मुख्य ट्रस्टी एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य यजमान डॉक्टर अनिल मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर लक्ष्मीकांत सिंह प्रो वाइस चांसलर अवध विश्वविद्यालय, जन शिक्षा अवध के पूर्व प्रदेश निरीक्षक राजकुमार सिंह एवं मयूरेश चतुर्वेदी रहेंगे।

# नक्सली अर्बन फंडिंग के मामले में एनआईए का छापा

## प्रयागराज में जज परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र से पूछताछ

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** एनआईए ने प्रयागराज और महराजगंज में शुक्रवार को छापेमारी की। यह छापेमारी रेड अर्बन नक्सल फंडिंग के मामले में की गई। सुबह 6 बजे शुरू हुई कार्रवाई करीब 7 घंटे तक चली। एनआईए ने प्रयागराज में इंकलाबी छात्र मोर्चा के सदस्य के बारे में पूछताछ की। एक छात्र को डिटेन किया गया। वहीं, महराजगंज से दो युवकों को डिटेन किया।

प्रयागराज में टीम शहर के कर्नलगंज इलाके में पहुंची। यहां इंकलाबी छात्र मोर्चा से जुड़े देवेंद्र आजाद को लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान जज की तैयारी कर रहे एक युवक को भी डिटेन किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार एनआईए ने मूलरूप से आगरा के रहने वाले एक छात्र से भी पूछताछ की। शिवकुटी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर इलाके के स्थित लॉज की तलाशी ली गई है। छात्र पीसीएस-जे की तैयारी कर रहा है। सुबह 6 बजे एनआईए ने लॉज में छापेमारी कर कई घंटे पूछताछ की। इसके बाद टीम छात्र को दूसरी जगहों पर भी लेकर गई। बताया जा रहा है छात्र देवेंद्र आजाद के संपर्क में है।मामले में स्थानीय पुलिस कुछ भी बताने से इनकार कर रही है। पुलिस का कहना है, इस एक्शन के बारे में एनआईए दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकती है। सूत्रों की मानें, तो एनआईए प्रयागराज और महराजगंज से डिटेन किए गए युवकों की निशानदेही पर अन्य जगह छापेमारी कर रही है।

प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी संगठन से जुड़े संदिग्ध सदस्यों की छानबीन को लेकर एनआईए ने यह कार्रवाई की। इससे पहले भी वाराणसी, देवरिया, चंदौली, प्रयागराज और आजमगढ़ में छापा मारा गया था। आज भी इन्हीं जिलों में संदिग्ध नक्सलियों के खिलाफ एक्शन लिया गया।दरअसल, नक्सल संगठन देश विरोधी गतिविधियों के लिए ट्रेनिंग और अन्य सामान जुटाने में लगे हैं। जांच दल ने ऐसे सदस्यों के मोबाइल, लैपटॉप, पेन ड्राइव, और सिम कार्ड जैसे इलेक्ट्रानिक साक्ष्य जुटाए हैं, जिनकी जांच की जा रही है।एनआईए की टीम के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही। छापेमारी से शिवकुटी इलाके में स्थित लॉज में खलबली मच गई। टीम में छह सदस्य शामिल रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय पुलिस भी पहुंची। देवेंद्र के कमरे की काफी देर तक तलाशी ली गई।बताया जा रहा है कि इसके बाद देवेन्द्र को हिरासत में ले लिया गया है।

अर्बन नक्सल मूवमेंट से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने और प्रतिबंधित संगठन सीपीएम को पुनर्जीवित करने के प्रयास के मामले की जांच में जुटी एनआईए ने शुक्रवार को प्रयागराज में छापा मार दिया। टीम ने इंकलाबी छात्र मोर्चा के देवेंद्र आजाद के घर पहुंच कर तलाशी ली और उससे कई घंटे पूछताछ की। इस दौरान उसके कब्जे से मिले कुछ दस्तावेज भी जप्त कर लिए।देवेंद्र आजाद मूल रूप से भलोखरा थाना फतेहाबाद आगरा जिले का रहने वाला है।वर्तमान में देवेंद्र शिवकुटी के गोविंदपुर सलोरी स्थित एक लॉज में रहकर तैयारी कर रहा है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय का छात्र भी बताया जा रहा है। एनआईए की टीम ने देवेंद्र से करीब छह घंटे तक पूछताछ की और इसके कमरे से मिले कुछ दस्तावेज व साहित्य कब्जे में लेकर वापस लौट गई है। देवेंद्र इंकलाबी छात्र मोर्चा से भी जुड़ा है।

# प्रोन्नति की बाट जोह रहे प्रदेश के तमाम कार्मिक

## जुलाई 2023 में जारी शासनादेश पर अभी तक नहीं हो सका है पूरी तरह से अमल

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के अनेक विभागों के अधिकारी और कर्मचारी प्रोन्नति की बाट जोह रहे हैं। जुलाई 2023 में जारी शासनादेश के बावजूद अभी तक अनेक पात्र लोग पदोन्नति के लाभ से वंचित हैं। शासनादेश पर पूरी तरह से अमल न होने के कारण उन्हें यह डर सताने लगा है कि कहीं वे पदोन्नति का लाभ पाने से पहले ही सेवानिवृत न हो जाएं।

दरअसल 19 जुलाई 2023 को तत्कालीन मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने एक आदेश (1/2023/570/सैंतालीस -का -1-2023-13 (1)/2022) जारी कर कहा था कि पदोन्नति से भरे जाने वाले पद अगर समय से नहीं भरे जाते तो शासकीय कार्य तो प्रभावित होते ही हैं संबंधित कार्मिकों के मनोबल पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए 01 जुलाई 2023 से 30 जून 2024 तक की पदोन्नति से भरे जाने वाली समस्त रिक्तियों की गणना कर सूची विभागाध्यक्ष विलंबतम 31 जुलाई 2023 तक कार्मिक विभाग को अवश्य भेज दें। पदोन्नति अथवा चयन की यह कार्यवाही 30 सितंबर 2023 तक अवश्य पूरी कर ली जानी है। इतना ही नहीं शासनादेश में यह भी उल्लेख किया गया था कि जो पदोन्नति या चयन लोक सेवा आयोग प्रयागराज के माध्यम से होना हो, उसका अधियाचन आयोग को भेज दिया जाए।19 जुलाई 2023 को मुख्य सचिव की ओर से जारी यह शासनादेश जब अपर मुख्य सचिव के माध्यम से विभागों में पहुंचा तो प्रोन्नति की बाट जोह रहे कार्मिकों में खुशी की लहर दौड़ गई। मगर लगभग 11 महीने बीत जाने के बाद भी अनेक पात्र कार्मिक इस लाभ से वंचित हैं। उक्त शासनादेश के क्रियान्वयन की बाट जोह रहे लोगों की बातों पर विश्वास करें तो उनका कहना है कि विभागों में पद खाली पड़े हैं। इसके बावजूद शासनादेश पर अमल नहीं किया जा रहा है। ऐसे में इन कार्मिकों को अब यह डर सताने लगा है कि कहीं वे बगैर प्रोन्नति के ही सेवानिवृत न हो जाएं।

# पारले जी कंपनी में महिला कर्मियों को पुलिस ने किया जागरूक



**नैनी(प्रयागराज)।** आज थाना औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत युनाइटेड चौकी क्षेत्र में पारले जी कम्पनी में कार्य कर रही महिलाओं, लड़कियों को जागरूक करने के उद्देश्य से सहायक पुलिस आयुक्त करछना द्वारा मीटिंग आहूत की गयी। जिसमें उनके सुरक्षा से जुड़े हर पहलुओं पर तथा कार्य और आवागमन के दौरान आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई।किसी भी समस्या से निपटने और समाधान हेतु नम्बरों का आदान प्रदान किया गया व उपयोगी हेल्प लाइन नम्बर 1090, 1091, 112, 108, 181 आदि के बारे में भी अवगत कराया गया । कम्पनी में कार्य कर रही महिलाओं, लड़कियों के सुरक्षा के दृष्टिगत कम्पनी में लगे हुए सभी सीसीटीवी कैमरों को चेक करते हुए कंपनी में बने कन्ट्रोल रूम को चेक किया गया जहां सभी सीसीटीवी कैमरे वर्किंग कंडीशन में पाए गए।कंपनी के मैनेजर वा सभी सुरक्षा कर्मी से वार्ता करते हुऐ महिला सुरक्षा सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा कड़ाई से पालन करने हेतु बताया गया।। मौके पर ही कुछ बिंदु उठाया गया ,जिसे तत्काल निपटाने हेतु मौजूद सभी पोलिस टीम को हिदायत दी गई।

# विकलांगों को विलरित किया गया व्हील चेयर और निशुल्क दवाइयां




लोकमित्र ब्यूरो

**जारी (प्रयागराज)।** ग्राम पंचायत पिपरहटा बिसौरा में बृहस्पतिवार को द हंस फाउंडेशन संस्था द्वारा विकलांगों को व्हीलचेयर, छड़ी, और निशुल्क दवाइयां वितरित किया गया। साथ ही साथ मौके पर उपस्थित सभी ग्रामीणों को स्वच्छता संबंधित जानकारियां भी दी गई। यह भी बताया गया कि द हंस संस्था किन-किन बिंदुओं पर कार्य कर रही है। टीम के साथ रहे डॉक्टर अमन, फार्मासिस्ट मिथिलेश, अभय, विकास एनम प्रतीक्षा, पायलट पंकज दुबे, सहित स्वास्थ्य सखी प्रियंका मिश्रा भी मौजूद रहीं।

अन्य ग्रामीणों में ग्राम प्रधान पिपरहटा ,पंकज मिश्र, और संजय मिश्र सहित सैकड़ों महिलाएं, पुरुष, व बच्चे उपस्थित रहे।

# डामरीकरण का बाट जोह रहा है पथरपुर संपर्क मार्ग



**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** कोलसरा से पथरपुर संपर्क मार्ग आज भी बदहाली का शिकार बना हुआ है । प्रदेश सरकार द्वारा भले ही गांव के विकास या सड़क, नाली हो लेकिन आज भी हकीकत कुछ और देखा जा सकता है । कोलसरा से पथरपुर संपर्क मार्ग पांच किलोमीटर दूर तक संपर्क मार्ग आज तक डामरीकरण का बाह जोह रहा है । जगह-जगह गड्ढ़े हो जाने से जलभराव हो जाने से बरसात होने पर पूरी तरह से आवागमन ठप हो जाता है । जिससे घरों की आवश्यकताएं कार्य बाधित हो जाता है । बताया जाता है कि पथरपुर ग्राम प्रधान नीरज कुमार भुर्तिया ने बताया कि यह मार्ग मध्यप्रदेश के दर्जनों गांवों तक लोगों का आवागमन होता है । पास एक नहर स्थित है । इस नहर से सैकड़ों बीघा किसानों का खेत की सिंचाई होती हैं । वहीं इस मार्ग से छात्र -छात्राओं का लेड़ियारी बाजार शिक्षा ग्रहण करने आते है । लेकिन बरसात के दिनों में जगह-जगह गड्ढ़े हो जाने से जलभराव हो जाता है । जिससे विद्यार्थियों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं । ग्राम प्रधान ने बताया कि वर्ष 2019 में मनरेगा के तहत चार किलोमीटर दूर तक मिट् टी, गिट् टी डाला था । इस मार्ग से किसानों का ट्रेक्टर चलने से दो साल में पूरी तरह से ध्वस्त हो जाने से संपर्क मार्ग पर पैदल चलना मुश्किल है । वहीं बारिश होने पर राजमार्ग पर पानी भर जाने से किचड़ हो जाता है । जिससे पैदल लेड़ियारी बाजार तक निकलना टेढ़ी खीर साबित हो रही है । संपर्क मार्ग पर बड़े - बड़े गड्ढ़े होने से साइकिल सवार भी पैदल जाने से लोग मजबूर है । लेड़ियारी स्टेट राजमार्ग से सात किलोमीटर दूर स्थित पथरपुर गांव सभा है । ग्राम प्रधान ने दो किमी मिट् टी और दो किमी गिट् टी डामरीकरण का वाह आज भी जोह रहा है ।विवेक कुमार भुर्तिया निवासी पथरपुर ने बताया कि आजादी के बाद आज तक इस सड़क की मरम्मतीयकरण नहीं किए जाने से लोगों को काफी मुसीबत उठानी पड़ रही है । पांच वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत मिट् टी डालकर छोड़ दिया गया । इसके बाद गिट् टी, मोरम तक नहीं डाले जाने से बरसात के समय घर से सड़क तक निकलना मुश्किल है । वही इस गांव में नाली का निर्माण तो हुआ है । कुछ गांव के अराजगकत्वतों ने कूड़ा करकट डालकर पाट दिए जाने से गांव सभा द्वारा बनाई गई नालियां चोक लेने से जगह-जगह घरों का गंदा पानी नहीं बहने से दिक्कत उठानी पड़ रही है । जबकि इस संबंध में तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों से कई बार प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक नहीं इस ओर किसी ने मुड़ कर देखा तक नहीं बनवाने की कोसो दुर है । संपर्क मार्ग निर्माण मे मरम्मतीयकरण कार्य नहीं कराया गया । जिससे पैदल चलना मुश्किल है । वहीं बारिश होने पर घर से बाहर निकलना टेढ़ी खीर साबित हो जाती है । अगर कोई व्यक्ति रात में इस दौरान बीमार होने पर गांव में ही दम तोड़ देती है । उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत से चार किलोमीटर गिट् टी डाली गई थी । संपर्क मार्ग पांच वर्ष पूर्व बनाई गई थी । लेकिन आज तक इस मार्ग की मरम्मतीयकरण नहीं किए जाने से पूरी तरह से खराब हो चली है । जबकि इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों को लिखित प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने से समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई ।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते पथरपुर ग्राम प्रधान नीरज कुमार भुर्तिया ने सड़क की मरम्मतीयकरण कराएं जाने की मांग की है । ताकि समस्या का निदान मिल सके ।

## सूरत में कार्यरत युवक की संदिग्ध मौत कोहराम

**लेड़ियारी ( प्रयागराज)।** देईबाध गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत के बाद शव घर पहुंचने पर कोहराम मच गया । वहीं गुरुवार को स्वजनों ने आनन-फानन में दाह संस्कार कर दिया।खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम देईबाध निवासी महाजन कोल उम 45 वर्ष पुत्र टमाटर कोल सूरत में एक प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। 27 अगस्त की रात एक गड्ढे में पड़े हुए थे। राहगीरों ने देखा तो वह पहचान लिया। जिससे जिस कंपनी में कार्यरत थे। मालिक को अवगत कराया गया। अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृतक घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचकर शव लेकर 28 अगस्त को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 29 अगस्त गुरुवार को देर रात रात लाश पहुंचने पर परिजनों के घरों में कोहराम मच गया।बताया जाता है कि मृतक के तीन लड़के और एक लड़की है। सबसे बड़ा पुत्र शिवमोहन 25 वर्ष, मनमोहन 22 वर्ष,छोटा 20 वर्ष , 17 वर्षीय पुत्री राधा कुमारी है। पत्नी विसरहिया देवी ने बताया कि सूरत में एक वर्ष पूर्व गए हुए थे।

# नाटक 'अमर शहीद सोहन लाल पाठक' की भावपूर्ण प्रस्तुति

## आजादी के दीवानों की वीर गाथा का मंचन



**प्रयागराज।** ÷समर्पित÷ साहित्यिक सांस्कृतिक एवम सामाजिक संस्था की तरफ से बुधवार को नाटक ÷अमर शहीद सोहन लाल पाठक÷ का मंचन सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में किया गया। इसमें संगीत नाटक अकादेमी नई दिल्ली ने सहयोग किया। लेखन अंजू गुलाटी ने किया।

नाटक में प्रस्तुत किया गया कि आजादी की लड़ाई में कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इन्हीं स्वतंत्रता सेनानियों में एक वीर सपूत सोहन लाल पाठक भी थे, जिन्होंने अंग्रेजों से आखिरी सांस तक लड़ाई लड़ी लेकिन अंग्रेजों के सामने कभी नहीं झुके। अमृतसर में जन्मे सोहन लाल पाठक एक साधारण शिक्षक थे कुछ समय बाद नौकरी से इस्तीफा दे दिया और देश प्रेम में भारतीय को जागरूक करने के लिए उन्होंने अंग्रेजो की गुलामी कर रहे भारतीयो को बताया कि अंग्रेजों के लिए अपनी जान मत दो, बल्कि जान देनी है तो अपनी मातृभूमि के लिए अपनी जान दो। क्या आप लोगो को अपनी भारत माता की पुकार नहीं सुनाई देती? यह सुनकर कई लोगों ने अंग्रेजो की गुलामी छोड़ दी तथा अंग्रेजों के खिलाफ ही आज़ादी की जंग में कूद गए। एक दिन जब सोहन लाल पाठक जनता को संबोधित कर लौट रहे थे, तो एक व्यक्ति ने उन्हें धोखे से गिरफ्तार करवा दिया। उन्हें वहीं से मांडले जेल भेज दिया गया तथा जब उन्होंने माफी नहीं मांगी, तो उन्हें फांसी दे दिया गया।

अभिनय करने वाले कलाकारों में रूपेश कुमार, गोपाल कुशवाहा, सत्यम मिश्रा, जगदीश गौड़, ऋषभ उपाध्याय आदि शामिल थे। संजू साहू की निर्देशकीय कौशल ने दर्शकों को भावुक कर दिया। प्रकाश संचालन अनुज श्रीवास्तव ने की। संगीत संयोजन राजेश कुमार,प्रस्तुति प्रभारी संतोष पाल रहे।

# सत्ता में बैठे लोग अपने कर्तव्य से विमुख हो गये- उज्जवल

## नवनिर्वाचित सांसद का करैली में जनता दर्शन




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** राजनीति एक तपस्या हैं जिसमें अधिकार के साथ जनप्रतिनिधियों को कर्तव्य का भी बोध होना चाहिए लेकिन आज की राजनीति के मायने ही बदल गये जनता को मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए दरदर भटकना पड़ रहा है। उक्त बातें नवनिर्वाचित सांसद उज्जवल रमण सिंह करैली में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रवासियों को सम्बोधित करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि शासन सत्ता में बैठे जनप्रतिनिधियों की लचर व स्वार्थपूर्ण कार्यशैली कि वजह से अधिकारी निरंकुश हो गये हैं। जिससे छोटी छोटी समस्याओं का अम्बार लग गया है। उन्होंने कहा कि यह केवल करैली का मामला नहीं है लगभग सभी क्षेत्रों का यही हाल हैं। जनता सड़क बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही हैं।सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने कहा कि लगभग 500 लोग रोज सांसद उज्जवल रमण सिंह व पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह से अशोक नगर आवास पर पहुंच कर अपनी समस्या बता रहे हैं। जिनका हरसम्भव मदद हो रही हैं। इससें साबित होता हैं कि सत्ता पक्ष के लोगों को जनता के दुखदर्द से कुछ लेना देना नहीं है।जनता दर्शन से पहले पूर्व विधायक परवेज अहमद टंकी के आवास पर सांसद उज्जवल रमण सिंह जाकर उनका हालचाल लिया और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान पर चर्चा किया।

जनता दर्शन में अंशुमन मिश्रा, डॉक्टर निसार अहमद, महबूब उस्मानी,परवेज अख्तर अंसारी, बबलू शगुन, तहजीब अहमद, सुयैव खान, नफीस अनवर, पार्षद फजल, पार्षद कशान, मोइन हबीबी,अरशद अली, अर्शी काजी, गुलशेर चोचो आदि थे।

# सुपरवाइजरों की मनमानी से आंगनवाड़ी केन्द्रों का बुरा हाल

लोकमित्र ब्यूरो

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** विकास खंड कोरांव अंतर्गत बाल विकास परियोजना कार्यालय में नियुक्त सुपरवाइजरों की मनमानी वसूली के चलते बाल विकास परियोजना की आंगनवाड़ी योजना का बुरा हाल है । जानकारी के मुताबिक केंद्र में नियुक्त सुपरवाइजरों की मनमानी के चलते क्षेत्र में आज भी लगभग दो दर्जन केंद्र ऐसे है । जो कभी भी नहीं खुलते हैं ।

वैसे तो केन्द्र पर सीडीपीओं हमेशा यह आदेश जारी करते हैं कि जो अबैध वसूली करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी । परन्तु ऐसा लगता है कि वे खुद इस कार्य के प्रति इतना सक्रिय नहीं है । तमाम शिकायतों के बावजूद यहां अबैध वसूली और पोषाहार बिक्री का सिलसिला बंद नहीं हो रहा है । वैसे तो यहाँ पर तैनात सीडीपीओं की गिनती इमानदान अधिकारियों के बीच की जाती हैं । कार्यभार ग्रहण के समय पर उन्होंने सख्ती भी दिखाई थी । और कहा था कि सारी व्यवस्था ठीक हो जाएगा । लेकिन समय के साथ सब कुछ बदल जाता है । यह कहावत चरितार्थ हो रही है । अब चोर - चोर मौसेरे भाई की कहावत नजर आ रही है ।

कोरांव मे नियुक्त सुपरवाइजरों की इस मनमानी कार्यप्रणाली से आंगनवाड़ी केन्द्रों की दशा काफी दयनीय चल रही है । ऐसा नहीं है कि केन्द्रों के निरक्षण के दौरान ऐसा प्रतीत होता है कि इस योजना को बंद कर देना चाहिए । न तो आंगनवाड़ी केन्द्रों पर समय से पोषाहार वितरण किया जा रहा है । न तो बच्चों को हाट कुक का भोजन दिया जा रहा है । जबकि बच्चों के केन्द्रों पर स्वास्थ्य शिक्षा भोजन साफ - सफाई आदि तमाम तरह की व्यवस्थाऐ की गई है । परन्तु यहाँ तो आंगनवाड़ी केन्द्र वास्तव में कागजों पर चल रहा है । यहां पर केंद्रों पर दाल, दरिया, तेल आज भी बाजारों में बिक रहा है । बता दें कि विकास खंड कोरांव के 115 ग्राम सभाओं में 239 आंगनवाड़ी 20 मीनी केंद्र संचालित हो रहा है । लेकिन अभी तक मात्र 14 भवनों का ही निर्माण कार्य हुआ है । शेष केंद्र फूटफाट जैसे दुकाने कभी कभार खुलता है । जो भवन बने हुए हैं उसमें प्रायः अधिकांश ताले लटक रहा ताला है ।

## संभागीय कुश्ती प्रतियोगिता आज

**कौंधियारा (प्रयागराज )।** यमुनापार संभाग की चल रही खेलकूद प्रतियोगिता के क्रम मे शनिवार को सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग बालक और बालिका कुश्ती प्रतियोगिता श्रीमती इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज पटेलनगर अकोढ़ा में आयोजित की गयी है। जिसमे क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की टीमे प्रतिभाग करेंगी। सभी खेल शिक्षक अपनी टीम को समय से प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय ने दी है ।

# शिक्षा मित्रो का उत्पीड़न बर्दास्त नही - अन्दुल मोकीत सिद्दीकी



**कौंधियारा (प्रयागराज)।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ब्लाक इकाई कौंधियारा की आवश्यक बैठक शुक्रवार को ब्लॉक संशाधन केंद्र पीड़ी मे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष जनार्दन पाण्डेय और संचालन ब्लाक के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अन्दुल मोकीत सिद्दीकी ने किया । अध्यक्षता कर रहे जनार्दन पाण्डेय ने सभी शिक्षा मित्रो से आहवान किया कि आगामी 5 सितम्बर को अपने सर पर कफन बांध कर निकले इसबार लड़ाई आर पार की होगी । सचालन कर रहे अन्दुल मोकीत सिद्दीकी ने कहा कि सरकार के गलत नीतियो एवं लिखित समझौता कर के भी वादा खिलाफी किया जो कि अति निंदनीय है । 5 सितम्बर की तैयारी हेतु ब्लाक के शिक्षक सगठन के महामंत्री हेमन्त त्रिपाठी सहित समस्त एआरपी ने सहयोग करने की बात कही । जिला पदाधिकारी अन्तिमा यादव ने भी अपने विचार रखे । कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से राकेश शुक्ला,बीन बहादुर, आनन्द प्रकाश, सुरेश सोनकर,सुमन सोनकर ,मो इशरार , रेखा शुक्ला , परशुराम ,अनीता यादव, संगीता मिश्रा , सुधा सिह संतोषी पाठक , अमर जीत अनारकली,शांति देवी, मंजूलता, उषा बिन्द आदि मौजूद रहे।

# रीबोर होने के बाद ट्रांसफॉर्मर नहीं लगने से नलकूप नहीं हुआ चालू, किसान परेशान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड कड़ा के गंनपा का मजरा चंदेलन का पुरवा गांव में सरकारी नलकूप को रीबोर हुए छः माह के लगभग हो चुके हैं, लेकिन रिबोर हुए नलकूप के पास ट्रांसफॉर्मर नहीं लगने की वजह से नलकूप चालू नहीं हो सका है। किसानों को फसल में सिचाई करनी है लेकिन विभाग की लापरवाही से क्षेत्र में समस्या है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत डीएम से करते हुए समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया की विकास खंड कड़ा के गंनपा का मजरा चंदेलन का पुरवा गांव में राजकीय नलकूप का बोर फेल हो गया था। शिकायत के बाद विभाग विभाग द्वारा रीबोर एक वर्ष पहले दूसरे स्थान पर करा दिया गया था।



किसानों को उम्मीद जगी कि अब नलकूप चलेगा तो सिचाई कार्य अच्छे से हो सकेगा, लेकिन रिबोर हुए नए नलकूप के पास ट्रांसफार्मर नही लगाया गया। किसान धर्मराज पटेल , रामराज पटेल , मोहित , छंगूलाल , मोहनलाल , दिलीप , लवलेश , मनीष कुमार , संतोष कुमार , राजू आदि का कहना है कि रीबोर काफी समय पहले हो गया था लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण अभी तक ट्रांसफार्मर नही लगाया गया जबकि चेक के माध्यम से छः माह पहले भुगतान भी किया जा चुका है। हम किसानों की फसल पानी के लिए इंतजार कर रही है ऐसे में पानी की आवश्यकता है और नलकूप का न चलना यह हम सभी की परेशानी के लिए का सामना करना पड़ रहा है।

**● क्या कहते है ग्रामीण**

गांव के विजय सिंह का कहना है की राजकीय नलकूप फेल होने के बाद दूसरी जगह पर रिबोर तो हो गया लेकिन ट्रांसफॉर्मर को पुराने नलकूप से हटाकर नए नलकूप के पास नहीं लगाया गया जिससे किसानो की सिंचाई नहीं हो पा रही है ।

धर्मराज का कहना है की नलकूप के ट्रांसफार्मर के लिए चेक के माध्यम से भुगतान भी हो चुका है लेकिन विभाग की उदासीन रवैए से नलकूप के पास ट्रांसफार्मर नही लगाया गया।

लल्लन सिंह का कहना है की नलकूप में ट्रांसफार्मर लगाए जाने हेतु डीएम से शिकायत की थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई ।

इंद्रभान का कहना है की ट्रांसफार्मर न लगने की वजह से नलकूप चालू नहीं हुआ जिससे किसानों की फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है।

## पट्टीदारों ने पैसे के लेनदेन को लेकर युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के लोही गांव में गुरुवार को पैसों के लेनदेन को लेकर पट्टीदारों ने युवक की पिटाई कर दी। घायल ने पत्नी के साथ थाने जाकर महिला समेत तीन आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।लोही गांव की ननकी देवी के मुताबिक उसके पति तीरथ पासी अपनी बहन लखपतिया देवी से 29 हजार रुपये उधार लिया था। गुरुवार की सुबह इसी पैसे को लेकर भाइयों ने महिलाओं समेत लाठी डंडे से युवक की पिटाई कर दी। जिससे उसे काफी चोटें आई है। घायल ने पत्नी के साथ थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने शिवलाल उसकी पत्नी धनपति और बेटे सतीश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया है।

## जमैया उलमा हिन्द के प्रतिनिधिमंडल ने इस्लाम के पैगम्बर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** कुछ दिन पहले, एक हिंदू पंडित ने पवित्र पैगंबर (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) का अपमान किया था, जिससे पूरे मुस्लिम समाज को गंभीर ठेस पहुंची है, अगर कोई उनके सम्मान का अपमान करेगा तो हम इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेंगे ,अफसोस की बात है कि सबसे बड़ा अपमान करने वाले इस पंडित के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए आज शुक्रवार को ष्जमैया उलमा हिंद जिला कोशांबीष् के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस्लाम के पैगंबर मुहम्मद (सं) के बारे में और पैगंबर (सं) के सम्मान में इस्तेमाल की गई भाषा के बारे में उन्होंने वयकति की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

इस संबंध में संगठन के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, गृह मंत्री और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया है और नाजी शब्दों की निंदा करते हुए ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और कड़ी कार्रवाई की मांग की है । इस मौके पर मौलाना मुफ्ती मुहम्मद मुर्शीद कासमी अध्यक्ष जमीयत उलेमा कोशांबी, मौलाना अब्दुल सुभान हलीमी उपाध्यक्ष जमीयत उलमा कोशांबी, मौलाना मुफ्ती मुहम्मद मुर्शिद कासमी सचिव जमीयत उलेमा कोशांबी, मौलाना उसऐदुल हक कासमी सचिव जमीयत उलमा रहे कोशाम्बी, हाफिज मुहम्मद कामरान हलीमी महासचिव धार्मिक शिक्षा बोर्ड कोशाम्बी, मुहम्मद मिराज भाई सदस्य और मीडिया प्रभारी जमीयत उलेमा कौशांबी, मुहम्मद अकरम भाई आदि मौजूद रहे।

## विद्युत विभाग द्वारा चलाया गया सघन चेकिंग अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कड़ा, (कौशाम्बी)।** विद्युत उपकेंद्र दारानगर के अंतर्गत शक्तिपीठ कड़ाधाम में विद्युत विभाग द्वारा सघन अभियान चलाया गया।अवर अभियंता राजपत के नेतृत्व में चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान करीब आधा दर्जन लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई गई वहीं दस हजार से ऊपर के करीब 15 बकाएदारों के घरों की बत्ती गुल की गयी।अभियान के दौरान लोगों में हड़कम्प मचा रहा।इसी क्रम में कमालपुर विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत मुंगरी परास गांवज में भी विजिलेंस विभाग के अवर अभियंता राजेन्द्र कुमार की अगुवाई में चलाए गए छापामार अभियान के दौरान दस लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।अभियान में अरविंद कुमार, पवन यादव, शिवबाबू, सलमान, आशीष, गोपाल आदि विद्युत कर्मी उपस्थित रहे।

## ताज मल्लहन में लगा ग्राम चौपाल , बीडीओ ने सुनीं समस्याएं







**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड कड़ा के ताजमल्लाहन ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जहां खंड विकास अधिकारी दिनेश चंद्र ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित को निस्तारण के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने उनके सामने पीएम सम्मान निधि योजना खाते में न आने की समस्या , प्रधानमन्त्री आवास , शौचालय , नाली आदि की समस्याओं को सामने रखा। जिसके बाद खंड विकास अधिकारी ने उनकी समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।खंड विकास अधिकारी दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में ताज मल्लहन गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया । जहां पंचायत सचिव ताज मोहम्मद ने गांव में कराए गए विकास कार्य, पेंशन योजना, हैंडपंप रिबोर , प्रधानमंत्री आवास सहित शासन द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं से अवगत कराया। ग्रामीणों की समस्याओ को सुनते हुए खंड विकास अधिकारी ने निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने ग्रामीणों को जल संरक्षण, गोवंश के संरक्षण , वृक्षारोपण , संचारी रोग से बचाव सहित हेतु जागरूक करते हुए बच्चों को स्कूल भेजने की जानकारी दी । चौपाल में मौजूद एपीओ जयचंद्र पांडेय ने मनरेगा से संबंधित जानकारी दी ।चौपाल में एडीओ आईएसबी दिलीप पांडेय , एपीओ मनरेगा जयचंद्र पांडेय , ग्राम प्रधान , सचिव ताज मोहम्मद , मुख्य सेविका ज्ञानमती , कृषि विभाग , रोजगार सेवक , पंचायत सहायक , आंगनबाड़ी , आशा , समूह सखी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ।

### सिपाह में ग्राम चौपाल में योजनाओं की दी गई जानकारी

सैनी, (कौशाम्बी)। विकास खंड कड़ा के सिपाह ग्राम पंचायत में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जहां मौजूद एडीओ पंचायत अवधेश तिवारी ने शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना व निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जगदीश गुप्ता, सचिव निखिल सिंह , पशु धन प्रसार अधिकारी , ब्लॉक कंप्यूटर आपरेटर प्रवीन कुमार , कृषि विभाग , आशा , एएनएम सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## दबंग भाइयों ने लूडो खेलने के विवाद में भाई-बहनों को पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मनौरी, (कौशाम्बी)।** पिपरी थानाक्षेत्र के चलौली गांव में गुरुवार की शाम दबंग भाइयों ने लूडो खेलने के विवाद में घर पर चढ़कर भाई-बहनों को लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर तीन भाइयों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

पुलिस चौकी चायल क्षेत्र के चलौली गांव निवासी भानुप्रताप पुत्र लल्लू सिंह किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता है।उसने बताया कि गुरुवार की शाम वह पड़ोसियों के साथ चबूतरे पर लूडो खेल रहा था।

खेल में एक युवक के साथ वाद विवाद हो गया। इसके बाद वह घर पर आकर बैठा था। इसी दौरान वह युवक अपने दो भाइयों के साथ हाथों में डंडे लेकर उसके घर



पहुंचा और उसी विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर उन्होंने डंडों से उसकी पिटाई करना शुरु कर दिया।भाई को बचाने पहुंची उसकी बहनों आरती और पूजा को भी पीट दिया।

पिटाई से तीनों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर तीनों भाइयों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## शासन की गाइड लाइन के अनुसार पीएम आवास हेतु पात्र व्यक्तियों का करे चयन- बीडीओ

**● कड़ा ब्लाक में प्रधानमंत्री आवास हेतु बीडीओ ने प्रधानों संग की बैठक**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत लाभार्थियों के पंजीकरण के लिए पात्र व्यक्तियों के चयन का ग्राम पंचायतों में सर्वे का कार्य पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित करें। उक्त बातें खंड विकास अधिकारी कड़ा दिनेश चंद्र ने शुक्रवार को विकास खंड कड़ा के ब्लाक सभागार में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बैठक में कही।

ब्लाक कार्यालय कड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत उन्मुखीकरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में




बीडीओ ने ग्राम प्रधानों व सचिवों को प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत लाभार्थियों के चयन हेतु शासन द्वारा जारी गाइड लाइन की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की ग्राम पंचायतों में पंजीकरण हेतु विधिवत प्रचार प्रसार करते हुए योजना से संबंधित सभी सूचनाएं ग्राम के पंचायत भवन में चस्पा करायें। लाभार्थियों के चयन में शासन के गाइड लाइन का अनुपालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण सर्वे करते हुए पात्र व्यक्तियों को योजना में शामिल करने हेतु प्राथमिकता पर चयनित कर सूचीबद्ध करें। यह जरुर सुनिश्चित कर लें की किसी अपात्र व्यक्ति का चयन पंजीकरण के लिए ना हों। ग्राम पंचायतों से शिकायत मिलने पर संबंधित ग्राम सचिवों की जबाब देही तय करते हुए प्रभावी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में एडीओ पंचायत अवधेश तिवारी , एडीओ कोआपरेटिव अनिल मिश्रा , एपीओ जयचंद्र पांडेय , एडीओ आईएसबी दिलीप पांडेय , बीटी अशोक कुमार , प्रवीण कुमार कंप्यूटर आपरेटर सहित सचिव सत्य प्रकाश पांडेय , निखिल सिंह , ताज मोहम्मद , अजय सिंह , सत्येंद्र सिंह , आफताब आलम , विकास शर्मा, सुरेश मौर्य , रमेश सोनकर , शरद श्रीवास्तव सहित प्रधान संघ अध्यक्ष अनिल शर्मा , ग्राम प्रधान व प्रतिनिधि अमरनाथ , अजहरुद्दीन , विपीन पाल , राकेश मौर्य , शिवाकांत मौर्य , मो अवैश , विष्णु पटेल , सरोज कुमार , लोलेश , सरवन यादव , सरवन पटेल , वीरेंद्र यादव, बीएमसी यूनिसेफ साधना कुशवाहा, चंद्रशेखर विश्वकर्मा , मो शाहिद सहित बड़ी संख्या ने प्रधान प्रतिनिधि व बीडीसी व गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## किशोरी को बहला कर भगा ले गया युवक

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपनघाट थानाक्षेत्र के एक गांव की किशोरी को बुधवार की दोपहर बाहरी गांव का युवक बहला फुसला कर भगा ले गया था। किशोरी की मां ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला के मुताबिक पति की मृत्यु हो जाने के बाद वह मजदूरी कर परिवार का गुजारा करती है। बुधवार को वह खेत में मजदूरी करने गई थी। उसकी 14 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी।इसी दौरान वह घर से लापता हो गई।शाम को खेत से वापस आने के बाद बेटी को घर पर न देख उसके होश उड़ गये। खोजबीन के दौरान पता चला कि पिपरी कोतवाली के तिलगोड़ी गांव का जितेंद्र उसकी बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया है। पीड़ित मां ने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी।

## नियमित टीकाकरण हेतु कड़ा में ब्लॉक टास्क फोर्स समिति की हुई बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सैनी, (कौशाम्बी)।** विकास खंड कड़ा के ब्लाक सभागार में शुक्रवार को नियमित टीकाकरण की सफलता को लेकर ब्लॉक टास्क फोर्स समिति की बैठक खंड विकास अधिकारी दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में की गई। जिसमें टीकाकरण की मासिक समीक्षा करते हुए खंड विकास अधिकारी दिनेश चंद्र ने बताया की नियमित टीकाकरण की सफलता हेतु आंगनबाड़ी सेविका समन्वय स्थापित कर टीकाकरण अभियान को सफल बनाएं जिससे कोई भी बच्चा और गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित न हो । सर्वे के उपरांत एएनएम के द्वारा ड्यू लिस्ट तैयार किया जाएगा। जिसे सत्र स्थल पर रखकर टीकाकरण करना है। ताकि सौ फीसदी लक्ष्य को हासिल किया जा सके। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ केंद्र कड़ा के दस उप स्वास्थ केंद्रो जिनमे धुमाई , गरई , हब्बूनगर , उंचरावा , सादीपुर , अलीपुर जीता , अजुहा आदि में वी ए बी परिवारों का विशेष अभियान के तहत सत्र स्थल का आयोजन कर टीकाकरण किया जाएगा । इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने अन्य जरुरी दिशा निर्देश दिए । बैठक में बीपीएम प्रदीप सिंह , एफएम राजेंद्र कुमार , एचईओ प्रभाकर सिंह , एआरपी प्रभाकर मिश्रा , आंगनबाड़ी मुख्य सेविका ज्ञानमती , बीएमसी साधना कुशवाहा समेत बीएलटीएफ के सदस्य मौजूद रहे।

## दबंग ने साथियों संग मामूली विवाद में युवक को पीटा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चरवा, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के सैयद सरावां गांव में गुरुवार की शाम दबंग ने साथियों के साथ मिलकर मामूली विवाद में एक युवक को घर पर चढ़कर पीट दिया।पिटाई से युवक को काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बचाव बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

सैयद सरावां गांव निवासी अनिल कुमार चौहान पुत्र हीरालाल चौहान बाजार में मछली बेचने का धंधा करता है।उसके मुताबिक गुरुवार को वह बाजार में मछली बेचने गया था।वह मछली बेचकर जल्दी घर लौट आया।वह शाम के समय घर के बाहर बैठा था।

इसी दौरान साथी विक्रेता अपने साथियों संग उसके घर पर पहुंचा और बिना बताए बाजार से जल्दी चले आने का उलाहना देकर उसके साथ गाली गलौज करने लगा।आरोप है कि विरोध करने पर उसने साथियों संग अनिल को डंडे से जमकर पीट दिया। पिटाई से उसको काफी चोटें आई।शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल ने थाने जाकर तीन आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की छानबीन में जुट गई है।

## मंदिर पर अवैध रूप से कब्जा करने का दबंग पर लगाया आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के गौसपुर उपरहार गांव में दो सौ साल पुरानी बरम बाबा मंदिर होने का दावा करते हुए एक व्यक्ति द्वारा मंदिर को अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाते हुए एडीएम से शिकायत किया है। उप जिलाधिकारी ने शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।गौसपुर उपरहार गांव निवासी श्याम सुंदर पांडेय ने बताया कि उनके गांव में करीब दो सौ साल पुराना मंदिर है। जो बरम बाबा मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। आरोप है कि मंदिर को गांव का एक व्यक्ति अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। यदि उसे अभी से नहीं रोका गया तो मंदिर को कब्जा मुक्त करना मुश्किल हो सकता है। इसकी शिकायत उन्होंने शुक्रवार को उप जिलाधिकारी योगेश कुमार गौड़ से किया। एसडीएम ने संदीपन घाट थाना प्रभारी को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## तीन दिवसीय स्काउट और गाइड प्रथम सोपान जांच शिविर का हुआ शुभारंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, (कौशाम्बी)।** करारी कस्बा स्थित डॉ0 रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय स्काउट एवम गाइड प्रशिक्षण का शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्काउट एवम गाइड के जिला संगठन कमिश्नर श्यामबाबू यादव ने छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण का शुभारंभ विद्या की देवी माँ सरस्वती को माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया।श्भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश कौशांबी के तत्वावधान में स्काउट गाइड तीन दिवसीय प्रथम सोपान जांच शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ से पहले मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किया। श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट



ने मुख्य अतिथि को स्कार्फ पहनाकर कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग से बच्चो को शैक्षिक, नैतिक, शारीरिक, मानसिक आदि का सर्वांगीण विकास होता है साथ ही स्काउट गाइड सेवा कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं स्काउट गाइड से अनुशासन भाईचारा व बाहरी जीवन जीने की एक कला है। श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट कौशांबी ने स्काउटध् गाइड को ध्वज शिष्टाचार, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्रार्थना, टोली का गठन, शैल्यूट, बायां हाथ मिलाना आदि के बारे में बताया । कार्यक्रम में स्काउट मास्टर शैलेन्द्र सिंह, गाइड कैप्टन नीलम सिंह भी मौजूद रहे। जो बच्चों को स्काउट और गाइड के विषय जानकारी प्रदानकर उत्साहवर्धन किये। कार्यक्रम का संचालन श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट के द्वारा किया गया स इस मौके पर सना अब्बास, तनुश्री दा, शमीम रजा आदि अध्यापक सहित प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## अवाना सोंधिया व नगरेहा सड़क जगह जगह धसी, राहगीरों के लिए होने लगा जानलेवा साबित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बेनीराम कटरा, कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के अवाना सोंधिया व नगरेहा सड़क जगह जगह धसने से राहगीरों के लिए जानलेवा साबित होने लगा। गौर तलब हो कि मंझनपुर तहसील के करारी थाना क्षेत्र के अवाने गाँव सोंधिया व नगरेहा नहर पटरी पर तीन माह पहले बनायी गई। सड़क गुणवत्ता के रूप में फिसड्डी साबित जान पडने लगी है वही लोगों का कहना है कि यह सड़क बनने के कुछ ही दिनों मे लगी छोटी गिटिया मे सुचारू रूप से डामर न न डाल कर अन्य डामर परयोग किए जाने का सड़क पर जगह जगह गिटिया व जान लेवा गडढे परमुख कारण है यदि इस संबंध मे सड़क से संबंधित विभाग व ठेकेदार सुचारू रूप से सड़क निर्माण में आने वाले समागरी अच्छी ढंग का परयोग किया होता तो सड़क इतनी जल्दी न धवस्त होती जगह जगह जानलेवा गडढे भी न रहते उसने केवल अपने ही उललू सीधे किए इसी का नतीजा है इस सम्बन्ध में जिम्मेदार संबंधित विभाग उच्च अधिकारी से जांच कराई जाने की आवश्यकता है।

संक्षिप्त खबरें

## प्रांतीय महामंत्री के निर्देश पर न्याय प्रवाह पत्रिका का किया गया वितरण



**पटटी,प्रतापगढ़।** अधिवक्ता परिषद अवध की महामंत्री बहन मीनाक्षी परिहार सिंह के निर्देश पर न्याय प्रवाह पत्रिका के शत प्रतिशत वितरण पर अमल करते हुए आज अधिवक्ता परिषद अवध की तहसील ईकाई पट्टी में परिषद के जिला कोषाध्यक्ष भरत लाल ने तहसील ईकाई पट्टी में प्रवास करके किया। तहसील ईकाई के संयोजक अमरीश तिवारी एडवोकेट के साथ न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय पट्टी डाव अश्वनी कुमार उपाध्याय को न्याय प्रवाह पत्रिका सप्रेम भेंट करके तहसील ईकाई के अन्य सदस्यों को भी न्याय प्रवाह पत्रिका का वितरण किया। पत्रिका वितरण के समय अधिवक्ता परिषद कोषाध्यक्ष भरत लाल, सयोजक अमरीश तिवारी व सभी कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। यह जानकारी परिषद के महामंत्री शिवेश शुक्ला ने दी है।

## अपहरण एवं पाक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** अपहरण कर दुष्कर्म करने व पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त को थाना कुण्डा पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के दुखियापुर चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 श्री निर्मल कुमार मय हमराह कां0 उमाशंकर द्वारा अभियुक्त अमन कुमार यादव पुत्र दिनेश कुमार यादव निवासी ग्राम महाजन का पुरवा (शीतलू का पुरवा) जमेठी थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 30.08.2024 को थानाक्षेत्र कुण्डा के दुखियापुर चौराहा के पास गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अमन कुमार यादव को मु0अ0सं0 239,2024 धारा 137(2), 87, 352, 351(2), 140(3), 64 बी0एन0एस0 व 3,4 पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु पेश किया जा रहा है।

## अपहरण एवं दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

**बिहार,प्रतापगढ़।** थाना बाघराय पुलिस द्वारा अपहरण, दुष्कर्म करने के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।वादिनी मुकदमा की नाबालिक पुत्री को आरोपी द्वारा अपहरण,दुष्कर्म करने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक 22.07.2024 को अन्तर्गत धारा 137(2), 64, 87 बीएनएस व 5जे(2),6 पॉक्सो एक्ट बनाम 01 नामजद अभियुक्त पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी सदर श्री अमरनाथ गुप्ता के पर्यवेक्षण प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार थाना बाघराय के नेतृत्व में उ0नि0 दिनेश कुमार मय हमराह प्र0उ0नि0 विकास प्रधान, का0 सौरभ शर्मा, का0 अंकित कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व सुरागरसी पतारसी के दौरान, मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत धारा 137(2), 64, 87 बीएनएस व 5जे(2),6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त दीपू सरोज पुत्र बुदुन सरोज निवासी ग्राम विक्रमपुर नयी बस्ती कोर्रही थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ को थाना बाघराय क्षेत्रान्तर्गत भिटरा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया ।

## आरोपियों के खिलाफ रास्ते मे घेराबंदी कर मारपीट का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने नामजद एवं अज्ञात आरोपियो के खिलाफ रंजिशन पीडित को रास्ते मे घेराबंदी कर मारने पीटने तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज के परसपुर गांव के निवासी सत्य नारायण सिंह के पुत्र आदर्श सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीस अगस्त को दोपहर बारह बजे वह बाबा घुइसरनाथ धाम से दर्शन कर लौट रहा था। घुइसरनाथ रोड पर सलेम भदारी गांव के निवासी सौरभ दुबे, अनिल पुत्रगण इंद्र नारायण दुबे, स्वप्निल पुत्र संजय दुबे व रामगढ खास के करन का पुरवा निवासी राजू मिश्र के पुत्र मयंक तथा शीतलमऊ के विज्ञाता सिंह कुछ अज्ञात लोगों के साथ उसे रोक कर मारने पीटने लगे। राहगीरों को आता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सौरभ समेत आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## लापरवाही से वाहन चलाने को लेकर चालक के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लापरवाहीपूर्वक तेज गति से वाहन चलाते हुए पीडित के पुत्र को चुटहिल करने की घटना मे दो आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। लालगंज के कौड़ियाडीह निवासी नथई के पुत्र रामसजीवन ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बाइस जुलाई को रात नौ बजे उसका लड़का रामू पटेल हरनाहर बाजार से साइकिल से घर वापस आ रहा था। हरनाहर तिराहे पर बाइक सवार दो आरोपियो आकाश पुत्र संगमलाल तथा करमचंद्र पुत्र बंशीलाल निवासी ग्राम शिवगढ़ तूरी थाना महेशगंज ने उसके पुत्र की साइकिल मे टक्कर मार दी। बाइक चालक आकाश ने तेजगति से वाहन चलाते हुए दुर्घटना के जरिए उसके पुत्र को लहूलुहान कर दिया। पीडित के मुताबिक घायल उसके पुत्र का प्रयागराज के एक अस्पताल में अभी भी इलाज जारी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## आरोपिता के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आरोपिता के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज के मनीपुर चंदापुर निवासी कल्लू गुप्ता की पत्नी अमरावती देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस अगस्त को चार बजे शाम वह अपनी दुकान पर बैठी थी। इसी समय गांव के अनिल गुप्ता की पत्नी पुष्पा देवी रंजिशन वहां पहुंचकर गालीगलौज करने लगी। विरोध करने पर आरोपिता ने घर में घुसकर उसे लाठी डंडे से मारापीटा। बीचबचाव मे पीडिता का पति कल्लू पहुंचा तो उसे भी आरोपिता ने मारापीटा। हल्लागुहार सुनकर गांव के लोग दौड़े तो आरोपिता जानलेवा धमकी देती चली गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है।

## दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ मारपीट तथा गालीगलौज एवं धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज के कैथौला कोट निवासी कृष्णानंद मिश्र के पुत्र यदुनंदन मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उन्तीस अगस्त को शाम साढे छः बजे वह अपनी छत पर पहुंचा। वहां टीवी के सिग्नल में गडबडी को लेकर बांस की टहनी हटा रहा था। इसी बीच गांव के समर बहादुर सिंह पुत्र संतबक्श सिंह पीडित को गाली देने लगे। पीडित ने मना किया तो समर बहादुर व उसके भाई शेर बहादुर ने ईट के टुकडो से हमला कर दिया। पीडित के शोर मचाने पर गांव के लोग दौडे तो आरोपियो ने जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने घटना को लेकर आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# संगठन को बूथ से जिले तक मजबूत करना सभी की जिम्मेदारी-डा0 वीके सिंह

● ब्लाक आसपुर देवसरा में कांग्रेसियों की बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**आसपुर देवसरा, प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज विकास खंड- आसपुर देवसरा में कांग्रेस के सीनियर नेता डा0 मुरली हरिजन की अध्यक्षता में समस्त कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई।

मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष डा0 वी0के0सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष विवेक पांडेय ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह ने कहा कि संगठन को बूथ से लेकर ब्लॉक व जिले तक मजबूत करना हम सब की जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए पूरे मनोयोग से काम करना होगा। संगठन की जिम्मेदारी उसी को लेनी चाहिए जो पूरी ईमानदारी से काम कर सके।डा0 सिंह ने कहा कि संगठन सृजन का कार्य पूरे जिले में बहुत तेजी से चल रहा है। आशा है कि जल्द ही संगठन को दुरुस्त कर लिया जाएगा।

बैठक में मौजूद पूर्व प्रत्याशी पट्टी श्रीमती सुनीता सिंह पटेल ने कहा कि संगठन को मजबूत किये बगैर चुनाव में सफलता नहीं मिल सकती।

कार्यक्रम में मौजूद जिला उपाध्यक्ष राम लवट यादव ने कहा कि आज जनता कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। इस अवसर पर पंकज मौर्य व रविन्द्र मौर्य ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। दोनों लोगों को मुख्य अतिथि व वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0 वी0के0सिंह ने सदस्यता ग्रहण कराई।इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, ओम प्रकाश सरोज, दरगाही राम भारती, वीरेंद्र चंद्र तिवारी, मुन्नी लाल, राजेश कुमार, राम तीर्थ चौरसिया, फूल चंद्र चौरसिया, राधे श्याम यादव, देवी प्रसाद, आशिक, एन0बी0पटेल, विनोद यादव सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# सखिया श्याम चले मधुबन में कब का लिखे आवना ना

कृष्ण जन्म के छठ के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**रानीगंज ,प्रतापगढ़।** रानीगंज तहसील परिसर में कृष्ण भगवान के छठ के अवसर पर अधिवक्ताओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जौनपुर जिले के फौजदार सिंह आल्हा सम्राट ने महोबा की लड़ाई का व्याख्यान करके श्रोताओं का मन मोह लिया। वहीं रायबरेली जिले की नीलम बिसेन ने कजरी सोहर सहित कई भक्ति गीतों को गा करके श्रोताओं की तालियां बटोरी। सुल्तानपुर जिले से ए रानी गुप्ता ने कृष्ण भक्ति में सभी दर्शकों को डुबो दिया इस अवसर पर देवेश प्रताप सिंह अशोक कुमार मिश्रा वीरेंद्र कुमार मिश्रा बच्चा मिश्रा मीडिया अध्यक्ष रानीगंज जय, उपाध्याय राजकुमार नेता प्रभाकर मिश्रा रबीन्द्र मिश्रा उमाकांत पांडे अजय उपाध्याय शैलेश पांडे विनोद कुमार सिंह उमाकांत त्रिपाठी गुलाम मोहम्मद वसंत यादव राजकुमार मिश्रा सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री से मिला जनसत्ता दल का प्रतिनिधि मंडल



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** जिले के बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश जनसत्ता दल लोकतांत्रिक अध्यक्ष विनोद सरोज के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। प्रतिनिधिमण्डल ने प्रतापगढ़ समेत जिले के बाबागंज व कुण्डा विधानसभा के अधिकांश गांवो मे जलजीवन मिशन योजना के तहत पेयजल पाइप लाइन बिछाये जाने के चलते गांवो में बनी हुई पक्की सड़कों, सीसी मार्गो व इण्टरलाकिंग एवं खण्डजा मार्गो को खोदकर उखाड देने की मुख्यमंत्री से शिकायत की । विधायक विनोद सरोज ने मुख्यमंत्री को बताया कि जलजीवन मिशन योजना की कार्यदायी संस्था द्वारा मार्गो को क्षतिग्रस्त करने से लोगों का आवागमन बाधित हो उठा है। उन्होनें बताया कि इसके चलते प्रतापगढ़ जिले के अधिकांश गांवो मे लोगों मे आक्रोश है। विधायक विनोद सरोज ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस समस्या को लेकर क्षेत्र पंचायत समिति की बैठकों में विधान परिषद सदस्य अक्षय प्रताप सिंह व स्वयं उन्होनें सम्बन्धित अधिकारियों को ध्यानाकर्षित करा रखा है। विधायक के मुताबिक अधिकारियों के आश्वासन के बावजूद क्षतिग्रस्त मार्गो का पुर्ननिर्माण नही कराया गया है। उन्होनें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस योजना के तहत खराब सड़कों के पुर्ननिर्माण के लिए जल जीवन मिशन योजना के अधिकारियों को निर्देशित करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिनिधिमण्डल को पुर्ननिर्माण के बाबत प्रभावी कार्रवाई कराये जाने का सरकार की ओर से भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमण्डल में विधान परिषद सदस्य कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी, जिपं अध्यक्ष माधुरी पटेल, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय महासचिव डा. केएन ओझा मौजूद रहे। यह जानकारी एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल के मीडिया प्रभारी मुक्कू ओझा ने दी है।

### एमएलसी का फंस गया था काफिला

**प्रतापगढ़।** एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी का काफिला सण्डवा चन्डिका ब्लाक के बझान गांव में फंस गया था जिसके बाद लखनउ पहुंचे एमएलसी ने मुख्यमंत्री से मिल कर समस्या को अवगत कराया।बतादें कि सण्डवा चण्डिका ब्लाक प्रधान संघ के अध्यक्ष भीम सिंह निवासी बझान के पुत्र की गत दिनों सडक हादसे में मौत हो गयी थी। मंगलवार को एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी अपने साथियों के साथ बझान निवासी भीम सिंह के यहां शोक जताने पहुंचे थे, रास्ते में उनके काफिले का वाहन गढडे में फंस गया। गांव वालों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में पाइप लाइन बिछाई गई है विभागीय लापरवाही के चलते आये दिन इसमें वाहन फंस रहे हैं। गांव वालों ने टैक्टर की मदद से वाहन को निकाला। ग्रामीणों की इस समस्या से रूबरू होने के बाद लखनउ पहुंचे एमएलसी गोपाल जी एक प्रतिनिधि मण्डल लेकर मुख्यमंत्री से मिले और उन्हें समस्या से अवगत कराया, मुख्यमंत्री ने समस्या के निराकरण का वादा किया है।

## हत्या के प्रयास मामले में अभियुक्त गिरफतार

**सुवंशा,प्रतापगढ़।** फत्तनपुर क्षेत्रान्तर्गत मार-पीट व हत्या करने का प्रयास के संबंध में अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ डॉ अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी रानीगंज, विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी फत्तनपुर राकेश कुमार राय के नेतृत्व में थाना फत्तनपुर के उ0नि0 विकास निषाद मय हमराह का0 सुजीत यादव, का0 कुशल यादव द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्त हेमन्त कुमार सरोज पुत्र स्व0 छोटेलाल सरोज निवासी ग्राम करका थाना फत्तनपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना फत्तनपुर क्षेत्रान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय करका के पास से गिरफ्तार किया गया।

## मजदूर नेता ने की विद्युत दुर्घटनाओं और मौतों की शिकायत

**प्रतापगढ़।** मजदूर नेता हेमंत नंदन ओझा द्वारा जनपद में ड्यूटी पर कार्य करते हुए सुरक्षा सामग्री एवं सुरक्षा तंत्र के अभाव में हुए विद्युत दुर्घटनाओं और मौत के संबंध में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राज्य मानवाधिकार आयोग से शिकायत की है। साथ ही शिकायत को संज्ञान लिया तथा आयोग द्वारा आदेश जारी किया गया है कि मैंने शिकायतकर्ता हेमन्त नंदन ओझा की शिकायत में लगाये गये आरोपों का अवलोकन किया है।शिकायत में लगाए गए आरोपों की प्रकृति को देखते हुए, प्रबंध निदेशक, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, वाराणसी से रिपोर्ट मांगना उचित होगा।जो मामले को देखेंगे और शिकायतकर्ता को संबद्ध करते हुए आवश्यक पूछताछ के बाद अपनी रिपोर्ट 18 अक्टूबर तक भेज देंगे।

# रामानुज आश्रम में मनाया गया श्रीकृष्ण का अष्टमी समारोह

▶▶ रात्रि जागरण में सोहर एवं भजन से भक्त मंत्रमुग्ध

लोकमित्र ब्यूरो



**प्रतापगढ़।** रामानुज आश्रम में भगवान श्री कृष्ण का 5252 वां जन्मोत्सव भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी अष्टमी से लेकर जया एकादशी तक धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर धर्माचार्य ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुजदास ने पूजन अर्चन करने के पश्चात कहा कि माता अदिति और पिता कश्यप को दिए हुए वचन को पूर्ण करने के लिए ठीक 12रू00 बजे रात्रि अष्टमी तिथि रोहिणी नक्षत्र दिन वृष लग्न और वृष के चंद्रमा दिन बुधवार 18 जुलाई 3228 ईसा पूर्व आपने कंस के कारागार में माता देवकी के गर्भ से प्रकट होकर वसुदेव जी के द्वारा नंद बाबा के घर गोकुल में यशोदा जी के पास पहुंच गए। इसी समय यशोदा जी ने एक बालिका को जन्म दिया था। उसे ले आए कंस मारना चाहा तो वह छूट कर आकाशवाणी करते हुए निकल गई है। कंस तुझे मरने वाला गोकुल में प्रकट हो चुका है और वहां से आकर आप विंध्याचल में निवास करने लगीं। आपका जीवन संघर्षो से भरा हुआ था। जीवन भर एक भी क्षण ऐसा नहीं था जब आपको शांति मिली हो। हर मोड़ पर आपके सामने चुनौतियां थी। जिसको आप बड़ी जिम्मेदारी की भावना के साथ हर चीज और हर किसी का सामना किया और फिर अनासक्त रहे। अपने बकासुर आपने पूतना बकासुर अघासुर कंस चाणूर शिशुपाल और वक्र दंत का उद्धार किया।आप अकेले एक मात्र व्यक्ति हैं जो अतीत और भविष्य को जानते थे फिर भी वह हमेशा वर्तमान क्षण में रहते थे। आपका जीवन वास्तव में हर व्यक्ति के लिए एक उदाहरण है। 125 वर्ष आठ माह और 7 दिन तक आप इस धरा धाम पर रहे। गीता जैसे महान ग्रंथ का कुरुक्षेत्र के युद्ध के मैदान में खड़े होकर आपने गायन किया। जो सनातन धर्म का प्राण है। सनातन धर्म जैसा कोई धर्म नहीं गीता जैसा कोई ग्रंथ नहीं गंगाजल जैसा कोई पवित्र जल नहीं है।भक्तों की रक्षा के लिए मथुरा छोड़कर आप द्वारिका पुरी पहुंच गए, इसीलिए आपका नाम रणछोड़ पड़ा। आपको महायोगेश्वर कहा गया है आप सोलहवों कलाओं से परिपूर्ण थे। इस अवसर पर आचार्य पंडित कृपा शंकर शुक्ला ज्योतिषाचार्य, आचार्य गोकर्ण पांडे ,आचार्य कमलेश मिश्रा, आचार्य दिवाकर मिश्रा, आचार्य श्यामलाल पांडे, आचार्य श्रीकांत पांडे, कथा व्यास आचार्य पंडित वियोगी शुक्ला, र आचार्य रोशन तिवारी, आचार्य संतोष पांडे और आचार्य चंद्रिका प्रसाद शुक्ला को नारायणी रामानुज दासी तथा विश्वम प्रकाश पांडे व इं पूजा पांडे के द्वारा अंगवस्त्रम छत्र पादुका और शर्करा से भरा हुआ जल पात्र प्रदान कर सम्मानित किया । गायक कलाकार रवि मिश्रा बलदाऊ भैया आशुतोष पांडे हिमांशु मिश्रा अनीता पांडे आदमी रात्रि जागरण करते हुए सोहर एवं भजनों का रसास्वादन कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवेंद्र ओझा एडवोकेट ,रामचंद्र मिश्र पूर्व प्राचार्य, राकेश सिंह, डॉ विवेक पांडे आलोक समदरिया, संतोष पांडे, अमन प्रचंड मिश्रा एडवोकेट, निर्मला समदरिया रामानुज दासी, विवेक शुक्ला, प्रकाश केसरवानी, अंबुज मिश्रा, प्रमिला शुक्ला, माधुरी पांडे, शिखा तिवारी, राजकुमारी मिश्रा, डॉक्टर अवंतिका पांडे, डॉ अंकिता पांडे, पिंकी दयाल, सरिका केसरवानी , आरविका पांडे छोटेलाल अंशिका सिंह आदि उपस्थित रहकर भगवान का पूजन अर्चन किया।

## आरोपी के खिलाफ छेडखानी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अश्लील हरकत को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि इक्कीस जुलाई को दोपहर दो बजे अपने घर में मौजूद थी। गांव का आरोपी खेमसरी निवासी अशोक कुमार गुप्ता पुत्र सुखनंदन गुप्ता घर में घुस आया। आरोपी ने पीडिता को पकडकर अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने पीडिता का मुंह दबाकर जान से मारने की धमकी देते हुए पटक दिया। शोर सुनकर घर परिवार के लोग आये तो आरोपी ने जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अशोक के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

# कुंडा ब्लाक का लोकपाल मनरेगा ने किया भ्रमण व निरीक्षण

● पंचायत मनरेगा से गाँव के संसाधनों को करें विकसित - समाज शेखर




लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** ब्लाक प्रमुख की मांग पर दुवर नदी के पुनरोद्धार हेतु पी डी से की संस्तुति तथा कहा कि नदी के पुनरोद्धार से स्थानीय जन जीवन खुशहाल होगा।आवागमन व रोजगार के बड़े अवसर होंगे।लोकपाल के समक्ष ग्राम पंचायत नौबस्ता में अनियमितता की 2 शिकायत मिली तथा बी डी ओ को जांच कराके निष्पक्ष कार्यवाही को कहा है।लोकपाल मनरेगा समाज शेखर प्राण ने कुंडा ब्लाक में पहुँच कर बी डी ओ व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष सिंह के साथ मनरेगा शिकायतों पर गंभीर चर्चा कर समीक्षा की। ब्लाक प्रमुख की मांग पर दुवर नदी के पुनरोद्धार हेतु पी डी व प्रभारी बी डी ओ दया राम यादव को लोकपाल ने संस्तुति करते हुए कहा नदी के पुनरोद्धार से स्थानीय जन जीवन खुशहाल होगा एवं आवागमन व रोजगार के अवसर पैदा होंगे। साथ ही ग्रामीणों को बड़े पैमाने पर कार्य भी मिलेगा। ए डी ओ पंचायत विजय शुक्ला ने हर संभव सहयोग का वायदा किया। कहा कि 27-28 गाँव को इस कार्य से सीधे लाभ होगा। लोकपाल समाज शेखर ने कहा की कुंडा तहसील प्राकृतिक रूप से संपन्न क्षेत्र है। इसमें स्थित ग्राम पंचायते अपने साझा संसाधनों के विकास हेतु जिम्मेदारी से मनरेगा योजना का उपयोग करके गाँव का कायाकल्प कर सकती है। नदी, नालो व तालाबों से परिपूर्ण इस क्षेत्र के विकास में मनरेगा योजना वरदान साबित हो सकती है। ब्लाक प्रमुख रीता सिंह के प्रतिनिधि संतोष सिंह सहित उपस्थित प्रधानों व बीडीसी ने प्रभारी नही पूर्ण कालिक बी डी ओ की मांग की। जिसपर लोकपाल ने जिलाधिकारी के समक्ष इस समस्या को रखकर स्थायी हल करने का आश्वासन दिया। वहीं भ्रमण व निरीक्षण के दौरान लोकपाल के समक्ष ग्राम पंचायत नौबस्ता की 2 शिकायते लिखित रूप से प्रस्तुत हुई। शिकायतों की जांच कराके उचित सहयोग का लोकपाल ने वायदा किया। वहीं कुछ लोग मौखिक रूप से जमेठी व बरई ग्राम में अनियमितता की शिकायत की, जिसपर लोकपाल ने लिखित शिकायत की मांग की। लोकपाल ने डीहा सहित आधा दर्जन से अधिक ग्रामो में नदी के किनारे भ्रमण कर स्थलीय जायजा भी लिया।

संक्षिप्त खबरें

## मारपीट आपराधिक धमकी देने वाले छः आरोपियों को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**कौशाम्बी।** थाना पूरामुफ्ती पर पंजीकृत बच्चे निवासी हटवा थाना पूरामुफ्ती वर्तमान को न्यायालय सीजेजेडी एफ्टीसी प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 1000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। थाना पूरामुफ्ती पर पंजीकृत गिरधारी, बनवारी, रामनारायण निवासीगण हुसैनमई थाना पूरामुफ्ती वर्तमान जनपद प्रयागराज को न्यायालय सीजेजेडी एफ्टीसी प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रत्येक आरोपी को 1000-1000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। थाना पूरामुफ्ती पर पंजीकृत शंकरलाल, संतोषी निवासीगण मंशा सबदरगंज मजरा टिकरी थाना पूरामुफ्ती वर्तमान जनपद प्रयागराज को न्यायालय सीजेजेडी एफ्टीसी प्रथम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रत्येक आरोपी को 1000-1000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 125 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन को सीज किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 17 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना पश्चिम शरीरा से 01, थाना सराय अकिल से 02, थाना पिपरी से 02, थाना चरवा से 06, थाना संदीपनघाट से 03, थाना कोखराज से 01, थाना सैनी से 02) कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

## चोरी के आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**कौशाम्बी।** थाना पूरामुफ्ती पर पंजीकृत नन्दलाल पटेल निवासी मानिकपुर थाना पूरामुफ्ती वर्तमान जनपद प्रयागराज को न्यायालय सीजेजेडी एफ्टीसी प्रथम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को 500৳- रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## आज जिले के प्रत्येक बूथ पर भाजपा की संगठन महापर्व सदस्यता अभियान की होगी कार्यशाला- धर्मराज



**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाह्न पर कल दिन शनिवार को जिले के सभी बूथों पर सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला होगी जिसमे सभी बूथों पर प्रभारी के रूप में नियुक्त जिलापदाधिकारी जाकर संबोधित करेंगे व कार्यक्रम को सफल बनाएं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों को कम से कम 200 कार्यकर्ताओं को भाजपा से 8800002024 पर 02 सितंबर से मिस्काल करा कर जोड़ने का काम करेंगे।

## घर से चोरी करने का विरोध करने पर दबंगो ने गृह स्वामी को पीटा, शिकायत

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर चोरी करने का विरोध करने पर पड़ोस के एक दबंग ने गृह स्वामी के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया , पीड़ित की पत्नी ने मामले की शिकायत एसडीएम सिराथू से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के साढों का मजरा अहिरन का पुरवा निवासी कमला देवी पत्नी रामहित विश्वकर्मा ने शुक्रवार को एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया की पड़ोस का एक व्यक्ति उसके घर से नकदी चुरा लेता है पहली बार पांच हजार व दूसरी बार दो हजार रुपए चुरा लिया जिसका विरोध करने पर पड़ोसी अपने साथियों के साथ पति रामहित के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया। पीड़िता ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।

## मुकदमा वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मुकदमे में सुलह करने पर दबंगो ने वादी को गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए , पीड़ित की शिकायत पर सैनी पुलिस केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है। सैनी कस्बे के मुराईन का पुरवा निवासी पप्पू सोनकर पुत्र स्व गेंदालाल सोनकर ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की बुधवार की शाम चार व्यक्ति उसके घर पहुंचे और मुकदमा वापस लेने की धमकी देने लगे जिसका विरोध करने पर अजुहा के रसूलपुर निवासी हरिलाल व चंद्रपाल , खागा के इस्कुरी निवासी प्रदीप अटसरई निवासी लल्ला आदि लोगो ने गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे । सैनी पुलिस ने चारो आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

## मृतक शिक्षामित्र की पत्नी को शिक्षक व शिक्षामित्रों ने दी आर्थिक सहायता



**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड कड़ा के कंपोजिट विद्यालय भैरावां में कन्हैया लाल शर्मा शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत थे जिनका 8 अगस्त को निधन हो गया था। जिससे परिवार पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा और घर चलाने के लिए आर्थिक समस्या का भी होने लगी इसके साथ ही आने वाली जनवरी माह में पुत्री की शादी भी तय है। इन परिस्थितियों को देखते हुए ब्लॉक के शिक्षकों और शिक्षामित्रों ने आपसी सहयोग करते हुए मृतक शिक्षामित्र के परिवार को आर्थिक सहायता देने के लिए धनराशि एकत्रित किया। जिसे शुक्रवार को प्राथमिक शिक्षक संघ की अगुवाई में मृतक शिक्षामित्र की पत्नी अंजू देवी को शिक्षक संघ द्वारा दो लाख बीस हजार रुपए की नकद धनराशि सहायता स्वरूप प्रदान की गई। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार उमराव प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष अफरोज आलम, जूनियर शिक्षक संघ कड़ा अरुण, मिश्रा संदीप त्रिपाठी, बरम दिन राणा, सर्वेश मौर्य, नागेंद्र प्रताप सिंह, अनुज शर्मा,विजय कुमार दुबे शैलेंद्र पाठक सहित कई शिक्षक उपस्थित रहें।

# सराय अकिल में राधा नाम संकीर्तन मंडल ने निकाली भव्य राधा कृष्ण की झांकी

- चित्तापुर के डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव शोभायात्रा में रहें मौजूद, कस्बा राधे-राधे रहा गूंजायमान रहा
- राधा कृष्ण पर छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ा



लोकमित्र ब्यूरो

**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में राधा कृष्ण की भव्य झांकी पवन गुप्ता ने निकाली जो करन चौराहा से होकर पूरे कस्बे में घुमाया गया चित्तापुर के डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव शोभायात्रा में शामिल हुए ,राधा कृष्ण पर छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ा,शोभायात्रा में सराय अकिल श्याम मित्र मंडल के लोगों ने शोभायात्रा के सभी भक्तों को हलवा व जलपान कराकर विदा किया।

बता दे सराय अकिल कस्बे के राजा तालाब के पास मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा राधा कृष्ण की निकाली गई जिसमें शोभायात्रा में राधा कृष्ण पर भक्त नाचते गाते हुए दिखाई दिए पूरे कस्बा राधा कृष्ण की जयकारों से गुजमान रहा चित्तापुर से आए डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव शोभायात्रा में शामिल हुए भक्तों ने जगह-जगह जलपान कराया

श्याम मित्र मंडल के राजेश केसरवानी श्याम केशरवानी व अन्य सदस्यों ने मिलकर हनुमान मंदिर के पास हलवा व जलपान कराकर भक्तों को विदा किया श्याम मित्र मंडल के सदस्य श्याम केशरवानी ने

बताया कि हर वर्ष राधा कृष्ण के शोभायात्रा निकाली जाती है मंदिर के संस्थापक स्वर्गीय रामचंद्र गुप्ता लोहा वाले ने मंदिर का निर्माण कराया था जो आज उनके पुत्र पवन गुप्ता ने राधा नाम संकीर्तन मंडल की तरफसे भव्य राधा कृष्ण की शोभा यात्रा निकाली गई जो राधा कृष्ण पर छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ा, तथा पत्रकारों को सम्मानित किया ,जिसमें राजेश केसरवानी, श्याम केशरवानी पवन गुप्ता रजत मोदनवाल अंकित अंकित ताम्रकार सचिन डॉ आशीष श्रीवास्तव मोती लाल स्वर्णकार पत्रकार एवं समाजसेवी अजय कुमार अग्रहरि पत्रकार अमित रस्तोगी आदि सैकड़ो भक्त शामिल रहें।

## पिंडरा सहावनपुर में विवाहिता को जिंदा जलाने का प्रयास



लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, (कौशाम्बी)।** कोतवाली क्षेत्र के पिंडरा सहाबनपुर गांव में शुक्रवार को देवर-देवरानी ने विवाहिता के ऊपर डीजल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किया। चंगुल से छूटने के बाद महिला शोर मचाते घर के बाहर भागी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है।पिंडरा सहाबनपुर गांव की अरबिया पत्नी मोइन उद्दीन ने बताया कि वह अपने पति के साथ कानपुर में रहती है। उसका देवर व देवरानी उसे घर में हिस्सा नहीं देना चाहते। यही कारण है कि जब भी परिवार के साथ कानपुर से गांव आती है। उक्त लोग मारपीट करते हैं। अरबिया का कहना है कि शुक्रवार को सुबह करीब 11बजे देवर देवरानी गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने अरबिया की जमकर पिटाई किया। आरोप है कि इस दौरान उसके ऊपर डीजल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किया गया। काफी जद्दोजहद के बाद अरबिया चंगुल से छूटी और शोर मचाते हुए घर के बाहर भाग गई। अरबिया ने घटना की शिकायत पुलिस से की है।

## खानकाहे काजमिया में मनाया गया उर्से आला हजरत




लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** सदर तहसील के नारा ग्राम सभा मे 30 अगस्त को बाद नमाज जुमा के बाद ग्राम सभा नारा के बड़े दरवाजा मस्जिद में खानकाहे आलिया काजमिया के सज्जादानशीन सैय्यद चांद मियां काजमी की सदारत में उर्से आला हजरत का एहतेमाम किया गया। बज्म का आगाज सय्यद अरसान साहब ने कलामे पाक की आयत से किया। मदरसा आलिया काजमिया व मदरसा रियाजुल उलूम के तालीबे इल्म ने नात शरीफ और मनकबत पाक गुनगुनाया। हाफ्जि अब्दुल अजीज ने आला हजरत के इल्म के तअल्लुक से गुफ्तगू की और उनकी शान यूं बयान की उन्होंने बताया की चार साल चार माह व चार दिन की उम्र में बिस्मिल्ला शुरू किया और तेरह बरस कुछ माह की उम्र में फ्तवा देने लगे।शायर महताब नार्वी ने आला हजरत के कलाम के तजमीन के कुछ अशआर पेश किए। आखिरी में सय्यद चांद मियां ने आला हजरत अलैहि रहमतो रिजवान को आले रसूल से किस कदर मोहब्बत थी। और आले रसूल का मुकाम किस कदर बुलंद है ये हमको बताया और उनका एक शेर यूं पढ़ा - तेरी नस्ले पाक में है बच्चा बच्चा नूर का, तू है ऐने नूर तेरा सब घराना नूर का। उन्हें अहले सुन्नत वल जमात सुन्नियत की जान,आन, बान और शान क्यों न कहे उन्होंने हमे नबी(स. अ.) से इश्क करना सिखाया। और आखिरी में सलाम पेश कर के बज्म का इख्तेताम किया गया। इस मौके पर हाफ्जि नसीम साहब, हाफ्जि माहेनूर साहब, मौलवी सना, मौलवी सरफराज साहबान मौजूद रहे। गांव के तमाम हजरात ने मुसर्रत के साथ शिरकत की।

## कौशाम्बी के अजय ने हरियाणा के चीता को दी पटखनी

- सदर ब्लॉक के थांबा अलावलपुर का दो दिवसीय दंगल का शुभारंभ



लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, कौशाम्बी।** सदर ब्लॉक के थांबा अलावलपुर में शुक्रवार को दो दिवसीय दंगल का शुभारंभ हुआ। पहले दिन 16 जोड़ी पहलवानों ने दांवपेच दिखाए। इस मौके पर विजई पहलवानो को इनाम देकर हौसला बढ़ाया गया।

दंगल के पहले दिन हरियाणा के चीता व कौशाम्बी अजय के बीच कुश्ती काफी दिलचस्प रही। अजय से वजन में दो गुना अधिक चीता से कुस्ती का समय दस मिनट रखा गया था। काफी दांव पेंच के बाद नौ मिनट में ही अजय ने चीता को चारों खाना चित कर दिया। इसी तरह मुश्कान हरियाणा व आरती उत्तराखंड के बीच कुश्ती हुई। मुश्कान ने बाजी मारी। अयोध्या के पहलवान बजरंगी व गोरखपुर के भीम के बीच हुई। बजरंगी ने बाजी मारी। कौशाम्बी (संवरो) के संतोष पहलवान ने वाराणसी के सुनील को, चायल कौशाम्बी के नवनीत ने घाटमपुर के मुन्ना को, शंकर चित्रकूट ने विजय फ्तेहपुर को, सफीक पचंभा ने राकेश फ्तेहपुर को, महिला पहलवान मुश्कान हरियाणा ने संतोषी आजमगढ़, शुभम बम्हरौली ने अजय बांदा को पटखनी दी। घनश्याम जालौन व पंडित जी बांदा तथा गुफान टेंवा व टोनी दिल्ली की कुश्ती बराबर पर रही।

ग्राम प्रधान मान सिंह यादव ने विजयी पहलवानों को इनाम देकर सम्मानित किया। दंगल की कमेंट्री रोशन लाल ने की। इस मौके पर आफाक अहमद, जय करन यादव, हाजी मुश्ताक इकबाल चंद्र बली रैना,महफूज अहमद, लल्लू सिंह आदि मौजूद रहे।

## खोरा विद्यालय में नवोदय में चयनित छात्रों को बीएसए ने किया सम्मानित

- छात्रों ने गीत के माध्यम से वृक्षारोपण के लिए किया जागरुक



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मंझनपुर ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय खोरा में वृक्षारोपण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में बीएसए कमलेंद्र कुशवाहा व विशिष्ट अतिथि के रूप बीईओ प्रमोद गुप्ता मौजूद रहें। छात्रों ने गीत के माध्यम से लोगों को वृक्षारोपण के लिए जागरुक किया है। साथ ही नवोदय विद्यालय में चयनित छात्रों को बीएसए ने सम्मानित कर उनके उज्जवल की कामना किया है।

मंझनपुर बीआरसी के कम्पोजिट विद्यालय खोरा में वृक्षारोपण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाध्यापक विनोद श्रीवास्तव ने शुक्रवार को आहूत किया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीएसए कमलेंद्र कुमार कुशवाहा के विद्यालय में पहुँचने पर उन्हें बीईओ प्रमोद गुप्ता, प्रधानाध्यापक विनोद श्रीवास्तव, राजीव सिंह, विनीत सिंह व एआरपी ओमदत्त त्रिपाठी व अनुज वर्मा ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही छात्रों ने बैंडबाजा से बीएसए का अभिनन्दन किया। इसके बाद बीएसए व बीईओ ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। साथ ही लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए अपील किया।

छात्रों ने गीत के माध्यम से लोगों को वृक्षारोपण के लिए जागरुक किया है। इसके बाद बीएसए ने विद्यालय भवन व शिक्षा गुणवत्ता परखी,सब संतोषजनक मिलने पर उन्होंने प्रधानाध्यापक की प्रसंशा किया है। इसके बाद छात्रों को पुस्तक वितरण किया।

साथ ही बीएसए ने नवोदय विद्यालय में चयनित छात्रों को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है। इस मौके पर केशव प्रसाद व विद्यालय के अन्य सहायक अध्यापक व छात्र,छात्राएं मौजूद रहें।

## चौपाल में लाभार्थियों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**नेवादा, कौशाम्बी।** तहसील क्षेत्र के बहुंगरी गांव स्थित पंचायत भवन में शुक्रवार को चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। चौपाल के दौरान पंचायत में विकास कार्यों की समीक्षा कर पात्र लाभार्थियों से पेंशन, शौचालय आदि के लिए आनलाइन आवेदन करने की अपील किया।बीडीओ प्रदीप कुमार मौर्य ने ग्रामीणों को स्वछ भारत मिशन तहत शौचालय निर्माण, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिब्यांग पेंशन, जननी सुरक्षा, फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन समेत जनहित की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्वच्छता अभियान को लेकर ग्रामीणों से शौचालय में ही शौच की प्रवृति डालने पर जोर देते हुए खुले में शौच करने से होने वाले नुकसानों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मौजूद अधिकारियों ने पात्र लाभार्थियों को विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन समेत शौचालय निर्माण और जननी सुरक्षा के लिए ऑन लाइन आवेदन करने को कहा, जिससे पात्र लाभार्थियों को संबंधित योजनाओं को लाभ दिलाया जा सके।

इस दौरान ग्रामीणों अधिकारियों से कहा कि जल जीवन मिशन के ठेकेदार ने पाइप लाइन बिछाने के लिए रास्ते में बिछी इंटरलाकिंग के उखाड़ दिया है। कीचड़ होने से लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है। जिस पर सभी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया।

चौपाल में ग्राम विकास अधिकारी जयसिंह, अंशुमान सिंह, वेद प्रकाश, प्रधान ऊषा देवी, बाल विकास विभाग सुपर वाइजर चंपासिंह, प्रधानाध्यापिका नुसरत, ब्लाक के कर्मचारी समेत ग्रामीण उपस्थिति रहे।

## कोटेदार की शिकायत जांच पर पहुंचे तहसीलदार, हंगामा




लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के पवैया गांव में कोटेदार की कई बार शिकायत हो चुकी थी। कोटेदार पर बार-बार आप लग रहा था कि वह खतौली करता है और उपभोक्ताओं के साथ बदसलूकी की भी करता है। जिलाधिकारी के आदेश पर तहसीलदार गांव पहुंचकर मामले की जांच की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कोटेदार के सामने उसके कालेकारनामों को खोल दिया। अधिकारी के सामने गांव के लोगों ने खुलकर उनके साथ होने वाली नांसाफी को बयान किया। जिसको सुनकर तहसीलदार भी काफी गुस्से में नजर आए। एक पखवाड़े पूर्व पवैया गांव के सैकड़ो लोगों ने जिला मुख्यालय में पहुंचकर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह से कोटेदार की शिकायतों के गंभीरता को देखते हुए जांच का आदेश दिया था। जिसे आदेश के क्रम में तहसीलदार अनंत अग्रवाल जांच के लिए पहुंचे थे जैसे ही उन्होंने गांव के लोगों से उनकी पीड़ा पूछना शुरू किया कि गांव के लोगों में शिकायतों का अंबार लगा दिया। शायद ही ऐसा कोई राशन कार्डधारक रहा हो जिसे कोटेदार की शिकायत घटतैली का आरोप और अभद्रता का आरोप न लगाए हो। उन्होंने गांव की एक-एक व्यक्ति की शिकायत पर गौर करते हुए रजिस्टर में उनकी शिकायत को दर्ज भी किया। कोटेदार की यह मनमानी देखते हुए तहसीलदार भी काफी आग बबूला हो गए उन्होंने कोटेदार के खिलाफ कठोर कठोर कार्रवाई का आश्वासन सैकड़ो ग्रामीणों को पंचायत के दौरान दिया।

## कोसम खिराज के बड़ा गढ़वा घरों के ऊपर गुजारा ग्यारह हजार लाइन हादसे को देता दावत



लोकमित्र ब्यूरो

**बारा, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के गोपसहसा विद्युत उपकेंद्र के कोसम खिराज के मजरा बड़ा गढ़वा गांव में लोगों के घरों के ऊपर से हाईटेंशन तार गुजरा है। गांव में अभी तक खुले तार को हटाकर एरियल बंच केबल (एबीसी) यानी गुर्रा केबल नहीं लगाई गई। इससे ग्रामीणों के साथ मवेशियों और पक्षियों के जीवन पर भी खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विद्युत विभाग के अधिकारियों से कई बार बात की, लेकिन अब तक समस्या का निराकरण नहीं हुआ। बड़ा गढ़वा गांव में लौटन ,भोला निषाद,आदि मेन रास्ते में बने घरों के छत के ऊपर से हाइटेंशन लाइन गुजरा है। सालभर पहले छत पर जाने से कई मवेशियों की करंट से मौत हो चुकी है। इससे अलावा आए दिन करंट की चपेट में आने से पक्षियों की मौत हो जाती है। इसके अलावा कई और लोगों के मकानों के ऊपर से हाईटेंशन तार गुजरा है। इसकी वजह से कई लोगों के मकानों का निर्माण भी अधूरा पड़ा है। इस गांव में खुले तार को हटाकर गुर्रा केबल नहीं लगाई गई। मौला के घर के करीब ट्रांसफार्मर के पास तारों का मकड़जाल फैला है। इससे ग्रामीणों को हर वक्त खतरा बना रहता है। समस्या का निदान कब तक होगा, यह बताने वाला कोई नहीं है।

### ● क्या कहते है लोग

गांव में खुला हाईटेंशन तार लगा है। तार काफी समय से जर्जर भी हो चुका है। जगह-जगह जोड़ के कारण खतरा बना रहता है। करंट लगने से अक्सर चिड़िया मर जाती है।

**शिव नरेश निषाद**

मेरे दरवाजे के पास ट्रांसफार्मर लगाया गया है। तार में अक्सर स्पार्किंग होने से चिंगारी निकलती रहती है। इससे कभी भी घर में आग लग सकती है।

दरोगा दिवाकर

छत के ऊपर से विद्युत तार गुजरा है। इसे तत्काल हटाया जाना चाहिए। खुले तार से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**बाराती लाल दिवाकर**

बीते वर्ष पहले मंद बुद्धि एक रिश्ते दर झुलस गया था काफी इलाज के बाद सही हुआ यह एक गंभीर समय है।

**राजेश कुमार दिवाकर**

### ● क्या बोले संबंधित अधिकारी

मौके का निरीक्षण कर प्रस्ताव बनाकर विभाग को भेजा जाएगा। गुर्रा केबल का लगाने का काम पहले 63 और 25 केवीए के ट्रांसफर्मरों पर कराया जा रहा है। उसके बाद 10 केवीए के ट्रांसफार्मर पर लगवाया जाएगा।

**शंकर लाल, अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र गोपसहसा**

## सम्पादकीय

# सरकार की असल नीति क्या है?

सही है विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों ने छोटे कारोबारियों को व्यापार से बाहर करने के लिए चीजें सस्ती दरों पर बेचीं। उस कारण उन्हें घाटा हुआ। सवाल है सरकार की असल नीति क्या है?वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ई-कॉमर्स कंपनियों पर सीधा निशाना साधा। उन्हें देश के करोड़ों खुदरा कारोबारियों की बढ़ती मुसीबत का कारण बताया। उन्होंने कहा- ई-कॉमर्स की भारत में बेरोक वृद्धि से ÷बड़े पैमाने पर सामाजिक अस्त-व्यवस्ता÷ पैदा हो सकती है, जिसका असर दस करोड़ छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। गोयल एक संस्था की रिपोर्ट जारी होने के मौके पर बोल रहे थे। रिपोर्ट %भारत में रोजगार एवं उपभोक्ता कल्याण पर ई-कॉमर्स का संपूर्ण प्रभाव' शीर्षक से जारी हुई है। गोयल ने अमेजन कंपनी का नाम लेकर उस पर निशाना साधा। उनकी टिप्पणी गौरतलब है- %कीमत तय करने का लूटेरा चलन क्या देश के हित में है, जहां अमेजन जब कहती है कि वह अरबों डॉलर का निवेश करेगी, तो हम सब खुशी मनाते हैं। लेकिन हम अंदरूनी कहानी भूल जाते हैं कि ये अरबों डॉलर किसी बड़ी सेवा या भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सहायक किसी बड़े निवेश के रूप में नहीं आ रहे हैं। ये रकम कंपनी अपना घाटा पाटने के लिए ला रही है। लेकिन अरबों डॉलर का घाटा हुआ ही क्यों?' गोयल का तात्पर्य है कि इन कंपनियों को घाटा छोटे कारोबारियों को व्यापार से बाहर करने के लिए चीजें सस्ती दरों पर बेचने के कारण हुआ। उसे पाटने के लिए अरबों डॉलर लाए गए।यह नहीं कहा जा सकता कि गोयल की बातें बेबुनियाद हैं। मगर सवाल यह उठेगा कि नरेंद्र मोदी सरकार की नीति क्या है? क्या उसकी नीतियों ने हर तरह के विदेशी निवेश को प्रोत्साहित नहीं किया है? और क्या उसका ही यह परिणाम नहीं है कि देश में विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों का पूरा वर्चस्व बन गया है। वैसे क्या यह भी एक सच नहीं है कि केंद्र की ही नीतियों या कार्य-प्रणाली से तंग आकर अनेक कंपनियां बाहर चली गई हैं। इस क्रम में ना तो देसी उद्योग का विकास हुआ है और ना विदेशी निवेश से अपेक्षित उद्देश्य पूरा हुआ है। क्या गोयल की बातें अब ई-कॉमर्स सेक्टर में अनिश्चय का माहौल नहीं बनाएंगी? वैसे खुदरा कारोबार सेक्टर की मुसीबतें बढ़ाने में नोटबंदी और जीएसटी जैसे नीतिगत फैसलों का क्या रोल रहा है, गोयल को यह भी बताना चाहिए।




## जम्मू -कश्मीर में चुनाव की हलचल

# गठबंधन के 24 घंटे में ही शुरू हो गई थी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस में रार



**अशोक भाटिया**

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए पिछले गठबंधन में नेशनल कॉन्फ्रेंस को जम्मू संभाग में चार सीटें दिए जाने से प्रदेश कांग्रेस के कई नेता नाराज हैं और उनकी नाराजगी सामने आने लगी है। हालाँकि, किसी ने भी औपचारिक रूप से नेतृत्व से संपर्क नहीं किया है। सीट बंटवारे में जम्मू उत्तर, सांबा जिले की विजयपुर और राजौरी जिले की नौशहरा और कालाकोट सुंदरबनी सीटें नेशनल कॉन्फ्रेंस के खाते में गई हैं। इससे प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रवींद्र शर्मा, उदय चिब, एमके भारद्वाज समेत कई नेता नाराज बताए जा रहे हैं, क्योंकि उन्हें दूसरी सीटों से चुनाव लड़ने के लिए कहा जा रहा है। यही वजह है कि पार्टी की दूसरी सूची अटकी हुई है। पार्टी ने अभी तक सिर्फ पहले चरण के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की है। नगरोटा विधानसभा सीट पर दोनों पार्टियां अपने-अपने उम्मीदवार उतारेंगी।राज्य में 90 सीटों पर विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। आपसी समझौते में कांग्रेस को 32 और एनसी को 51 सीटें मिलीं। एक सीट सीपीआई (एम) और एक सीट पैंथर्स को दी गई। पांच सीटों पर दोस्ताना मुकाबला रखा गया है। इसे गठबंधन की मजबूरी ही कहा जाएगा कि बनिहाल की सीट पूर्व सूबेदार विकार रसूल के खाते में दोस्ताना मुकाबले में आ गई। इस सीट पर नेशनल कॉन्फ्रेंस भी चुनाव लड़ रही है। कहा जा रहा है कि इन सीटों पर दावेदारी वापस लेने से दोनों पार्टियां पीछे नहीं हट रही थी, जिसके बाद फ्रेंडली फाइट का फैसला किया गया। जम्मू-कश्मीर विधानसभा की 90 सीटों के लिए 3 चरणों में चुनाव प्रस्तावित हैं। 4 अक्टूबर को चुनाव के नतीजे आएंगे।रामबन जिले की बनिहाल सीट पर शुरू से ही नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस अपना-अपना दावा कर रही थी। कांग्रेस ने यहां से पूर्व अध्यक्ष विकार रसूल वानी को मैदान में उतारा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस से सज्जाद शाहीन मैदान में हैं।बनिहाल सीट पर अब तक 9 बार विधानसभा के चुनाव कराए गए हैं। इनमें से 3 बार कांग्रेस और 4 बार नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जीत हासिल की है। 2008 और 2014 के चुनाव में इस सीट से कांग्रेस के विकास रसूल वानी ने ही जीत हासिल की।इस चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस के सज्जाद शाहीन तीसरे नंबर पर थे। बनिहाल विधानसभा सीट उधमपुर लोकसभा में है और यहां पर इस बार कांग्रेस के लाल सिंह ने चुनाव लड़ा था। हालांकि, वे भाजपा के जितेंद्र सिंह 1 लाख 24 हजार वोट से हार गए थे।नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस डोडा और डोडा वेस्ट की विधानसभा सीट पर भी फ्रेंडली फाइट यानी दोस्ताना लड़ाई के साथ मैदान में उतरेगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने डोडा से खालिद नजीब को उतारा है। पार्टी की तरफ से डोडा वेस्ट पर अभी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है। जम्मू कश्मीर की यह सीट हाल ही में






परिसीमन के बाद गठित की गई है।कांग्रेस ने डोडा से शेख रयाज और डोडा वेस्ट से प्रदीप भगत को मैदान में उतारा है। बात डोडा सीट की करें तो यहां पर पिछली बार भाजपा के शक्ति राज को जीत मिली थी। कांग्रेस के उम्मीदवार यहां दूसरे नंबर पर और नेशनल कॉन्फ्रेंस के तीसरे नंबर पर रहे थे।2008 में डोडा सीट पर कांग्रेस के अब्दुल माजिद वानी ने जीत हासिल की थी। डोडा सीट भी उधमपुर लोकसभा के अधीन ही है।कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस भदरवाह सीट पर भी आमने-सामने की लड़ाई लड़ेगी। कांग्रेस ने भदरवाह में नदीम शरीफ और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने महबूब इकबाल को यहां से प्रत्याशी बनाया है। जम्मू-कश्मीर की यह सीट गुलाम नबी आजाद के वजह से जानी जाती है। आजाद मुख्यमंत्री रहते इसी सीट से विधायक थे।हालांकि, वर्तमान में आजाद नई पार्टी बनाकर खुद मैदान में हैं। 2014 में इस सीट पर भाजपा के दलीप सिंह ने जीत हासिल की थी। यहां पर अब तक हुए चुनाव में 9 बार कांग्रेस को ही जीत मिली है। यह सीट भी उधमपुर लोकसभा सीट के ही अधीन है।नेशनल कॉन्फ्रेंस का यहां पर दूसरे-तीसरे नंबर की लड़ाई में ही रही है।जम्मू-कश्मीर की देवसर सीट पर भी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने प्रत्याशी उतार दिया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने देवसर से पीरजादा फिरोज को तो कांग्रेस ने अमानुल्लाह मंटू को यहां से सिंबल दिया है। 2002 तक अनंतनाग-राजौरी लोकसभा के अधीन इस सीट पर नेशनल कॉन्फ्रेंस का दबदबा रहा है।हालांकि, 2014 में यहां से कांग्रेस के टिकट पर आमिन भट्ट ने जीत हासिल की थी। भट्ट ने पीडीपी उम्मीदवार सरताज मदनी को हराया था। नेशनल कॉन्फ्रेंस के पीरजादा अहमद तीसरे नंबर पर रहे थे।इधर कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन को लेकर भाजपा को भी बोलने का बहुत कुछ मौका मिल गया है । केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन को लेकर राहुल गांधी पर हमला बोला है ।भाजपा ने गठबंधन को अपवित्र करार देते हुए कांग्रेस पार्टी से कई सवाल भी पूछे हैं। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस ऐसे लोगों के साथ खड़ी हो गई है जिन्होंने अपने घोषणापत्र में अनुच्छेद 370 और 35ए को लाने का वादा किया है। केंद्रीय मंत्री ने नेशनल कांफ्रेंस पर जम्मू कश्मीर की खुशहाली को छीनकर राज्य को फिर से आतंकवाद, अलगाववाद और पत्थरबाजी के दौर में धकेलने का आरोप लगाया है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से सवाल पूछा है कि क्या कांग्रेस नेशनल कांफ्रेंस के घोषणापत्र से सहमत है?इसके आलावा गठबंधन के खिलाफ देशभर में प्रेस कांफ्रेंस कर कांग्रेस से सवाल पूछने के अभियान में शामिल जी किशन रेड्डी ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस ने अपने घोषणापत्र में राज्य में फिर से अनुच्छेद-370 और 35ए लाने का वादा किया है।

ऐसे में राहुल गांधी बताएं कि क्या वह जम्मू कश्मीर की खुशहाली को छीनकर राज्य को फिर से आतंकवाद, अलगाववाद और पत्थरबाजी के दौर में धकेलने के नेशनल कांफ्रेंस के एजेंडे के साथ खड़ी है? क्या राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर में फिर से 'अलग झंडे' के वादे का समर्थन करते हैं?उन्होंने नेशनल कांफ्रेंस पर पूरी तरह से हिंदू विरोधी एजेंडे पर काम करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि क्या कांग्रेस भी 'शंकराचार्य पर्वत' का नाम बदलकर 'तख्त-ए-सुलेमान' और 'हरि पर्वत' का नाम बदलकर 'कोह-ए-मारन' रखने के प्रस्ताव का समर्थन करती है। मोदी सरकार ने राज्य से 370 हटाकर दलितों, गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ियों को आरक्षण दिया, महिलाओं के अधिकारों से जुड़े कानूनों सहित कई महत्वपूर्ण केंद्रीय कानूनों को लागू किया। राहुल गांधी बताएं कि क्या कांग्रेस इन सभी अधिकारों को जम्मू कश्मीर की जनता से छीन लेने के नेशनल कांफ्रेंस की घोषणा का समर्थन करती है।भाजपा जम्मू कश्मीर के गांव-गांव और घर-घर जाकर राज्य के लोगों को कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के गठबंधन और घोषणापत्र के बारे में बता रही है । भाजपा राज्य की जनता से यह भी अपील कर रही है कि वह विधानसभा चुनाव में इस गठबंधन को मजहब के नजरिए से नहीं देखे। क्योंकि यह चुनाव जम्मू कश्मीर के विकास, उनके अधिकार और आने वाली पीढ़ी के सुनहरे भविष्य से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसी आधार पर सोच-समझकर फैसला करें।भाजपा ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाकर, वहां बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को पूरी तरह से लागू किया, लेकिन देशभर में संविधान की बात करने वाले राहुल गांधी की सहयोगी नेशनल कांफ्रेंस जम्मू कश्मीर से फिर से बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को हटाने की बात कर रही है, इस पर राहुल गांधी की क्या राय है? **वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# भाजपा का लखपति दीदी प्रोग्राम

**अजय दीक्षित**

विपक्ष की जातिगत जनगणना के उत्तर में प्रधानमंत्री मोदी देश में चार जातियां मानते हैं । उन्होंने अंग्रेजी के ज्ञान से चार जातियां बतलाई हैं । त्र गरीब से गरीब, ङ्घ से युवा, ॅ से कृषिक और ह से नारी । मोदी जी का फोकस इन चारों पर हैं ।

आजकल बीजेपी के मुख्यमंत्री मोदी जी के नारी सशक्तिकरण का राष्ट्रव्यापी अभियान चला रहे हैं । मध्य प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कई सशक्तिकरण कार्यक्रम चला रक्खे हैं । आज मध्य प्रदेश में नारी कल्याण को लेकर कई योजनाएं संचालित हैं । तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जमाने से प्रत्येक महिला को हर महीने 1250 रुपये मिलते हैं । इस बार रक्षाबंधन के 250 जोड़कर 1500 रुपये हर महिला के खाते में आये हैं ।

अब प्रयत्न है कि राज्यसभा और लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़े । इसके साथ ही स्थानीय निकायों में भी उनके प्रतिनिधित्व को बढ़ाया जा रहा है । अभी असल में स्थानीय निकायों में महिला प्रतिनिधि के स्थान पर उसके ससुर, पिता या पति ही मीटिंगों में भाग लेते हैं । इसे रोका जा रहा है । डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टरों को आदेश दिया है कि इस प्रथा पर तत्काल रोक लगाई जाये । महिला प्रतिनिधियों को ट्रेनिंग भी दी जा रही है ।

इस बार अनेक स्थानों में डॉ. मोहन यादव ने जाकर महिलाओं से राखी बंधवाई । महिलाओं के बीच उनके भाई डॉ. मोहन यादव बहुत लोकप्रिय हैं । अब देश में उद्योगों में भी महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है । रीजनल इण्डस्ट्रियल कान्क्लेव कई जगह आयोजित किये जा रहे हैं । जिसमें महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी । टेक्सटाइल सहित कई तरह के उद्योगों में महिलाओं को प्राथमिकतादी जायेगी । औद्योगिक इकाईयां महिलाओं के नाम से होगी । की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी । टेक्सटाइल सहित कई तरह के उद्योगों में महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी । औद्योगिक इकाईयां महिलाओं के नाम से होगी । 25 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी जी ने महाराष्ट्र और राजस्थान का दौरा किया और वहां महिलाओं को लखपति दीदी का दर्जा दिया । जलगांव में ग्यारह लाख नई लखपति दीदियों को सम्मानित किया । यह मुकाम उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल में प्रदान किया है । मोदी जी ने 2500 करोड़ का एक कोष बनाया है जिसमें करीब 48 लाख सदस्यों वाले चार-पांच लाख स्वयं सहायता समूह कार्यरत होंगे ।




प्रधानमंत्री ने महिलाओं को उद्योग लगाने के लिए पांच हजार करोड़ रुपये के बैंक लोन भी वितरित किये । इससे करीब ढाई लाख स्वयं सहायता समूह कार्य करेंगे जिनका नेतृत्व महिलाएं करेंगी । अब तक %लखपति दीदी% कार्यक्रम से एक करोड़ महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं । यह उम्मीद है कि हर एक स्वयं सहायता समूह प्रति वर्ष एक लाख का लाभ कमा सकेगा ।

असल में देश में आदि आबादी महिलाओं की है । अभी तक वे केवल चौका चूल्हा में व्यस्त रहती थीं । वहां भी उनके लाभ के लिए मुफ्त गैस सलेण्डर दिये गये ताकि लकड़ी से खाना बनाने से जो धुआं निकलता है, उससे उनके स्वास्थ्य में हानि न हो । महिला खिलाड़ियों को भी मोदी जी के कार्यकाल में काफी प्रोत्साहन दिया जाता है । विनेश फोगट को हार के बाद भी चार करोड़ रुपये के पुरस्कार दिये गये ।

कोई भी समाज अपनी आबादी के आधे हिस्से को नकारते हुए प्रगति नहीं कर सकता । मोदी जी बड़े सोच वाले प्रधानमंत्री हैं । इससे पहले किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया । अब परिसीमन के बाद लोकसभा और राज्यसभा में 33त्न महिलाएं दिखलाई पड़ेंगी तो राजनीति का स्वरूप भी बदल जायेगा । मोदी जी को इस देश की हर नारी सम्मान की दृष्टि से देखते हुए उनका अभिवादन करती है ।


## राशिफल

| | |
|---|---|
|  मेष | आज का दिन लाभ देने वाला है। इस राशि के लोगों को आज धन लाभ होने से परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। इस राशि वाली महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है। उन्हें अपने ननिहाल या मायके की तरफ से खुशखबरी मिल सकते हैं। आज आपके विचारों को ऑफिस में सीनीयर्स की तरफ से पॉजीटिव रिसपॉन्स मिलेगा। इस राशि के लोग आज भविष्य के लिए कोई खास निर्णय ले सकते हैं। |
|  वृष | आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है। टूर एंड ट्रेवल्स तथा मीडिया संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा। आज कार्यभार अधिक होने की वजह से ओवरटाइम करना पड़ेगा। पति-पत्नी का आपसी सहयोगात्मक व्यवहार आपसी नज़दीकियां बढ़ाएगा। आज अपने मनोबल को मजबूत बनाने के लिए मेडिटेशन का सहारा लेंगे। |
|  मिथुन | आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। व्यापार बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करेंगे। कोई भी छोटा बड़ा फैसला लेते समय किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी, आज किसी को दिए पैसे की वापसी भी हो सकती है। |
|  कर्क | लेखकों के लिए आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज इन्हें अपने लेखन शैली से जीवन में सफलता मिलने के अवसर प्राप्त होंगे। इस राशि के लोगों को आज अपने परिवार के किसी सदस्यों से नये वस्त्रों की मिल सकते हैं। आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है, साथ ही जो भी काम करना चाहेंगे वो पूरे हो जाएंगे। किसी भी कामों को पूरा करने के लिए आज आपको अपने मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा। |
|  सिंह | आज व्यस्तता के साथ गुजरेगा फिर भी आपको यह सोचकर अच्छा लगेगा कि आज आपने पूरी ईमानदारी के साथ काम किया है। इसके साथ ही आप घर वापस आकर अगले दिन के लिए टारगेट सेट करेंगे साथ ही आप अगर घरों में कोई परिवर्तन संबंधी कोई निर्णय लेना चाहते है तो आपके लिए अच्छा दिन है। बिजनेसमैन के लिए भी आज का दिन शुभ है। इस राशि के लोगों का झुकाव आज अपने परिवारजनों के प्रति होगा। |
|  कन्या | आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे ।यदि किसी कारण से कुछ खोने का डर है तो आप निश्चिन्त हो जाएँ, ऐसा कुछ नही होने वाला क्युकी आज आपका दिन आपके फेवर में है। आज जीवनसाथी का आपके प्रति पूर्ण सहयोग रहेगा। लवमेट के साथ घूमने-फिरने का भी प्रोग्राम बनेगा। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। |

| | |
|---|---|
|  तुला | आज आपका दिन रोज से अच्छा रहेगा।आप अपने कामकाजी जीवन से थोड़ा ब्रेक लेकर जीवन साथी के साथ किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बनाएंगे। यह आपके अपने रिश्ते को संजोए रखने के लिए आवश्यक कदम होगा। पारिवारिक जीवन खुशहाल रखने के लिए कम्युनिकेशन गैप न होनें दें। सबसे बातचीत अवश्य करें। व्यापारिक जीवन में मनचाहा परिणाम मिलेगा व्यवसाय के संबंध में आपके लिए साझेदारी लाभकारी सिद्ध होगी। |
|  वश्चिक | आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और व्यवस्थित रहेंगे तो इससे आपके काम जल्दी निपटेंगे। आज आपको कोई नयी जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी। आज आलस्य व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की जरूरत है, आज आप मार्किट से कोई मनपसंद सामान खरीदेंगे। आज लम्बी यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। |
|  धनु | आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज दोस्तों और संबंधियों से पूरी मदद मिलेगी। खास काम के सिलसिले में बातचीत भी होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह लेना आपके लिए बहुत ही लाभदायक भी रहेगा। आज कोई सुखद समाचार मिलने से भावनात्मक रूप से आप अपने आपको बढ़िया महसूस करेंगे। आज कुछ समय एकांत अथवा आध्यात्मिक स्थल पर बिताएंगे। |
|  मकर | आज दिन की शुरूआत अच्छी होगी। इससे परिवार में सामांजस्य बना रहेगा। छात्रों को आज कोई शुभ सूचना मिलने वाली है। जिससे करियर में बदलाव आयेगा। पुराने समय को भूलकर आगे बढ़ेंगे तो सफल हो जाएंगे। आपकी सोच में बदलाव आयेगा । यह बदलाव आपके लिए शुभ फल देने वाला होगा। इस राशि की महिलाओं के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी अच्छी कम्पनी से जॉब के लिये ऑफर मिल सकता है । |
|  कुम्भ | आज का दिन आपके लिए बहुत सामान्य रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। आज पारिवारिक तथा व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना कर रखने से उचित व्यवस्था बनी रहेगी। स्टूडेंट को अपने अध्ययन और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे। बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए कुछ समय उनके साथ जरूर बिताएं। |
|  मीन | आज का दिन आपको सफलता दिलाने वाला रहेगा। आज बच्चों का परिणाम देखकर मन में तसल्ली रहेगी। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे। आज आपको यह ध्यान रखन होगा कि नकारात्मक विचार आपके मनोबल को कमजोर कर सकते हैं। आपकी मेहनत से आय में इजाफा होगा । इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था, आज करने का दिन है। आज आप बेकार के तर्कों से बचें। |

## हेल्थ टिप्स

# फाउंडेशन लगाते वक्त कहीं आप भी तो नहीं करती ये गलतियां, इन बातों का रखें ध्यान



बेदाग और डल चेहरे से हर कोई परेशान रहता है. इससे बचने और खूबसूरत त्वचा पाने के लिए लोग कई चीजों का इस्तेमाल करते हैं. ऐसे में खासकर लड़कियां अपने चेहरे को चमकदार बनाने के लिए कई मेकअप प्रोडक्ट का भी इस्तेमाल करती है.

**फाउंडेशन का इस्तेमाल**

अगर मेकअप प्रोडक्ट का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं किया जाए, तो चेहरे पर समस्या हो सकती है. अगर आप भी अपने चेहरे पर फाउंडेशन का इस्तेमाल करती है, तो यह खबर आपके लिए है. आज हम आपको बताएंगे फाउंडेशन लगाते वक्त किन बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है. आइए जानते हैं उन बातों के बारे में.

**इन बातों का रखे ध्यान**

फाउंडेशन लगाते वक्त सबसे ज्यादा जरूरी होता है, सही शेड का चुनाव करना अगर आप गलत शेड का इस्तेमाल करती हैं, तो आपका चेहरा और ज्यादा डल दिखने लगेगा. इसलिए अपनी त्वचा के रंग के हिसाब से फाउंडेशन का चयन करें. इसके लिए आप लाइट में अपनी जॉलाइन पर अलग अलग शेड्स लगाकर टेस्ट करें.

**मेकअप करने से पहले चेहरे पर लगाएं ये**

जब भी आप अपने चेहरे पर फाउंडेशन का इस्तेमाल करें, तो मेकअप करने से पहले चेहरे पर मॉइश्चराइजर और प्राइमर का इस्तेमाल जरूर करें, नहीं तो इससे त्वचा संबंधित समस्या हो सकती है. इसके अलावा जब भी आप फाउंडेशन को चेहरे पर लगाएं, तो स्पंज, ब्रश या ब्यूटी ब्लेंडर का चुनाव आपकी त्वचा के प्रकार और फाउंडेशन के हिसाब से करें.

**सही ब्यूटी ब्लेंडर का इस्तेमाल करें**

आप अपनी त्वचा के आधार पर इन ब्यूटी ब्लेंडर का इस्तेमाल कर सकती है. जैसे अगर आपकी त्वचा सूखी है, तो आप नम स्पंज या ब्यूटी ब्लेंडर का इस्तेमाल करें. वहीं तैलीय त्वचा है, तो आपको सिंथेटिक ब्रश का इस्तेमाल करना चाहिए. अगर आप पाउडर फाउंडेशन का इस्तेमाल कर रही है, तो ब्रश का इस्तेमाल करें.

**गर्दन और कानों तक भी लगाएं फाउंडेशन**

फाउंडेशन को हमेशा छोटे-छोटे डॉट्स में लगाकर अच्छी तरह ब्लेंड करें. गर्दन और कानों तक भी फाउंडेशन लगाना न भूलें और ध्यान रहे हमेशा फाउंडेशन का इस्तेमाल कम मात्रा में ही करें, ज्यादा मात्रा में करने से त्वचा डल दिखने लगती हैं.

**सेटिंग पाउडर का भी करें इस्तेमाल**

फाउंडेशन को सेटिंग पाउडर से सेट करना ना भूलें इससे यह टिकाऊ बनेगा और ऑयल-फ्री रहेगा. आप इन सभी टिप्स को फॉलो करने के बाद ही अपने चेहरे पर फाउंडेशन का इस्तेमाल करें, नहीं तो इससे आपका चेहरा और ज्यादा डल दिखने लगेगा.



# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस के परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने आरक्षी नागरिक पुलिस के परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण, नकलविहीन, शुचिता एवं निष्पक्षता से सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मथुरा प्रसाद इण्टर कालेज चिलबिला का निरीक्षण किया। डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली जाये, कोई भी इलेक्ट्रानिक डिवाइस या मोबाइल फोन कदापि परीक्षा केन्द्र के अन्दर न जाने पाये, परीक्षा पूरी शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हो। इसी प्रकार डीएम एवं एसपी ने शहर में भ्रमणशील रहकर परीक्षा के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आरक्षी नागरिक पुलिस परीक्षा में दोनो पालियों में कुल 8448 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी जिसमें 6287 उपस्थित और 2161 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 4224 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था जिसमें 3145 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 1079 अनुपस्थित पाये गये। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 4224 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था जिसमें 3142 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 1082 अनुपस्थित पाये गये। जनपद में आरक्षी नागरिक पुलिस परीक्षा हेतु 11 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिनमें अबुल कलाम आजाद इण्टर कालेज, डीएवी इण्टर कालेज करनपुर, राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़, कृष्ण प्रसाद हिन्दू इण्टर कालेज, लोकमान्य तिलक इण्टर कालेज, एमडीपीजी कालेज, मथुरा प्रसाद इण्टर कालेज चिलबिला, पीबी इण्टर कालेज प्रतापगढ़ सिटी, पीबीपीजी कालेज प्रतापगढ़ सिटी, अनन्त प्रसाद इण्टर कालेज भदोही व रानी राजेश्वरी इण्टर कालेज दिलीपपुर सम्मिलित है।

## बिंदेश्वरी पटेल बने किसान कांग्रेस अध्यक्ष

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी, किसान कांग्रेस प्रतापगढ़ का जिला अध्यक्ष श्री बिंदेश्वरी पटेल को नियुक्त किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने कहा कि किसान नेता बिंदेश्वरी पटेल को जिलाध्यक्ष बनाये जाने से जिले में कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त अध्यक्ष बिंदेश्वरी पटेल ने महासचिव व प्रदेश प्रभारी श्री अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी व विधायक रामपुर खास व लीडर आराधना मिश्रा (मोना), सहित किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदीश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है, और कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गयी है, मैं उसका पूरी जिम्मेदारी व ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। उक्त जानकारी डा0वी0के0सिंह, उपाध्यक्ष (प्रभारी- प्रशासन,कार्यक्रम) ने दी है।

# जन समस्याओं से रूबरू हुये सपा सांसद



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी सांसद डॉक्टर शिवपाल सिंह पटेल रामपुर खास मे लोगों से मुलाकात की और लोगों की जन समस्याओं को सुना। इस दौरान कई जगह छोटे-छोटे कार्यक्रम लगे जिसमें सांसद डॉक्टर शिवपाल सिंह पटेल का लोगों ने स्वागत किया। उसके बाद पूरे पुनीत, आमी शंकरपुर, भंवरी, कुंभी आइमा, जरियारी, मटिया तिराहा किशनगढ़ में जाकर लोगों से मुलाकात की और उनकी जन समस्याएं सुनी इस मौके पर संसद डॉक्टर शिवपाल सिंह पटेल ने कहा कि देश में बहुत सी जन समस्याएं हैं जिस पर ध्यान देना चाहिए परंतु या सरकार आज हमको सांप्रदायिक हिंसा में डाल रही है हम लोगों को तैयार रहना चाहिए कि यह कब इस तरह के कार्य करके भाजपा सरकार अपने आप को मजबूत करती है इन सभी चीजों से हम लोगों को दूर रहना चाहिए और देश के हित की बारे में सोचना चाहिए और उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव इस समय । पर जोर दिया जिससे हमें प्रतापगढ़ में समाजवादी के खाते में या सांसद सीट निकली और उन्होंने बताया कि ।का मतलब पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक नहीं बल्कि समाजवादी विचारधारा है उन्होंने कहा कि एशिया का सबसे बड़ा अगर पार्क बना हुआ है तो वह समाजवादी विचारधारा के छोटे लोहिया कहे जाने वाले जनेश्वर मिश्र के नाम पर बना हुआ है इस मौके पर सांसद उमेश प्रताप यादव अधिवक्ता सभा प्रदेश महासचिव, पी आर ओ जितेंद्र सिंह , रामाशंकर यादव, यशवंत यादव, देवता दिन यादव ,साहिल खान, शरद प्रसाद वर्मा ,देवराज यादव, सुरेश कुमार मौर्य, अनिल मिश्रा, कमलेश तिवारी, राजू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# आपदाओं के जोखिम को सचेत ऐप को करें डाउनलोड-एडीएम

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि जनपद में विभिन्न आपदाओं के जोखिम को न्यूनीकृत करने हेतु जनपदवासी/समस्त अधिकारी व कर्मचारी मोबाइल फोन के प्ले स्टोर से सचेत एवं दामिनी एप डाउनलोड कर होने वाली क्षतियों को न्यूनीकृत कर सकते है। उन्होने बताया है कि दामिनी मोबाइल एप का संचालन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया जाता है जिसके माध्यम से आकाशीय विद्युत के कारण घटित होने वाली घटनाओं की पूर्व चेतावनी/अलर्ट का प्रसारण आम जनमानस के राहत एवं बचाव के दृष्टिगत किया जाता है। जिससे अन्य लोगों को भी सूचना दें कर आकाशीय विद्युत से होने वाली जनहानि/क्षति का अत्यधिक न्यूनीकरण किया जा सकता है।सचेत मोबाइल एप का संचालन राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा किया जाता हैं जिसके माध्यम से स्थानीय स्तर पर विभिन्न मौसम-वर्षा, ओलावृष्टि, शीतलहर, लू, अग्निकाण्ड, आंधी-तूफान, चक्रवात, वज्रपात, भूकम्प, गैस रिसाव, बाढ़ एवं सूखा आदि की पूर्व चेतावनी/अलर्ट तथा जनपद में घटित होने वाली विभिन्न आपदाओं/घटनाओं में ''क्या करें क्या न करें'' की पूर्व चेतावनी/अलर्ट का प्रसारण आम जनमानस के राहत एवं बचाव के दृष्टिगत किया जाता है। जिससे अन्य लोगों को भी सूचना दें कर विभिन्न आपदाओं से होने वाली जनहानि/क्षति का अत्यधिक न्यूनीकरण किया जा सकता है। उन्होने समस्त जनपदवासियों, अधिकारियों, कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि वह अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन के प्ले स्टोर सचेत एवं दामिनी एप को अवश्य डाउनलोड करें।

# ब्लॉक स्तरीय खेल कूद ट्रायल चयन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

लोक मित्र ब्यूरो

**लीलापुर, प्रतापगढ़।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ब्लाक स्तरीय खिलाड़ियों को किया गया चयनित ब्लॉक स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता और हैंडबॉल की प्रतियोगिता खंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मणपुर सुरेश कुमार के मार्गदर्शन और जिला स्काउट मास्टर, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक लक्ष्मणपुर सुशील कुमार सिंह की देखरेख में आज उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर में संपन्न हुई। कुश्ती में प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग में किशन सरोज प्राथमिक विद्यालय काछा 25किलो, फैजान प्राथमिक विद्यालय कुटुलिया 28 किलो ,शमी प्राथमिक विद्यालय पूरे गुलाब राय 31 किलो, में विजई रहे ।वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग में निखिल उच्च प्राथमिक विद्यालय काछा 30 किलो ,जितेंद्र उच्च प्राथमिक



विद्यालय कुटिलिया 25किलो में ,मोहम्मद जिगर उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर 40 किलो में ,कामरान उच्च प्राथमिक विद्यालय कुतुलिया 42 किलो में ,मोहम्मद आसिफ उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर 37 किलो में ,आलोक उच्च प्राथमिक विद्यालय कुटुलिया 30 किलो में ,उबेद उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरे गुलाब राय 25 किलो में ,अपने प्रतिद्वन्दियो को हराकर विजई रहे । वहीं बालिका वर्ग में स्वाती तिवारी उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर 40 किलो में, पूजा उच्च प्राथमिक विद्यालय काछा 30 किलो में, विजई रही। हैंडबॉल की प्रतियोगिता में बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय छेमरसरैइया और उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर के बीच फाइनल मुकाबला हुआ जिसमें 15 ,10 के अंतराल से उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर विजई रहा। वहीं बालिका वर्ग में यह मुकाबला प्राथमिक विद्यालय काछा और उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर के बीच रहा जिसमें 12,8 के अंतराल से उच्च प्राथमिक विद्यालय काछा को जीत मिली। इसमें मुख्य रूप से एनपी आरसी लक्ष्मणपुर मुन्सी रजा, प्रधानाध्यापक लक्ष्मणपुर रामदीन गुप्ता, निधि शुक्ला,शरद तिवारी, प्रियंका सिंह, अमित सिंह, कुलदीप शुक्ल, विवेक सिंह, बालकृष्ण, सुभाष चन्द्र,भाई लाल, पूनम निर्मल अभिषेक शर्मा, उमेशचंद्र पाल, सुनील बहादुर सिंह, अमित सिंह,पवन द्विवेदी, छोटे लाल आदि समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## छुट्टा जानवर से टकराई बाइक, दो घायल एक गंभीर

**पट्टी प्रतापगढ।** कोतवाली क्षेत्र के नंदईपुर गांव निवासी राजू शर्मा 45वर्ष रानीगंज थाना क्षेत्र के जामताली बाजार निवासी अपने दोस्त शंकर लाल उमरवैश्य 50 वर्ष के साथ गुरुवार को दवा लेने पट्टी डॉक्टर के पास जा रहा था। बाइक राजू शर्मा चला रहा था और शंकर लाल बाइक पर पीछे बैठा था। अभी यह लोग रानीगंज पट्टी रोड पूरेधना गांव के जंगल के पास पहुंचे थे कि अचानक छुट्टा जानवरो का झुंड आ गया और बाइक अनियंत्रित होकर छुट्टा जानवर से टकरा गई। सड़क दुर्घटना में राजू शर्मा के सर और शरीर में गंभीर चोटे आई और वह बेहोश हो गया। शंकर लाल भी घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आनन-फानन में परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों की दशा देखकर दंग रह गए। घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल ले भागे।

## मुसहर जनजाति के लोग डायरिया की चपेट में

**सुवंसा (प्रतापगढ़)।** विकास खण्ड गौरा क्षेत्र अंतर्गत गांव गौरा पूरे बदल में मुसहर जनजाति बस्ती में डायरिया का प्रकोप तेजी से फैल गया है। जहां अचानक आधे दर्जन से अधिक बच्चों के डायरिया की चपेट में आने से अफरा तफरी मच गई। एंबुलेंस और निजी साधनों के माध्यम से मरीजों को गौरा सी एच सी लाया गया। जहां बच्चों की नाजुक स्थिति देखते हुए डॉक्टरों ने तत्काल इलाज शुरू कर दिया। मेडीकल ऑफीसर डाक्टर आरके तिवारी ने बताया कि स्थिति अब सामान्य है। संक्रमण के बढ़ने के चलते डायरिया का प्रकोप बढ़ गया है। काजल पुत्री बबलू बनवासी (7), नंदनी पुत्री पप्पू बनवासी (6), ललिता पुत्री समारू (8), रवि पुत्र मनोज बनवासी (5), आंचल पुत्री रुचि (6) का इलाज गौरा सीएचसी में चल रहा है।

# भाजपा राज में मिलों तथा कारखानों में बन्द ताले जुमलेबाजी का शिकार-प्रमोद तिवारी

**▶▶ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने हिमांचल में मदद के क्षेत्र में भी केन्द्र के भेदभाव को लेकर बोला हमला**

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भाजपा के राज में मिलों तथा कारखानों में बंद ताले यूपी में उद्योग के क्षेत्र पर गहरा कुठाराघात है। उन्होनें कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के समय जो भी मिलें और कारखानों का शिलान्यास एवं उदघाटन हुआ था। बकौल प्रमोद तिवारी इन सभी मिलों व कारखानों में गैरकांग्रेसी भाजपा सरकार के चलते आज ताले लग गये हैं। कानपुर में लालइमली मिल को शुरू करने की



भी भाजपा सरकार की घोषणा को उन्होनें जुमलेबाजी करार दिया। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने हिमांचल प्रदेश में दैवीय आपदा के बावजूद केन्द्र सरकार द्वारा मदद न किये जाने को भेदभावपूर्ण कहा। उन्होनें कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार हिमांचल प्रदेश में आर्थिक संकट को इसलिए नजरअंदाज कर रही है कि वहां कांग्रेस की सरकार निर्वाचित हुई है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि इससे भाजपा का विपक्ष शासित राज्यों के प्रति मदद के क्षेत्र में भी घटियापन ही प्रदर्शित हो रहा है। कोलकाता में प्रशिक्षु डाक्टर के साथ रेप तथा हत्या के मामले में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने भाजपा को आड़े हाथों लिया है। उन्होनें कहा कि कोलकाता की इस दर्दनाक घटना की जांच सीबीआई कर रही है। उन्होनें कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में हो रही सीबीआई जांच विलम्बित है तो इसका जबाव देश को केन्द्र सरकार दे। उन्होनें कहा कि इस घटना के दोषियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा होनी चाहिए। वही उन्होने कहा कि भाजपा कोलकाता की इस घटना पर गैरजिम्मेदाराना राजनीतिकरण कर रही है। बतौर उदाहरण सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि महाराष्ट्र के बदलापुर तथा यूपी के फर्रूखाबाद एवं गाजियाबाद के साथ उत्तराखण्ड और हरियाणा में बर्बर महिला अत्याचार की घटनाओं पर आखिर भाजपा क्यों खामोशी ओढ़े हुए है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार मंहगाई तथा बेरोजगारी व भ्रष्टाचार से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए ही गैरभाजपा सरकारों पर अलोकतांत्रिक हमले कर रही है। उन्होनें केन्द्र से सवाल दागा कि वह लगातार रूपये के अवमूल्यन तथा चीन एवं पाकिस्तान के क्षेत्र में सीमा सुरक्षा को लेकर क्यों चुप्पी साधे है। उन्होनें कहा कि मोदी सरकार लोकसभा के चुनाव में खुद के बहुमत न होने की खीझ अर्थव्यवस्था की तबाही तथा अहम राष्ट्रीय मसलों पर गैरजबाबदेह हो उठी है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का बयान यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से शुक्रवार को निर्गत हुआ है।

## ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीडन का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे छत्तू रामपुर बावली में विवाहिता के उत्पीडन को लेकर ससुरालीजनों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कुण्डा कोतवाली के बरई निवासी रामजीत की पुत्री पूजा पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका विवाह इसी साल बीस मई को लालगंज थाने के पूरे छत्तू रामपुर बावली में रामलखन के पुत्र जयेन्द्र प्रताप के साथ हुआ था। दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजन पीड़िता को शादी के बाद प्रताड़ित करने लगे। बीती उन्तीस जुलाई को पति जयेन्द्र तथा सास मालती देवी, ननद मंजू एवं ननदोई पवन ने दस लाख रूपये दहेज की मांग को लेकर उसे मारापीटा और घर से निकाल दिया।

# शोक सभा को लेकर न्यायपालिका के आदेश से असहज वकीलों ने किया कामकाज का बहिष्कार

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** वकीलों की हडताल को लेकर हाईकोर्ट के हालिया निर्देश के खिलाफ शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने तहसील तथा दीवानी अदालत में कामकाज का बहिष्कार किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा महामंत्री सूर्यकांत निराला की अगुवाई में आम सभा का प्रस्ताव नायब तहसीलदार पंकज कुमार को सौपा गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि अधिवक्ताओं को साथी के निधन पर कामकाज से विरत रहकर अन्तेष्टि में शामिल होने का मौलिक अधिकार है। आम सभा में रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि न्यायपालिका को बार व बेंच के समन्वय को लेकर गैरजरूरी निर्देशों से बचना चाहिए। अधिवक्ताओं ने



प्रस्ताव में न्यायपालिका से बार के सम्मान मे इस प्रकार की गैरजरूरी निर्देशों को वापस लेने का भी अनुरोध किया है। सभा का संचालन उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी ने किया। वही दीवानी न्यायालय में अधिवक्ताओं ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल के नेतृत्व में सिविल जज अरविन्द सिंह को ज्ञापन सौंपा। दीवानी तथा तहसील में वकीलों के कामकाज के बहिष्कार के चलते न्यायिक कामकाज ठप दिखा। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता भास्कर पाल त्रिपाठी, पूर्व उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी, प्रवीण शुक्ला, विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, दिनेश मिश्र, विकास मिश्र, प्रवीण यादव, पारसनाथ सरोज, शिव नारायण शुक्ल, आशीष तिवारी, सुशील शुक्ल, घनश्याम सरोज, संजय द्विवेदी, संतोष सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, राजेश तिवारी आदि अधिवक्ता रहे।

# पेड़ों की अंधाधुंध कटान से गर्म हो रही धरती -अजय क्रांतिकारी

**● स्कूली बच्चों को पेड़ों की सुरक्षा हेतु किया गया जागरूक**

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** पर्यावरण सेना तथा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के संयुक्त तत्वावधान संचालित वृक्ष रक्षा अभियान को आगे बढ़ाते हुए प्राथमिक विद्यालय सलाहपुर ब्लॉक पट्टी में पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने महुआ के पेड़ को गले लगाकर वृक्षों की सुरक्षा करने का संदेश दिया।लोगों ने धरती जीवन देने हेतु पेड़ों का आभार जताया और पौधारोपण के साथ ही हरे पेड़ों को कटने से बचाने हेतु लोगों को प्रेरित किया।पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी के नेतृत्व में विश्वनाथगंज क्षेत्र के संसारपुर गांव में लोगों ने वृक्षों को राखी बांधकर



जीवन देने हेतु वृक्षों के प्रति आभार जताया और वृक्षों को बचाने का संकल्प लिया।इस मौके पर जाने-माने पर्यावरणविद एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि धरती पर जीवन आधार हैं वृक्ष।वृक्षों से हमें ऑक्सीजन,पानी और भोजन मिलता है।उन्होंने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटान से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है जिसके कारण जलवायु परिवर्तन की की समस्या और तमाम तरह की प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं।उन्होंने कहा कि धरती पर अगर पीढ़ियों को जीवन देना है तो हरे पेड़ों को हर हाल में बचाना होगा।सभी लोगों को प्लास्टिक त्याग करने,जल संचयन के माध्यम से पर्यावरण को बचाने हेतु संकल्प दिलाया गया।इस मौके पर अरविंद कुमार,रवि प्रकाश मिश्र,राजेश शुक्ला,नितेश ओझा सुरेश मौर्या,नीरज यादव,सूरज कुमार एवं नमन कुमार तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मारपीट व तोडफोड को लेकर आरोपी के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दीवार बनाकर रास्ता अवरूद्ध करने से मना करने पर आरोपी ने पीड़ित को जमकर मारापीटा व तोडफोड किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के राजातारा अमावां गांव निवासी सुमित शुक्ल पुत्र श्रीधर शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तेरह अगस्त को सुबह करीब सात बजे गांव के पडोसी शिवा पुत्र संतोष शुक्ल उसके घर के पास बने कुंए पर आने जाने के रास्ते को दीवार बनाकर अवरूद्ध कर रहे थे। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपी ने घर मे घुसकर उसे जमकर मारापीटा तथा घर में रखी कुर्सी को तोड दिया व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद आरोपी शिवा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# हाथी घोड़ा पालकी..जय कन्हैया लाल की

**कटरा गुलाब सिंह ।** श्री कृष्ण जागृति महाजन लोक सेवा संस्थान द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर कटरा गुलाब सिंह महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। भजन, कीर्तन व आरती का भव्य आयोजन हुआ। रंग बिरंगी आतिशबाजी का नजारा देखने काबिल था।। नंदलाला के जन्मोत्सव पर विविध आकर्षक झांकियां सजाई गई।हाथी घोड़ा पालकी..जय कन्हैया लाल की, भजन से पूरा परिसर गुंजायमान हो गया। संपूर्ण नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह क्षेत्र के लोग कार्यक्रम के साक्षी बने। रातभर भक्तिमय संगीत की धारा बहती रही और लोग झूमते रहे। 29 अगस्त को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें पूरे क्षेत्र के हजारों लोग शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। कृष्ण जन्माष्टमी पर अलौकिक झांकियां और प्रदर्शिनी देखने के लिए



लोगों की भीड़ जमा हुई। इन झांकियों में गुफा,अघासुर वध, ग्वाल बालों संग माखन चोरी की लीला, कुवल्या पीठ हाथी उद्धार, माँ यशोदा द्वारा रस्सी बंधन लीला,भगीरथ द्वारा कैलाश पर्वत से माँ गंगा अवतरण का भगवान शिव का रौद्र रूप आदि का सुन्दर दृश्य देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। संस्था अध्यक्ष राम कृष्ण महाजन द्वारा आयोजित कार्यक्रम को जनप्रतिनिधियों समेत क्षेत्र के लोगों ने खूब सराहा। आयोजन के सहयोगी के रूप में राजकुमार शुक्ल(मंच संचालक),प्रबंधक -संदीप महाजन, महासचिव-सुनील महाजन, कोषाध्यक्ष-आयुष अग्रहरि उपकार्य प्रभारी- सागर अग्रहरि सक्रिय सदस्य-अनिल महाजन, उपप्रबंधक अखिलेश महाजन,संरक्षक-उमेश चंद्र महाजन, लालचंद्र केसरवानी, उत्तम चन्द्र अग्रहरि मुन्ना गुप्ता, मनोज प्रजापति, सुनील जौहरीकार्यकर्तागण- समीर सोनी,शुभांक सोनी,सूजल सोनी, आलोक गुप्ता, मोहित गुप्ता,हर्ष केसरवानी, सचिन प्रजापति, जय कौशल, अंश कौशल, कान्हा महाजन, विनायक महाजन का योगदान उल्लेखनीय रहा।मतेंद्र कीर्ति।

## किशोरी के अपहरण पर चार के खिलाफ केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव के पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सत्ताईस अगस्त को सुबह करीब साढे दस बजे उसकी पन्द्रह वर्षीया पुत्री को रायबरेली जनपद के कोतवाली सलोन अन्तर्गत रामचेरी का पुरवा गांव निवासी सचिन सरोज पुत्र रामफल सरोज बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। खोजबीन के दौरान किशोरी के आरोपित के ननिहाल विजयीमऊ संग्रामगढ़ में होने की जानकारी मिली। इस पर पीडित वहां पहुंचा तो ननिहाल के मक्खन उर्फ मोछाड़े पासी व उसके पुत्र तथा सुकाला गाली देते हुए मारपीट पर अमादा हो गये। जांच के बाद पुलिस ने सचिन सरोज समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

# पुलिस पर अभद्रता व मारपीट का आरोपी, एसपी से इंसाफ की गुहार

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थानान्तर्गत मिश्रपुर गांव की महिला ने प्रभारी निरीक्षक समेत पुलिसकर्मियों पर घर में घुसकर बदसलूकी व मारपीट के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीडिता ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर न्याय व सुरक्षा की गुहार की है। मिश्रपुर गांव की कुसुम तिवारी पत्नी हरिशंकर तिवारी के अनुसार सत्ताईस अगस्त की रात वह घर पर अकेली थी।

उसके पति और पुत्र गांव में ही निमंत्रण गये थे। पीडिता का आरोप है कि इसी बीच रात करीब आठ बजे प्रभारी निरीक्षक लीलापुर चार अन्य पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचे और दरवाजा खटखटाया। पीडिता के दरवाजे खोलते ही पुलिसकर्मी घर के किरायेदार के बाबत पूछताछ करते हुए उसे गाली देने लगे।

पीडिता के विरोध करने पर उसके साथ अभद्रता करते हुए हाथ पकड़कर घर के बाहर घसीट ले गये। शोर सुनकर पीड़िता का पुत्र वहां पहुंचा और विरोध जताया तो उसे भी मारापीटा और कहीं शिकायत करने पर मुकदमा दर्ज कर जिंदगी बर्बाद कर देने की धमकी दी।

पीड़िता का यह भी आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उसके बेटे को काफी देर तक टार्चर किया और उक्त घटना को लेकर बनाए गए वीडियो को जबरन डिलीट करवा दिया।

वहीं किरायेदार को जबरन थाने उठा भी ले गये। पीडिता ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर न्याय व सुरक्षा की गुहार लगायी है। प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह का कहना है कि महिला के घर पर रह रहे किराएदार का सत्यापन करने के लिए पुलिस गयी थी।

उसे थाने लाकर जरूरी कागजात देखने और पूछताछ के बाद छोड दिया गया। महिला द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं।

## गरीब छात्रों को दान कर दी आठ हजार की किताबें

**प्रतापगढ़।** शहर के प्रसिद्ध बुक सेलर हेमंत (बसंत बुक डिपो) जायसवाल ने जरुरतमंद और असहाय छात्रों की शिक्षा में मदद के लिए करीब आठ हजार मूल्य की किताबें दान की है। उन्होंने यह किताबें बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के सहयोग से शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों को दान की हैं। उन्होंने कहा कि बच्चा बैंक जिस तरह से जरूरतमंद छात्रों की शिक्षा में मददगार बना है। यह बहुत ही काबिले तारीफहै। ग्रुप के सहयोगी वीके तिवारी ने बताया कि हेमंत जायसवाल ने क्लास नौ से लेकर बारह तक के छात्रों की शिक्षा में काम आने वाली हर विषय की पुस्तकें दान की है। सहयोगी सतेंद्र मोदनवाल ने बताया कि इससे बोर्ड एग्जाम की तैयारी कर रहे छात्रों को आसानी होगी।

## अम्बेडकर नवयुवक दल ने सौपा ज्ञापन

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** अम्बेडकर नवयुवक दल भारत ने जिला संयोजक सुरेन्द्र प्रताप एडवोकेट बौद्धाचार्य के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। साथ ही अवगत कराया कि विगत 27 जून की रात में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की स्थापित प्रतिमा के उपर कीचड़ लगाया गया। यह घटना थाना रानीगंज के गांव रैनीसतखरिया की है। आराजक तत्वो ने प्रतिमा पर कीचड़ लगाने के साथ ही क्षतिग्रस्त भी किया था। प्रशासन द्वारा प्रतिमा की सफाई कराने के साथ ही ठीक कराया गया था। ऐसे में कार्यकर्ताओ ने मांग किया है कि दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए। हाईमार्कस लाइट लगाया जाए। सुरक्षा के लिए रात्रि में गार्ड की ड्यूटी लगाई जाए।

पार्क की बाउण्डी बनाने के साथ ही उसका नाम अम्बेडकर पार्क किया जाए। साथ ही नई मूर्ति लगवाई जाए। इस दौरान तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर प्रतापगढ़
एम0एन0आर0नं0 1831/24
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन अयोध्या प्रसाद बनाम हरखास आम
बनाम .
1. हरखास आम ग्राम स्वरूपपुर पो0 कटरा गुलाब सिंह थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ (उ0प्र0)
2. काशी प्रसाद उम्र लगभग 28 वर्ष सुत स्व0 मुसई निवासी ग्राम स्वरूपपुर पो0 कटरागुलाब सिंह थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ (उ0प्र0)
तारीख पेशी 02.09.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 02.09.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0 द्वितीय प्रतापगढ़
मूलवाद सं0 129/2010
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन जगन्नाथ स्वामी आदि बनाम गंगा प्रसाद आदि
बनाम .
सीता देवी पत्नी बाबूलाल पुत्री मनीराम नि0 ग्राम गंगेहटी पर0तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 03.09.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 03.09.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रतापगढ़
नं0मु0 659/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन रेनू देवी बनाम जितेन्द्र कुमार
बनाम .
जितेन्द्र कुमार वर्मा उम्र 36 वर्ष सुत राम आसरे वर्मा निवासी ग्राम अतरौरा पो0 रेडीगारापुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ अं0धारा 125 दं0प्रा0सं0अधि0
तारीख पेशी 04.09.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 04.09.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## कुण्डा में होगी पूर्णकालिक वीडीओ की नियुक्ति

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** ब्लाक प्रमुख कुण्डा ने विगत 2 अगस्त को लोकपाल के समक्ष सुझाव दिया था कि ब्लाक की महत्ता के दृष्टिगत पूर्णकालिक खण्ड विकास अधिकारी नियुक्त किया जाए। वजह मनरेगा व विकास कार्य सुचारू रूप से नहीं चल पाते। सुझाव के क्रम में जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं जिलाधिकारी राजीव रंजन ने पूर्णकालिक खण्ड विकास अधिकारी के नियुक्ति को संस्तुति दी है।



(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 164/24
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन ऊषा मौर्या बनाम हरखास आम
बनाम
हरखास आम ग्राम नेवाजवां मजरे खाना पट्टी प0 रामपुर त0 लालगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 02.09.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 02.09.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 1457/23
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन हौसिला प्रसाद आदि बनाम हरिशंकर आदि
बनाम
1. हरीशंकर विश्वकर्मा 2. नन्हकऊ विश्वकर्मा 3. माले विश्वकर्मा सुतगण राम दुलार 4. महेश विश्वकर्मा सुत बड़ेलाल 5. जय प्रकाश विश्वकर्मा सुत बड़ेलाल 6. सुशीला देवी विधवा बड़ेलाल 7. सुभाषचन्द्र विश्वकर्मा सुत छोटेलाल 8. जड़ावती देवी विधवा छोटेलाल समस्त नि0ग्रा0 बड़ारी पर0तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 09.12.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 09.12.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2002 अनुक्रमांक 1078550 अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र तथा इण्टरमीडिएट वर्ष 2004 अनुक्रमांक 0497608 का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र कहीं खो गया है।
चन्द्रमणि मिश्रा
सुत राम अधार मिश्रा
ग्राम खरहर पोस्ट सिपाह महेरी
तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
उ0प्र0

# भगवान भरोसे चल रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गागंज

**▶▶ अस्पताल समय पर डॉक्टर रहते हैं नदारद, खुलेआम उड़ाई जा रहीं नियम कानून की धज्जियां**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गागंज में अस्पताल के समय खाली पड़ी डॉक्टर की कुर्सी, दवा वितरण कक्ष में भी है सन्नाटा।

लोकमित्र ब्यूरो

**बीरापुर (प्रतापगढ़)।** रानीगंज तहसील क्षेत्र का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गागंज भगवान भरोसे चल रहा है। यहां पर अस्पताल खुलने और बंद होने का कोई समय निश्चित नहीं है। डॉक्टर से लेकर कर्मचारी तक मनमानी की सारी हदें पार कर रहे हैं। डॉक्टर की मनमानी और लापरवाही से क्षेत्रीय लोगों को इलाज कराने में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। शुक्रवार सुबह 8ः00 बजे पत्रकारों की टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गागंज की पड़ताल की तो 8 बजे से 10 बजे तक यहां तैनात डॉक्टर उमाशंकर बिंद की कुर्सी खाली पड़ी थी। दवा वितरण कक्ष में भी कोई नहीं था।

वहां भी कुर्सी खाली पड़ी थी। पत्रकारों की टीम वहां 8 बजे से 10 बजे तक थी लेकिन न तो डॉक्टर और न ही फार्मासिस्ट के ही दर्शन हुए। दूरदराज से आए मरीज डॉक्टर की कुर्सी खाली देख दंग रह गए और घंटों इंतजार के बाद भी डॉक्टर नहीं आए तो मरीज बगैर दवा निराश लौट गए।

यहां खुलेआम नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और सरकार की मंशा पर पानी फेरा जा रहा है। बता दें कि सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक अस्पताल का समय निश्चित है। मगर यहां सब कुछ मनमानी ढंग से चल रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने लापरवाह कर्मियों के खिलाफ मामले की जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर दिनेश सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अगर समय से डॉक्टर अस्पताल नहीं आ रहे हैं तो मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## छेवगां गांव के नवनिर्मित मंदिर में राधा-कृष्ण की मूर्ति स्थापित



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाघराय क्षेत्र के छेंवगा गांव में नवनिर्मित राधा कृष्ण मंदिर में भगवान श्री कृष्ण व राधा जी की मूर्ति की स्थापना शुक्रवार को आचार्य दया शंकर महराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि विधान से संपन्न कराई गई। तत्पश्चात राधा कृष्ण की झांकी निकाली गई। झांकी छेंवगा से निकलकर सुबेदार का पुरवा स्थित शिव मन्दिर व हनुमान मंदिर से होते हुए पुनः राधाकृष्ण धाम पर पहुंची। जहां संयोजक जगदीश प्रसाद यादव ने राधा कृष्ण की आरती उतारी तथा प्रसाद वितरण किया। यादव महासभा के प्रांतीय संरक्षक राममूर्ति यादव ने कहा कि राधा कृष्ण का पूरे संसार में अलौकिक प्रेम किसी से छिपा नहीं है। यह प्रेम वर्तमान समय का लव प्रेम नही है, बल्कि सच्चा प्रेम है। योगिराज श्रीकृष्ण व जगत माता श्री राधा रानी का अलौकिक प्रेम अनूठा प्रेम था। जिसकी कल्पना नही की जा सकती। वगैर राधा के कृष्ण नही व वगैर कृष्ण के राधा रानी नही रह सकती थी, यही है सच्चा प्रेम। आज समाज के लोगों को राधा कृष्ण के प्रेम से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर हरि कृष्ण, लाल सिंह, अमर सिंह, मान सिंह, अमन, राजेंद्र कुमार यादव, अमित यादव, करन, जय सिंह समेत बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## समाज सेवी दयाराम सच्चे जनसेवक थे -राममूर्ति



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** दयाराम यादव समाज के सच्चे जन सेवक थे। उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यो को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने परोपकार व सामाजिक कार्यो से समाज में एक अलग पहचान बनाई थी। मलावां छजईपुर गांव में समाजसेवी दयाराम की यादव की स्मृति में आयोजित शोक श्रद्धांजलि सभा में उत्तर प्रदेशीय यादव महासभा के प्रांतीय संरक्षक बतौर मुख्य अतिथि राममूर्ति यादव ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उक्त उद्गार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन में जो भी व्यक्ति अच्छा कार्य करता है। समाज में वही हमेशा याद किया जाता रहेगा। इस मौके पर कृपाशंकर मिश्रा, आशुतोष मिश्र, रामनरेश यादव, भोलानाथ, ओमप्रकाश, जयप्रकाश, जगदीश, पवनेश मिश्र, अमन यादव, मुन्ना यादव, रामबाबू व कृष्ण कुमार उर्फ पुजारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## कॉलेज में घुसकर शिक्षक की पिटाई, थाने पर की गई शिकायत

**पट्टी प्रतापगढ** बच्चों को डांटना एक शिक्षक को भारी पड़ गया। बच्चों के परिजनों ने विद्यालय में घुसकर शिक्षक की पिटाई कर दी। घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पूरे सनाथ चरैया गांव स्थित सोभनाथ पांडेय इंटर कॉलेज का एक शिक्षक शुक्रवार को विद्यालय में बदमाशी कर रहे एक छात्रा को डांट दिया। जिससे छुब्ध छात्र अपने घर गया और परिजनों को बताया। जिससे नाराज होकर छात्र के परिजन विद्यालय पहुंचे और बच्चे को डांटने नेवाले शिक्षक की जमकर पिटाई कर दी। शिक्षक की पिटाई से आक्रोशित प्रबंधक सुरेश चंद पांडे शिक्षक बद्रीनारायण मिश्र, वीरेंद्र कुमार पांडे, जयप्रकाश पांडेय, शिवम जायसवाल, सुरेंद्र कुमार यादव, कौशल पांडे के साथ कोतवाली पहुंचे। पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छान बीन में जुटी हुई है।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो ने एजुकेटर नियुक्ति को सौपां ज्ञापन

लोकमित्र

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** बेसिक शिक्षा विद्यालयो को पीएम श्री विद्यालय में सम्मिलित करते हुए को लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रो में एजुकेटर के पद हेतु प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड के माध्यम से प्रत्येक जिलो में 3 से 6 वर्ष तथा 5 से 6 वर्ष के बच्चो को भौतिक मानसिक सामाजिक एकेडमिक विकास हेतु एजुकेटर की चयन प्रक्रिया करने जा रही है। जिसकी संविदा 11 माह व मानदेय 10313 रूपए प्रतिमाह पीएफ तथा ईएसआई सहित निर्धारित की गयी है। योग्यता स्नातक गृह विज्ञान विषय से 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण हो तथा आयु 1 जुलाई 2024 को 40 वर्ष होनी चाहिए।

आंगनबाड़ी केन्द्रो पर तैनात कार्यकत्रियां एवं सहायिकाओ जो पूर्व में ही प्रशिक्षण प्राप्त है का मुख्य कार्य ही बच्चो को खेल खेल में शिक्षा देना एवं विकास करना है। जो आंगनबाड़ी स्नातक एवं परास्नातक हो तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी है उन्ही में से प्राथमिकता के आधार पर चयन प्रक्रिया के तहत तैनात करना न्याय संगत होगा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां केन्द्र सरकार से 4500 प्रतिमाह तथा राज्य सरकार से 1500 प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है। जबकि उनके पास 15 से 30 वर्ष का विभागीय कार्यो के निष्पादन का लम्बा अनुभव प्राप्त है तथा प्रशिक्षित भी है। आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती होने पर कार्यकत्रियो के अन्दर हतोत्साहित करने वाले इस निर्णय से भारी असंतोष व्याप्त होना स्वाभाविक है। इस क्रम में संघ ने जिलाध्यक्ष/जिलामंत्री की अगुवाई में मुख्यमंत्री उ.प्र. शासन को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया। इस अवसर पर जनपद के 1 परियोजनाओं से भारी संख्या में कार्यकत्री, सहायिका, मिनी आंगनबाड़ी प्रमुख रूप सुषमा कुरील, कुसुम गुप्ता, उर्मिला तिवारी, सुमनबेन यादव, रीना साहू, अजंता सिंह, शीला त्रिपाठी, सुशीला शुक्ला, आशा देवी, मनीषा सिंह, अमरेश कुमारी, लखपती देवी, कुसुम सरोज, नीलम परी, मनोरमा, अनीता वर्मा, अनीता गुप्ता, शशिबाला, दूजा देवी, उमा तिवारी, मीरा पाल आदि मौजूद रही।

## जमीनी रंजिश में पड़ोसियों ने किया हमला, पीड़ित पहुंचा कोतवाली

**पट्टी प्रतापगढ** कोतवाली क्षेत्र के बरहूपुर गांव के रहने वाले मुख्तार अली ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी जमीन का विवाद पड़ोसियों से चल रहा है। न्यायालय के आदेश के बाद मेड़बंदी हो गया है, फिर भी विपक्षियों की सरहंगी से पीड़ित पक्ष को कब्जा लेने में दिक्कत हो रही है। विपक्षियों के धमकी से डरा सहमा पीड़ित व्यक्ति कोतवाली पट्टी में पहुंचा तथा शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# लगातार कार्रवाई के बाद भी जारी है शिक्षकों की मनमानी

**● स्कूल से गायब तीन शिक्षकों का बीएसए ने रोका वेतन**

**बीएसए की कार्रवाई का शिक्षकों पर नहीं पड़ रहा असर**

बेसिक शिक्षा विभाग की तमाम कोशिशों के बाद शिक्षक समय पर अपने विद्यालय पहुंचने को तैयार नहीं हैं। वहीं बीएसए की ओर से लगातार शिक्षकों पर कार्रवाई भी की जा रही है। बावजूद इसके शिक्षकों पर इसका कोई खास प्रभाव नहीं पड़ रहा है और उनकी मनमानी जारी है।

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों पर लगातार लापरवाही को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से कार्रवाई की जा रही है लेकिन शिक्षक सुधरने को तैयार नहीं हैं। शुक्रवार को समय से स्कूल न पहुंचने पर बीएसए ने तीन शिक्षकों का वेतन रोकते हुए नोटिस जारी किया है।

संडवाचंद्रिका ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय लोहंगपट्टी में शुक्रवार सुबह 9.40 बजे तक सहायक अध्यापक सूर्य प्रकाश सिंह, अंकित सिंह व अनुचर योगेश सिंह नहीं पहुंचे थे। स्कूल के शिक्षकों की इस लापरवाही को लेकर गांव के एक व्यक्ति ने बीएसए भूपेंद्र सिंह से फोन पर शिकायत कर दी। बताया कि आएदिन शिक्षक समय पर स्कूल नहीं पहुंचते हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएसए भूपेंद्र सिंह ने सहायक अध्यापक सूर्य प्रकाश सिंह, अंकित सिंह और अनुचर योगेश सिंह का वेतन भुगतान रोकते हुए नोटिस जारी किया है। बीएसए ने बताया कि नोटिस का संतोषजनक जवाब न मिलने पर संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

## सप्लाई इंस्पेक्टर ने कोटेदार के खिलाफ़ दर्ज कराया मुकदमा

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** ग्रामीणों की शिकायत पर जांचोपरांत डीएम के आदेश पर खाद्यान्न चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। विकास खंड बिहार की ग्राम पंचायत भीटी पूरे नैन में सरकारी सस्ते गल्ले के उचित दर विक्रेता कोटेदार अशोक कुमार गौतम के खिलाफ ग्रामीणों ने खाद्यान्न बेचने का आरोप लगाते हुए 26 अगस्त को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। 28 अगस्त को सप्लाई इंस्पेक्टर शिवकुमार मिश्रा के द्वारा गांव में जांच करके कोटेदार का वितरण स्टाक चेक किया गया, तो 37.21 कुंतल गेहू तथा 3.92 कुंतल चावल मौके पर कम पाया गया। जिसका कोटेदार द्वारा डायवर्सन किया गया था। संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाने पर कार्रवाई के लिए डीएसओ के माध्यम से जिलाधिकारी को जांच आख्या भेजी गई थी। डीएम संजीव रंजन ने कोटेदार अशोक कुमार गौतम के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सप्लाई इंस्पेक्टर शिवकुमार मिश्रा को आदेशित किया कि खाद्यान्न चोरी करने का मुकदमा मुकदमा दर्ज कराए। डीएम के आदेश पर सप्लाई इंस्पेक्टर ने शुक्रवार को कोटेदार के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमा दर्ज होने के बाद कालाबाजारी करने वाले कोटेदारों में हड़कंप मच गया है।

## पति पत्नी के बीच आई तीसरी , पति हवालात में

**पट्टी प्रतापगढ** पति पत्नी के बीच तीसरी के दखल के बाद पति हवालात की हवा खा रहा है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सरस्वती गांव की एक महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पति का गांव की ही एक अन्य महिला से अवैध संबंध है। आरोबप है कि महिला को लेकर पति आज घर पहुंचा तो उसके कमरे का ताला तोड़कर वह लोग अंदर घुस गए। जिसकी जानकारी होने पर मायके से महिला ससुराल पहुंची। जहां दोनों में विवाद हो गया। तीनों पट्टी कोतवाली आए और कोतवाल के समक्ष अपनी पीड़ा रखी।

## रंगदारी व धमकी को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंगदारी व धमकी को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला निवासी जयप्रकाश केसरवानी पुत्र स्व. बद्री प्रसाद केसरवानी ने छब्बीस अगस्त को पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि कैथौला बाजार में शिवम आलमारी फर्नीचर के नाम से उसकी दुकान है। आरोप है कि छब्बीस अगस्त को दोपहर तीन बजे स्कूटी से एक व्यक्ति वहां पहुंचा और दुकान पर बैठे उसके पुत्र शिवम को धमकाते हुए बछवल गांव के विपुल सिंह से फोन पर बात कराया। आरोपी विपुल ने फोन पर धमकी देते हुए दो लाख रूपये रंगदारी की मांग की। न देने पर दुकानदारी बंद करवा देने व पूरे परिवार को गोली मार देने की धमकी दी। भयभीत पीड़ित ने अपने पास मौजूद छियालिस सौ रूपये स्कूटी चालक को देते हुए दो लाख देने में असमर्थता जतायी। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात स्कूटी चालक व विपुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने जन चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं




लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास खण्ड रामनगर की ग्राम पंचायत अमवां में जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन कर गांव की समस्या- गांव में समाधान किया गया। जिलाधिकारी ने जन चौपाल में ग्राम वासियों से कहा कि ग्रामों में जन चौपाल लगाकर शासन की योजनाओं को ग्रामीण वासियों तक पहुंचाया जाए एवं उसके बारे में बताया भी जाए। इसी उद्देश्य के साथ जन चौपाल लगाया जा रहा है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि जो शासन की योजनाएं संचालित की गई है, उसमें ग्राम वासियों को अधिक से अधिक जानकारी दी जाए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। जहां बन गया है वहां पर टेस्टिंग कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि इसमें आप लोगों का सहयोग अति आवश्यक है। जल जीवन मिशन पर कहा कि शासन की यह महत्वपूर्ण योजना है। सभी लोग शुद्ध पेयजल के लिए कनेक्शन करा लें, कोई घर छूटने न पाए। आप लोगों को कोई समस्या हो तो कलेक्ट्रेट व विकास भवन में आकर अवगत करा सकते हैं, उसका तत्काल निस्तारण कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड, आदि योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलना चाहिए। आजीविका मिशन के अंतर्गत लखपति दीदी के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रचार कराया जाए। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा जन चौपाल में अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी, जो समस्याएं प्राप्त हुई हैं, उनका सम्बन्धित विभागों से निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस गांव में तालाब व रास्ता के सम्बन्ध में समस्या प्राप्त हुई है, उसका निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने गर्भवती व धात्री महिलाओं से कहा कि जो आंगनवाडी केन्द्र के माध्यम से आप लोगों को पुष्टाहार दिया जाता है, उसका लाभ ले। जन चौपाल के बाद जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने पौधरोपण भी किया। जन चौपाल का संचालन डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह ने किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसीएनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण आशीष कुमार भारती, तहसीलदार राजापुर राम सुधार सिंह, ग्राम प्रधान सुखिया देवी, लेखपाल चंद्र प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## मायके से दहेज न लाने पर पति ने नवविवाहिता को दिया तीन तलाक, थाने पर की गई शिकायत

**पट्टी प्रतापगढ** मायके से दहेज न लाने पर पति ने नवविवाहिता को तीन तलाक दे दिया और मारपीट कर घर से भगा दिया। घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उड़ैयाडीह गांव निवासी सहाना पत्नी अब्दुल मारूफ ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी शादी वर्ष 2017 में हुई थी। उसे पति के संसर्ग से दो बच्चे पैदा हुए हैं और वर्तमान में गर्भवती है। शादी के बाद से ही दहेज में 6 लाख रुपए की मांग को लेकर पति उसे प्रताड़ित करता रहा। बीते 23 अगस्त को ससुराल के लोग उसे मारपीट कर तीन तलाक देकर घर से भगा दिए। मायके वालों के साथ विवाहित शुक्रवार को थाने पर पहुंची तथा पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## चेकिंग के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार

**पट्टी ,प्रतापगढ।** थाना कंधई के उप निरीक्षक मिथिलेश चौरसिया ने मय हमराह द्वारा थाना क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग की जा रही थी। मंदाह बैरियर पर चेकिंग के दौरान चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त वीरेंद्र कुमार पुत्र भगेलु निवासी ग्राम गंगेहटी थाना कंधई को गिरफ्तार किया गया।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# जिलाधिकारी ने जन चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास खण्ड रामनगर की ग्राम पंचायत अमवां में जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन कर गांव की समस्या- गांव में समाधान किया गया। जिलाधिकारी ने जन चौपाल में ग्राम वासियों से कहा कि ग्रामों में जन चौपाल लगाकर शासन की योजनाओं को ग्रामीण वासियों तक पहुंचाया जाए एवं उसके बारे में बताया भी जाए। इसी उद्देश्य के साथ जन चौपाल लगाया जा रहा है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि जो शासन की योजनाएं संचालित की गई है, उसमें ग्राम वासियों को अधिक से अधिक जानकारी दी जाए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। जहां बन गया है वहां पर टेस्टिंग कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि इसमें आप लोगों का सहयोग अति आवश्यक है। जल जीवन मिशन पर कहा कि शासन की यह महत्वपूर्ण योजना है। सभी लोग शुद्ध पेयजल के लिए कनेक्शन करा लें, कोई घर छूटने न पाए। आप लोगों को कोई समस्या हो तो कलेक्ट्रेट व विकास भवन में आकर अवगत करा सकते हैं, उसका तत्काल निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड, आदि योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलना चाहिए। आजीविका मिशन के अंतर्गत लखपति दीदी के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रचार कराया जाए। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा जन चौपाल में अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी, जो समस्याएं प्राप्त हुई हैं, उनका सम्बन्धित विभागों से निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस गांव में तालाब व रास्ता के सम्बन्ध में समस्या प्राप्त हुई है, उसका निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने गर्भवती व धात्री महिलाओं से कहा कि जो आंगनवाडी केन्द्र के माध्यम से आप लोगों को पुष्टाहार दिया जाता है, उसका लाभ ले। जन चौपाल के बाद जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने पौधरोपण भी किया। जन चौपाल का संचालन डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह ने किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसीएनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण आशीष कुमार भारती, तहसीलदार राजापुर राम सुधार सिंह, ग्राम प्रधान सुखिया देवी, लेखपाल चंद्र प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## अंकिता ने रोशन किया चित्रकूट का नाम



**चित्रकूट-**जिला मुख्यालय की रहने वाली एकेडमिक हाइट किंगसन इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल की कक्षा 6 की छात्रा अंकिता पटेल को आगामी 14 सितम्बर को दिल्ली में होने वाली नृत्य प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। इस कार्यक्रम में निर्णायक मण्डल में प्रसिद्ध डांस एवं कोरियोग्राफर धर्मेश मौजूद रहेंगे। जो पूर्व में कई फिल्मों में अभिनय एवं नृत्य प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभा चुके हैं। ऐसा पहली बार हुआ है कि जिले की किसी छात्रा का चयन इतने बड़े कार्यक्रम के लिए हुआ है। विद्यालय के प्रबंधक मिनहाज आलम खान ने बताया कि एकेडमिक हाइट पूरे देश के विद्यालयों में पढने वाले विद्यार्थियों के बीच इस तरह की प्रतियोगिता कराते हैं। जिसमें प्रथम चरण में बच्चे को आनलाइन प्रतिभाग करना होता है। इसमें चुने गए बच्चे को दिल्ली बुलाया जाता है।

## संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन को जन कल्याण के लिए किया गया सम्मानित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के मार्गदर्शन में कार्यरत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन को समाज कल्याणार्थ विवांता होटल, द्वारका दिल्ली में आयोजित सीएसआर शिखर सम्मेलन के 11वें संस्करण के पुरस्कार समारोह में यूबीएस फोरम द्वारा वर्ष के सबसे प्रभावशाली एनजीओ के रूप में सम्मानित किया गया। यह जानकारी मानिकपुर ब्रांच के मुखी आनंद राज श्रीवास्तव ने दी। सम्मानित अर्वाड को प्राप्त करने के लिए संत निरंकारी मण्डल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन को प्राप्त हुए इस प्रकार के पुरस्कार, विभिन्न सामाजिक और धर्मार्थ प्रयासों में किए जा रहे उसके प्रभावशाली कार्यों को उजागर करते हैं, जो सतगुरु माता एवं निरंकारी राजपिता की अनमोल एवं प्रेरणादायक शिक्षाओं का ही सुंदर परिणाम है। निसंदेह यह क्षण हम सभी के लिए एक गौरवमयी पल है। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन समाज के हर क्षेत्र में अपनी कल्याणकारी परियोजनाओं को क्रियान्वित कर अपनी सकारात्मक भूमिका निभा रहा है। जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण विशेष हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत एसएनसीएफ के स्वयंसेवकों द्वारा एक इंटरैक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से मिशन द्वारा किए गए कार्यों को भी प्रदर्शित किया गया।

## एसपी ने किया चौकी जिला कारागार रगौली का औचक निरीक्षण

**चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने शुक्रवार को चौकी जिला कारागार रगौली का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय, चौकी प्रभारी कक्ष, आवासीय परिसर का भ्रमण कर तथा चौकी परिसर की साफ सफाई के लिए सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद जिला कारागार में ड्यूटीरत पीएसी बल के आवासीय परिसर, भोजनालय कक्ष का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## डीएम व एसपी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया व्यवस्था का जायजा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीवी कैमरा के संचालन, महिला बैरक में निरुद्ध महिलाओं से खान-पान आदि के बारे में जानकारी की। साथ ही जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि शासन की गाइड लाइन के अनुसार दूरभाष पर बात भी कराते रहें। हाई सिक्योरिटी बैरक में कैदियों की खाना तलाशी कराकर अधीक्षक जिला कारागार को निर्देशित किया कि कैदियों की मीनू के अनुसार खान-पान की व्यवस्था रहे। निरुद्ध कैदियों के लिए आरो पानी की सप्लाई, रसोईघर का निरीक्षण करते हुये जेल अधीक्षक से कहा कि कैदियों को भोजन, नाश्ता प्रतिदिन मीनू के अनुसार दिया जाए। इसमें कोई अव्यवस्था नहीं होना चाहिए। कैदियों को जो सुविधाएं अनुमन्य है उसी के अनुसार व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

## एसपी ने परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर लिया व्यवस्था का जायजा



**चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जनपद में चल रही द्वितीय चरण की उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण सकुशल सम्पन्न कराने के लिए द्वितीय पाली परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र चित्रकूट इण्टर कॉलिज का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ड्यूटी पर तैनात अधिकारी, कर्मचारी को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

## दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी पति को सात साल की कैद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने मृतका के पति को सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि 14 जनवरी 2022 को बांदा जिले के मरका थाने के सांडा गांव के निवासी रामनाथ तिवारी ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार उसने अपनी बहन सविता देवी की शादी 24 जून 2021 को पहाड़ी थाने के पचोखर गांव के निवासी कृष्ण दत्त उर्फ छोटू मिश्रा के साथ की थी। शादी में हैसियत के अनुसार उसने दहेज दिया था। इसके बावजूद शादी के बाद से ही उसकी बहन से दो लाख रूपए और एक मोटरसाइकिल दहेज के रूप में लाने की मांग की गई। आर्थिक कमजोरी के कारण वह बहन के ससुरालीजनों की मांग को पूरी नहीं कर सका। इसके चलते उसकी बहन को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया गया और बीती 3 दिसम्बर 2021 को जान से मारने के उद्देश्य से सविता देवी को आग से जला दिया गया। इलाज के दौरान 29 दिसम्बर 2021 को प्रयागराज के एक अस्पताल में उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद शुक्रवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर मृतका के पति पचोखर निवासी कृष्णदत्त उर्फ छोटू मिश्रा को सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा के साथ 15 हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से 43 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। पहाड़ी थाना के उप निरीक्षक किशन कुमार तथा आरक्षी आनन्द प्रताप, सचिन यादव, महिला आरक्षी गुडिया सिंह द्वारा राजकरन निवासी भंभौर को 23 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार बरगढ थाना के उप निरीक्षक राधेश्याम सिंह तथा आरक्षी संजीव कुमार द्वारा इबराज निवासी छोटा इमामबाडा कस्बा बरगढ को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## जिलाधिकारी ने किया राजापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

**राजापुर, चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणपा जीएन ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजापुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी, स्टाफ रूम, औषधि भंडार, 30 सैया युक्त मातृ शिशु वार्ड, पीएनसी केएमसी वार्ड, लेबर रूम, सेमी प्राइवेट वार्ड, आईसीयू, जेएसवाई, प्रसव कक्ष रजिस्टर, एडमिशन रजिस्टर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजापुर में अन्य व्यवस्थाओं के भी बारे में जानकारी ली। साथ ही निर्देशित किया कि जो दवाओं का भंडार है, उसे वितरित भी करते रहें। प्रसव कक्ष के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि जो बच्चे पैदा होते हैं, उसका टीकाकरण रजिस्टर भी व्यवस्थित रखें। उन्होंने कहा कि बच्चा पैदा होने के बाद जो भुगतान दिया जाता है, उसे कराते रहें। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पताल में व्यवस्थाएं व रजिस्टर व्यवस्थित रखें। उन्होंने कहा कि मरीजों के इलाज में लापरवाही न हो और किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। अस्पताल में साफ सफाई बनाए रखें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजापुर प्रभारी प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## बैंकर्स की क्षमतावर्धन पर दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**चित्रकूट-** भारतीय रिजर्व बैंक लखनऊ द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के वित्त पोषण के लिए जनपद के बैंकर्स की क्षमतावर्धन पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न बैंकों से 60 बैंकर्स ने भाग लिया। महाप्रबंधक सोनाली दास ने प्रतिभागियों को देश के विकास में एमएसएमई वित्तपोषण का महत्व और एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने में बैंकरों की भूमिका पर जोर दिया। भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारियों द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से सम्बन्धित विषयों पर ज्ञानवर्धक सत्र लिये गए। इस मौके पर उप प्रबंधक राकेश दुबे आदि मौजूद रहे।

## भूमिधरी जमीन में रास्ता करने से मना करने पर धमकी

सिराथू, (कौशाम्बी)। सिराथू तहसील क्षेत्र के रघुनाथपुर का मजरा सोंधियामई निवासी हरिश्चंद्र पुत्र कलुवा ने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया की गांव में उसकी भूमिधरी जमीन है। हरिश्चंद्र का आरोप है की उसकी जमीन में पड़ोस के कुछ दबंग जबरन दरवाजा लगाकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे है जिसका विरोध करने पर दबंग गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे है , पीड़ित ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।

## डॉ अख्तर हसन रिजवी डिग्री कॉलेज में रोजगार मेले का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, (कौशाम्बी)।** करारी कस्बा स्थित डॉ ए.एच.रिजवी डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ राजेश सक्सेना ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की।इस रोजगार मेले में उत्तर प्रदेश के बाहर से तीन कंपनियां जिसमे पाली मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड हरियाणा, ध्रुव ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड महाराष्ट्र,एवम जे.एस.डब्लू.स्टील कर्नाटक ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में जिला सेवा योजन अधिकारी गौतम घोष एवम सेवा योजन प्लेसमेंट प्रभारी, विनोद कुमार सिंह ने रोजगार पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की जानकारी छात्र छात्राओं को प्रदान की। रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत टीपीओ डॉ मदन मोहन मिश्र एवम टीपीओ अवधेश कुमार मिश्र ने इंटरव्यू प्रारंभ किया।इसमें छात्र छात्राओं की न्यूनतम क्वालिफिकेशन इंटरमीडिएट थी एवम उम्र भी 18 से 32 वर्ष तक रखी गई थी।इस रोजगार मेले में प्लेसमेंट प्रभारी आईटीआई, विनय कुमार सिंह,कैरियर काउंसलर, सौरभ कुमार,एवम एच.आर भर्ती अधिकारी श,प्रताप सिंह,सतीश कुमार मिश्र मौजूद थे।इस कार्यक्रम में स्प्रिगफील्ड प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र पाण्डेय, इंजीनियरिंग रजिस्टार ,सरताज आलम, इंजीनियरिंग डायरेक्टर डॉ इश्तियाक अहमद,लॉ कालेज प्राचार्य डॉ शमीम अहमद आलोक श्रीवास्तव आदि ने भी कार्यक्रम में शिरकत किया।सम्मेलन कक्ष में डॉ मुकुंद देव द्विवेदी,डॉ जितेंद्र कुमार वर्मा, डॉ शैला भारती,श्रीमती रश्मि सिंह आदि मौजूद थी इस कार्यक्रम में कुल 184 छात्र छात्राओं ने इंटर ब्यू दिया जिसका रिजल्ट 31 अगस्त को मेल या मैसेज के द्वारा छात्र छात्राओं को बताया जाएगा की कितने छात्र छात्राओं का चयन हुआ।डॉ रिजवी एजुकेशनल कैंपस में ऐसी पहल पहली बार देखने को मिली की सिर्फ यह संस्थान पढ़ाई ही नही करवाता बल्कि छात्र छात्राओं का प्लेसमेंट भी करवाता है।इस मौके पर सुनील कुमार अग्रहरी, गुलनाज नकवी, राजेंद्र कुमार,आनंद गुप्ता,कुमारी समीरा बानो,समर अब्बास आदि शिक्षक गण मौजूद थे।

## दबंगों ने युवक की पिटाई कर किया हवाई फायरिंग, रिपोर्ट दर्ज

**चायल, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के सैयद सरांवा नई बस्ती स्थित दुकान पर बैठे युवक से विवाद होने पर मनबढ़ युवकों ने उसकी पिटाई कर दी। विरोध करने पर तमंचे से हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।नई बस्ती सैयद सरांवा गांव निवासी राजू यादव पुत्र अशर्फीलाल यादव के मुताबिक बुधवार की रात सवा आठ बजे वह राजेश यादव की परचून की दुकान पर बैठा था। इसीबीच गांव के दो युवक बाइक से वहां पहुंचे और अनायास गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने उसकी जमकर पिटाई करने लगे। शोर सुनकर लोगों को आता देख वह तमंचे से हवाई फायरिंग कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घायल युवक ने थाने जाकर दो आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी।

## सीओ ने लिया पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्र का लिया जायजा





**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष व पारदर्शिता ढंग से कराएं जाने हेतु शुक्रवार को एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने सिराथू तहसील में बनाए गए पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

यूपी पुलिस आरक्षी नागरिक भर्ती हेतु सिराथू तहसील क्षेत्र में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए थे जिनमे सैनी में स्थित एसएवी इंटर कालेज में 216 छात्र , कड़ा में स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज में 240 छात्र व अलीपुर जीता में स्थित श्री मान सिंह इंटर कालेज में 320 छात्रों ने पुलिस भर्ती परीक्षा की पहली पाली में पेपर देने के लिए अभ्यर्थी सुबह सात बजे से ही केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गए। जामा तलाशी के बाद उन्हें केंद्र में प्रवेश दिया गया। सुबह 10 बजे से उनका पेपर शुरू हुआ और दोपहर 12 बजे तक चला। दूसरी पाली में दोपहर तीन बजे से पांच बजे परीक्षा सम्पन्न हुई। इस दौरान एसडीएम सिराथू महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने भरवारी सैनी आदि कस्बे में बनाएं गए परीक्षा केंद्र का जायजा लेते जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परीक्षा के केंद्र से बाहर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र ठीकठाक आया। न ज्यादा कठिन था और न ज्यादा सरल।

इसलिए हल करने में कोई समस्या नहीं हुई। इसमें सामान्य हिंदी, सामान्य ज्ञान, संख्यात्मक और मानसिक योग्यता परीक्षण और मानसिक योग्यताध्बुद्धिमत्ताध्तर्क से संबंधित प्रश्न रहे। इस दौरान थानाध्यक्ष सैनी जयचंद्र शर्मा व थानाध्यक्ष कड़ा धाम धीरेंद्र सिंह भी परीक्षा केंद्रों में पुलिस बल के साथ तैनात रहे और कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराई।

## डीएम व एसपी ने पुलिस परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा आज उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा की प्रथम पाली में परीक्षा केन्द्रों- करारी इंटर कॉलेज एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज का भ्रमण कर जायजा लिया गया। इसके साथ ही परीक्षा केन्द्रों में बनाये गये कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया गया, सभी व्यवस्थायें सुचारू होने के साथ ही परीक्षा शान्तिपूर्वक संपन्न हुई।

## स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पद हेतु करें आवेदन

**कौशाम्बी।** प्रभारी सचिव अपर जनपद न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी ने बताया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जनपद कौशाम्बी सहित 20 जिलों में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरा हाईस्कूल वर्ष 1997 का अंकपत्र व प्रमाणपत्र जिसका अनुक्रमांक 0899220 वास्तव में कहीं खो गया है।

नाम- कृष्ण देव
पुत्र राम प्रताप मिश्रा ,
निवासी- ग्राम.गरई, पोस्ट व
तहसील- सिराथू ,

## हिनौता चौकी प्रभारी गौरव त्रिवेदी ने पुलिस बल के साथ किया पैदल गश्त

### ▶▶ पैदल गश्त के दौरान अवैध अतिक्रमण और दो पहिया चार पहिया वाहनों पर की गयी कार्यवाही



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सरसवां (कौशाम्बी)।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए एसपी कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव आदेश के बाद द्वारा जनपद भर मे वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है साथ ही सड़कों पर अवैध अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ भी कारवाई की जा रही है क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में हिनौता चौकी प्रभारी गौरव त्रिवेदी ने पुलिस बल के साथ कुम्हियावां बाजार क्षेत्र में पैदल गश्त किया पैदल गश्त के दौरान चौकी इंचार्ज जनता और स्थानीय दुकानदारों से बातचीत भी करते दिखे उन्होंने जनता को भरोसा भी दिलाया कि पुलिस आपकी सेवा में 24 घंटे उपलब्ध है अगर किसी भी प्रकार की कोई भी दिक्कत होती है तो फौरन पुलिस को सूचना दे तत्काल आपकी मदद की जाएगी वही गश्त के दौरान हिनौता चौकी प्रभारी गौरव त्रिवेदी ने सड़को पर अवैध अतिक्रमण भी हटवाया साथ ही उन्होंने ठेला खोमचा और ऑटो टेम्पू वालो को भी सख्त चेतावनी दी कि सड़कों पर किसी भी तरह का कोई भी अवैध अतिक्रमण नही करेगे चौराहे पर ऑटो टेम्पू रोक कर सवारी नही भरेंगे जो मानक तय किये गए जहाँ स्टैंड बना है वही से सवारी भरेंगे सड़क जाम किया तो सख्त कार्यवाही की जाएगी कुछ ठेला खोमचा वालो पर कारवाई भी की गई वही हिनौता चौकी प्रभारी ने पुलिस के जवानों के साथ दो पहिया चार पहिया वाहनों की संघन जांच भी की जांच में चार पहिया वाहनों की डिग्गी खोल कर चेक किया गया तो वही दो पहिया वाहन चालकों की जामातलाशी भी की गई वाहन चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उलंघन करने वालो पर कार्यवाही भी की गई। लगातार जिस तरह से पुलिस एक्टिव नजर आ रही है उससे आमजनमानस में भी इस बात का सुकून है कि पुलिस लगातार जनता के बीच मे और जनता के संपर्क में है। इस अभियान में अंडर हिनौता चौकी प्रभारी गौरव त्रिवेदी, कांस्टेबल अभिषेक यादव, कांस्टेबल गोविंद गौरव, कांस्टेबल विनेश शामिल रहें।

## रोजगार मेले का आयोजन 03 सितम्बर को

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** कौशल विकास मिशन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं सेवायोजन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 03 सितम्बर 2024 को इफ्को पार्क, फूलपुर, प्रयागराज में मण्डल स्तरीय एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा, जिसमें 50 से अधिक नियोक्ता कम्पनियों के द्वारा 5000 से अधिक रिक्तियों के सापेक्ष चयन की कार्यवाही की जायेंगी।

यह जानकारी जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन ने देते हुए बताया कि रोजगार मेले में जनपद कौशाम्बी के बेरोजगार युवक व युवतियां भी पोर्टल पर पंजीकरण करते हुये प्रतिभाग कर रोजगार प्राप्त कर सकतें हैं। रोजगार मेले में चयनित लाभार्थियों को माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्य नाथ के कर कमलों से नियुक्ति-पत्र वितरण किया जायेंगा।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# रायबरेली में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है अमृत योजना की सीवर लाईन!

## प्रोजेक्ट मैनेजर व जलनिगम के एक्सईएन की मिलीभगत से हो रहा खेल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** कहने को तो कहा जाता है कि वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार बिलकुल समाप्त हो चुका है,सत्तापक्ष के लोग इसे अमृत काल का दर्जा देते हुए वर्तमान सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि बताते हैं,परन्तु जब बात रायबरेली शहर में चल रही लगभग ''चार सौ करोड़'' की अमृत योजना की हो तो सरकार के भ्रष्टाचारमुक्त शासन के सारे दावों की हवा निकल जाती है।

बताया जाता है कि शहर में अमृत योजना के तहत चल रही गहरी सीवर लाईन का कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। योजना के प्रोजेक्ट मैनेजर की देखरेख व सहमति तथा जलनिगम के जेई व एक्सीएन के संरक्षण में सीवरलाईन डालने के दौरान भारी धाँधली किये जाने की चर्चा है। गौरतलब है कि वैसे तो शहर भर में डाली गयी सीवरलाईन में मानकों की जम कर धज्जियाँ उड़ाई गयी हैं,जिनकी खबरें सुर्खियों में रहीं हैं।

इस समय शहर के वार्ड नम्बर 25 के मोहल्ला नयापुरवा में पिछले लगभग 8 महीने से सीवरलाईन का कार्य चल रहा है,जिसमें स्थानीय लोगों के द्वारा आरोप लगाये जा रहे हैं कि यहाँ भी भारी धाँधली की जा रही है। जानकारों की मानें तो मानक के अनुसार गली-मोहल्लों में डाली जाने वाली सीवर लाईन में पाईप के नीचे (बेडिंग) तथा अगल-बगल (साईडिंग) के लिये आरसीसी के मिक्चर की एक मोटी परत डालना अनिवार्य होता है ताकि पाईन लाईन मजबूती के साथ पकड़ बना सके,परन्तु जेई तथा ठेकेदारों की सांठगांठ के चलते पाईप के नीचे आरसीसी कंकरीट का सिर्फ दिखावे के लिए दो-चार तसला कंकरीट मिक्चर का छिड़काव कर मात्र खानापूर्ति करने के बाद मिट्टी डाल कर पाट दिया जाता है,बताते हैं कि जहाँ पर कोई देखने वाला नही होता है वहाँ पर बिना आरसीसी का मिक्चर डाले ही पाईप डाल कर पाट दिया जाता है।

### चौम्बर बनाने में भी हो रही भारी धाँधली

बताया जाता है कि चौम्बर की दीवार नीचे से मोटी बनायी जाती है और ऊपर नौ इंच की होती है जिसमें दोनों साईड प्लास्टर करना अनिवार्य होता है परन्तु यहाँ भी भारी धाँधली किये जाने की खबर है।

### नयापुरवा में डाली गयी पाईप उखाड़ कर देखी जा सकती है हकीकत!

स्थानीय लोगों का कहना है कि नयापुरवा मोहल्ले में डाली गयी सीवर लाईन की हकीकत अगर जिलाधिकारी को देखना हो तो पूरी गली से लेकर ओनईकोठी के निकट हरिओम सोनकर के घर के सामने तक में कहीं भी खोदाई करवा कर हकीकत अपनी आँखों से देख सकती हैं,पाईप डालने के मिक्चर से लेकर चौम्बर बनाने तक में डस्ट का उपयोग किया जा रहा है,कमीशनखोरी में सहभागिता निभाने वाले किरदार अपनी जाँच रिपोर्टों में सब कुछ हरा-भरा दिखाने की भूमिका निभा रहे हैं।

# डीएम-एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी कैमरो, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व सुरक्षा व्यवस्था को देखा। जिलाधिकारी ने परीक्षा व्यवस्थापको को निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न फैलने पाए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि परीक्षा सकुशल और शांतिपूर्ण संपन्न हो। परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था रहे।इस दौरान विद्यालय के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# डीएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को किया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को डिजिटल क्राप सर्वे की बैठक की गई। बैठक में उप कृषि निदेशक विनोद कुमार ने बताया है कि किसानों की खरीफ फसलों की पड़ताल ई-खसरा के माध्यम से डिजिटल क्राप सर्वे के जरिये की जा रही है, जिसमें जनपद रायबरेली में कुल 1110186 गाटों के सापेक्ष लगभग 2 लाख गाटों का सर्वेक्षण पूरा हो गया है। इस कार्य में कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक रूप-सी, ए0टी0एम0, बी0टी0एम0, राजस्व विभाग के लेखपाल तथा पंचायती राज विभाग के पंचायत सहायक सर्वे का कार्य कर रहे हैं। ई-खसरा पड़ताल का कार्य 20 अगस्त से 30 सितम्बर 2024 तक चलेगा। उन्होंने बताया कि 20 से 26 अगस्त 2024 के मध्य प्रथम सप्ताह में जनपद के कुछ कर्मचारियों ने बहुत अच्छा कार्य किया गया। ऐसे एक हजार से अधिक सर्वे करने वाले 8 कर्मचारियों यथा- विवेक कुमार कृषि विभाग तहसील महाराजगंज 1464, राम बरन ए0टी0एम0 कृषि विभाग तहसील सदर 1354, बिन्दुसार सिंह लेखपाल राजस्व विभाग तहसील सदर 1331, राज कुमार मिश्रा बी0टी0एम0 कृषि विभाग तहसील सलोन 1317, अनिल कुमार कृषि विभाग तहसील सदर 1204, शैलेन्द्र प्रताप सिंह कृषि विभाग तहसील सदर 1155 एवं अभिषेक मौर्या कृषि विभाग तहसील सदर-1019 को जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार प्रदेश स्तर से भी रैंक जारी की जाती है जिसमें 20 सर्वेयर की सूची प्रतिदिन जारी होती है, जिसमें 27 अगस्त को जारी सूची में तहसील सदर के लेखपाल अमित सिंह को उक्त सूची में स्थान मिलने पर जिलाधिकारी द्वारा उन्हें भी सम्मानित किया गया।

# जिला कारागार में बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित हुआ जागरूकता शिविर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बंदी के देख-रेख, खान पान, रहन-सहन तथा लीगल एड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से संबंधित मामलों के सम्बन्ध में अनुपम शौर्य अपर जिला जजध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जजध्सचिव ने जेलर हिमांशु रौतेला से जेल के अंदर कैदियों की स्थिति व रखरखाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण उपरांत निरुद्ध बंदियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अनुपम शौर्य, अपर जिला जज/सचिव द्वारा बंदियों की जेल अपील की स्थिति, जेल पराविधिक स्वयंसेवक के कार्यों, समय पूर्व रिहाई हेतु अनुशंसित सजायाफ्ता बंदियों की रिपोर्ट समय से प्रेषित किये जाने के बाबत, बंदियों की शिक्षा सम्बन्धी गतिविधियों, गंभीर रूप से बीमार बंदियों के चिकित्सीय उपचार हेतु उनके लिए गारद एवं बंदियों हेतु दैनिक उपभोग की वस्तुओं की उपलब्धता के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। सचिव द्वारा 27 अगस्त को बन्दियों की शिक्षा एवं व्यवसाय के सम्बन्ध में आयोजित हुए शिविर में आच्छादित विषयों को निरुद्ध बंदियों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु शिक्षा सहायक के रूप में चिन्हित किये गये बन्दियों के सम्बन्ध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किये गये। दौरान शिविर जेलर हिमांशु रौतेला, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल राजकुमार सिंह, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउंसिल विपिन कुमार, डिप्टी जेलर कंचनतला उपस्थित रही।

# सड़क गड्ढा मुक्त अभियान केवल हवा-हवाई, गड्ढों का पानी सूखते ही दिनभर उड़ती है धूल धक्कड़

**धूल धक्कड़ से व्यापारी हो रहे हैं दमा सांस के रोगी**



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** गड्ढा युक्त लालगंज नगर की सड़के गड्ढा मुक्त सड़क के सरकार के दावे को मुंह चिढ़ा रही है। 3 वर्षो से लालगंज नगर के चौराहा और और अन्य सड़को पर जल भराव और गड्ढों की स्थिति बराबर बनी रहती है। किन्तु जिम्मेदार इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इन्हीं मार्गो से लालगंज नगर के विद्यालयों के बच्चों के आने जाने के साथ ही प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है। कस्बे से होकर छोटे बड़े हजारों वाहन भी गुजरते हैं। क्षेत्र के विधायक, ब्लॉक प्रमुख और जनपद के सांसद भी खराब सड़कों को लेकर अंजान बने हुएहैं। क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों के दर्शन भी नहीं होते हैं। सर्राफा व्यापारी सुरेंद्र गुप्ता का कहना है कि 3 वर्षो से लालगंज नगर की सड़कों में जल भराव हो रहा है। लोगों को आने जाने में परेशानियां हो रही है। आए दिन राहगीर सड़क हादसे का शिकार हो रहे हैं। प्रदेश की योगी सरकार जहां गड्ढा मुक्त सड़कों की बात करती है, वही पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी खराब सड़कों को लेकर संजीदा नहीं है। लालगंज नगर के पुस्तक व्यवसाय सतीश त्रिवेदी शिव पुस्तक भंडार ने बताया कि नगर पंचायत तिराहे पर की सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। बरसात में गड्ढो में जल भराव हो जाता है। वही बरसात बंद होने पर भयंकर रूप से धूल धक्कड़ उड़ता है जिससे व्यापारी दमा सांस की बीमारी से रोगी हो रहे हैं। अटल चौक गांधी चौराहे के होटल व्यवसायी रमाशंकर बाजपेई, रमेश मिश्रा, रामकुमार गुप्ता का कहना है कि कई वर्षो से चौराहे की सड़क सेमरपहा तक ध्वस्त पड़ी है, जिम्मेदार अधिकारी अनजान बने हुए हैं ।कभी-कभी गड्ढों में सीमेंट मिली गिट्टियां डाल जाते हैं जो दो-तीन दिन में ही उखड़ जाती है और दिनभर मिट्टी के गुबार उड़ा करते हैं जिससे जीना दूभर हो गया है। करुणा बाजार चौराहे के रेडीमेड व्यापारी मृत्युंजय वाजपेई ने भी सड़कों की खराब स्थिति को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग पर निशाना साधा है और कहा है कि सड़क निर्माण करने वाला विभाग पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है। सड़कों की मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं पीडब्ल्यूडी विभाग के वर अभियंता अमित कुमार का कहना है कि लालगंज नगर की बाईपास सेमरपहा की सड़क का टेंडर हो गया है बरसात के बाद कार्य शुरू होगा।

# किराना व्यवसायी की दुकान में हुई चोरी,सीसीटीवी में कैद हुई काली करतूत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सलोन,रायबरेली।** किराना व्यवसाई की दुकान में घुसे अर्द्धनंग नाकाब पोश चोरो ने लगभग तीस हजार रुपये के समान पर हाथ साफ किया है।चोरो ने सबसे ज्यादा मात्रा में पान मसाले की चोरी की है।घटना को अंजाम देते समय अज्ञात चोरों की काली करतूत सीसीटीवी कैमरा में कैद हुई है।कोतवाली अंतर्गत मोहम्मदाबाद गांव स्थित नहर के बगल अंजनी कुमार अग्रहरि की किराना की दुकान है।गुरुवार की देर रात सेंध काटकर अर्द्धनंग नकाब पोश चोर दुकान के अंदर दाखिल हो गए।इसके बाद दुकान में रखी पान मसाला की शीलपैक बोरी वा अन्य किराने के सम्बन्धित समान पर चोरो ने हाथ साफ कर दिया।सुबह दुकानदार जब अपनी दुकान खोलने पहुँचा तो उसे घटना की जानकारी हुई।व्यवसाई ने तत्काल मामले की सूचना सलोन कोतवाली पुलिस को दी।पीड़ित दुकानदार ने बताया कि अबतक चार बार अज्ञात चोरों ने उसके दुकान से लाखो रुपये के समान को चोरी किया है।घटना से सम्बंधित तहरीर भी थाने में दी गई है।लेकिन अज्ञात चोरो को पुलिस नही पकड़ पाई।उसने बताया कि गुरुवार की रात्रि लगभग तीस से पैतीस हजार की चोरी हुई है।वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।कोतवाली पुलिस ने बताया की घटना की सूचना है।तहरीर लेकर जांच की जा रही है।

# बालिकाओं के सशक्तिकरण में मीना मंच काफी प्रभावशाली - बी.ई.ओ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज. रायबरेली।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा लखनऊ द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु सभी उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट तथा केजीबीवी में मीना मंच का गठन एवं प्राथमिक विद्यालय में बाल संसद का गठन करा कर बालिकाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाया जा रहा है। जनपद में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सभी प्राथमिक विद्यालयों में बाल संसद का गठन एवं सभी उच्च प्राथमिक तथा कंपोजिट में मीना मंच का गठन कराकर बालिकाओं को निडर साहसी मुखर एवं आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। ब्लॉक संसाधन केंद्र लालगंज में खंड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार ओझा की अध्यक्षता में सभी सुगमकर्ताओ का उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सभी सुगमकर्ताओ द्वारा अपने अपने विद्यालय में समयबद्ध एवं प्रभावशाली तरीके से मीना मंच एवं बाल संसद का गठन कर बालिकाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। एस.एस पाण्डेय रिसोर्स पर्सन बालिका शिक्षा प्रभारी मीना मंच द्वारा कार्यशाला के दौरान मीना मंच बाल संसद गठन. अभि लेखिकरण. गुड टच बैड टच. हेल्पलाइन नंबर. मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना. प्रेरणादाई स्लोगन. मीना की तीन इच्छाएं मीना का परिचय और कौशल के बारे में विधिवत जानकारी दी गई। इस अवसर पर हेमा पांडेय. मिथिलेश सिंह. नीतू यादव. विजय शंकर यादव.उपस्थित रहे।

# रोजगार मेला का आयोजन 04 सितम्बर को

**रायबरेली।** जिला सेवायोजन कार्यालय रायबरेली के तत्वाधान में 04 सितम्बर 2024 को रोजगार मेले का आयोजन बाबू भीष्म सिंह महाविद्यालय, गोझरी गुरुबक्शगंज रायबरेली में किया जाना प्रस्तावित है मेले में वर्धमान यार्न्स एण्ड थ्रेड्स लिमिटेड लुधियाना (पंजाब) द्वारा ट्रेनी ऑपरेटर पद के लिए हाईस्कूल, इण्टर योग्यता के अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय पोर्टल पर नियोजकों व अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण करवाना अनिवार्य है पंजीकरण में किसी प्रकार की असुविधा होने पर जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली में संपर्क करे।

# खेलकूद में बढ़िया प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रबंधक कैलाश वाजपेई ने किया पुरस्कृत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज, रायबरेली।** स्थानीय सरस्वती शिशु मन्दिर लालगंज के भैया बहनों ने विद्या भारती द्वारा द्वारा आयोजित जिला संकुल स्तरीय खेलकुद प्रतियोगिता मे शानदार प्रदर्शन किया है। यह प्रतियोगिता एनटीपीसी स्कूल ऊंचाहार में सम्पन्न हुई है। विद्यालय के भैय्या - बहनों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय एवम् क्षेत्र का सम्मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में सहभागिता कर रहे विद्यार्थियों में 50 मी0 दौड़ में खुशबू सिंह, 200 मी0 दौड़ में आयुषी साहू, 40 मीट में अबी कुमारी, 100 मीटर में केशव प्रतापसिंह, 400 मीटर में हर्षित, गोला क्षेपण में वर्षा सहित सभी को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। रजत पदक माप्त करने वाले विद्यार्थियों में 50 मीटर दौड़ में अनमोल, लांग जंप में बर्षा ने प्राप्त किया। 200मी0 दौड़ में विश्वास कुमार, गोला क्षेपण में कार्तिकेय व 100 मीटर दौड़ में रिया आदि ने कांस्य पृदक प्राप्त किया । कार्यक्रम कोच दिवाकर वर्मा व अशोक यादव रहे। खेलों में बढ़िया प्रदर्शन करने वाले बच्चों के विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के प्रवन्धक कैलाश बाजपेयी, कोषाध्यक्ष कौशलेन्द्र कंचन, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक ने सभी प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन करते हुए सभी को मेडल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभी स्वर्ण पदक प्राप्त विजेता प्रान्तीय खेलकुद प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे।

विद्यालय के आचार्य जगदेव प्रसाद, रामशरण अग्निहोत्री, रामनारायण, पूजा, अंकिता, अनामिका, दिव्यांसी, रमेश बाजपेयी ,सुरेश वर्मा ने भैया बहनोंके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अमावां ब्लाक में ''राजीव गांधी युवा किसान पंचायत'' समारोह कार्यक्रम आयोजित




**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र के अमावां ब्लाक में ''राजीव गांधी युवा किसान पंचायत'' समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के.एल.शर्मा, सांसद-अमेठी ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देष के किसानों का सबसे अधिक ध्यान रखा, कांग्रेस सरकार में चलाई गयी कल्याणकारी योजनाओं को भाजपा ने बंद कर दिया या उसमें बड़ी कटौती कर दी, भाजपा सरकार की गलत और किसान विरोधी नीतियों की वजह से देष के अन्नदाताओं को सड़को पर उतरकर एक वर्ष से अधिक समय तक आन्दोलन कर मोदी सरकार के खिलाफ संर्घष करना पड़ा, जिसमें सात सौ से ज्यादा किसानों ने अपनी जान की आहूति दे दी। सांसद जी ने कहा कि क्षेत्र का किसान प्राकृतिक समस्याओं के साथ-साथ छुट्टा जानवरों की समस्याओं से भी जूझ रहा है, खाद्य की कमी, फसल का उचित मूल्य न मिलना, किसानों का जीवन दूभर कर रहा है। कांग्रेस पार्टी किसानों की आवाज बनकर उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए बचनबद्ध है।कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मा.सांसद जी ने उपस्थित किसानों की समस्याओं का सुना और जल्द उसके निपटारे का भरोसा दिलाया।कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने राजीव गांधी युवा किसान पंचायत कार्यक्रम में उपस्थित सभी किसानों का आभार जताते हुए कहा कि किसान आन्दोलन कांग्रेस की सरकार में भी हुए है, लेकिन उस समय के प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी जी ने किसानों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान निकाला था, किसान देष की रीढ़ है, हमारा देष कृषि प्रधान देष है, किसान कर्ज के बोझ से आत्महत्या कर रहा है, यह देष का दुर्भाग्य है, किसान हितों के लिए कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ खड़ी है।राजीव गांधी युवा किसान पंचायत कार्यक्रम में मुख्यरुप से किसान कांग्रेस प्रदेष अध्यक्ष जगदीष सिंह, प्रदेष महासचिव आर.के.सिंह, किसान जिलाध्यक्ष रमाकांत सिंह, अतुल सिंह, ब्लाक अध्यक्ष मो.अषरफ उपस्थिति दर्ज कराई।

# समाचार पत्र वितरक की सड़क दुर्घटना में मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बछरावां रायबरेली।** स्थानीय विकास खण्ड के रसूलपुर गांव के रहने वाले सुनित कुमार पुत्र अगनु उम्र लगभग 50 वर्ष शुक्रवार सुबह लगभग चार बजे समाचार पत्र वितरण के लिए कस्बे के मुख्य चौराहे पर आ रहा था, तभी लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर जीजीआईसी स्कूल के पास रोड पार करते समय अज्ञात डीसीएम ने उसे टक्कर मार दी, इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस की सहायता से उसे इलाज के लिए सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया है। वही मौके का फायदा उठाकर डीसीएम चालक मय वाहन फरार हो गया है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# प्राथमिक विद्यालय में हुई चोरी,प्रधानाध्यापक कक्ष से सामान गायब



**लोकमित्र ब्यूरो**
**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चंदापुर में प्रधानाध्यापक कक्ष की दीवार तोड़कर चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने का मामला प्रकाश में आया है। प्रधानाध्यापक की तहरीर पर पुलिस ने नामजद दो आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। आपको बता दें कि, प्राथमिक विद्यालय चंदापुर के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि, नया पूरवा मजरे चंदापुर गांव के रहने वाले एशराज पुत्र रामप्यारे और लव कुश पुत्र छेदीलाल 26 अगस्त 2024 की रात प्राथमिक में घुसकर प्रधानाध्यापक कक्ष की दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए और कमरे में रखे तीन पंखे सीलिंग फैन, एक बड़ा ब्लूटूथ स्पीकर, एक स्पोर्ट किट, 40 गिलास चोरी कर ले गए। मामले में कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर नामजद दो आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है। टीम गठित कर मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर ऐशराज को बाल सुधार ग्रह, तथा लव कुश पुत्र छेदीलाल को जेल भेजा गया है।

# कांवरियों हेतु भंडारे के लिए कांवरिया संघ बछरावां का जत्था बाबा धाम रवाना



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बछरावां रायबरेली।** कांवरिया संघ बछरावां का जत्था शुक्रवार देर शाम देवघर झारखंड स्थित ज्योतिर्लिंग बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हो गया। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जत्था प्रमुख अमित सिंह ने बताया कि हमारा यह जत्था द्वितीय वर्ष पुनः रवाना हो रहा है, हमारे जत्थे में तकरीबन 50 से 60 व्यक्ति बाबा धाम के लिये रवाना हो रहे हैं साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि हमारा जत्था बिहार प्रदेश में स्थित सुल्तानगंज से झारखंड प्रदेश में स्थित बाबा वैजनाथ धाम तक प्रति 30 किलोमीटर की दूरी में भंडारे का आयोजन करेगा एवं कांवरियों के ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, व्यापार मंडल से मनोज मिश्रा, रामकुमार सोनी सहित भारी संख्या में कावरिया एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा जंघई में आधार कार्ड संशोधन में अवैध वसूली को लेकर लोगों में आक्रोश



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** राशनकार्ड में इस समय परिवार के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी हो रहा है जिसके कारण तमाम लोगों के नाम और उम्र पता में भी बदलाव करवाना रहता है जिसके कारण आधार सुधार केंद्र पर जमकर भीड़ हो रही हैं। जिसका फायदा यह रहा कि सेंटर पर मनमानी पैसा वसूला जा रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा साखा जंघई, पोस्ट आफिस जंघई में भी आधार कार्ड संसोधन का कार्य तेजी से चल रहा है।यहाँ दूर-दूराज से लोग सुबह पहुंच जाते हैं अपने आधार कार्ड में संशोधन करवाने हेतु घंटों लाइन लगाकर खड़े रहने के बावजूद भोले भाले नागरिकों को भ्रमित करके उनकी आंख में धूल झोक कर 150 से लेकर 300 रुपये तक की वसूली प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा बैंक में खुलेआम किया जा रहा है। जबकि नियमानुसार आधार कार्ड में नाम, लिंग, जन्मतिथि, और पता बदलने के लिए 50 रुपये का शुल्क देना होता है।आधार कार्ड में फ़िंगरप्रिंट या आंखों के स्कैन को बदलने के लिए 100 रुपये का शुल्क देना होता है।अगर आपको दोनों बदलाव कराने हैं, तो दोनों शुल्क का भुगतान करना होगा।आधार कार्ड में बदलाव के लिए, आप मय आधार पोर्टल पर ऑनलाइन भी अपडेट करा सकते हैं। 14 सितंबर, 2024 तक इस सुविधा का लाभ मुफ़्त में लिया जा सकता है 14 सितंबर, 2024 के बाद इस सुविधा के लिए 25 रुपये का शुल्क देना होगा।आधार कार्ड में बदलाव के लिए, आप भारतीय डाक सेवा की वेबसाइट पर सेवा अनुरोध फ़ॉर्म भी भर सकते हैं।आधार कार्ड में मोबाइल नंबर बदलने के लिए भी 50 रुपये का शुल्क देना होता है यह बदलाव सिर्फ़ आधार सेंटर पर ही किया जा सकता है।आधार कार्ड में बदलाव करने के बाद, आपको एक सर्विस रिक्वेस्ट नंबर मिलेगा. इसके ज़रिए, आप चेक कर सकते हैं कि आपके आधार में बदलाव कब तक हो जाएगा। बैंक ऑफ बड़ौदा जंघई में आधार कार्ड संसोधन में अवैध वसूली होने के कारण क्षेत्रवासियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में बैंक ऑफ बड़ौदा साखा जंघई के प्रबंधक से पूछने पर जांच करके कार्यवाही की बात कही है। लेकिन बाजार वासियों की माने तो बैंक कर्मियों की मिलीभगत से ही यह गोरख धंधा किया जा रहा है।

## हादसे में बाइक सवार नाना और नाती को की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**इस्माइलपुर(प्रयागराज)।** स्थानीय थाना के दयालपुर गांव के सामने बाइक सवार नाना और नाती को एक ट्रेक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे 60 वर्षीय नाना और 7 वर्षीय नाती अमन की मौत हो गई। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक की जमकर धुनाई के बाद ट्रैक्टर सहित पुलिस को सौंप दिया।

पुलिस ने शव कब्जे में लेकर चीर घर भेज दिया।बताया गया कि नूरपुर निवासी राकेश कुमार अपने 7 वर्षीय नाती के साथ कमलानगर से सुजनीपुर जा रहे थे।

दयालपुर गांव के सामने ईट लदे ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे राकेश कुमार और अमन की मौत हो गई। मौत की खबर परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया।

# बच्चों को दी मशरूम के उत्पादन तथा उत्पादों की गहन जानकारी

### सीऍमपी कॉलेज प्रयागराज के द्वारा सरस्वती बाल विद्या मंदिर में कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** सीएमपी कॉलेज, प्रयागराज के इंस्टीट्यूशन इन्नोवेशन सेल (आई. आई. सी.) द्वारा सरस्वती बाल विद्या मंदिर, नैनी में कौशल विकास कार्यक्रम का आज सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी लोगों का स्वागत एवं आई. आई. सी. के विषय में विस्तृत जानकारी आईआईसी, सीएमपी कॉलेज की समन्वयक प्रो. अर्चना पाण्डेय, रसायन विज्ञान विभाग ने दी।
इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. हेमलता पन्त, सहायक प्रोफेसर एवं ब्रांड एम्बेस्डर आईआईसी, सीएमपी कॉलेज, जंतु विज्ञान विभाग ने 'मशरूम कल्टीवेशन एंड इट्स एप्लीकेशन' नामक अपने व्याख्यान में मशरूम का परिचय, मशरूम के पोषकीय एवं औषधीय गुण, मशरूम का उत्पादन के बारे में बताने के साथ-साथ मशरूम के विभिन्न उत्पादों जैसे मशरूम अचार, बरी, पाउडर, फेस पैक तथा मशरूम सौस बनाने की पूरी प्रक्रिया एवं विधि को विस्तार से बताया। इसमें नवाचार कैसे करें इसके बारे में भी विस्तृत चर्चा की। इस कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. हिमानी चौरसिया, सह समन्वयक, आईआईसी, सीएमपी कॉलेज, रसायन विज्ञान विभाग, प्रयागराज ने किया।इस कार्यक्रम में रसायन विज्ञान विभाग के शोध छात्रों क्रमशः अश्विनी कुमार एवं काजल ने विशेष सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में सरस्वती बाल विद्या मंदिर के अध्यापक गण कृष्ण मोहन मिश्र एवं श्रीमती आयुषी, श्री दुर्गेश सहित छत्तीस छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कबड्डी को हर स्तर पर बढ़ावा दिया जाना चाहिए-संतोष जैन

### तहसील स्तरीय बालक कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** देश मे कबड्डी खेल को जीवंत रखने और प्रोत्साहित करने के लिए क्षेत्र में निरन्तर इस खेल के आयोजन होते रहे हैं। कालेज के प्रबंधक संतोष जैन ने आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में कहा कि इस खेल को बढ़ावा देने के लिए स्कूल और कॉलेज स्तर पर विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों को मौका दिया जाना चाहिए।यह देश का स्थापित खेल है जिसे हर स्तर पर बढ़ावा दिया जाना चाहिए।विकास खण्ड मेजा के अन्तर्गत लाला जंगी लाल इन्टर कालेज कोहड़ारे मे तहसील स्तरीय बालक कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में कुल 18टीमे प्रतिभाग की, जिसमें अंडर 19 वर्षीय सीनियर में कुल आठ टीमों ने भाग लिया।प्रतियोगिता में श्री सत्यनारायण इंटर कालेज प्रथम और मां सारदे इंटर कालेज की टीम द्वितीय स्थान प्राप्त किया।अंडर 17वर्षीय में कुल 9टीमे प्रतिभाग की, जिसमे लाल रामलाल इंटर कॉलेज सिरसा को प्रथम और राज धर इंटर कालेज बिगहनी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।इसी क्रम में अन्डर 14 वर्षीय सब जूनियर में कुल 6 टीमे प्रतिभाग किया, जिसमें सत्यनारायण इंटर कालेज उरुवा प्रथम और मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है । जंगी लाल इन्टर कालेज कोहड़ार के प्रबंधक सन्तोष जैन द्वारा फीता काट कर शुभारंभ किया गया। सभी टीमों का परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों से मैच प्रारंभ करने की घोषणा की। प्रतियोगिता का संचालन प्रकाश चंद्र तिवारी, बिद्यालय के क्रीणा अध्यक्ष के द्वारा किया गया। मौके पर सत्यनारायण इंटर कालेज उरुवा के प्रधानाचार्य अनन्त प्रताप भुर्तीया व लाला राम लाल अग्रवाल इंटर कॉलेज सिरसा के पी यादव व लाला जंगी लाल इन्टर कालेज कोहड़ार प्रधानाचार्य राजेश तिवारी और तहसील के सभी क्रीड़ा अध्यक्ष विद्यालय के सभी स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

# खेलों से बदल सकती है जीवन की दिशा -कमलेश सोनी

### मेजा ऊर्जा निगम में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया खेल दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** मेजा ऊर्जा निगम (प्रा) लिमिटेड अपने सामाजिक दायित्वों को लेकर संकल्पित है।संस्थान क्षेत्र के शिक्षा,स्वास्थ्य,पेयजल सड़क जैसी वुनियादी सुविधाओं के साथ युवाओं के रोजगार सृजन के साथ खेलों को प्रोत्साहित कर उन्हें वेहतर स्वास्थ्य के साथ उनकी तरक्की के लिए मुकम्मल व्यवस्था दी है। यहाँ राष्ट्रीय खेल दिवस को पूरी भव्यता और उत्साह के साथ मनाकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

मेजा ऊर्जा निगम (प्रा) लिमिटेड ने राष्ट्रीय खेल दिवस को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर त्रिवेणी क्लब में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारीगण, बच्चों एवं परिवार जन द्वारा बढ़-चढ़कर कर प्रतिभाग किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी के जीवन में



खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना एवं उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखना हैं।

कमलेश सोनी, सीईओ ,मेजा ऊर्जा निगम ने राष्ट्रीय खेल दिवस की सभी मौजूद लोगों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान सभी को प्रेरित करते हुए श्री सोनी ने कहा कि हम सभी के जीवन शैली में खेल कूद की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है, हम सभी को नियमित रूप से खेल-कूद या व्यायाम कर स्वयं को स्वस्थ रखना चाहिए। मेजा ऊर्जा निगम स्वास्थ्य और फिटनेस की संस्कृति को बढ़ावा देने में विश्वास करता हैं एवं यह कार्यक्रम इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

आयोजन में सेंट जोसेफ स्कूल द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न खेल कूद गतिविधियाँ जैसी खो-खो,

**➪खेलों को बढ़ावा देने के लिए सीईओ ने दिलाई शपथ**

फुटबॉल और वॉलीबॉल आदि आयोजित की गई। उपयुक्त गतिविधियों में विभिन्न आयु वर्ग के छात्रों द्वारा प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया एवं खेल कौशल का परिचय दिया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी अजित बसाक, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), प्रदीप कुमार साबत, महाप्रबंधक (सीएंडएम), विवेक चंद्र, मानव संसाधन प्रमुख, खेल परिषद के सदस्य, कर्मचारीगण, परिवार जन एवं बच्चे उपस्थित रहें। मेजा ऊर्जा निगम में राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत 31 अगस्त तक विभिन्न प्रकार के खेल कूद के आयोजन प्रस्तावित हैं।

## अपना दल एस की प्रांतीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए क्षेत्र में किया तूफानी दौरा



**हंडिया।** अपना दल एस नेता डां0 के के सिंह पार्टी द्वारा आयोजित प्रांतीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए क्षेत्र में तूफानी दौरा कर लोगों से मुलाकात कर प्रांतीय सम्मेलन में चलने की अपील किया है। आपको बता दे की प्रयागराज में 2 सितंबर को पार्टी की प्रांतीय मासिक बैठक आयोजित की गई है ।पार्टी के प्रदेश महासचिव चिकित्सा मंच डॉक्टर के के सिंह उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विधानसभा हंडिया और प्रतापपुर में कई दिनों से तूफानी दौरा किया जा रहा है। शुक्रवार को उन्होंने क्षेत्र के कई गांवों में दौरा कर लोगों से मिलकर पार्टी की नीतियों को बताते हुए कार्यक्रम में चलने की अपील किया है।

## अधिवक्ताओं ने बेल्हा बांध में खड़ंजा मार्ग का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**फूलपुर ।** थाना अंतर्गत बेल्हा बांध गांव में खड़ंजा मार्ग को लेकर उपजे विवाद की सूचना पर अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी गण एवं अधिवक्ता विवादित स्थल पर पहुंचकर पक्ष विपक्ष से वार्तालाप कर विवाद का पटाक्षेप करने पर आम सहमति बनी। अधिवक्ता दयाशंकर यादव का आरोप है कि नायब तहसीलदार धनंजय यादव ने एक पक्षीय आदेश किया। जिससे विवाद बढ़ गया। शुक्रवार को अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने अन्य वकीलों के साथ बैठकर आम सहमति से दोनों पक्षों को बैठाकर सम्मानजनक हल निकालने पर सहमति बनी। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष शिवपूजन तिवारी, उमाकांत अवस्थी, उपाध्यक्ष देवेश यादव, महामंत्री शंकर सिंह, कामता प्रसाद गुप्ता, समीम अहमद सिद्दीकी, धर्मराज यादव, सौरभ यादव, ज्ञान देव शर्मा, विक्रम सिंह प्रजापति आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# जमीन में समाएँ मन्दिर में दिखा बाबा का चमत्कार

### कुएं में समाए मन्दिर की मूर्ति है सही सलामत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के गुनई गांव एक शिव मंदिर बीती रात्रि अचानक जमीन के अंदर समा गया। इस मंदिर का निर्माण पुराने कुएं की जगत पर किया गया था,जो जलजमाव की वजह से धंस गया, जिसमें बाबा मंदिर भी जमींदोज हो गया लेकिन बाबा की मूर्ति सलामत है।

क्षेत्र के गुनई गांव निवासी राजेश विश्वकर्मा उर्फ बड़कऊ अपने मकान के सामने पुराने कुएं की जगत पर कई साल पहले भगवान शिव मंदिर बनवाए हुए थे। मंदिर में घर-परिवार के लोग पूजा-अर्चना करते थे। गुरुवार की रात्रि अचानक मंदिर के नीचे स्थित कुएं की जगत जमीन में



धंस गई जिससे पूरा का पूरा मंदिर कुएं में समा गया। सुबह मामले की जानकारी पर लोगों की भारी भीड़ मौके पर पहुंच गई।ग्रामीणों का कहना है कि कुआं पुराना था। कुएं कि जगत पर मंदिर हुई बनी थी। मंदिर के नीचे मिट्टी ढहने से मंदिर कुएं में समा गई। भगवान शिव की कृपा रही कि उक्त हादसा रात 11 बजे घटित हुई। जब पूरा परिवार और बच्चे नहीं रहे, वरना हादसा हो सकता था।

ग्रामीण प्रेमचन्द्र यादव ने बताया कि पुराने कुएं की जगत पर राजेश विश्वकर्मा कई साल पहले भगवान शिव की मंदिर बनाए हुए थे। बीती रात करीब 11 बजे अचानक कुएं की जगत जमीन में धंस गई और बिना टूटे पूरी की पूरी मंदिर कुएं में समां गई। इसके बावजूद बाबा की मूर्ति की सलामती चर्चा में है।

## पानी के दलदल में आने जाने को मजबूर कुशहरा गांव के लोग, जिम्मेदार मौन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** बारिश के पानी से गांव के गली कूचों सड़कों पर पानी भर जाने के कारण राहगीरों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विकास खंड बहरिया के ग्राम पंचायत कहली, दुलहेपुर , कुशहरा गांव खड़ंजे पर एक फिट से ज्यादा पानी भरने से गांव वालों को आने जाने में मुसीबत का सामना करना पड़ता है। बात करें तो लगातार पानी भरे रहने से घर की दीवारें पसीज गई है जिससे दलदल होने से घर गिरने की भी संभावना बनी हुई है वहीं गांव के भाजपा कार्यकर्ता श्याम बहादुर पटेल ने बताया बारिश के मौसम में इस खड़ंजे पर पानी भरा होने के कारण हम लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है । आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारी आज तक इस रास्ते को देखने तक नहीं



आए । दुल्हेपुर गांव में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाई गई पक्की सड़क गड्ढे में तब्दील हो गयी है। जिसके चलते बारिश का पानी गढ्ढों में भरा रहता है। जिसके चलते राहगीर उसी की गड्ढे में गिरकर चोटहिल होते हैं। इस संपर्क मार्ग से कई गांव के लोगों का आना जाना रहता है। वर्तमान स्थिति है कि सड़क खस्ता हालत में नजर आ रहा है। वही ग्रामीणों की मांग है कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा उक्त सड़क को बनवाया जाना अति जरूरी है। जिसके चलते राहगीरों को कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े । ग्रामीणो कि मांग है कि यह रास्ता बन जाए और रास्ते के बगल से पानी का निकास बनना अति आवश्यक है जिससे हम लोगों को बारिश का मौसम में आवागमन में मुसीबत का सामना न करना पड़े ।

## विकास निगम बने फूलपुर उपचुनाव के सेक्टर प्रभारी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय महासचिव एवं चुनाव प्रभारी फूलपुर इंद्रजीत सरोज जी के नेतृत्व में होने वाली विधानसभा फूलपुर के उपचुनाव में विकास निगम पूर्व जिला पंचायत सदस्य को सेक्टर प्रभारी बनाया गया है विकास निगम ने इसके लिये राष्ट्रीय अध्यक्ष का एवं जिला अध्यक्ष अनिल यादव का आभार जताया है।

## होटल में युवक को लात-घूसों से पीटा

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में दबंगों ने एक होटल के कर्मचारी को किडनैप किया। इसके बाद उसकी बांधकर पिटाई की। साथ ही कर्मचारी को जान से मारने की धमकी दी। पूरे मामले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। होटल मालिक का आरोप है कि दबंग उससे रंगदारी मांग रहे हैं। उसने जब दबंगों का फोन उठाना बंद कर दिया, तो वह होटल के कर्मचारी को उठा ले गए। इसके बाद उसकी पिटाई की गई। होटल मालिक ने थाने में तहरीर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल लाइंस के नवाब यूसुफ रोड पर होटल कोठीवाल पैलेस है। वहां के कर्मचारी अनिल को को होटल में घुसकर खींच ले जाया गया। यह घटना 26 अगस्त की है। इसके बाद उसे एक कमरे में बंद कर लात-घूसों से पीटा गया। इसका सीसीटीवी भी वायरल हो रहा है।आरोप है कि पुलिस को तहरीर और सीसीटीवी फुटेज देने के बाद अब होटल मालिक को लगातार फोन कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उनके होटल पहुंच अगवा करने का प्रयास किया गया। होटल के मालिक अमित दुबे हैं। उनका कहना है कि जिसने कर्मचारी को अगवा कर पीटा वह माफिया हैं। उनके खिलाफ नामजद तहरीर दी गई है। अमित दुबे का कहना है कि वह लोग हत्या की साजिश रच रहे हैं। हत्या करने के लिए होटल कई बार शूटर पहुंचे थे लेकिन वह बच गए।

## दारोगा ने ली रिश्वत और अधिकारियों पर भी लगाया आरोप, कमिश्नर ने किया निलंबित

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस चौकी प्रभारी अभय कुमार का घूस लेते वीडियो इंटरनेट मीडिया पर शुक्रवार सुबह प्रसारित हुआ। वीडियो देखते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई। अधिकारियों ने इसकी जानकारी ली और फिर पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिया। मामले में जांच के भी आदेश दिए गए हैं।शुक्रवार सुबह इंटरनेट मीडिया पर सिविल लाइंस चौकी प्रभारी अभय कुमार का एक वीडियो प्रसारित होने लगा। इसमें वह चौकी में कुछ लोगों से बातचीत कर रहे हैं। चौकी प्रभारी किसी मामले में रुपये के लेन-देन की बात कर रहे हैं। इसी बातचीत के दौरान एक व्यक्ति द्वारा उनको एक कागज पकड़ाया जाता है। इसी कागज के माध्यम से उनको रुपये भी दिए जाते हैं।चौकी प्रभारी रुपये को छिपाने के लिए कागज को मोड़कर मेज पर बगल में रख देते हैं। इस वीडियो को पुलिस अधिकारियों ने देखा तो पूछताछ शुरू हो गई। कुछ ही देर में चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिया गया।बता दें कि 15 दिन में जिले में यह दूसरा प्रकरण है। इसके पहले नवाबगंज थाने में तैनात अतिरिक्त इंस्पेक्टर रमेश चंद्र को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया। एक मुकदमे में अंतिम रिपोर्ट लगाने के लिए उसने 40 हजार रुपये मांगे थे।

# दो माह से फोरलेन की स्ट्रीट लाइटें बंद, यात्रियों को हो रही दिक्कत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मऊआइमा (प्रयागराज)।** दो माह से प्रयागराज और प्रतापगढ़ हाईवे पर लगी स्ट्रीट लाइटें बंद कर दी गई हैं। इससे जहां यात्रियों को दिक्कत हो रही है वहीं चोरों उचक्कों के हौसले बुलंद हैं।बताया जाता है कि मऊआइमा क्षेत्र में डिवाइडरों पर लगी स्ट्रीट लाइटें दो माह से बंद पड़ी हैं। हालांकि इसकी शिकायत निरंतर स्थानीय लोग करते चले आ रहे हैं। परन्तु विभाग को कोई फ़र्क नहीं पड रहा है। बताया गया है कि स्ट्रीट लाइटें बंद रहने मार्ग पर अंधेरा छाया रहता है और चोरी की संभावना बढ गई है। विगत दिनों बड़ौदा उत्तर प्रदेश बैंक में चोरों ने



चोरी का असफल प्रयास किया। लोगों का कहना है कि यदि स्ट्रीट लाइट जलती रहती तो चोरों की हिम्मत न पडती। स्थानीय लोगों ने हाईवे डिवाइडर की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें जलवाने की मांग की है।

# मारपीट कर अधिवक्ता को किया घायल, मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी।** तीन दिन पूर्व कार से जा रहे अधिवक्ता को कतिपय दबंगो ने रास्ते में रोककर जान लेवा हमला कर किया घायल कर दिया । अधिवक्ता ने झूंसी कोतवाली में जा कर तहरीर दी । जांच के तीन दिन बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है ।बताया जाता है कि तीन दिन पूर्व उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अधिवक्ता अभिषेक तिवारी रात 9 बजे अपने मुवक्किल से मिलकर छतनाग रोड होते हुए अपने निवास हवेलियां जा रहे थे। तभी दबंगों ने माया डेयरी के कुछ दूर सुनसान जगह पर कार के आगे अपनी बाइक लगा कर रोक लिया, अधिवक्ता ने कार का कांच खोला और कारण पूछा तो दबंगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते गालियां देना शुरु कर दिया। भुक्तभोगी ने बताया कि पानी का छीटा पड़ने का आरोप लगाते हुए हमलावर अकारण ही मारपीट करते हुए अपने एक अन्य साथी को भी बुला लिया । जो नजदीक स्थित एक मार्ट पर बैठा था। अधिवक्ता ने विरोध किया तो दबंगों ने आगे देख लेने की बात कही। मार्ट के मालिक से शिकायत किया तो काउंटर पर बैठा व्यक्ति और सौरभ, जे पी पंद्रह अन्य लोग एक राय होकर अधिवक्ता को लोहे की रॉड, लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। हमले में अधिवक्ता को चेहरे, सिर,हाथ कई अन्य स्थान पर चोटे आयी मेडिकल रिपोर्ट प्रत्यक्ष है। भुक्तभोगी ने झूंसी थाने में तहरीर दे कर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने मामले की छानबीन कर गुरुवार को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# सीआरपीएफ के डीआईजी रेंज संजीव राय के सेवानिवृत होने पर अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियो ने नम आंखों से दी विदाई

**लोकमित्र ब्यूरो**
**थरवई ।** सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र पण्डिला स्थित डीआईजी रेंज संजीव राय 35 वर्ष से अधिक की सेवा पूरा करने के उपरांत सेवानिवृत होने पर शुक्रवार को रेंज कार्यालय में अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें नम आंखों से दी विदाई इस विदाई सम्मान समारोह में रेंज कार्यालय में कार्यरत द्वितीय कमान अधिकारी अमित कुमार सक्सेना ने डीआईजी रेंज संजीव राय को बुके स्मृति चिन्ह अंग वस्त्रम देकर विदाई दी इस मौके पर डीआईजी रेंज संजीव राय ने विदाई समारोह में बोलते हुए कहा की मुझे बहुत गर्व है कि सीआरपीएफ जैसे अर्धसैनिक बल में मुझे 35 वर्ष से अधिक की सेवा देने का अवसर मिला था सीआरपीएफ देश नहीं विदेशों में भी




अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर चुकी है

आप सभी लोग अपने ड्यूटी के प्रति पूरी तरह से ईमानदार बने रहे अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों जवानों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया । इस अवसर पर निरीक्षक दिनेश चंद्र मिश्र ने परंपरा के अनुसार सीआरपीएफ का प्रतीक चिन्ह देकर उनका मान बढ़ाया इस मौके पर निरीक्षक मनोज कुमार निरीक्षक सिराजुद्दीन निरीक्षक रंजीत शर्मा निरीक्षक दिनेश चंद्र मिश्र सहित तमाम अधिकारी गण जवान विदाई सम्मान समारोह में मौजूद रहे ।

# धनजंय सिंह बने भाजपा ओबीसी मोर्चा सदस्यता अभियान के जिला संयोजक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व शहर पश्चिम व्यापारी महासंघ के महामंत्री धनजंय सिंह को भाजपा ओ0 बी0 सी0 मोर्चा सदस्यता अभियान का जिला संयोजक नियुक्त किया गया।

उन्हें जिला संयोजक बनाएं जाने पर व्यापारियों में खुशी की लहर । शहर पश्चिम व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष अखिलेश सिंह समेत व्यापारी महासंघ के पदाधिकारियों व भाजपा ओबीसी मोर्चा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने वाले वालो में अखिलेश सिंह, राजेश गुप्ता , अतुल केसरवानी, सुरेश गुप्ता , धर्मेंद्र द्विवेदी, नरेन्द्र खेड़ा, रामलोचन, सोनू साहू, मंजीत कुशवाहा, ज्ञान केसरवानी, सुनील केसरवानी, धर्मेंद्र केसरवानी, दिलजीत सिंह, कृष्लय केसरवानी, योगेंद्र कुशवाहा, सुमन कपूर, रतन अग्रवाल, पप्पू कलश, फय्याज अहमद समेत बड़ी संख्या में व्यापारियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# अब असम में शुक्रवार को नमाज के लिए नहीं रुकेगी विधानसभा कार्यवाही

**▶▶विधानसभा ने सर्वसम्मति से नियम 11 में किया संशोधन**
**▶▶सादुल्लाह के दिनों से लागू नियम को किया गया समाप्त**



**गुवाहाटी, (हि.स.)।** असम विधानसभा ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से एक बड़ा फैसला लिया। विधानसभा ने अब शुक्रवार को नमाज के लिए ब्रेक को खत्म करने के लिए नियम 11 में संशोधन कर दिया गया। इससे अब से नमाज के लिए विधानसभा में कोई ब्रेक नहीं होगा। एआईयूडीएफ के अधिकांश सदस्यों ने इस पर आपत्ति जताई। इस नियम की अनुपालना अगले सत्र से होगी। आज पांच दिवसीय विधानसभा का अंतिम दिन था।दरअसल, असम विधानसभा में कार्यवाही हर शुक्रवार को दिन 11.30 बजे से नमाज के लिए रोक दिया जाता था। यह नियम सैयद सदुल्ला के दिनों से चला आ रहा था। इसको लेकर पहले भी आपत्ति जताई जाती रही है, लेकिन इसको समाप्त नहीं किया गया था। असम विधानसभा में आज अंतिम बार इस नियम के तहत विधानसभा की कार्रवाई को नमाज के लिए स्थगित किया गया। आज विधानसभा में सर्वसम्मति से नियम 11 में संशोधन कर अगली बैठकों से नमाज के नाम परहर शुक्रवार को नमाज के लिए रुकने वाली कार्यवाही को रोकने के प्रावधान को समाप्त कर दिया गया। इस नियम का अनुपालन विधानसभा की अगली बैठक से होगा।

आज पांच दिवसीय विधानसभा का अंतिम दिन था।विधानसभा में फैसले के बाद धिंग के विधायक अमीनुल इस्लाम ने विधानसभा में नमाज का समय पहले की तरह ही बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों का एक वर्ग मुसलमानों को नमाज नहीं पढ़ने देना चाहता है। इसका उद्देश्य भाजपा विधायकों के लिए असहिष्णुता का माहौल बनाना है।

विधायक वाजिद अली चौधरी ने भी सरकार के इस फैसले का विरोध किया।इस निर्णय पर एआईयूडीएफ के अधिकांश विधायकों ने अपनी आपत्ति जताई। कुछ विधायकों का कहना था कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। वहीं, दूसरी सर्वसम्मति निर्णय को लेकर पूछे जाने पर कांग्रेस के विधायक रेकीबुद्दीन अहमद ने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है, लेकिन अगर ऐसा हुआ है तो यह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष से इस बारे में पूछेंगे और इस व्यवस्था को फिर से बहाल रखने की अपील करेंगे। उन्होंने कहा कि वे तीसरी बार विधायक चुने गये हैं और तीनों कार्यकाल के दौरान शुक्रवार को नमाज के लिए विधानसभा की कार्यवाही स्थागित की जाती रही है।इस बीच सत्ताधारी दल के विधायकों का कहना था कि देश की किसी भी विधानसभा में इस तरह की कोई प्रक्रिया नहीं है। सवाल उठता है कि यहां पर ऐसी परंपरा क्यों शुरू की गयी।

कुछ विधायकों ने इसको तुष्टीकरण की राजनीति से जोड़कर बताया कि यह सिर्फ वोट बैंक की घृणित राजनीति है। उन्होंने कहा कि नमाज पढ़ने के लिए किसी को भी कोई रोक नहीं है। जिसे नमाज पढ़ना है, वह पढ़ सकता है, जिसे नहीं पढ़ना है वह सदन की कार्यवाही में हिस्सा ले सकता है। केवल कुछ लोगों के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करना सार्वजनिक धन की बर्बादी है।

# महिलाओं के खिलाफ हिंसा को 'लक्षणात्मक रोग' कहा जाना निंदनीय - उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के कृत्यों को ÷लक्षणात्मक रोग÷ के रूप में संदर्भित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल की निंदा की।धनखड़ की टिप्पणी 21 अगस्त को सिब्बल द्वारा पारित विवादास्पद प्रस्ताव के बाद आई है, जिसमें कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में बलात्कार-हत्या मामले को संबोधित किया गया था। सिब्बल के प्रस्ताव में इस घटना को एक लक्षणात्मक रोग बताया गया था, जिसकी एससीबीए के भीतर और बाहर काफी आलोचना हुई थी।दिल्ली विश्वविद्यालय के भारती कॉलेज में 'विकसित भारत में महिलाओं की भूमिका' विषय पर छात्रों और फैकल्टी सदस्यों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया



कि प्रस्ताव में की गई टिप्पणियां महिलाओं के खिलाफ हिंसा की गंभीरता को कम करती हैं और उच्च पद पर बैठे किसी व्यक्ति की छवि को खराब करती हैं। उन्होंने कहा, ÷मैं आश्चर्यचकित हूं; मैं दुखी हूं और कुछ हद तक चकित हूं कि सर्वोच्च न्यायालय के बार के एक सदस्य और संसद का एक सदस्य ऐसा कहते हैं? लक्षणात्मक रोग और यह सुझाव देते हैं कि ऐसी घटनाएं सामान्य हैं? शर्मनाक ! ऐसी स्थिति की निंदा करने के लिए शब्द भी कम हैं। यह उस उच्च पद के साथ सबसे बड़ा अन्याय है।उपराष्ट्रपति ने इस तरह के बयान को अत्यंत शर्मनाक बताते हुए कहा कि ये बयान महिलाएं और बेटियों की पीड़ा को तुच्छ बनाते हैं। उन्होंने कहा, ÷क्या आप पार्टी के हितों या व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए ऐसा कहते हैं? आप अपने अधिकार का इस्तेमाल करके इस तरह के घृणित अन्याय को बढ़ावा देते हैं? क्या मानवता के लिए इससे बड़ा अन्याय हो सकता है? हम हमारी बेटियों की पीड़ा को तुच्छ बनाया जाये ? अब नहीं।उपराष्ट्रपति ने नागरिकों से राष्ट्रपति के ÷बस बहुत हुआ÷ के आह्वान को दोहराने की अपील की और कहा, ÷राष्ट्रपति ने कहा, बस बहुत हुआ !÷ आइए, इसे राष्ट्रीय आह्वान बनाएं। मैं चाहता हूं कि यह आह्वान सभी के लिए हो। चलिए संकल्प लें कि हम एक ऐसा सिस्टम बनाएंगे जिसमें कोई भी लड़की या महिला पीड़ित न हो। आप हमारी सभ्यता को नुकसान पहुंचा रहे हैं, आप अति क्रूरता का प्रदर्शन कर रहे हैं।

# अकाल तख्त से सुखबीर बादल तनखैया करार, जत्थेदार सुनाएंगे धार्मिक सजा

**◀◀15 दिन में अकाल तख्त में पेश होकर मांगेंगे गुनाहों की माफी**



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल को धार्मिक सजा सुनाते हुए तनखैया करार दिया है। सुखबीर बादल एक सामान्य सिख श्रद्धालु की तरह 15 दिन के भीतर अकाल तख्त साहिब पर पेश होंगे। इस बीच सुखबीर बादल ने अकाल तख्त जत्थेदार के फैसले को कबूल कर लिया है।पंजाब में लोकसभा चुनाव के बाद से ही अकाली दल में फूट पैदा होने के चलते अकाली दल के बागी गुट ने 1 जुलाई को श्री अकाल तख्त साहिब पर पहुंचकर जत्थेदार को माफीनामा दिया था, जिसमें सुखबीर बादल के कार्यकाल में हुई चार गलतियों पर माफी मांगी गई थी। इनमें सबसे अहम डेरा सच्चा सौदा मुखी राम रहीम को माफी देने की गलती मानी गई है। 2015 में फरीदकोट के बरगाड़ी में बेअदबी की सही जांच न होने के लिए भी माफी मांगी गई थी। इसके अलावा आईपीएस अधिकारी सुमेध सैनी को डीजीपी बनाने और मुहम्मद इजहार आलम की पत्नी को विधानसभा चुनाव का टिकट देने की भी गलती मानी गई।

पांचों तख्तों के सिंह साहिबानों की पिछली बैठक में सुखबीर बादल को नोटिस जारी किया गया था, जिसका जवाब देते हुए सुखबीर बादल ने अपनी गलतियों को स्वीकार कर लिया था। सुखबीर बादल के जवाब के बाद शुक्रवार को अकाल तख्त साहिब का फैसला आने से पहले उन्होंने अकाली दल अध्यक्ष पद को छोड़ दिया था। गुरुवार की रात पूर्व सांसद बलविंदर सिंह भूंदड़ को अकाली दल का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। शुक्रवार को अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह ने सुखबीर बादल को तनखैया (दोषी) करार देते हुए कहा कि अकाली दल प्रधान और डिप्टी सीएम रहते हुए सुखबीर बादल ने कुछ ऐसे फैसले लिए, जिससे पंथक स्वरूप को नुकसान पहुंचा है।अकाल तख्त जत्थेदार ने कहा कि सुखबीर बादल एक साधारण सिख की तरह अकाल तख्त पर आकर अपने गुनाहों की माफी मांगें। सुखबीर बादल 15 दिन के भीतर अकाल तख्त पर पेश हों। इसी बीच अकाली दल प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री दलजीत सिंह चीमा ने कहा कि अब सुखबीर बादल अकाल तख्त में पेश होंगे। उसके बाद उन्हें गुनाह बताए जाएंगे, जिस पर सुखबीर बादल अपना पक्ष रखेंगे। अकाल तख्त से सुखबीर बादल को दोषी करार दिए जाने के बाद उन्होंने ट्वीट करके कहा कि दास अपना सिर झुकाते हुए मिरी पीरी के सबसे ऊंचे स्थान श्री अकाल तख्त साहिब के आदेश को स्वीकार करता है। आदेश के मुताबिक मैं जल्द ही श्री अकाल तख्त साहिब के सामने पेश होकर क्षमा याचना करूंगा।

# मेघालय सरकार ने बांग्लादेशी नेता के शव मिलने की जांच उच्च स्तरीय एजेंसी से कराने से किया इनकार

**शिलांग, (हि.स.)।** बांग्लादेश के फिरोजपुर और शेख हसीना सरकार के प्रभावशाली नेता इसाक अली खान पान्ना का मे शव मिलने को लेकर मेघालय नेस्पष्ट किया है कि इस मामले में उच्चस्तरीय एजेंसी से जांच कराने से इनकार कर दिया है।मेघालय के उपमुख्यमंत्री प्रेस्टोन तिनसॉन्ग ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश के अवामी लीग के नेता इसाक अली खान पान्ना की मौत और शव की बरामदगी मामलेकी जांच किसी भी उच्च स्तरीय एजेंसी या एनआईए से कराने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि शव की बरामदगी के बारे में बांग्लादेश उच्चायोग को सूचना दे दी गई है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के नेता की मौत के कारणों का पता फॉरेंसिक जांच के बाद ही चल पाएगा। इसाक के शव मिलने के बाद मेघालय पुलिस ने घटना के सिलसिले में बांग्लादेश के उच्चायुक्त से संपर्क किया है।उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में भयावह हालात के बीच मेघालय में उन्कियांग में 26 अगस्त की शाम को तमोल बाग में क्षतविक्षत शव मिला था।

# संघ की समन्वय बैठक में 'पंच परिवर्तन' पर रहेगा जोर- सुनील आंबेकर

**▶▶पंच परिवर्तन के आयाम- सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व पर जोर एवं नागरिक दायित्व**
**▶▶भाजपा, विहिप, विद्यार्थी परिषद्, सेविका समिति आदि सहित 32 संगठनों के 230 से अधिक पदाधिकारी होंगे शामिल**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उससे प्रेरित समविचार संगठनों की तीन दिवसीय बैठक शनिवार से केरल के पालक्काड में आयोजित की जा रही है। बैठक से पूर्व शुक्रवार को रा.स्व. संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने एक पत्रकार वार्ता में बैठक में सम्मिलित होने वाले संगठनों और बैठक में विचार किए जाने वाले विषयों के बारे में जानकारी दी। इस बैठक में संघ प्रेरित 32 संगठनों के 230 राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मिलित होंगे जबकि रा.स्व.संघ की ओर से 90 केन्द्रीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे।सुनील आंबेकर ने बताया कि सन् 1925 में गठित रा.स्व. संघ इस विजयादशमी से अपने शताब्दी वर्ष (100वें) में प्रवेश करने जा रहा है। संघ वैसे तो समय समय पर अपने कार्य की समीक्षा व कार्य विस्तार की योजनाओं पर कार्य करता ही रहता है। इस शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए अपने सामाजिक कार्यों को और भी तेज गति से चलाने के लिए इस बैठक में विस्तार से चर्चा होगी। इन सामाजिक कार्यों के लिए संघ में पंच परिवर्तन पर जोर दिया जा रहा है। संघ के पंच परिवर्तन में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व पर जोर एवं नागरिक दायित्व शामिल है। इसमें समविचारी संगठन क्या सहयोग कर सकते हैं, इस पर समन्वय बैठक में मुख्य रूप से चर्चा होगी।संघ की वार्षिक स्तर पर होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक में संघ के संगठनों के बीच बेहतर समन्वय और राष्ट्रीय व सामाजिक महत्व के विषयों पर भी चर्चा होगी। बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित संघ के सभी छह सह सरकार्यवाह और अन्य प्रमुख पदाधिकारी भाग लेंगे। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्र सेविका समिति, वनवासी कल्याण आश्रम, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय किसान संघ, विद्या भारती, भारतीय मजदूर संघ सहित 32 संघ प्रेरित विविध संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संगठन मंत्री एवं प्रमुख पदाधिकारी निमंत्रित किए जाते हैं।बैठक शनिवार सुबह शुरू होगी और अगले तीन दिन तक चलेगी। 2 सितंबर को बैठक में हुई चर्चा पर संघ की ओर से फिर से पत्रकार वार्ता आयोजित की जाएगी। आंबेकर ने बताया कि यह पहली बार है कि संघ की समन्वय बैठक केरल में आयोजित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक सामान्तया वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है। पिछले वर्ष यह बैठक सितंबर 2023 में पुणे में संपन्न हुई थी। इस अखिल भारतीय समन्वय बैठक में संघ प्रेरित विविध संगठनों में कार्यरत संगठन के प्रमुख पदाधिकारी सहभागी होते हैं।संघ के प्रचार विभाग के अनुसार बैठक में विविध संगठनों के कार्यकर्ता अपने कार्य की जानकारी तथा अनुभवों का निवेदन तथा आदान-प्रदान करेंगे। राष्ट्रीय हित के विभिन्न विषयों के संदर्भ में वर्तमान परिदृश्य, हाल में हुई महत्वपूर्ण घटनाओं तथा सामाजिक परिवर्तन के अन्यान्य आयामों पर योजनाओं के संदर्भ में बैठक में चर्चा होगी। सभी संगठन विविध विषयों पर परस्पर सहयोग तथा समन्वय को और अधिक बढ़ाने हेतु आवश्यक उपायों पर भी चर्चा करेंगे।

# मोदी ने लंबे समय तक सत्ता में बने रहने का दिया संकेत

**● कहा- दसवें ग्लोबल फिनटेक फेस्ट को भी संबोधित करने आऊंगा**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) को संबोधित करते हुए संकेत दिए कि उनका इरादा लंबे समय तक सत्ता में बने रहने का है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, ÷यह पांचवां ग्लोबल फिनटेक फेस्ट है। मैं दसवें फिनटेक फेस्ट को संबोधित करने के लिए भी यहां आऊंगा।प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि भारत का फिनटेक इकोसिस्टम भारत के लोगों को गुणवत्तापूर्ण जीवनशैली प्रदान करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, ÷मुझे विश्वास है कि भारत का फिनटेक इकोसिस्टम पूरी दुनिया के जीवन को आसान बनाएगा। हमारा सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है।देश में फिनटेक उद्योग द्वारा लाए गए बदलावों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसने न केवल भारत के तकनीकी मोर्चे को बदल दिया गया है, बल्कि शहरी और ग्रामीण भारत के बीच की खाई को पाटकर व्यापक सामाजिक प्रभाव भी डाला है। मोदी ने आगे बताया कि वही बैंकिंग सेवाएं जो पहले पूरा दिन ले लेती थीं और किसानों और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए बाधाएं पैदा करती थीं, अब फिनटेक की मदद से




मोबाइल फोन पर आसानी से उपलब्ध हैं।वित्तीय सेवाओं के लोकतंत्रीकरण में फिनटेक की भूमिका को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने आसानी से उपलब्ध ऋण, क्रेडिट कार्ड, निवेश और बीमा के उदाहरण दिए।

उन्होंने कहा कि फिनटेक ने ऋण तक पहुंच को आसान और समावेशी बना दिया है। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना का उदाहरण दिया, जिसने स्ट्रीट वेंडर्स को बिना किसी जमानत के ऋण प्राप्त करने और डिजिटल लेनदेन की मदद से अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सक्षम बनाया है। उन्होंने शेयर बाजारों और म्यूचुअल फंड, निवेश रिपोर्ट और डीमैट खाते खोलने की आसान पहुंच का भी उल्लेख किया। डिजिटल इंडिया के उदय का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि दूरस्थ स्वास्थ्य सेवाएं, डिजिटल शिक्षा और कौशल सीखने जैसी सेवाएं फिनटेक के बिना संभव नहीं होंगी। मोदी ने कहा, ÷भारत की फिनटेक क्रांति जीवन की गरिमा और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में बड़ी भूमिका निभा रही है।उन्होंने कहा कि मुझे देश के फिनटेक इकोसिस्टम पर भरोसा है और यह भारतीयों को गुणवत्तापूर्ण जीवन प्रदान करेगा।

उन्होंने भारत में फिनटेक क्षेत्र की महत्वपूर्ण वृद्धि पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने कहा, ÷पिछले 10 साल में फिनटेक स्पेस में 31 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश हुआ है। 10 साल में हमारे फिनटेक स्टार्टअप में 500 प्रतिशत वृद्धि हुई है।कोरोना के दौरान पूरे वर्ष 24×7 बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए फिनटेक स्टार्टअप्स को श्रेय देते हुए मोदी ने उनसे आग्रह किया कि वे पूरी दुनिया को अधिक आसानी से व्यापार करने में मदद करें और इस प्रकार पूरी दुनिया को बेहतर जीवन जीने में मदद करें।मोदी ने फिनटेक क्रांति की सराहना करते हुए कहा कि इसने न केवल अधिक लोगों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में लाया है, बल्कि लोगों के लिए सम्मान और जीवन की गुणवत्ता में भी वृद्धि की है। उन्होंने पारंपरिक मुद्रा से लेकर आधुनिक क्यूआर कोड तक की प्रगति पर जोर दिया और इस प्रगति का श्रेय तकनीकी नवोन्मेषकों के काम को दिया।

उन्होंने महामारी के दौरान भी निर्बाध बैंकिंग सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए इस क्षेत्र की सराहना करते हुए कहा कि यूपीआई हमारी फिनटेक क्षमता का वैश्विक प्रमाण बनकर उभरा है। कोरोना के इतने बड़े संकट के दौरान भी भारत दुनिया के उन देशों में था, जहां हमारी बैंकिंग सेवाएं बिना किसी दिक्कत के चलती रहीं।प्रधानमंत्री ने माइक्रो फाइनांस की 'मुद्रा लोन योजना' का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना के अंतर्गत अब तक 27 ट्रिलियन रुपये का ऋण वितरित किया जा चुका है। इस योजना के लाभार्थियों में लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं हैं।

# प्रधानमंत्री आज तीन वंदे भारत ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शनिवार दोपहर 12¬30 बजे तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे।प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करते हुए अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस मेरठ्ङलखनऊ, मदुरै-बेंगलुरु और चेन्नई-नागरकोइल सहित तीन मार्गों पर कनेक्टिविटी में सुधार करेगी।मेरठ सिटी-लखनऊ वंदे भारत ट्रेन से यात्रियों को दोनों शहरों के बीच मौजूदा सबसे तेज ट्रेन की तुलना में लगभग 1 घंटे की बचत होगी। इसी तरह, चेन्नई एग्मोर-नागरकोइल वंदे भारत और मदुरै-बेंगलुरु वंदे भारत ट्रेनें क्रमशः 2 घंटे और लगभग 1 घंटे 30 मिनट की बचत करते हुए यात्रा पूरी करेंगी।

# महिला अपराधों के खिलाफ अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी - राजनाथ

**● बलात्कार जैसे अपराध के लिए कानून का सख्ती से हो पालन**
**● पिछले दस वर्षों में देश ने कई युगान्तरकारी परिवर्तन देखे**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि देश में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों और अपराधों को देखते हुए तमाम बदलावों के बावजूद ऐसा लगता है कि अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

हमारी सरकार ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों के प्रति सख्त रवैया अपनाया है लेकिन कई राज्य इस दिशा में ईमानदारी से प्रयास नहीं कर रहे हैं। कोलकाता में हाल ही में हुई दिल दहला देने वाली घटना बेहद दुखद और शर्मनाक है। हमने बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के लिए मृत्युदंड का प्रावधान करने के लिए कानून में संशोधन किया है। इस कानून का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।तिरुवनंतपुरम में एक कॉन्क्लेव में राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हमारे देश ने



कई %युगान्तरकारी परिवर्तन% देखे हैं। आर्थिक सुधारों से लेकर बड़े सामाजिक परिवर्तन तक, सांस्कृतिक पुनरुत्थान से लेकर महत्वपूर्ण राजनीतिक परिवर्तनों तक कई बड़े बदलाव हुए हैं। इस परिवर्तन में सरकार के साथ-साथ हमारे देश के नागरिकों ने सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सशस्त्र बलों में महिलाओं के प्रवेश की अनेक बाधाएं दूर की गई हैं।

सशस्त्र बलों के तीनों विंग में हमने महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया है। सैनिक स्कूलों में भी महिलाओं को प्रवेश दिया जा रहा है।कॉन्क्लेव में सिंह ने कहा कि आज भारत ग्लोबल साउथ की सबसे बड़ी आवाज बन गया है। हर देश अब महत्वपूर्ण मुद्दों पर भारत की राय को तवज्जो देता है। आज दुनिया भारत को अलग नजरिए से देखती है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यूक्रेन और रूस की यात्रा पर थे। वे दुनिया के एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिनकी बात आपस में युद्धरत दोनों देश सुनते हैं। सबसे प्रतिष्ठित सैन्य प्रशिक्षण संस्थानों में से एक राष्ट्रीय रक्षा अकादमी को भी महिलाओं के लिए खोल दिया गया है। अब देश भर से सैकड़ों-हजारों युवा लड़कियां एनडीए प्रवेश परीक्षा में भाग लेती हैं। उन्होंने कहा कि देश का रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। हमारा लक्ष्य इस वित्त वर्ष में 1.75 लाख करोड़ तक पहुंचना है। 2029 तक हम भारत में 3 लाख करोड़ रुपये मूल्य का रक्षा उत्पादन हासिल करना चाहते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम भारत में बने रक्षा उपकरणों का निर्यात भी कर रहे हैं। वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है।

हमारा लक्ष्य 2029 तक रक्षा निर्यात को 50 हजार करोड़ तक बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद भारत की स्थिति बदली जब रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने का काम शुरू हुआ। एक समय था जब देश में करीब 65-70 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे लेकिन आज ये स्थिति बदल गई है। अब सिर्फ 35 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जा रहे हैं। बाकी 65 प्रतिशत उपकरण अब भारत में ही बन रहे हैं।

# अपने प्रदेश को सुरक्षित नहीं रख पा रहीं सीएम ममता, लगाया जाए राष्ट्रपति शासन-चिराग पासवान

**नईदिल्ली,(आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल की घटना को लेकर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आज फिर ममता बनर्जी पर बोला हमला है। चिराग पासवान ने कहा कि हम चाहते हैं कि वहां पर केंद्र सरकार राष्ट्रपति शासन लागू करवाए। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल की घटना पर जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। ममता बनर्जी अपने प्रदेश को सुरक्षित नहीं रख पा रही हैं। ऐसे में एक महिला मुख्यमंत्री होते हुए भी वहां पर महिला सुरक्षित नहीं हैं।वहीं, इसके पहले चिराग पासवान ने पिछले हफ्ते ममता बनर्जी पर अपनी ही सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए निशाना साधा था। चिराग पासवान ने कहा था कि यह पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार की कमजोरी को दर्शाता है। ममता बनर्जी मुख्यमंत्री के रूप में सड़कों पर उतती हैं, तो क्या आप जनता को न्याय का आश्वासन दे रहे हैं या आप उनके बीच भय का माहौल बना रहे हैं? यह कहीं न कहीं एक मुख्यमंत्री के रूप में ममता बनर्जी की कमजोरी को भी दर्शाता है।

# पहली बार ग्रीक के चार लड़ाकू जेट भारत पहुंचे, हवाई अभ्यास तरंग शक्ति में लेंगे हिस्सा

**▶▶राजस्थान के जोधपुर में बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास की हुई औपचारिक शुरुआत**
**▶▶ बांग्लादेश, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर और यूएई की वायु सेनाएं भी पहुंचीं**




**नई दिल्ली,(हि.स.)।** भारतीय वायु सेना की मेजबानी में पहली बार हो रहे बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास तरंग शक्ति के दूसरे चरण की औपचारिक शुरुआत शुक्रवार से राजस्थान के जोधपुर में हो गई। इसमें शामिल होने के लिए बांग्लादेश के अलावा अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, सिंगापुर और यूएई की वायु सेनाएं रेगिस्तानी इलाके में पहुंचीं हैं। यह पहला मौका है जब हेलेनिक वायु सेना भी इस अभ्यास में भाग लेने के लिए चार ग्रीक लड़ाकू जेट के साथ भाग लेने भारत आई है।तरंग शक्ति का दूसरा और अंतिम चरण 14 सितंबर तक राजस्थान के जोधपुर में होगा। अभ्यास के दूसरे चरण में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, यूएई की वायु सेनाओं के लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर, विशेष ऑपरेशन विमान, मध्य हवा में ईंधन भरने वाले और हवाई चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली (अवाक्स) विमान सहित 70-80 विमान रेगिस्तानी इलाके में पहुंचे हैं। इस अभ्यास में अमेरिका अपने एफ-16 और ए-10 विमानों के साथ भाग लेगा। इस चरण में 18 देश पर्यवेक्षकों के रूप में शामिल होंगे। अभ्यास का पहला चरण 6-14 अगस्त तक दक्षिण भारत के सुलूर में हो चुका है, जिसमें जर्मनी, फ्रांस, स्पेन और ब्रिटेन की वायु सेनाओं ने हिस्सा लिया था।भारत का हेलेनिक सशस्त्र बलों के साथ इसी साल अप्रैल में सैन्य सहयोग पर समझौता होने के बाद इतिहास में पहली बार ग्रीक के चार लड़ाकू जेट %तरंग शक्ति% अभ्यास में भाग लेने के लिए भारत पहुंचे हैं। इससे पहले 2023 में ग्रीक में हुए बहुराष्ट्रीय अभ्यास %इनियोचोस% में भारतीय सुखोई-30 ने भाग लिया था। अब हेलेनिक वायु सेना के चार लड़ाकू जेट एफ-16 भारत की मेजबानी में हो रहे हवाई अभ्यास में हिस्सा लेंगे, जिसमें हवाई युद्ध, रक्षात्मक और आक्रामक अभियान, जमीनी प्रतिष्ठानों और सतही लक्ष्यों पर हमला करना और विदेशी सेनाओं के साथ सहयोग शामिल है। ग्रीक के विमान पहले तमिलनाडु के सुलूर एयरबेस पर पहुंचे, जहां उन्हें ईंधन दिया गया।

## इंटीग्रेटेड आईटी पार्क व इनक्यूबेशन सेंटर परियोजना को पीएमयू के गठन से मिलेगी गति

**उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा सौंपा गया है कंसल्टेंसी निर्धारण व पीएमयू के संचालन का जिम्मा**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उद्यम व उन्नत प्रदेश बनाने के लिए संकल्पबद्ध योगी सरकार ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थापित होने वाली इंटीग्रेटेड आईटी पार्क व इनक्यूबेशन सेंटर परियोजना को वास्तविकता की शक्ल देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के विजन अनुसार, लखनऊ के अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया में 40 एकड़ प्रसार क्षेत्र में आईटी पार्क, एसटीपीआई पार्क, इनक्यूबेशन सेंटर, स्टेट डाटा सेंटर समेत विभिन्न सुविधाओं के विकास की कार्ययोजना तैयार की थी। इस कार्ययोजना को अमलीजामा पहनाने के लिए अब कंसल्टेंसी फर्म की नियुक्ति के जरिए प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट (पीएमयू) का गठन किया जाएगा। इस कार्य को आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को सौंपा गया है जिसके द्वारा कंसल्टेंसी फर्म की निर्धारण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

परियोजना के अंतर्गत नियुक्त होने वाली पीएमयू खासतौर पर इंटीग्रेटेड आईटी पार्क व इनक्यूबेशन सेंटर परियोजना के अंतर्गत होने वाले विभिन्न विकास व निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग तो करेगी ही, साथ ही देश व दुनिया के बड़े निवेशकों का निवेश भी परियोजना में आकर्षित करने का रोडमैप तैयार करेगी।

उल्लेखनीय है कि परियोजना के अंतर्गत यहां इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन नाम से एक आधुनिक सुविधा युक्त इमारत का निर्माण किया जाएगा जिसमें आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, यूपीडेस्को, सीईजी, यूपीएलसी व श्रीट्रॉन जैसी संस्थाओं से जुड़ी पीएमयू व अन्य संबंधित यूनिट्स के ऑफिस इस्टैबलिश किए जाएंगे। सीएम योगी के विजन अनुसार, इंटीग्रेटेड आईटी पार्क व इनक्यूबेशन सेंटर परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के सबसे बड़े इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक इकाइयों के प्रोत्साहन राशि एवं लेटर ऑफ कम्फर्ट वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया

# डबल इंजन सरकार ने असंभव को संभव करके दिखाया

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में अव्यवस्था, अराजकता और अपराध का माहौल था। क्योंकि पूर्ववर्ती सरकार की सोच संकीर्ण थी। उनके पास कोई विजन नहीं था। आज प्रदेश में कानून का राज है और निवेश का बेहतर माहौल है।

यही वजह है कि निवेश के मामले में उत्तर प्रदेश भारत का ड्रीम डेस्टिनेशन बन गया है। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिनके लिए उत्तर प्रदेश में निवेश के बारे में सोचना भी असंभव था। वो लोग देख लें हमारी सरकार ने असंभव को संभव करके दिखाया है। सीएम योगी ने कहा कि फरवरी 2023 में आयोजित हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपए से




ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। उसमें से 10 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से धरातल पर उतर चुके हैं।

सीएम योगी ने शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में 32 औद्योगिक इकाइयों को 1,333 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि का संवितरण एवं ₹4,884 करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश हेतु 11 औद्योगिक इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में आए दिन प्रदेश में दंगे होते थे। महीनों-महीनों कर्फ्यू लगा रहा था। जब प्रदेश में व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो पूंजी क्या सुरक्षित रहेगी। सीएम योगी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में यहां के नौजवानों के सामने पहचान का संकट था। वहीं आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आज उत्तर प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग की स्थित बेहतर हुई है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में 27 सेक्टोरियल पॉलिसी लागू हैं। इन पॉलिसी को बनाने के लिए हमने स्टेकहोल्डर्स से सुझाव लिए। उसमें शासन के दायरे में रहकर जो बिंदु जोड़े जा सकते थे उन्हें हमने जोड़ा।

सीएम योगी ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सरकार ने प्रदेश भर में 125 सीएम फेलो तैनात किए हैं, जो औद्योगिक विकास विभाग के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। अपराध, अपराधी और भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने निवेशकों से जो कमिटमेंट किया है, उन्हें धरातल पर उतारने में सरकार को कोई संकोच नहीं है। निवेशकों को सहूलियत देने के लिए शासन की नीति के अंतर्गत डबल इंजन की सरकार सारे बैरियर तोड़ेगी। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश भारत के विकास का बैरियर नहीं बल्कि पीएम मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए उत्तर प्रदेश भारत के विकास के ग्रोथ इंजन के रुप में कार्य कर रहा है। सीएम योगी ने कहा कि इंडस्ट्री और इंस्टीट्यूशन अगर आपस में जुड़ते हैं तो स्किल डेवलपमेंट का एक बेहतरीन प्लेटफार्म तैयार होता है।

**लेटर ऑफ कम्फर्ट प्राप्त करने वाले 11 औद्योगिक**

श्री सीमेंट नॉर्थ प्रा. लि., बालाजी वेफर्स प्रा. लि., बनासकांठा डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स लि., आरएसीएल गेयरटेक लि., आईटीसी लि., एबी मौरी इंडिया प्रा. लि., सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स प्रा. लि. प्लांट-3, गोरखपुर एशियन पेंट्स लि., अशोक लीलैंड, कजारिया सेरेमिक्स लि. और क्रीमी फूड्स लि.।

**प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने वाले औद्योगिक समूह**

ओमेक्स ऑटोज लि., अम्बुजा सीमेंट लि., जिंदल सॉल्यूशन लि., विसाका इंडस्ट्रीज लि., यूएएल उत्तर प्रदेश स्पर्श इंडस्ट्रीज प्रा. लि., सुयश पेपर मिल, मंगलम सीमेंट लि., पार्ले एग्रो प्रा. लि., वृंदावन एग्रो इंडस प्रा. लि., सीपी मिल्क प्रोडक्ट्स प्रा. लि., आरएलजे कॉनकास्ट प्रा. लि., बिरला कॉरपर्पोरेशन लि., अल्फा मिल्क फूड प्रोडक्ट्स प्रा. लि., महान मिल्क फूड प्रोडक्ट्स लि., वरुण बेवरेजेज लि., ईकोप्लस स्टील्स प्रा. लि., सैमसंग नोएडा, वरुण बेवरेजेज- हरदोई, श्री सीमेंट-बुलंदशहर, गैलेंट इस्पात लि.-गोरखपुर, आरसीसीपीएल- रायबरेली, पसवारा पेपर्स, स्पर्श इंडस्ट्रियल प्रा. लि.-कानपुर देहात, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स- नोएडा, श्री गंग इण्डस्ट्रीज एंड एलायड प्रोडक्ट्स, जेके सीमेंट, सैमक्रांग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक प्रा. लि., लावा इंटरनेशनल लि., के. एच. वाटेक इंडिया प्रा. लि., सैमसंग डिस्प्ले नोएडा प्रा. लि., एचसीएल आईटी सिटी, लखनऊ प्रा. लि.।

## गरीबी से जूझ रहे लोगों का मजाक है कांग्रेस की भारत डोजो यात्राः मायावती

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने ''भारत डोजो यात्रा'' को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा है कि यह गरीबी से जूझ रहे लोगों के साथ एक ''मजाक'' है और खेलों का राजनीतिकरण हानिकारक है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को अपने यूट्यूब चौनल पर एक वीडियो साझा किया जो इस साल की शुरुआत में निकाली गई 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समय का है। वीडियो में वह कई बच्चों के साथ मार्शल आर्ट की बारीकियां साझा करते नजर आ रहे हैं।उन्होंने कहा कि जल्द ही 'भारत डोजो यात्रा' शुरू होने जा रही है। मायावती ने इसको लेकर कांग्रेस पर सीधा निशाना साधते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पेट भरे लोगों के लिए डोजो और अन्य खेलकूद के महत्व से किसी को इनकार नहीं, लेकिन गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई और पिछड़ेपन आदि से त्रस्त जीवन से जूझ रहे उन करोड़ों परिवारों का क्या जो पेट पालने के लिए दिन रात कमर तोड़ मेहनत को मजबूर हैं। क्या भारत डोजो यात्रा उनका उपहास नहीं?'''डोजो' आमतौर पर मार्शल आर्ट के लिए एक प्रशिक्षण कक्ष या स्कूल को कहा जाता है। मायावती ने लिखा, ''केंद्र और राज्य सरकारें देश के करोड़ों गरीब और मेहनतकश लोगों को सही एवं सम्मानपूर्वक रोजी-



रोजी की व्यवस्था कर पाने में अपनी विफलता पर पर्दा डालने के लिए उनसे भूखे पेट भजन कराते रहना चाहती हैं, लेकिन विपक्षी कांग्रेस का भी वैसा ही जनविरोधी रवैया जनता को कैसे गंवारा संभव है?'उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने पोस्ट में लिखा, ''कांग्रेस और इनके 'इंडी' गठबंधन ने आरक्षण एवं संविधान बचाने के नाम पर एससी (अनुसूचित जाति), एसटी (अनुसूचित जनजाति) और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) का वोट लेकर अपनी ताकत तो बढ़ा ली, लेकिन अपना मतलब निकल जाने पर उनके भूख और तड़प को भुलाकर उनके प्रति यह क्रूर रवैया अपनाना क्या उचित है? खेल का राजनीतिकरण हानिकारक है जो अब और नहीं होने दिया जाएगा।

## नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को महिला प्रकोष्ठ की नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह का स्वागत किया गया। महिला कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए परिणीता सिंह ने कहा कि पार्टी के विस्तार में महिलाओं का योगदान अत्यंत आवश्यक है।

मनोनयन पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी और महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीषा अहलावत का आभार प्रकट करते हुए महिला कार्यकर्ताओं ने परिणीता सिंह का भव्य स्वागत किया। इससे पहले सभी ने कार्यालय पर स्थापित भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। स्वागत समारोह में प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी एवं प्रीति श्रीवास्तव, मंजू शुक्ला, आयशा खान, अनीता यादव, मंजू राय, अनुराधा सिंह, कुसुमलता, कल्पना पांडेय, लक्ष्मी मिश्रा, विभा छाबडा, माया देवी, गीता रावत, सीमा ठाकुर, लीला श्रीवास्तव, सरिता, कुसुम यादव, रजनी वर्मा, ममता गुप्ता, आरती जायसवाल व प्रीति कश्यप समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहीं।

## भाजपा के राज में मिलों तथा कारखानों में बंद ताले उद्योग के क्षेत्र पर गहरा कुठाराघात

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भाजपा के राज में मिलों तथा कारखानों में बंद ताले यूपी में उद्योग के क्षेत्र पर गहरा कुठाराघात है। उन्होनें कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के समय जो भी मिलें और कारखानों का शिलान्यास एवं उदघाटन हुआ था। बकौल प्रमोद तिवारी इन सभी मिलों व कारखानों में गैरकांग्रेसी भाजपा सरकार के चलते आज ताले लग गये हैं। कानपुर में लालइमली मिल को शुरू करने की भी भाजपा सरकार की घोषणा को उन्होनें जुमलेबाजी करार दिया।

विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने हिमांचल प्रदेश में दैवीय आपदा के बावजूद केन्द्र सरकार द्वारा मदद न किये जाने को भेदभावपूर्ण कहा। उन्होनें कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार हिमांचल प्रदेश में आर्थिक संकट को



इसलिए नजरअंदाज कर रही है कि वहां कांग्रेस की सरकार निर्वाचित हुई है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि इससे भाजपा का विपक्ष शासित राज्यों के प्रति मदद के क्षेत्र में भी घटियापन ही प्रदर्शित हो रहा है। कोलकाता में प्रशिक्षु डाक्टर के साथ रेप तथा हत्या के मामले में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने भाजपा को आड़े हाथों लिया है। उन्होनें कहा कि कोलकाता की इस दर्दनाक घटना की जांच सीबीआई कर रही है। उन्होनें कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में हो रही सीबीआई जांच विलम्बित है तो इसका जबाब देश को केन्द्र सरकार दे। उन्होनें कहा कि इस घटना के दोषियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा होनी चाहिए। वही उन्होने कहा कि भाजपा कोलकाता की इस घटना पर गैरजिम्मेदाराना राजनीतिकरण कर रही है। बतौर उदाहरण सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि महाराष्ट्र के बदलापुर तथा यूपी के फर्रूखाबाद एवं गाजियाबाद के साथ उत्तराखण्ड और हरियाणा में बर्बर महिला अत्याचार की घटनाओं पर आखिर भाजपा क्यों खामोशी ओढ़े हुए है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार मंहगाई तथा बेरोजगारी व भ्रष्टाचार से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए ही गैरभाजपा सरकारों पर अलोकतांत्रिक हमले कर रही है। उन्होनें केन्द्र से सवाल दागा कि वह लगातार रूपये के अवमूल्यन तथा चीन एवं पाकिस्तान के क्षेत्र में सीमा सुरक्षा को लेकर क्यों चुप्पी साधे है।

## अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री ने की केरल के राज्यपाल से भेंट



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने आज केरल राजभवन में शिष्टाचार भेट की। उन्होंने राज्यपाल को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समाज के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। भेंट के दौरान अल्पसंख्यक समाज के विकास संबंधित विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा हुई, पिछड़े पसमांदा समाज के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक उत्थान संबंधित विषय पर वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 से संबंधित मुद्दे, मदरसा शिक्षा को आधुनिक शिक्षा से और बेहतर तरीके से जोड़ने के मुद्दों तथा मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक सशक्त कर समाज के मुख्यधारा से जोड़ने जैसे मुद्दों पर राज्यपाल का मार्गदर्शन दानिश आजाद अंसारी ने लिया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने यूपी सरकार के द्वारा अल्पसंख्यक समाज के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों के प्रशंसा की, साथ ही मुस्लिम युवाओं और महिलाओं को शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए बल दिया।

## योगी के लाल टोपी काले कारनामे वाले बयान पर सपा मुखिया अखिलेश का पलटवार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री के लाल टोपी काले कारनामे के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि लाल और काले रंग को देखकर भड़कने के क्या-क्या कारण हो सकते हैं।

लाल रंग' मिलन का प्रतीक भी बताया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी के सपा की लाल टोपी, लेकिन कारनामे काले हैं बयान पर पलटवार करते हुए सोशल मीडिया पर काले और लाल रंग की विधिवत व्याख्या की है। उन्होंने लिखा कि जनता की संसद का प्रश्नकाल प्रश्न लाल और काले रंग को देखकर भड़कने के क्या-क्या कारण हो सकते हैं? दो-दो बिंदुओं में अंकित करें। उत्तर -रंगों का मन-मानस



और मनोविज्ञान से गहरा नाता होता है यदि कोई रंग किसी को विशेष रूप से प्रिय लगता है तो इसके विशेष मनोवैज्ञानिक कारण होते हैं और यदि किसी रंग को देखकर कोई भड़कता है तो उसके भी कुछ नकारात्मक मनोवैज्ञानिक कारण होते हैं। प्रश्नगत 'लाल' और 'काले' रंग के संदर्भ में क्रमवार, इसके कारण निम्नवत हो सकते हैंरू 'लाल रंग' मिलन का प्रतीक होता है। जिनके जीवन में प्रेम-मिलन, मेल-मिलाप का अभाव होता है वो अक्सर इस रंग के प्रति दुर्भावना रखते हैं। उन्होंने लिखा कि लाल रंग शक्ति का धारणीय रंग है, इसीलिए कई पूजनीय शक्तियों से इस रंग का सकारात्मक संबंध है लेकिन जिन्हें अपनी शक्ति ही सबसे बड़ी लगती है वो लाल रंग को चुनौती मानते हैं। इसी संदर्भ में ये मनोवैज्ञानिक-मिथक भी प्रचलित हो चला कि इसी कारण शक्तिशाली सांड भी लाल रंग देखकर भड़कता है।

सपा प्रमुख ने कहा कि काला रंग' भारतीय संदर्भों में विशेष रूप से सकारात्मक है जैसे बुरी नजर से बचाने के लिए घर-परिवार के बच्चों को लगाया जानेवाला 'काला' टीका और सुहाग के प्रतीक मंगलसूत्र में काले मोतियों का प्रयोग। जिनके जीवन में ममत्व या सौभाग्य तत्व का अभाव होता है, मनोवैज्ञानिक रूप से वो काले रंग के प्रति दुर्भावना पाल लेते हैं। उन्होंने आगे लिखा कि पश्चिम में काला रंग 'नकारात्मक शक्तियों और राजनीति का प्रतीक रहा जैसे तानाशाही फासीवादियों की काली टोपी। मानवता और सहृदयता विरोधी फासीवादी विचारधारा जब अन्य देशों में पहुँची तो उसके सिर पर भी काली टोपी ही रही।

नकारात्मकता और निराशा का रंग भी काला ही माना गया है अतरू जिनकी राजनीतिक सोच 'डर' और 'अविश्वास' जैसे काले-विचारों से फलती-फूलती है, वो इसे सिर पर लिए घूमते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने कहा कि सच तो ये है कि हर रंग प्रकृति से ही प्राप्त होता है और सकारात्मक लोग किसी भी रंग को नकारात्मक नहीं मानते हैं। रंगों के प्रति सकारात्मक विविधता की जगहय जो लोग नकारात्मक विघटन-विभाजन की दृष्टि रखते हैं, उनके प्रति भी बहुरंगी सद्भाव रखना चाहिए क्योंकि ये उनका नहीं, उनकी प्रभुत्ववादी एकरंगी संकीर्ण सोच का कुपरिणाम है।

## मझवा उपचुनाव से पहले सपा का बड़ा आरोप

**सांसद का दावा-मंत्री की रिश्तेदार हैं मिर्जापुर की डीएम**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बीते कुछ दिनों से लगातार समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा जा रहा है। दूसरी तरफसमाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी ट्वीट करके उत्तर प्रदेश सरकार पर पलटवार किया है।सियासी हलचल और बयान बाजी के बीच समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता और चंदौली से सांसद वीरेंद्र सिंह ने उपचुनाव में हेरफेर की आशंका जताते हुए सपा सांसद ने कहा , जिस प्रकार मिर्जापुर में बीएलओ के ट्रांसफर हुए हैं और जनपद की जिलाधिकारी मंत्री के करीबी रिश्तेदार हैं ,इसलिए मिर्जापुर के कार्यकर्ताओं ने आगामी उपचुनाव में निष्पक्ष चुनाव न होने की संभावना जताई है। हमारा राष्ट्रीय नेतृत्व चुनाव आयोग से मुलाकात भी कर रहा है और हम इसको लेकर पूरी तरह सतर्क हैं। मजबूती के साथ हम बीजेपी के धन बल और बाहुबल का सामना करेंगे।क्या 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा बसपा का गठबंधन संभव है? इस सवाल पर सपा सांसद ने कहा ,यह फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व का है, लेकिन मेरा मानना है कि 2024 लोकसभा चुनाव में जनता ने स्पष्ट कर दिया है कि हमें इंडिया गठबंधन के साथ ही आगे बढ़ना चाहिए यही हमारे एजेंडे को सूट करता है।समाजवादी पार्टी पीडीए और जाति जनगणना के नारे के साथ मजबूती से आगे बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बटोंगे तो कटोगे और सपा कांग्रेस में जिन्ना की आत्मा वाले बयान पर पटवार करते हुए सांसद ने कहा कि आज आम जनता महंगाई के विषय में सवाल कर रही है।

## श्रद्धालुओं को बुनियादी सुविधाओ पर खर्च होंगे 75 करोड़

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** नाथ नगरी बरेली में श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए पर्यटन विभाग के द्वारा 75 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न कार्य कराए जाएंगे। इसमें बुनियादी सुविधाएं शामिल होंगी। इस कार्य के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 25 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। पर्यटन विभाग का प्रयास है कि यहां आने वाले श्रद्धालु विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपी पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य है। बीते वर्ष 48 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने यहां के विश्व प्रसिद्ध धार्मिक-आध्यात्मिक, ईको सहित अन्य स्थलों का भ्रमण किया था।

पर्यटकों के लिए पर्यटन के अन्य आयाम धार्मिक-आध्यात्मिक, रूरल, एग्री, वाटर स्पोर्ट आदि पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रदेश में अत्याधुनिक अवस्थापना सुविधायें सृजित कर रही है। पर्यटन विभाग नाथ कॉरिडोर में 75 करोड़ रुपए से मढ़ीनाथ, तपेश्वर नाथ, पशुपति नाथ, अलखनाथ, धोपेश्वर नाथ, त्रिवटी नाथ, वनखंडी नाथ मंदिर व तुलसी मठ के परिसर में पर्यटक सुविधाएं मल्टीपर्पज हॉल, पेयजल सुविधा, बेंचेज, फसाड लाइटिंग, शौचालय सहित अन्य कार्य कराए जाएंगे। कांवड़ आश्रय स्थलों पर विश्रामालय, शौचालय और पेयजल सुविधा विकसित की



जाएगी। नाथ मंदिरों के प्रमुख मार्गो पर साइनेज, होर्डिंग आदि लगाई जाएगी।पर्यटन मंत्री ने बताया कि बरेली, नाथ नगरी के नाम से जानी जाती है। यहां हर दिशा में भगवान भोलेनाथ के मंदिर हैं।

मान्यता है कि ये शिवलिंग स्वयंभू प्रकट हुए हैं। सावन के महीने में मंदिरों में लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। मढ़ीनाथ, तपेश्वर नाथ, पशुपति नाथ, अलखनाथ, धोपेश्वर नाथ, त्रिवटी नाथ, वनखंडी नाथ मंदिर आदि मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। 2017 के बाद कोरोना कालखंड को छोड़कर यूपी में घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसमें कनेक्टिविटी एवं बेहतर कानून व्यवस्था का महत्वपूर्ण योगदान है।

## अस्पतालों का होगा सिक्योरिटी ऑडिट और बनेगा पास

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल रेप कांड के बाद अस्पतालों को लेकर यूपी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने निर्देश दिया है कि चिकित्सा संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में आवाजाही को ध्यान में रखते हुए सिक्योरिटी ऑडिट कराई जाए और प्रवेश पास भी बनाया जाएगा। यह सुनिश्चित कराया जाए कि सभी अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरे चालू हों और परिसर में लाइट की समुचित व्यवस्था हो। बड़े संस्थानों में किसी भी कोने में अंधेरा न रहे। माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल में घटित घटना के बाद सुरक्षा की दृष्टि से यह निर्देश दिया गया है। उन्होंने सिपाही भर्ती परीक्षा नकलविहीन कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने बुधवार को मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों की बैठक में कहा कि पुलिस और चिकित्सा संस्थान में बेहतर समन्वय होना चाहिए। किसी भी प्रकार की घटना घटित होने पर स्थानीय पुलिस कार्रवाई करे।

अस्पतालों में स्ट्रेचर व व्हीलचेयर्स की पर्याप्त उपलब्धता हो। उन्होंने कहा कि सिपाही भर्ती परीक्षा तीन दिनों में छह पालियों में अच्छी तरह से घटनामुक्त रही है। आगामी 30 व 31 अगस्त को होने वाली परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष, पारदर्शी व घटनामुक्त संपन्न कराया जाए।

उन्होंने कहा कि ट्रेजरी कक्ष के अंदर और बाहर सभी कैमरे 24 घंटों सातों दिन चालू हालात में रहें। ट्रेजरी कक्ष की सीसीटीवी निगरानी पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा की जा रही है। कैमरे किसी भी समय बंद न हो इसके लिए जनरेटर या इनवर्टर की व्यवस्था रहे। प्रश्नपत्रों की निकासी के समय जिलाधिकारी उपस्थित रहें, ताकि वही सेट निकले जो भर्ती बोर्ड द्वारा बताया गया है।

## मोहनलालगंज में पुलिस की कार्रवाई पर सपा ने उठाए सवाल, एसीपी को सौंपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मोहनलालगंज पुलिस की कार्रवाई पर सपा नेताओं ने सवाल उठाया है। आरोप है कि भाजपा के इशारे पर सपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ बदले की भावना से गुण्डा एक्ट की फर्जी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से पीड़ित परिवारों को मानसिक और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत के नेतृत्व में सपा नेताओं ने पुलिस उपायुक्त कार्यालय पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों के लिए न्याय की मांग की। शुक्रवार को सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत के नेतृत्व में सपा नेताओं ने सहायक पुलिस उपायुक्त, सर्किल मोहनलालगंज, रजनीश वर्मा के कार्यालय पर पहुंचकर एक लिखित पत्र सौंपा। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने पीड़ित परिवारों के लिए न्याय की मांग



की। इस मौके पर पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, बार एसोसिएशन के महामंत्री रामलखन यादव, राष्ट्रीय सचिव अधिवक्ता सभा श्रवण कुमार यादव, सहित अन्य वरिष्ठ सपा नेता भी उपस्थित थे।

सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत ने आरोप लगाया कि हाल ही में मोहनलालगंज पुलिस ने सुजीत यादव (ग्राम पदमिन खेडा), प्रदीप यादव (शंकर बक्श खेडा), और इमरान खान (सिसेण्डी) के खिलाफ फर्जी कार्रवाई की है। इसके अलावा, अरुण यादव, जो कि जिला पंचायत सदस्य हैं, उन्हें गुंडा एक्ट के तहत जिलाबदर कर दिया गया है। जबकि इन व्यक्तियों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है, और अरुण यादव को पहले भी फर्जी मुकदमे में फंसाकर गैंगस्टर की कार्रवाई के तहत जेल भेजा गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### फैक्टरी संचालकों पर धोखाधड़ी का मुकदमा

**लखनऊ।** इन्दिरानगर कोतवाली में व्यापारी ने स्टील फैक्टरी संचालक और उसके साथी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों ने पार्टनर बनाने और मुनाफे में हिस्सा देने का दावा कर व्यापारी से करीब 30 लाख रुपये लिए थे। जरहरा निवासी व्यापारी मनीष सोनी के मुताबिक वर्ष 2021 में उनकी मुलाकात भोपाल निवासी मदन गुप्ता से हुई थी। जो साधना स्टील फैक्टरी का संचालन करता है। मदन ने मनीष के साथ पार्टनरशिप का प्रस्ताव रखा। पूछने पर बताया कि फतेहपुर में दो खदानों का टेण्डर उसे मिला है। जिसके लिए रुपयों की जरूरत है। अगर मनीष रुपये लगाता है तो उसे पार्टनर बना कर मुनाफा दिया जाएगा। मदन के साथ पंजाब तरनतारण निवासी हरिवीर सिंह भी था। दोनों के बहकावे में आकर पीड़ित ने 30 लाख रुपये लगाए थे। मगर, उन्हें मुनाफे में हिस्सा नहीं दिया गया। पूछताछ करने पर आरोपी टाल मटोल करने लगे। जिससे परेशान होकर पीड़ित ने इन्दिरानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

### अज्ञात चोरों ने नकब्जानी लगाकर नगदी की पार

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में चोरों ने एक घर में पक्की दीवार में नकब्जानी लगाकर नगदी उठा ले गए। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। थाना क्षेत्र की ग्राम सभा कन्नी खेड़ा में गुरुवार की रात में नरेश पुत्र स्व लाला घर अज्ञात चोरों ने पीछे की दीवार काट कर भीतर घुसे चोरों ने एक कमरे में रखे बक्सों को खंगाल डाला और तो कुछ नहीं मिला लेकिन उसमें नगद रखे 20000 लेकर चोर फरार हो गए। सुबह इस घटना की जानकारी होने पर घर वालों ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करने के बाद वापस चली गई।

### हादसे का सबब बन रहा अंडरग्राउंड केबल का गड्ढा

**लखनऊ।** आलमबाग के नटखेड़ा में बिजली विभाग की लापरवाही से बिजली के खुले पैनल बॉक्स और अंडरग्राउंड के केबल के खुले हुए तार हादसों को दावत दे रहे हैं। बरसात के मौसम में करंट की चपेट में आने से यहां बड़ा हादसा हो सकता है। रविवार को आलमबाग नटखेड़ा में अंडरग्राउंड फॉल्ट आ गया था। बिजली विभाग ने 24 घंटें में फॉल्ट को पता करके सही कर दिया, लेकिन अंडरग्राउंड केबल को ठीक करने के लिए जो गड्ढा खोदा था उसे खुला छोड़ दिया। शुक्रवार को चार दिन हो गए लेकिन बिजली विभाग ने इस गड्ढे को बंद नहीं करवाया। ऐसे में बिजली विभाग की लापरवाही से बरसात के मौसम में इसकी चपेट में आकर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उपभोक्ता मनीष अरोड़ा ने बताया इसकी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन विभाग की तरफ से इसे कोई ठीक करने नहीं आया है। आलमबाग नटखेड़ा रोड चौराहे पर साल भर से ऊपर खुला हुआ बिजली का बॉक्स पड़ा है, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

### बिजली कनेक्शन काटने गए संविदाकर्मी को पीटा

**लखनऊ।** बिजली बिल बकाये पर कनेक्शन काटने पहुंचे संविदा कर्मी से मारपीट की। बंगला बाजार उपकेंद्र में गुरुवार को बकायेदार और संविदाकर्मी में मारपीट हो गई। सूचना मिलते ही जूनियर इंजीनियर मौके पर पहुंचे और संविदाकर्मी को छुड़वाया। पीड़ित संविदाकर्मी राम सिंह ने थाने में आरोपित रमेश सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आशियाना निवासी रमेश सिंह का 40 हजार बिल बकाया था। उपकेंद्र अधिकारी ने बताया कि संविदाकर्मी ने बिल जमा न करने पर उनके घर का कनेक्शन गुरुवार को काट दिया। कनेक्शन कटने के बाद उपभोक्ता शाम को करीब आठ बजे बंगला बाजार उपकेंद्र पर आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर संविदकर्मी रामसिंह की पिटाई कर दी। मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस को बुलानी पड़ी। संविदकर्मी ने बंगला बाजार पुलिस चौकी पर आरोपित रमेश सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

### जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षो में मारपीट,कई घायल

**लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र के बरवलिया गांव निवासी आकांक्षा बाजपेयी का अपने पड़ोसी प्रमोद शर्मा से जमीनी विवाद चल रहा है,जिसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है,जिसके बाद भी शुक्रवार को आकांक्षा बाजपेयी अपने परिवार के सदस्यो के साथ उक्त विवादित भूमि पर बनी प्रमोद शर्मा की बाउंड्री को जबरन गिरा दिया,जिसके बाद दोनो पक्षो की महिलाओ में गाली-गालौज से शुरू हुआ विवाद कुछ देर में मारपीट में बदल गया ओर दोनो पक्षो के दर्जन भर लोग लाठी डंडो से लैस होकर आमने सामने आ गये ओर जमकर मारपीट हुयी। मारपीट में एक पक्ष से आकांक्षा व उसकी बहन आशा व परिवार के अन्य सदस्य व दूसरे पक्ष के भी कई लोग घायल हो गये। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया दोनो पक्षो की तहरीर पर मारपीट समेत अन्य धाराओ में क्रास एनसीआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी गयी है।

### कोर्ट में वकील पर धारदार हथियार से हमला

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बहुखंडी बिल्डिंग के कोर्ट में एक युवक ने वकील पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसके बाद भीड़ ने युवक को पकड़ कर जमकर पीटा। मारपीट में युवक लहूलुहान हो गया। पुलिस ने आरोपी युवक को अस्पताल में भर्ती कराया है।वजीरगंज थाना पुलिस के मुताबिक कंट्रोल रूम की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। यहां वकील शुभम पांडे ने बताया कि सावेज कोर्ट में आया था। उसने एक पुराने मामले में सुलह का दबाव बनाया। विरोध पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसके चलते वहां मौजूद अधिवक्ताओं ने आरोपी को पकड़ लिया। दूसरी तरफ जांच में यह बात सामने आई है कि मौके पर मौजूद लोगों ने सावेज खान को जमकर पीटा है। जिससे उसके सिर में चोट आई है। पुलिस की क्यूआरटी ने उसको बलरामपुर अस्पताल भेजा है। पुलिस का कहना है कि वकील की तरफ से तहरीर मिली है। सावेज की तरफ से कोई शिकायत नहीं की गई है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लखनऊ हेतु 31.58 लाख रूपये मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत लखनऊ में सड़क निर्माण से संबंधित एक कार्य हेतु 31.58 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि जिलाधिकारी, लखनऊ के निवर्तन पर रखी गयी है।नियोजन विभाग ने इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार मंजूर की गयी धनराशि से विकास खण्ड मोहनलालगंज के अन्तर्गत रायबरेली रोड टोल प्लाजा के पास वाली नहर रोड पर पुरहिया अल्पिका से शीतला प्रसाद के ट्यूबवेल के सामने से व पूर्वी माता के मंदिर से होकर गाँव पुरहिया में बुक्के के पास सी सी रोड तक मार्ग का निर्माण कार्य कराया जायेगा। कार्य हेतु अनुमोदित लागत 63.17 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 31.59 लाख रूपये की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है।

### विमुक्त जाति दिवस का आयोजन

**लखनऊ।** प्रदेश के समाज कल्याण विभाग द्वारा 73वें विमुक्त जाति दिवस के अवसर पर कल 31 अगस्त गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन अपराह्न 1 बजे से 2:30 बजे तक किया जाना प्रस्तावित है। नरेंद्र कश्यप राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग्जन सशक्तिकरण विभाग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। निदेशक समाज कल्याण विभाग कुमार प्रशान्त ने दी। बताया कि कार्यक्रम में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण, अनुसुचित जाति एवं जनजाति कल्याण, असीम अरूण, राज्य मंत्री समाज कल्याण, अनुसुचित जाति एवं जनजाति संजीव कुमार गोंड भी उपस्थित रहेंगे।निदेशक, समाज कल्याण विभाग ने बताया कि इस अवसर पर विमुक्त एवं घुमन्तु जातियों से संबंधित सरकारी सेवाओं में चयनित अभ्यर्थियों, व्यापार एवं स्टॉटप के क्षेत्र में सफल एवं उत्कृष्ट उद्यमियों को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में विमुक्त जातियों से संबंधित विकास योजनाओं एवं महापुरूषों की चित्र प्रदर्शनी के अतिरिक्त विमुक्त समुदाय से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# लखनऊ नगर निगम के सदन में मचा हंगामा, आपस में ही भिड़ गए

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** शुक्रवार को नगर निगम में 2024-25 पहला सदन काफी हंगामेदार रहा। बीजेपी, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के पार्षदों ने जमकर एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए हंगामा किया। शहर में कूड़ा उठाने वाली कंपनी के कामकाज को लेकर बीजेपी के पार्षद दो धड़ों में बंट गए। बीजेपी पार्षदों ने आरोप लगाया कि बांग्लादेशियों से कंपनी डोर टू डोर कूड़ा उठवाने का काम कर रही है। वहीं शहर भर में बिना लाइसेंस के चल रहे रेस्टोरेंट और बार पर भी कार्रवाई करने लेकर सदन में हंगामा हुआ। शुक्रवार को नगर निगम में जैसे ही सदन की बैठक शुरू हुई। कांग्रेस और बीजेपी के पार्षदों के बीच जोर दार बहस होने लगी। कांग्रेस पार्षद मनीषा चौधरी ने आरोप लगाया कि बीजेपी के पार्षद उन्हें बोलने नहीं दे रहे हैं। इसको लेकर कांग्रेस पार्षद मेयर सुषमा खरकवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के पास तक पहुंच गईं। इसके बाद अन्य कांग्रेस पार्षदों ने भी अपनी साथी पार्षद के समर्थन में सदन में हंगामा किया। कांग्रेस पार्षद मुकेश चौहान ने कहा कि शहर की सड़कें खस्ताहाल हैं। पटेल नगर की ओर जाने वाली सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे हैं। उन्होंने सदन में गड्ढे भरी सड़कों के पोस्टर भी लहराए। वहीं लखनऊ में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली कंपनी रैमकी कंपनी के कामकाज पर बीजेपी पार्षदों ने सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि रैमकी कंपनी दोगुनी राशि लोगों से वसूल रही है। सिर्फ दो दिन ही कंपनी सफाई करने की बात कह रही है। ऐसे में इसकी जांच करवाई जाए।

वहीं कुछ पार्षदों ने कहा कि रैमकी कंपनी बांग्लादेशियों से सफाई करवाती है। यह सुन कुछ अन्य बीजेपी पार्षद अपने ही दल के पार्षदों से भिड़ गए। इसके बाद सदन में तह्ढ्स करवाने वाली कंपनी कर केस दर्ज करने की भी मांग की गई। पार्षदों ने नगर निगम के अफसरों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। वहीं मेयर सुषमा खर्कवाल ने सदन में कहा कि दिवाली से पहले हर वार्ड में 25-25 स्ट्रीट लाइट लगा दी जायेंगी।

# परीक्षार्थियों से ट्रेन-बसें फुल, आम यात्री बेहाल

**लखनऊ।** आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने आए अभ्यर्थियों का रेला शाम को चारबाग बस अड्डा और रेलवे स्टेशनों पर उमड़ा तो रूटीन और स्पेशल सभी ट्रेनें ठसाठस भर गईं। बसों में खिड़कियों के जरिए घुसकर सीटें कब्जाई गईं। इस दौरान ट्रेन और बस के आम यात्री भीड़ के आगे बेबस नजर आए। भीड़ के आगे जीआरपी और आरपीएफ की सख्ती भी नाकाम रही। चारबाग ही नहीं, लखनऊ जंक्शन, बादशाहनगर, ऐशबाग, सिटी, डालीगंज और गोमतीनगर स्टेशनों पर भी भीड़ रही। लखनऊ से गुजरने वाली 192 ट्रेनों में परीक्षार्थियों की आवाजाही देर रात तक रही। रेलवे प्रशासन की ओर से स्पेशल ट्रेनें चलाकर यात्रियों को राहत जरूर दी गई। कुंभ एक्सप्रेस, नीलांचल एक्सप्रेस, हिमगिरी एक्सप्रेस, त्रिवेणी, गंगा गोमती, लखनऊ प्रयागराज संगम, पंजाब मेल, सद्भावना, अयोध्या दिल्ली, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस समेत करीब सभी ट्रेनों में परीक्षार्थी काबिज रहे। दूसरी ओर चारबाग, आलमबाग, अवध, कैसरबाग बस अड्डों पर अभ्यर्थियों की भीड़ को क्षेत्रीय प्रबंधक की टीम अतिरिक्त बसें भेजकर कंट्रोल करती रही।

# बलरामपुर अस्पताल में छापेमारी पर दलालों में भगदड़

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** बलरामपुर अस्पताल में मेडिकल संबंधी जांचें जल्दी करवाने के नाम पर लोगों से वसूली चल रही है। मामले की शिकायत पर शुक्रवार को अस्पताल निदेशक, सीएमएस की टीम ने ओपीडी में छापेमारी की तो वसूली करने वाले दलाल भाग खड़े हुए।

इस दौरान टीम को पता चला कि निजी कंपनी के जरिए लगे सफाई कर्मचारी लोगों से जल्दी जांच करवाने के नाम पर वसूली करते हैं। बलरामपुर अस्पताल के अफसरों को दो दिन पहले एक पीड़ित ने शिकायत की कि उनसे मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने में होने वाली जांचों को जल्दी कराने के नाम पर एक कर्मचारी ने एक हजार रुपए ले लिए। पहले उसने 1500 रुपए मांगे थे, लेकिन वह जांच भी जल्दी नहीं करा सका। अगले दिन भी पीड़ित को टरकाता रहा। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने बलरामपुर के निदेशक से शिकायत की। पीड़ित की शिकायत देखते हुए शुक्रवार को ओपीडी में निरीक्षण कर निदेशक, सीएमएस और दूसरे डॉक्टरों और प्रभारियों की टीम ने छापेमारी की। अफसरों ने ओपीडी में खड़े सफाई कर्मचारियों से पूछताछ शुरू की तो वसूली करने वाले भाग खड़े हुए। इस दौरान पता चला कि कुछ सफाई कर्मचारी ओपीडी में उस काउंटर के पास खड़े रहते हैं, जहां मेडिकल जांच संबंधी शुल्क जमा होता है। वहीं सफाई कर्मी लोगों को जाल में फंसाते और आंख, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड समेत दूसरी जांचें जल्दी करवाने का भरोसा दिलाकर 1000 से 1500 रुपए तक वसूलते हैं। अफसर यह पता लगाने में लगे हैं कि सफाई कर्मचारियों के अलावा दूसरे विभाग के कर्मचारी भी इस गोरखधंधे में जुड़े हैं या नहीं। अफसरों का कहना है कि ऐसे आउटसोर्स कर्मचारियों को चिन्हित किया जा रहा है। इसमें लिप्त मिलने पर बर्खास्त किया जाएगा।

# लखनऊ से आज रवाना होंगे पेरिस पैरालंपिक में हिस्सा लेने के लिए दो जूडो

**लखनऊ।** पेरिस पैरालंपिक खेलों में भाग लेने वाले दो दृष्टबाधित जूडोका कपिल परमार व कोकिला के विदाई समारोह में आज इंडियन पैरा जूडो एकेडमी, हलवासिया कोर्ट, हजरतगंज में प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान और खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव शामिल हुए। मंत्रीगणों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए पदक जीतने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। यह टीम अवनीश कुमार अवस्थी चेयरमैन इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन के नेतृत्व में पेरिस पैरालंपिक के लिए कल 31 अगस्त को लखनऊ से रवाना होगी। यह खिलाड़ी इंडियन पैरा जूडो एकेडमी हलवासिया कोर्ट लखनऊ में मुनव्वर अंजार की देखरेख में अभ्यास कर रही है। पैरालंपिक में कपिल परमार 60 किग्रा जे-1 भारवर्ग में एवं कोकिला 48 किग्रा जे-2 भारवर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

# इंस्टाग्राम फ्रेंड ने होटल कर्मी को ब्लैकमेल कर वसूले रुपये

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** गोमतीनगर कोतवाली में होटल कर्मी ने इंस्टाग्राम फ्रेंड के खिलाफ ब्लैकमेल करने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी युवती ने वीडियो कॉल के जरिए सेक्सटार्शन करते हुए 75 हजार रुपये अपने खाते में जमा कराए। इसके बाद भी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपयों की मांग करती रही।

चिनहट निवासी 30 वर्षीय युवक गोमतीनगर के एक प्रतिष्ठित होटल में काम करता है। 25 अगस्त को इंस्टाग्राम सर्च करते हुए युवक को एक युवती की आईडी दिखी। जिसे युवक ने फॉलो कर लिया। कुछ देर बाद इनबॉक्स में एक व्हाट्सएप नम्बर आया। जिससे युवक की चैटिंग होने लगी। बातचीत के दौरान युवती ने वीडियो कॉल करने के लिए कहा। युवक ने वीडियो कॉल की तो युवती आपत्तिजनक हरकतें करने लगी। जिसे देख कर होटल कर्मी हड़बड़ा गया। उसने तुरंत कॉल काट दी। कुछ देर बाद युवती ने कॉल कर धमकाना शुरू कर दिया। पीड़ित के मुताबिक आरोपी ने उसे एक क्लिप भेजी। जिसमें युवती के साथ युवक भी नजर आ रहा था। होटल कर्मी ने इस क्लिप के बारे में मैसेज भेज कर युवती से बात की तो वह धमकी देते हुए रुपयों की मांग करने लगी। रुपये नहीं देने पर होटल कर्मी की वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी दी। इस पर पीड़ित ने 75 हजार रुपये बताए गए खाते में ट्रांसफर कर फुटेज डिलीट करने के लिए कहा। मगर, युवती और रुपये देने के बाद फुटेज डिलीट करने की बात पर अड़ गई। जिससे परेशान होकर होटल कर्मी ने गोमतीनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

# नर्स से दुष्कर्म कर बनाया आपत्तिजनक वीडियो

**ब्लैकमेल कर हड़पे रुपये व ज्वैलरी**

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** ठाकुरगंज थाने में केजीएमयू की नर्स ने किराए पर रहने वाले युवक के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। नर्स का आरोप है कि युवक ने लस्सी में नशीला पदार्थ मिलकर बेसुध हालत में उससे दुष्कर्म किया। इसी दौरान आरोपित ने उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। जिसके बाद आरोपित उसे ब्लैकमेल करने लगा।

वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर आरोपित ने उससे रुपये और ज्वैलरी हड़प ली है। फिलहाल, पुलिस ने युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय बताया कि मूलरुप से हरदोई जनपद की रहने वाली युवती (30) केजीएमयू (किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी) में संविदा पर नर्स है। युवती ने संडीला थाना अंतर्गत सिद्धार्थ नगर मोहल्ला निवासी शिवम सोनी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है।

लिखित शिकायत में युवती ने बताया कि वह ठाकुरगंज क्षेत्र में किराए के मकान में रहती है। उसी मकान में शिवम सोनी किराए पर रहता है। युवती का आरोप है कि करीब 10 माह पूर्व आरोपित ने उसे लस्सी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। लस्सी का सेवन करने पर वह बेसुध हो गई, जिसके बाद आरोपित ने उससे दुष्कर्म कर आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। आरोप है कि वीडियो के आधार पर शिवम जबरन उसका शोषण करने लगा। युवती का कहना है कि आरोपित ने उसे ब्लैकमेल कर रुपये व ज्वैलरी भी हड़प ली। नर्स ने बताया कि गत 27 अगस्त की दोपहर करीब 03 बजे शिवम मेडिकल कॉलेज आया और उसका मोबाइल व पर्स लेकर अपने कमरे में बुलाने लगा।

शिवम की करतूत से आहत होकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। जिसके बाद आक्रोशित परिजनों के साथ थाने पहुंची नर्स ने आरोपित के खिलाफलिखित शिकायत देते कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने शिवम सोनी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है। पुलिस आरोपित के मोबाइल की जांच कर रही है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आरोपित के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# पैगंबर मोहम्मद पर रामगिरि महराज की टिप्पणी को लेकर जेसीपी को सौंपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन की ओर से पैगंबर मोहम्मद साहब पर आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध किया गया है। टिप्पणी करने वाले रामगिरी महाराज के खिलाफ मुफ्ती इरफान मियां फ्रंगी महली और संगठन के अन्य लोगों ने जेसीपी लॉ एंड आर्डर अमित वर्मा से मुलाकात की। संगठन ने जेसीपी के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा। ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन (यूथ) के अध्यक्ष फैजान फ्रंगी महली ने कहा कि पैगम्बर मोहम्मद साहब पर टिप्पणी करना बहुत अफ्सोसनाक है। मुंबई में सत्संग के दौरान रामगिरी महाराज ने पैगंबर मोहम्मद साहब पर आपत्तिजनक टिप्पणी किया। पैगम्बर के लिए इस प्रकार के शब्दों का इस्तेमाल मानवता के खिलाफ है। टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रामगिरी महाराज की टिप्पणी से मुसलमान में आक्रोश है। फैजान ने कहा कि किसी व्यक्ति को ये अधिकार नहीं दूसरे के धर्म और पैगंबर के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करे। सभी धर्म के लोगों को चाहिए धार्मिक जनसभा में अपने धर्म पर चर्चा करें। दूसरे के धर्म पर अनावश्यक टिप्पणी करने से माहौल खराब होता है। भारत गंगा-जमुनी तहजीब के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। अपनी संस्कृति को कायम रखना सब की जिम्मेदारी है। पैगंबर मोहम्मद साहब के प्रति अपमानजनक शब्द किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। फैजान फ्रंगी महली ने बताय की जॉइंट पुलिस कमिश्नर लॉ एंड आर्डर से मुलाकात करके अपनी आपत्ति दर्ज करवाई है। जेसीपी के माध्यम से राष्ट्रपति और पीएम मोदी को ज्ञापन भेजा है। रामगिरी महाराज के द्वारा दिए गए भाषण से राष्ट्रपति और पीएम मोदी को अवगत कराने का प्रयास किया है।

# धर्म परिवर्तन के बाद दिया तीन तलाक

**नाम बदल कर शादी रचाई**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाले युवक ने अपना नाम बदलकर धर्म छिपाते हुये 14 साल पहले हिन्दू युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाकर धर्म परिर्वतन कराकर शादी कर लिया। जिसके बाद युवक ने प्रपत्रो में भी हिन्दू युवती नाम परिवर्तित कराकर नाजिया रख दिया। तीन साल पहले दूसरी महिला से निकाह करने के बाद पहली पत्नी की पिटाई कर घर से निकाल दिया। जिसके बाद से वो अपने मायके में भाई के पास रहने लगी। पीड़िता का आरोप है सात दिन पहले पति ने भाई के घर पहुंचकर उसकी बुरी तरह पिटाई कर तीन तलाक बोलकर तलाक दे दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम व मुस्लिम विवाह अधिनियम समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। निगोहां के एक गांव की रहने वाली युवती ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया 14 साल पहले उतरावा के डीह गांव का रहने वाले युवक ने अपना नाम बब्लू बताकर उससे दोस्ती कर प्रेमजाल में फंसा लिया ओर घर से भगा ले गये गया ओर शादी रचाकर कुछ दिन बाद वापस अपने घर ले आया।जिसके बाद युवती को पता चला पति बब्लू का असली नाम ताज मोहम्मद है। जिसके बाद ताज मोहम्मद ने जबरन उसका धर्म परिवर्तन कराकर उसका प्रपत्रो में नाम परिवर्तित कराकर नाजिया रख दिया। विरोध के बाद भी वो कुछ नही कर सकती थी तो चुपचाप प्रताड़ना बर्दाश्त कर पत्नी के रूप में ताज मोहम्मद के साथ रहने लगी। इस दौरान उसने एक बेटे व बेटी को भी जन्म दिया। जिसके बाद पति ताज मोहम्मद की प्रताड़ना आये दिन बढती गयी ओर दूसरी युवती से दिल लगा बैठा ओर 2021 में पति निकाह कर युवती को घर ले आया।जब उसने विरोध किया तो मारपीट कर घर से निकाल दिया।जिसके बाद वो मायके में अपने भाई के पास रहने चली गयी। पीड़िता ने बताया 24 अगस्त को ताज मोहम्मद उसके भाई के घर आ धमका ओर उसकी जमकर पिटाई करने के बाद तीन बार तलाक-तलाक बोलकर उसे तलाक दे दिया.शुक्रवार को पूरा मामला सोशल मीडिया ग्रुपो पर वायरल होने पर मोहनलालगंज सर्किल के एसीपी रजनीश वर्मा ने गम्भीरता से संज्ञान लेते हुये निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी को मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिये।जिसके बाद पुलिस ने आनन-फानन पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पर धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम,मुस्लिम महिला विवाह अधिनियम,प्रताड़ना समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी को हिरासत में लिया। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी ताज मोहम्मद पर मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुये हिरासत में ले लिया गया है।

# एल.पी.सी.पी.एस. में हुआ टेक महिंद्रा का मेगा जॉब फेस्ट

**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के फाउंडर चेयरमैन डॉ. एसपी सिंह (सांसद) के दिशानिर्देशन में गोमती नगर स्थित संस्थान में टेक महिंद्रा की तरफ से मेगा जॉब फेस्ट का आयोजन किया। विश्व में सेवा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी टेक महिंद्रा का यह उत्तर प्रदेश में अपनी तरह का पहला आयोजन है, जिसके लिए कंपनी ने लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के साथ अनुबंध किया है। जॉब फेस्ट में टेक महिंद्रा ने 250 के करीब अभ्यर्थियों का चयन किया है। चयनित अभ्यर्थियों को आगे की प्रक्रिया और ट्रेनिंग के लिए कंपनी के नोएडा स्थित ट्रेनिंग सेंटर पर रिपोर्ट करना होगा। कम्पनी ने चयनित अभ्यर्थियों को 2.20-4.50 लाख रुपये वार्षिक का पैकज ऑफर किया है। इस अवसर पर आये अभ्यर्थियों को सांसद डॉ. एसपी सिंह ने इंटरव्यू के लिए शुभकामनाएं दी।

# गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज की 80वीं व्यास पूजा को भकतों ने श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित कर एवं गुणगान कर मनाया

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** हर वर्ष की तरह इस बार भी परम पूज्य गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का आविर्भाव जन्म दिवस व्यास पूजा सम्पूर्ण विश्व सहित राधा रमण बिहारी मंदिर इस्कॉन लखनऊ में 30 अगस्त 2024 दिन शुक्रवार को अत्यंत श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया।उपाध्यक्ष भोक्ताराम ने बताया कि परम पूज्य गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का जन्म 14 अगस्त 1944 को अन्नदा एकादशी को एक बहुत ही संभ्रान्त, उच्च शिक्षित एवं धनी परिवार मे हुआ था, उनकी उच्च शिक्षा यूरोप मे हुयी और 1960 के दशक मे एम0बी0ए0 करने के बाद पेप्सीको, एशिया के सी0ई0ओ0 के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे।

उनका रुझान कृष्ण भक्ति की ओर हुआ और वह मांट्रियल के मन्दिर अध्यक्ष से कुछ सेवा मांगने गये तो उन्हें श्रील प्रभुपाद का कमरा साफ करने की सेवा दी गयी, उन्होंने वह सेवा इतनी सुन्दर तरीके से की, जिससे श्रील प्रभुपाद अत्यंत प्रसन्न हुए और उन्हें मिलने के लिए बुलाया, इस तरह गुरू महाराज की श्रील प्रभुपाद से पहली भेंट 13 मई 1968 को हुई द्य श्रील प्रभुपाद ने उन्हें कृष्ण भक्ति उत्साहपूर्वक करने के लिए प्रेरित किया। 27 मई 1969 को गुरू महाराज कि दीक्षा हुई महाराज को उनके भौतिक नाम के अनुरूप दीक्षित नाम गोपाल कृष्ण दास दिया गया। गुरू महाराज की अपने गुरू श्रील प्रभुपाद के प्रति ऐसी शरणागति थी कि वह अपना सम्पूर्ण वेतन लेकर श्रील प्रभुपाद के चरणों मे रख देते थे। प्रभुपाद उनकी पत्नी को बुलाकर उन्हें घर खर्चा के पैसे दिया करते थे।

गुरू महाराज की निरंतर सेवाओं से प्रसन्न होकर श्रील प्रभुपाद जी ने उन्हें 1975 मे भारत भेजा और मुख्य रूप से पुस्तक वितरण पर अपना ध्यान केंद्रित रखते हुए प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

गुरू महाराज को 1976 मे रूस मे प्रचार के लिए भेजा गया, जहाँ उन्हें अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा परन्तु उनकी गुरू के प्रति शरणागति और इच्छाशक्ति के कारण आज विश्व में सर्वाधिक भक्त रूस मे ही हैं द्य 1981 मे गुरू महाराज ने सन्यास ग्रहण किया और 1982 मे जी0बी0सी0 जनरल बॉडी काउंसिल द्वारा उन्हें दीक्षा गुरू के रूप मे नियुक्त किया गया और तबसे वह निरंतर अपनी सेवाएं देते रहे और 05 मई 2024 को इस नश्वर संसार से गोलोक धाम को प्रस्थान कर गए।

गोपाल कृष्ण गोस्वामी के आविर्भाव दिवस पर इस्कॉन परिवार, लखनऊ द्वारा राधा रमण बिहारी मंदिर मे श्रद्धांजलि अर्पित की गयी एवं भक्तों ने दोपहर 12 बजे तक उपवास रखा तत्पचात एकादशी प्रसाद ग्रहण किया।

# अरूण यादव के घर पहुंचकर पुलिस ने जिलाबदर किये जाने की करायी मुनादी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लाउडस्पीकर पर मुनादी कर मोहनलालगंज पुलिस का जिला बदर अपराधी की सूचना ग्रामीणो को देना शुक्रवार को चर्चा का विषय बना रहा,पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपराधियों पर नकेल कसने के लिये ओर कड़ी कार्यवाही का संदेश देने के लिये मोहनलालगंज पुलिस ने जिला बदर अपराधी अरूण यादव के मानखेड़ा गांव स्थित घर पहुंचकर लाउडस्पीकर पर मुनादी कर ग्रामीणो को जहा एक ओर सचेत किया तो वही छरू माह की जिला बदर अवधि तक जनपद में दिखाई देने पर कड़ी कार्यवाही किये जाने की चेतावनी भी दी।

मोहनलालगंज के कनकहा मजरा मानखेड़ा निवासी शातिर अपराधी व एसटीएफ टीम पर जानलेवा हमले के आरोपी व डीडीसी अरूण यादव को संगीन अपराधियो गतिविधियों में संलिप्त होने के चलते बीते बुद्ववार को लखनऊ पुलिस ने छः माह के लिये जिला बदर किया था। अपराधियों पर नकेल कसने के लिये ओर जनता को अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही का मैसेज देने के लिये शुक्रवार को कनकहा चौकी इंचार्ज ने पुलिस टीम के साथ जिला बदर अपराधी अरूण यादव के गांव पहुंचकर लाउडस्पीकर से मुनादी कर जिलाबदर किये जाने की जानकारी देते हुये घर के बाहर नोटिस चस्पा कर उक्त अवधि में जनपद में दिखाई देने पर कड़ी कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी।

# सीज की गई बालू के ढेर में मिली संदिग्धावस्था में बंद बोरिया

लोक मित्र संवाद



**बीघापुर उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव शिवगंज में लाल कुआं उचगांव मार्ग के किनारे सीज की गई बालू के ढेरों के अंदर प्लास्टिक की बोरियों में संदिग्ध रूप से दबा होना ग्रामीणों द्वारा देखे जाने पर तरह-तरह की चर्चाए होने लगी। विस्फोटक पदार्थ होने की चर्चा से हड़कंप मचा रहा। सूचना पर पहुंचे वरिष्ठ उप निरीक्षक बारा मानिक राम वर्मा ने सीमा क्षेत्र बीघापुर का बताते हुए बीघापुर पुलिस को सूचना दी । बीघापुर पुलिस के उप निरीक्षक आर पी द्विवेदी तथा फायर सर्विस के प्रभारी अरुण त्रिपाठी द्वारा विस्फोटक डिफ्यूज में असमर्थता जताते हुए हाथ खींच लिए जाने से घंटो उहापोह की स्थिति बनी रही। अधिकारियों की परीक्षा ड्यूटी के वापस लौटने के बाद एसओ ने भारी मात्रा में पैकटों के अंदर आतिशबाजी बरामद की ।तब जाकर आसपास रहने वालों ने राहत की सांस ली।

शिवगंज में उन्नाव लाल कुआं मार्ग के किनारे लगभग 5 वर्ष पूर्व सीज की गई लगभग 25 डंपर बालू में सुबह खेतों पर काम करने गए लोगों ने बोरियों में कुछ सामान दबे होने से तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी। रोड के किनारे ही कई आतिशबाज के मकान होने के चलते लोगों में बारूद छुपाए जाने की चर्चायें होती रही ।सूचना पर पहुंची बीघापुर पुलिस व फायर सर्विस कर्मियों ने विस्फोटक निकालना में यांत्रिक अर्चन बताते हुए हाँथ खड़े कर दिए । परीक्षा ड्यूटी से 7ः00 बजे लौटे थाना अध्यक्ष राजपाल ,सिपाही नरेंद्र ने बालू के अंदर छुपाई गई 12 बोरियों को बाहर निकाला जिसमें सुतली बम व आतिशबाजी बरामद की जिसे तहसीलदार अर्सला नाज की मजूदगी में जेसीबी से गड्ढा खोदकर उसमे पानी डालकर नस्ट किया गया और गड्ढा बंद कर दिया गया।

# करीब 15 दिन पूर्व कोतवाली देहात क्षेत्र में हुई किशोरी की हत्या की घटना का सफल अनावरण

» हत्यारोपी चाचा ने भतीजी की बदनीयती में असफल रहने पर की थी हत्या

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** थाना कोतवाली देहात पुलिस, जनपदीय इंटेलिजेंस विंग तथा सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में हत्यारोपी चाचा गिरफ्तार, बदनीयती में असफल रहने पर की थी भतीजी की हत्या, अभियुक्त की निशादेही पर हत्या में प्रयुक्त कैंची बरामद। 15 अगस्त को वादी जितेन्द्र कुमार पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम गदनपुर थाना कोतवाली देहात जनपद एटा द्वारा थाना कोतवाली देहात पर इस आशय की सूचना दी गई कि वह गुरुग्राम स्थित सिग्या कंपनी में प्राइवेट नौकरी करता है। गॉव में उसकी पत्नी श्रीमती नीरज देवी व बेटी रौनक उर्फ मोनू उम्र करीब 18 वर्ष रहतीं हैं, वादी की पत्नी अकराबाद सीएचसी अलीगढ में संविदा पर एएनएम की नौकरी करती है। जो सुबह 08.00 बजे अलीगढ़ जाती है तथा शाम को 5-6 बजे तक घर आ जाती है, इस बीच वादी की पुत्री रौनक घर में अकेली रहती है। 14 अगस्त को शाम समय करीब 3.00-3.30 बजे वादी का चचेरा भाई गुड्डु पुत्र राजेन्द्र सिंह जब वादी के घर गया तो उसने रौनक को तखत पर मृत अवस्था में पाया उसने घबराकर अन्य परिवार वालों को सूचना दी तब जाकर परिवार वालों ने देखा तो उसके गले में काफी गहरे दो चोट के निशान थे वादी को पूर्ण आशंका है कि उसकी पुत्री रौनक उर्फ मोनू की हत्या किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा की गई है। इस सूचना पर थाना कोतवाली देहात पर बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। 30 अगस्त को थाना कोतवाली देहात पुलिस, जनपदीय इंटेलीजेंस विंग तथा सर्विलांस सेल टीम द्वारा विवेचना से प्रकाश में आए अभियुक्त जावेन्द्र उर्फ गुड्डु को मुखबिर की सूचना पर बावसा चैराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की निशादेही पर नहर के किनारे झाड़ी से हत्या में प्रयुक्त कैंची को बरामद किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इलेक्ट्रानिक सर्विलांस की मदद से अभियुक्त जावेन्द्र उर्फ गुड्डु की लोकेशन घटना वाले दिन बरवक्त घटना, घटना से पूर्व तथा घटना के पश्चात आरोपी की लोकेशन घटनास्थल के आसपास पाई गई। घटना वाले दिन स्थानीय लोगों द्वारा भी अभियुक्त जावेन्द्र उर्फ गुड्डु की गतिविधि को संदिग्ध बताया गया। अभियुक्त नोएडा में ऑटो चलाने का काम करता है, जिसकी शादी पिछले वर्ष माह दिसम्बर में हुई थी तथा अपनी पत्नी पर शक करने के कारण शादी के दो माह बाद ही वैचारिक मतभेद के चलते पति - पत्नी दोनों में विवाद होने पर अभियुक्त ने अपनी पत्नी का दो बार गला दबाया था, जब पहली बार गला दबाया था तब 10 मिनट बाद उसे होश आया था। जिससे वह नाराज होकर अपने मायके चली गयी थी तथा तब से वह अब तक अपने मायके में ही रह रही है। इस बात की पुष्टि आरोपी की पत्नी द्वारा की गई है। अभियुक्त अकेले ही कभी नोएडा तो कभी गाँव गदनपुर में रहता है। नोएडा में उसके एक महिला से मधुर सम्बन्ध थे साथ ही अभियुक्त पोर्न फिल्म देखने का आदी है। गाँव गदनपुर के ही एक युवक से मृतका की दोस्ती होने तथा दोनों के आपस में चैटिंग करने की बात अभियुक्त को पता चलने पर उसके मन में मृतका के लिए गलत विचार आने लगे तभी से वह मृतका से मिलने के लिए समय तलाश करने लगा। 05 अगस्त को जब अभियुक्त गाँव में था तो वह मृतका के घर गया था। जहाँ मृतका की माँ व मृतका दोनों के होने पर वह मृतका से अकेले में बात नहीं कर पाया और वापस नोएडा चला गया। 13 अगस्त को अभियुक्त पुनः अपने गाँव गदनपुर आया जहाँ उसे यह जानकारी थी कि मृतका का पिता गुड़गाँव में किसी कम्पनी में काम करता है तथा मृतका की माँ सुबह 08.00 बजे अकराबाद स्थित एएचसी चली जाती है। साथ ही मृतका स्कूल से आने पर किसी अपरचित के लिए दरवाजा नहीं खोलती।

## जालसाजी कर उड़ाये 44500 रुपये, दी तहरीर

**अलीगंज/एटा।** थाना अलीगंज क्षेत्र में युवक के साथ की जालसाजी। बैंक कमी बताकर हड़पे 44500 रुपये। पीड़ित ने थाना अलीगंज में प्रार्थना पत्र कराया दर्ज। थाना जसरथपुर के नगला बलू निवासी सोनेलाल पुत्र बालक राम ने थाना अलीगंज पर प्रार्थना पत्र देकर मामला दर्ज कर बताया कि शुक्रवार को दोपहर 2ः00 के करीब मैं अपने भतीजे मंजेश के साथ गेहूं बेचकर 44500 रुपए जमा करने के लिए स्टेट बैंक में ब्रांच मे गया था। जहां दो अज्ञात लोग मिले और अपने आप को स्टेट बैंक का स्टाफ बताकर रुपए जल्दी जमा करने के लिए कहने लगे कि आप परेशान ना हो मैं आपके एटीएम के माध्यम से जल्दी रुपए जमा करा दूंगा। उक्त पीड़ित जालसाजों के झांसे में आ गया और रुपए जमा करने के लिए दे दिए। कुछ समय बाद रसीद निकालने की कहकर वह वहां से चंपत हो गए। काफी समय देखने के बाद जब दोनों लोग नहीं आए तो बैंक के मैनेजर से बात की तो मैनेजर ने सीसीटीवी कैमरा देखकर बताया कि हमारा स्टाफ नहीं है। थाना अलीगंज पुलिस द्वारा प्रार्थना पत्र की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# परिचालक का बैग लेकर फरार आरोपी पुलिस हिरासत में

लोकमित्र ब्यूरो



**अलीगंज/एटा।** थाना अलीगंज पुलिस ने दिल्ली से सण्डीला जा रही बुद्ध विहार डिपो बस के परिचालक के बैग को लेकर फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है अन्य फरार दो अभियुक्तों की तलाश जा रही है।

थाना क्वार्सी अलीगढ के किशनपुर रामघाट रोड निवासी बुद्ध विहार डिपो परिचालक विनोद कुमार पुत्र राजकुमार नें थाना अलीगंज मे प्रार्थना पत्र देकर मामला दर्ज कराते हुए बताया कि बस दिल्ली से सण्डीला जा रही थी तभी बस जब सिम्हौर ढाबा पर आकर रुकी तो एक व्यक्ति बस में चढ़ा और मेरी सीट में रखा हुआ मेरा बैग जिसमे लगभग 35 हजार रूपये रखे लेकर चला गया। सवारियो ने शोर मचाकर मुझे बताया कि एक व्यक्ति मेरा बैग लेकर चला गया है जब तक मैं नीचे उतरा तो वह व्यक्ति नीचे खड़ी मोटरसाईकिल जिस पर दो लड़के बैठे थे उनके साथ बाईक पर बैठकर भाग गया।

होटल पर लोगों से पता किया तो जो व्यक्ति बैग लेकर भागा था उसका नाम विशाल पुत्र रामअवतार निवासी नगला विरेया असदुल्लापुर थाना अलीगंज बताया। थाना अलीगंज पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तहरीर के आधार पर थाना अलीगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक अवधेश दुबे ने मय बल के साथ ईदगाह रोड अलीगंज के पास से उक्त प्रकरण के आरोपी विशाल पुत्र रामअवतार निवासी नगला विरेया असदुल्लापुर थाना अलीगंज को नगद 5 हजार रूपये सहित गिरफ्तार किया है। वही फरार चल रहे दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किया जा रहे हैं।

# आगरा में दर्दनाक हादसा, युवा सराफा कारोबारी की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** आगरा के एमजी रोड पर तेज रफ्तार कार ने युवा सराफा कारोबारी की जान ले ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। कारोबारी की मौत की खबर मिलते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया।



आगरा के एमजी रोड स्थित स्पीड कलर लैब के पास बृहस्पतिवार रात को तेज रफ्तार एक गाड़ी ने स्कूटर से घर लौट रहे युवा कारोबारी की स्कूटर में टक्कर मार दी। हादसे में घायल कारोबारी की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

पुष्प एनक्लेव लोहा मंडी निवासी सौरभ चोपड़ा बड़ा बाजार में जेवरात की फर्म चलाते थे। परिवार के लोगों ने बताया कि रात तकरीबन 10 बजे अपने दोस्त को भगवान टॉकीज पर छोड़कर घर लौट रहे थे स्पीड कलर लैब कट के सामने जैसे ही उन्होंने स्कूटर को टर्न किया, तभी हरीपर्वत की तरफ से आई तेज रफ्तार एक गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए ले जाते समय मृत्यु हो गई। युवा कारोबारी की मौत से जहां बाजार में शोक दौड़ गया, वहीं परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक कारोबारी की दो बेटियां हैं।

# वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त एक्शन प्लान के अनुसार माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / जनपद न्यायाधीश, एटा के निर्देशानुसार एवं कमालुद्दीन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एंव सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा द्वारा शुक्रवार को वृद्धाश्रम कासगंज रोड, एटा विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया। सचिव द्वारा उपस्थित समस्त वृद्धजनों की समस्याओं के समाधान हेतु उपलब्ध तंत्र एवं विभिन्न संस्थाओं एवं भारतीय दण्ड सहिता 1860, देहज प्रतिषेध अधिनियम 1961, घरेलू हिंसा निवारण अधिनियम-2005 इत्यादि के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी है। इस अवसर पर पराविधिक स्वयं सेवकगण रिचा यादव द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित योजनाओं के



बारे में जानकारी दी गयी। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के द्वारा वृद्धजनों के अधिकारों से सम्बन्धित कानून तथा उनसे सम्बन्धित शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी।

इसी क्रम में गरिमा आर्य, अपर सिविल जज (जू0डि0), एटा ने भी वृद्धजनों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में उन्हें अवगत कराया व उन्हें विधिक जानकारी प्रदान की। इसी क्रम में कमालुद्दीन, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा द्वारा वृद्धाश्रम से सम्बन्धित समस्त रजिस्टर व आगन्तुक पुस्तिका तथा वहाँ की साफ-सफाई, वृद्धजनों के स्वास्थ्य के बारे में तथा उनको दिये जाने वाले खान-पान के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

इस अवसर पर सचिन कुमार, अपर सिविल जज (जू0डि0), एटा एवं योगेश कुमार सक्सेना मीडियेटर/अधिवक्ता, राजकिशोर पराविधिक स्वयं सेवक एवं वृद्धाश्रम के कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# आयुष आपके द्वार के अंर्तगत निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं योग शिविर का आयोजन




लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** नगर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय जलेसर के तत्वाधान में शुक्रवार को निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं योग शिविर का आयोजन मोहल्ला हतौड़ा स्थित रूपेश स्मारक बालिका इंटर कॉलेज मे किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ अनुज कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित शिविर में ए एम ओ डॉ शबनम राजपूत द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर बदलते मौसम के अनुसार अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने व आयुर्वेद के अनुसार दिनचर्या,आहार विहार आदि अपने प्रतिदिन के जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। योग प्रशिक्षक अनिल कुशवाह द्वारा रोगानुसार योग का प्रशिक्षण दिया गया। वृक्षासन, त्रिकोणासन, स्कंदचक्र, तड़ासन, भ्रामरी, प्राणायाम आदि का योगाभ्यास कराये गये तथा प्रतिदिन योग करने को प्रेरित किया। शिविर में योग सहायक सचिन कुमार, भृत्य राजकुमार, प्रधानाचार्या आराधना शर्मा, शरद सिंह, विजय लक्ष्मी, ऊषा शास्त्री, भुवतेश, रानी, प्राची, कासिफा, बबली, इफरा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# जीएलबीआईएमआर में महिलाओं के खिलाफ अपराध

» कारण और रोकथाम पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** जीएलबीआईएमआर की महिला प्रकोष्ठ के द्वारा महिलाओं के खिलाफ अपराध कारण और रोकथाम पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति और विषय की विशेषज्ञ डीएसपी, सीडीटीआई (बीपीआरडी) शीला चौधरी ने भाग लिया और अपराध के कारणों और उनके रोकथाम पर छात्राओं को जागरूक किया। सत्र की शुरुआत कॉलेज की निदेशक डॉश्र सपना राकेश के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने महिलाओं के रूप में अपने अधिकारों को जानने और हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। पुलिस उपाधीक्षक शीला चौधरी ने नए आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता पर छात्रों से चर्चा की उन्होंने विशेष रूप से धारा 63 के अध्याय 5 और धारा 64 पर जोर दिया और विभिन्न न्यायपालिकाओं के कार्य को परिभाषित किया।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि ये धाराएं सत्ता और विश्वास के पदों पर बैठे लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई के प्रावधान प्रदान करती हैं। उन्होंने साइबर अपराध, अप्राकृतिक अपराध, पोर्नोग्राफी और बदमाशी से संबंधित आईटी अधिनियम 67 ए और बी पर भी प्रकाश डाला, ताकि छात्रों में सोशल मीडिया के पक्ष और विपक्ष के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके। उन्होंने हेल्पलाइन 112 पर डायल करके नागरिकों को आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली के बारे में भी बताया। संस्थान के सीईओ कार्तिकेय अग्रवाल ने छात्रों से कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना और एक मजबूत संदेश देना है कि इस तरह के अपराध बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। हम सभी की जिम्मेदारी हैं की ऐसी अपराधों पर अंकुश लगाने में पुलिस की सहायता करें और महिलाओं का सम्मान करें।

# निहालगढ़ रेलवे स्टेशन का नाम बदलना: क्षेत्रीय लोगों पर गहरी चोट

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** निहालगढ़ रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर बिजली पासी करना क्षेत्र की जनता की भावनाओं के साथ एक गंभीर खिलवाड़ के रूप में देखा जा रहा है। यह कदम न केवल क्षेत्र के समृद्धशाली इतिहास को नजरअंदाज करता है, बल्कि जनता की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर के प्रति संवेदनहीनता भी दर्शाता है।

जगदीशपुर क्षेत्र का ऐतिहासिक महत्व सदियों पुराना है। यहां एक प्रतापी हिन्दू राजा मलिक पाल का शासन था, जिनके दो पुत्र निहालचंद और गुलाबचंद थे। निहालचंद के नाम पर निहालगढ़ और गुलाबचंद के नाम पर गुलाबगंज की स्थापना की गई। निहालगढ़ क्षेत्र की जनता के लिए यह नाम उनके गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। यह स्थान यहां के लोगों को उनके पुरखों की विरासत और संस्कृति की याद दिलाता है, जो आज भी उनकी रगों में बह रही है। जगदीशपुर का नाम भी राजा मलिक पाल के गुरु, जगदीश पांडे, के नाम पर पड़ा। जगदीश पांडे की समाधि आज भी जगदीशपुर गांव के पश्चिम में एक सुंदर मंदिर के रूप में विद्यमान है, और यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र बना हुआ है। यहां की ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहर का सम्मान इतना गहरा है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी भी इस स्थान पर माथा टेकने आया करते थे। निहालगढ़ रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर बिजली पासी करना कई लोगों के लिए एक अप्रत्याशित और अस्वीकार्य कदम साबित हो रहा है। लोगों का मानना है कि यह परिवर्तन कुंठित मानसिकता और राजनीतिक लाभ के लिए किया गया है, जो क्षेत्रीय जनता की भावनाओं के प्रति अनादर का प्रतीक है। इस नाम परिवर्तन ने जनता में गहरी नाराजगी और आक्रोश पैदा कर दिया है।

# सूचना का अधिकार कानून बना मखौल, दबाब बनाने को कराया मुकदमा दर्ज

## भ्रामक सूचना देने पर मुख्य सूचना आयुक्त से लगायी गुहार

लोकमित्र ब्यूरो




**जलेसर/एटा।** सरकारी कामकाज में परिदर्शिता लाने की बाबत केन्द्र की पूर्ववर्ती मनमोहन सिंह सरकार द्वारा बनाया गया सूचना के अधिकार अधिनियम-2005 वर्तमान में महज मखौल बनकर रह गया है। तीन महीने से अधिक का समय बीत जाने के बाबजूद जलेसर चकबन्दी अधिकारी द्वारा पीड़ित को बांछित सूचनाएं नही दी गयी हैं। चकबन्दी अधिकारी द्वारा अपूर्ण एवं भ्रामक सूचनाएं भेजे जाने पर पीड़ित द्वारा की गई शिकायत से कुपित होकर आवेदक के विरुद्ध मुक़द्दमा दर्ज करा दिया गया है। पीड़ित ने मुख्य सूचना आयुक्त राज्य सूचना आयोग लखनऊ को पत्र भेजकर बांछित सूचनाए उपलब्ध कराये जाने गुहार लगायी है। क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी प्रमोद लोधी पुत्र राजवीर सिंह ने बताया कि गत 25 मई 2024 को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत चकबंदी अधिकारी जलेसर से चार बिन्दुओं पर सूचनाएं मांगी थी। जिसमे ग्राम गोपालपुर में चकबंदी प्रक्रिया कराने हेतु कुल कितने अभिलेख बनाये गये हैं, ग्राम गोपालपुर में चकबंदी प्रक्रिया कराने हेतु चकबंदी की बैठक किस-किस दिनांक को कराई गयी, ग्राम गोपालपुर में बैठक कर चकबंदी प्रक्रिया में कृषकों द्वारा विरोध के बाद चकबंदी अधिनियम की धारा 6(1) के प्रपत्र कृषकों को वितरण के बाद अपने-अपने मत कितने विरोध में व कितने चकबंदी कराने के पक्ष में मिले सभी प्रपत्रों की प्रमाणित छायाप्रतियाँ उपलब्ध कराने तथा ग्राम गोपालपुर में बैठक कर चकबंदी की धारा (1 ) के प्रपत्र किस दिनांक को वितरण कराए गये या कृषकों के घर-घर जा कर अथवा कृषकों को चकबंदी कार्यालय में बुला कर वितरण किये गये व् किस दिनांक को प्रपत्र वापस किये गये कृषकों द्वारा दी गयी लिखित को प्रमाणित प्रतिलिपियाँ मांगी गई थी।आवेदक के अनुसार 25 मई 2024 को मांगी गई सूचनाओं के सन्दर्भ में 25 जून 2024 को राजपाल सिंह लेखपाल ने एक पेज की लिखित सूचना उपलब्ध कराई जो कि पूरी तरह से गलत व् भ्रामक थी। शिकायत करने पर लेखपाल जयवीर द्वारा उल्टा दबाब बनाने की खातिर आवेदक प्रमोद लोधी के विरुद्ध झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। आवेदक ने प्रथम अपील 30 जून 2024 को प्रथम अपीलीय अधिकारी बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी एटा के कार्यालय में दी थी। मगर उसे रिसीव नहीं किया गया। जिस पर पीड़ित ने 11 जुलाई 2024 को डाक रजिस्ट्री कर प्रथम अपील भेजी थी। जिसकी सुनवाई प्रथम अपीलीय अधिकारी ने 27 जुलाई 2024 को की थी।सुनवाई के दौरान प्रथम अपीलीय अधिकारी ने चकबंदी अधिकारी को मांगी गयी सूचनाएं आवेदक को उपलब्ध कराने को कहा गया था। मगर एक माह से अधिक का समय बीत जाने के बाबजूद चकबन्दी अधिकारी द्वारा मांगी गयी सूचनाये अभी तक उपलब्ध नहीं कराई गयी हैं। वही एएसडीएम /प्रभारी बन्दोवस्त अधिकारी एटा वेदप्रिय आर्य ने बताया कि उनके पास काफी शिकायते आती हैं। यदि चकबंदी अधिकारी जलेसर द्वारा आवेदक को सही सूचनाएं नही दी गयी हैं तो अधिनियम के नियमानुसार आवेदक को मुख्य सूचना आयुक्त राज्य सूचना आयोग लखनऊ को द्वितीय अपील भेजनी चाहिए।

## गिजू भाई बघेका राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित होगी डॉ रमा दुबे



**सकीट/एटा।** राजा सकट सिंह की नगरी के प्राथमिक विद्यालय सकीट प्रथम में कार्यरत प्रधानाध्यापिका डॉ रमा दुबे को गिजू भाई बघेका राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान 2024 के लिए चयनित किया गया है। शैक्षिक संवाद मंच लखनऊ की ओर से आयोजित समारोह में उन्हें छह अक्टूबर को सम्मानित किया जाएगा। उच्च शिक्षण कार्य एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर सम्मानित किया जाएगा।यह जनपद की पहली महिला प्रधानाध्यापिका होगी जिन्हे शैक्षिक संवाद मंच लखनऊ द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# सीवर ओवर फ्लो और डेमेज सीवर लाइन की समस्या के निस्तारण के लिए प्रबंधक से मिले आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** सेक्टर 82 ईडब्ल्यूएस पॉकेट 7 सेक्टर 82 में सीवर ओवरफ्लो एवं सीवर लाइन डेमेज होने की समस्या को लेकर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे जल तृतीय के प्रबंधक पीपी सिंह से मिले और समस्याओं से संबंधित पत्र उनको सौंपा। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने बताया कि लगभग ढाई महीने से लगातार सीवर ओवरफ्लो की समस्या पॉकेट 7 में चल रही है लेकिन औपचारिकता के अलावा कोई ठोस उपाय नहीं किया गया जिसके चलते जगह जगह सीवर जाम और उससे निकलती गंदगी से लोगों का जीना दूभर हो गया। दो माह की औपचारिकता के बाद प्राधिकरण कर्मियों ने बताया कि ब्लॉक 16 और 17 के पार्क में पेड़ की जड़ों के कारण सीवर लाइन डेमेज हो गई है जिसके लिए तुरंत पत्र दे दिया गया लेकिन फिर भी कुछ नहीं हुआ और बताया गया कि इसकी फाइल बन गई है। अब अगर 8 से 10 मीटर सीवर लाइन का टेंडर होता है तो इसको बनने में तो पूरा एक साल लग जाएगा तब तक क्या पॉकेट के लोग नार्कीय जीवन जीने को विवश होंगे। ब्लॉक 14 का पार्क तो सीवर के पानी से भरा हुआ है जिसमें मच्छर पनप रहे हैं जिससे महामारी फैल सकती है जिसकी जिम्मेदारी प्राधिकरण की होगी। पहले प्राधिकरण के विभागों के पास इमरजेंसी काम के लिए फंड होता था वह अब क्यों नहीं है। क्या हम 10 मीटर सीवर लाइन के लिए ऐसे ही परेशान होते रहेंगे यह बात प्राधिकरण के बड़े अधिकारियों को सोचनी होगी। हमारी समस्या का शीघ्र निदान हो इसके लिए प्राधिकरण के मुख्यकार्यपालक अधिकारी को हस्तक्षेप की जरूरत है।

प्रबंधक पीपी सिंह ने आश्वासन दिया है कि सीवर लाइन जल्द डलवाई जायेगी और शीघ्र समस्या का समाधान होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्राम पंचायत का सफल आयोजन




**मसौली बाराबंकी।** विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत नसीर नगर में ग्राम प्रधान सन्तोष कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम चौपाल में मातादीन ने पेंशन के लिए प्रार्थना पत्र दिया,तो वही क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रमोद ने एक नाली और एक खड़ंजा की मरम्मत की मांग की है इसके अलावा एक दर्जन लोगों ने प्रधानमंत्री आवास के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।इस मौके पर पंचायत सचिव वन्दना पाल, प्रधान प्रतिनिधि उमाकांत वर्मा,रोजगार सेवक रमाकांत वर्मा सहित ग्रामीण मौजूद थे। वही ग्राम पंचायत छोल्हा बन्नी में आयोजित ग्राम चौपाल में ऊषा देवी पत्नी स्वर्गीय राकेश ने विधवा पेंशन,रामदानी ने वृद्धा पेंशन और शकिरा ने राशन कार्ड के लिए आवेदन किया।इस मौके पर ग्राम प्रधान श्रीमती, पंचायत सचिव आकिब जमाल, पंचायत सहायक सपना वर्मा सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### डीएम एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**बाराबंकी।** डीएम व एसपी ने शुक्रवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। दल बल के साथ पहुंचे दोनों अधिकारियों ने जिला कारागार की बैरकों की तलाशी कराई। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था देखी। बंदियों व कैदियों से बातचीत भी की। जेल में मिल रही सुविधाओं के विषय में जानकारी ली। अधिकारियों ने साफ-सफाई व सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी दिनेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। दलबल के साथ वह निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। अचानक दोनों उच्चाधिकारियों के पहुंचने से कारागार में कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। निरीक्षण के दौरान बैरकों, मेस, जेल परिसर आदि की सघन चेकिंग की गई। अधिकारियों ने बंदियों व कैदियों से उन्हें जेल में मिल रही सुविधाओं व आ रही समस्याओं के विषय में जानकारी ली। अधिकारियों ने जेल अस्पताल का निरीक्षण किया, साफ-सफाई व्यवस्था देखी साथ ही सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम व एसपी ने साफ-सफाई, बंदियों व कैदियों के आवश्यक उपचार, परीक्षण व सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### चोरी के 5 लाख रुपये के साथ महिला गिरफ्तार



**जगदीशपुर /अमेठी।** पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए चोरी के मामले में एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्ता के पास से चोरी के 5 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ अभियान के तहत थाना जगदीशपुर पुलिस ने यह कार्रवाई की। अभियुक्ता सीमा पत्नी जयपाल निवासी कढ़िया थाना बोड़ा जनपद राजगढ़ मध्य प्रदेश को कस्बा जगदीशपुर से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में अभियुक्ता ने बताया कि उसने ज्ञानेन्द्र यादव के बैग से 5 लाख रुपये चोरी किए थे। पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, का0 प्रदीप कुमार और म0का0 शन्नो यादव शामिल थे।

### पेट्रोल पंप से चोरी की गई 11 बैटरियां बरामद, 4 गिरफ्तार




**जगदीशपुर/अमेठी।** पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए पेट्रोल पंप से चोरी की गई 11 बैटरियां बरामद की हैं और 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दिनांक 28/29 अगस्त 2024 की रात्रि में जगदीशपुर अयोध्या मार्ग पर स्थित मंगल फिलिंग स्टेशन जगदीशपुर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दीवाल फादकर पेट्रोल पंप पर लगे 11 आदत बैटरी चोरी कर लिए गए थे। इसकी सूचना अमित मोहन तिवारी द्वारा दी गई थी, जिस पर मुकदमा अपराध संख्या 249/24 धारा 331(4)305 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने सुराग्रही से अभियुक्तगण निखिल सिंह, गोलू नाई, शिवम पासवान और शिवम कुमार को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से कुल चोरी गई 11 आदत बैटरियां बरामद की हैं। अभियुक्तों के विरुद्ध अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### राष्ट्रीय खेल दिवस-2024 महिला ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता का आयोजन



**अमेठी।** राष्ट्रीय खेल दिवस-2024 के अवसर पर अम्बेडकर स्टेडियम में महिला ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों में महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिनमें 20-30 किग्रा भार वर्ग में आंचल को प्रथम, साक्षी को द्वितीय और अनुष्का पटेल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 31-45 किग्रा भार वर्ग में स्नेहा पंकज को प्रथम, नेहा राव को द्वितीय और श्रद्धा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 46-65 किग्रा भार वर्ग में दीक्षा मिश्रा को प्रथम, रूचि सिंह को द्वितीय और ममता सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमेठी दिनेश कुमार मिश्र और उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत चार अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी।** नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 82 ग्राम स्मैक बरामद किया है। यह कार्रवाई थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सत्य प्रकाश पाण्डेय उर्फ बब्बू, मोनू कुमार, पारसनाथ और सन्दीप शामिल हैं। इनके पास से कुल 82 ग्राम स्मैक बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 08 लाख रुपये है। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है और विधिक कार्यवाही की जा रही है। यह कार्रवाई अमेठी पुलिस के नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य जनपद में नशीली दवाओं के अवैध व्यापार को रोकना है।

### अमेठी के सिंहपुर बीईओ का औचक निरीक्षण

**अमेठी।** सिंहपुर बीईओ हरिओम तिवारी ने कम्पोजिट विद्यालय गोयन का औचक निरीक्षण किया, जहां 4 शिक्षक अनुपस्थित मिले। इस पर बीईओ ने प्रधानाध्यापक को जमकर फटकार लगाई और सभी शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी की। साथ ही, अनुपस्थित शिक्षकों का 1 दिन का वेतन काटा गया।

# आज भी गांवों में कीचड़ भरे रास्तों से लोगों को आने जाने को मजबूर

लोक मित्र संवाद






**मौरावां, उन्नाव।** विकासखंड हिलौली के गांवों का हाल बेहाल यहाँ के लोग गन्दगी में जीने व कचड़े भरे रास्ते में चलने पर है मजबूर, यहाँ के छोटे छोटे स्कूली बच्चे हो या बूढ़े जवान सभी को गांव से निकलना है तो उनको पांच पांच सौ मीटर कचड़े में घुस कर ही जाना पड़ेगा। सूचना देने पर भी सभी आला अधिकारी कुम्भकर्णी नींद सोए हुए है।

विकासखण्ड हिलौली की ग्राम पंचायतों का विकास केवल कागज पर या फिर प्रधान व सचिव के बैंक खातों में दिखता है और ग्राम पंचायतों का पूरा विकास कार्य हवा में कर लिया जाता हैं जिससे नीचे से लेकर ऊपर तक बन्दर बाँट हो जाता है और पूरी ग्राम पंचायत भ्रस्टाचार की भेंट चढ़ी हुई हैं इसका जीता जागता उदाहरण ग्राम पंचायत संदाना का मंजरा बाबाबोधसिंहखेड़ा है जहाँ पूरे गांव की हर गली में नालियां उफान पर है और रास्तों में आधे आधे पैर तक कचड़ा भरा पड़ा हुआ है जिसमे लगातार कोई न कोई गिरता पड़ता है जिसमे कई बार लोगों के पैर तक भी टूट गए और छोटे छोटे स्कूली बच्चों को भी तैयार होकर जब स्कूल जाना होता हैं तो उनकी ड्रेस भी खराब हो जाती है और बूढ़े हो या जवान सबका बुरा हाल है इस ग्राम निवासियों अभिषेक यादव, जगन्नाथ यादव, गया यादव, मनोज यादव, गुरुनारायन यादव, कृष्णा यादव, संतराम यादव, जगदीश यादव, राजा यादव, रामखेलावन यादव, त्रिभुवन सिंह ने कई बार ग्राम प्रधान व सचिव से लेकर उच्च आला अधिकारियों तक इस समस्या को पहुंचाया लेकिन किसी की भी कान में जूं तक भी न रेंगी और ग्राम वासियों की समस्या वैसी की वैसी ही बनी रही ।जब इसकी जानकारी ग्राम सचिव रमेश कुमार पाल से ली गई तो उन्होंने बताया कि मुझे जानकारी नही है मैं जानकारी कर ही बताऊंगा।

## टीचरों के आन लाइन उपस्थित सरकार सरल करने का रही: ब्रजेश पाठक



▸ भाजपा के जिला प्रभारी नीरज सिंह की तेरही संस्कार में भाजपा नेताओं सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों का लगा रहा ताता

लोक मित्र संवाद

**हसनगंज,उन्नाव।** जनपद सीतापुर के भाजपा जिला प्रभारी नीरज सिंह की माता दिवंगत गायत्री सिंह का बीते 18 अगस्त को बीमारी के चलते देहांत हो गया था। जिनके त्रयोदशी कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, सदस्य विधान परिषद भूपेंद्र सिंह चौधरी, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री उद्यान कृषि विपणन विदेश व्यापार दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री सदस्य विधान परिषद डॉक्टर महेंद्र सिंह, कारागार राज्य मंत्री सुरेश सिंह ने



पहुंचकर चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। लखनऊ वापस जाते समय हसनगंज प्राइमरी स्कूल में पद्मिनी सिंह द्वारा एफ टी टी एच कनेक्शन का उद्घाटन फीता काटकर किया। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इससे बच्चों को स्मार्ट क्लासेस,टीचरो की ऑनलाइन उपस्थिति सहित अन्य कार्य सरल हो जाएंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि विधानसभा उपचुनाव के पार्टी 10 की 10 सीटों पर जीत हासिल करेगी। जनता भाजपा के साथ है।इस मौके पर राजीव सिंह, रमेश सिंह, मनोज सिंह, गुडडू सिंह , प्रमोद, रोहित , मोहित आदि शोकाकुल परिवार मौजूद रहा।

### मारपीट की घटना में 14 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज, दो अभियुक्त हिरासत में

**अमेठी।** थाना क्षेत्र के ग्राम बेनीपुर में एक मारपीट की घटना हुई, जिसमें 14 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित श्रीमती तराना बेगम ने थाना अमेठी पर लिखित तहरीर दी, जिसमें उन्होंने बताया कि उनके ससुर, देवर और सास को विपक्षी पक्ष के लोगों ने मारपीट की और घायल कर दिया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दो अभियुक्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मौके पर शान्ति व्यवस्था कायम है। यह घटना पहले से चल रहे एक विवाद से जुड़ी हुई है, जिसमें पीड़ित पक्ष को पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही थी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस पीड़ित पक्ष को सुरक्षा उपलब्ध करा रही है और मामले को जल्द से जल्द निपटाने का प्रयास किया जाएगा।

## मानव जीवन में कथा का सार ही मोछ का द्वार है: द्वारिकानंद जी महराज

लोक मित्र संवाद

**सिरौलीगौसपुर।** भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में कोटवाधाम के बसन्ता फूफू मन्दिर प्रांगण में राम कथा का आयोजन किया गया है।जिसमे सीतापुर के नैमिषशरण से पधारे कथा वाचक द्वारिकानंद जी महाराज ने आज दूसरे दिन की कथा में कथा के महत्व का वर्णन किया। कथा सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा की राम कथा सुनने से ही मानव जीवन का मोछ सम्भव है।

कलयुग में ऐसे किसी के पास कोई समय नही है। लोग अब भागदौड़ की जिंदगी जीने लगें है।लोगों के घरों में होने वाले पूजा पाठ के लिए भी मोबाइल से आरती की जरूरत पड़ने लगी है।ऐसे में लोगों को चाहिए की जब कही पर रामकथा हो रही हो तो उसका स्मरण कर अपने जीवन मे उतारना चाहिए यहीं ईश्वर से सच्ची भक्ति है।राम कथा में सभी के जीवन पर आधारित है।की जब भगवान राम



खुद विष्णु जी का अवतार होते हुए भी मानव जीवन मे अपना कार्यकाल पूरा किया।और वह छोटे से ही कष्टों के बीच रहे।भगवान होते हुए भी उन्होंने मनुष्य जैसा लोगों से व्यवहार किया।अगर हम भगवान राम को पूजाते है।अगर उनके ही जीवन पर कुछ ध्यान दे तो लोगों को मोह माया का त्याग और ईश्वर की तरफ ध्यान केंद्रित होगा यह सब भगवान की कथा में आने से ही सम्भव है।तो जीवन के मोछ के लिए कथा का महत्व बहुत जरूरी है।

इस मौके पर केदारनाथ गुप्ता त्रिवेणी गुप्ता राजा गुप्ता, पूर्णमासी वर्मा सालिकराम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पटाखे विस्फोट में घायल एक महिला की इलाज के दौरान मौत

लोक मित्र संवाद

**बीघापुर, उन्नाव ।** दो मंजिला मकान के पटाखे के विस्फोट में घायल हुए तीन लोगो में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। वही मलवा हटाने के दौरान मिले विस्फोट सामग्री को हटाए जाने को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर पूरे दिन तरह तरह के आरोप लगाए जाते रहे। मामले में वरिष्ठ उपनिरीक्षक मानिक राम की तरफ से अज्ञात के विरुद्ध विस्फोट जहरीला पदार्थ रखने एवम विस्फोट एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बारासगवर थाना क्षेत्र के गांव करनाईपुर में दो मंजिला मकान में पटाखा बनाने के दौरान हुए विस्फोट के मामले में वरिष्ठ उप निरीक्षक मानिक राम वर्मा ने थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध



बीएनएस की धारा विस्फोटक जहरीला पदार्थ रखने व दूसरों व व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने तथा विस्फोटक एक्ट में मामला पंजीकृत किया गया है।

ग्रामीणों में दिन भर तरह तरह की चर्चाएं होती रही। लोगों का कहना था कि आतिशबाज के पास पटाखा बनाने का कोई लाइसेंस नहीं था तो फिर अर्से से वह आतिशबाजी किसकी मिलीभगत से बना कर बेंच रहा था। जानकारी के अनुसार प्रशासन को जमींदोज हुए आतिशबाज सुनील के घर का मलबा हटाने के दौरान बोरी में विस्फोटक सामग्री भी बरामद हुई थी जो गुपचुप तरीके से वहां से हटा दी गई। सुनील की पत्नी बीना का इलाज के दौरान कानपुर में निधन हो गया ।शुक्रवार शाम 4-30 बजे शव पैतृक गांव भवानी खेड़ा टेढ़ा पहुंचा ।शव पहुंचते ही पारिवारिक जनों में कोहराम मच गया वहीं मायके पक्ष के सभी लोग भवानी खेड़ा पहुंच गए । मां का शव देखकर पुत्र प्रियांशु,मयंक तथा पुत्री खुशी रो रो कर बेहाल हो गई। मीना अंतिम संस्कार गढ़ेवा घाट पर किया गया ।मुखाग्नि देवर द्वारा दी गई।

सुनील व भवानी खेड़ा निवासी सर्वेश का इलाज कानपुर में चल रहा था ।हालत में सुधार न होते देख डॉक्टर ने लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है । परिजनों के मुताबिक सर्वेश की स्थिति ज्यादा नाजुक बनी हुई है।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में जिला जज की न्यायालय ने सुनाई 10 वर्ष की सजा

लोक मित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** जिला शासकीय अधिवक्ता की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय जिला जज द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 05 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। न्यायालय जिला जज के द्वारा गैर इरादतन हत्या के अभियोग में 02 अभियुक्तों को दंडित किया गया है।

आपको बताते चले कि 06.08.2022 को अभियुक्तगण देवेश शुक्ला पुत्र स्व0 रामचंद्र 2. सुमन शुक्ला पत्नी स्व0 रामचंद्र नि0गण 120/1 कब्बाखेड़ा थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव द्वारा एकराय हो कर दिनेश कुमार शुक्ला को धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इस संदर्भ में थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 615/22 धारा 304 द्वद्व भा0दं0वि0



पंजीकृत किया गया था। जिसमें दिनांक 08.08.2022 को अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया गया तथा दिनांक 18.10.2022 को आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया।

आज 30.08.2024 अभियुक्त देवेश उपरोक्त को 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 05 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी तथा अभियुक्ता सुमन शुक्ला को दोषमुक्त किया गया। अभियोजन विभाग से अनिल त्रिपाठी (डी.जी.सी.), व विवेचक नि0 राजेश पाठक एवं पैरोकार का0 वीरेन्द्र कुमार व कोर्ट मोहर्रिर उ0नि0 श्री छेदीलाल पटेल व म0आ0 आकांक्षा का विशेष योगदान रहा।

# रेल ट्रैक पर मिला युवक का शव, डेढ़ घंटे खड़ी रहीं तीन ट्रेनें

▸ रिश्तेदारी में जाने के लिए के घर से निकला था युवक

▸ दरियाबाद थाना क्षेत्र में लालपुर गुमान गांव के पास मिला था शव

लोक मित्र ब्यूरो

**दरियाबाद।** थाना क्षेत्र में लालपुर गुमान गांव के पास डाउन रेल पटरी पर शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। अप रेल पटरी से गुजर रही बरेली एक्सप्रेस ट्रेन के चालक ने इसकी सूचना दी। उधर रेल पटरी पर शव देख कर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम का पोस्टमार्टम कराया है। इस दौरान तीन ट्रेनें करीब डेढ़ घंटे तक अलग-अलग स्टेशनों पर खड़ी रहीं। इससे यात्रियों को भी परेशानी उठानी पड़ी। परिजनों ने बताया कि युवक अपनी रिश्तेदारी में जाने के लिए घर से निकला था।

लालपुर गुमान गांव के पास रेल पटरी पर मिला शव- दरियाबाद थाना क्षेत्र में पटरंगा रेलवे स्टेशन व दरियाबाद रेलवे स्टेशन के बीच लालपुर गुमान गांव के पास डाउन रेल ट्रैक पर शुक्रवार की भोर एक युवक का शव देख कर उधर से गुजर रहे ग्रामीण रुक गए। शव मिलने की सूचना गांव में आग की तरह फैली। इसी दौरान वाराणसी से बरेली जा रहे बरेली एक्सप्रेस (14235) के चालक ने रेल पटरी के बीच में युवक का शव पड़ा होने की सूचना कंट्रोल रूम व दरियाबाद स्टेशन मास्टर को दी।

परिजनों की मृतक की पहचान- रेल पटरी पर युवक का शव मिलने की सूचना पर दरियाबाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान लालपुर गुमान गांव के कईग्रामीण भी वहां पहुंच गए। मृतक युवक रिश्तेदारी भी इसी गांव में है। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने मृतक की पहचान अजय कुमार (22) पुत्र श्रीकृष्ण निवासी ग्राम लालपुर थाना पटरंगा जनपद अयोध्या के रूप में की।

**डेढ़ घंटे खड़ी रहीं तीन एक्सप्रेस ट्रेनें**

डाउन रेल ट्रैक पर युवक का शव मिलने का असर अप लाइन से गुजरने वाली ट्रेनों पर भी पड़ा। जिससे अयोध्या से लखनऊ की ओर जाने वाली दो ट्रेनें व लखनऊ से अयोध्या की ओर जा रही एक ट्रेन करीब डेढ़ घंटे तक पटरंगा व दरियाबाद रेलवे स्टेशनों पर खड़ी रहीं। उत्सर्ग एक्सप्रेस (15083) पटरंगा रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। उधर गोहाटी स्पेशल एक्सप्रेस (05636) व अयोध्या की ओर जा रही कैफियत एक्सप्रेस (12226) दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

**रिश्तेदारी में जाने के लिए घर से निकला था युवक:** घटना की जानकारी होने पर परिजन भी पोस्टमार्टम आ गए थे। यहां आए परिजन किशन कुमार ने बताया कि अजय ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। उसकी भतीजी की शादी लालपुर गुमान गांव में हुई है। वह भतीजी की ससुराल जाने के लिए निकला था। उसे ट्रेन से यहां आना था।

**चलती ट्रेन से उतरने के दौरान हुआ हादसा!:** अजय को भतीजी की ससुराल आने के लिए अयोध्या से बाराबंकी की आने वाली ट्रेन से आना था। यह ट्रेन अप लाइन पर थी जबकि अजय का शव डाउन रेल लाइन पर मिला है। इससे पुलिस का कहना है कि लालपुर गुमान गांव के पास अजय से चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास किया होगा।

असंतुलित होकर वह डाउन लाइन के बीच में गिर गया होगा। सिर पर अंदरूनी चोट लगने से उसकी मौत हो गई है। थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि ट्रेन से गिर कर युवक की युवक की मौत हुई है।

# अनुबंधित बस के चालक को असलहा दिखा कर धमकाया

▸ बस चालक की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

▸ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो

लोक मित्र ब्यूरो

**बाराबंकी।** थाना व कस्बा देवा में दो दिन पहले भीड़ के कारण अनुबंधित बस के चालक द्वारा पास नहीं दिये जाने से नाराज कार सवार से बस को रोक कर असलहा दिखा कर बस चालक को धमकी दी। लोगों ने सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल कर दिया। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने चालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**28 अगस्त को हुई घटना:** जैदपुर थाना क्षेत्र के सद्दीपुर निवासी पवन कुमार बाराबंकी डिपो में अनुबंधित बस का चालक है। 28 अगस्त को वह बस में सवारियां लेकर फतेहपुर से बाराबंकी आ रहा था। देवा कस्बा में भीड़ अधिक होने से पवन बस धीरे चला रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे कार चालक ने बस को ओवर टेक की कोशिश की लेकिन भीड़ के कारण बस चालक उसे जगह नहीं दे पा रहा था।

इससे नाराज कार चालक ने बस को किसी रोकवा कर चालक से विवाद शुरू कर दिया। इस दौरान वह कार में रखा असलहा भी निकाल लाया और उसे लहराते हुए चालक से गाली गलौज करने लगा।

**आरोपी से की गई पूछताछ**

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। उसकी पहचान अभिषेक गौतम निवासी जैदपुर अम्बेडकर नगर के रूप में हुई। अभिषेक वर्तमान में लखनऊ के इंदिरा नगर थाना क्षेत्र में शालीमार कालोनी में रहता है। इसके पिता रिटायर्ड बैंक मैनेजर हैं। बिसुनपुर के पास इसकी फ्लोर मिल है। वह अपने पिता के साथ आता जाता है। रिवाल्वर उसके पिता के नाम है। प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। रिवाल्वर के संबंध में रिपोर्ट विभाग को भेजी गई है।

**वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस:** इस झगड़े का वीडियो बस यात्रियों व वहां मौजूद लोगों ने बनाया।

जिसमें युवक के हाथ में असलहा दिखाई दे रहा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर हरकत में आई पुलिस ने बस चालक को बुलाया। उसकी तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# संकल्प में विकल्प नहीं होता: अनुराग

**बाराबंकी ।** प्राप्त जानकारी से जेसीआई पत्रकारों की समस्याओ को शासन प्रशासन तक पहुचानें और पत्रकारों के हितार्थ कार्यों के लिए संकल्पित है।संकल्प में विकल्प नहीं होता।वर्तमान समय में पत्रकारों की समस्याओ से किसी को कोई सरोकार नहीं । सरकार पत्रकारों की समस्याओ को लेकर गंभीर दिखाई नहीं दे रही है देश मे सच को उजागर करने पर बौखलाये भ्रष्टाचारियों द्वारा आये दिन पत्रकारों की हत्यायें हो रही है लेकिन केंद्र सरकार हो या राज्य सरकारे पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर चुप्पी साधे बैठी है। एक ओर सरकार सब कुछ डिजिटल करने पर जोर दे रही है वहीं दूसरी ओर डिजिटल मीडिया को रजिस्टर्ड मीडिया का दर्जा देने पर सरकार अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाई है।डिजिटल मीडिया पर कार्यवाही को लेकर सरकार लगातार दिशा-निर्देश बना रही है और उसमे सुधार भी कर रही है लेकिन डिजिटल मीडिया को रजिस्टर्ड मीडिया का दर्जा देने पर कार्यवाही नहीं कर रही है।देश का नौजवान मीडिया की ओर आकर्षित तो होता है लेकिन उसमे अपना भविष्य सुरक्षित नहीं पा रहा। यह विचार जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया रजिस्टर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 अनुराग सक्सेना ने पत्रकारों की एक गोष्ठी के दौरान रखे।

पत्रकारों की शैक्षिक योग्यता पर एक प्रश्न के जबाव में उन्होने कहा कि पत्रकारों की शैक्षिक योग्यता अभी तक सरकार की ओर से निर्धारित नहीं है ऐसे मे जो संस्थान



नौजवानों को मीडिया का कोर्स करा रहे है उसका क्या औचित्य। लगातार बढ रही पत्रकारों की संख्या मे ऐसे भी लोग है जिनकी शैक्षिक योग्यता नगण्य है और उन्ही के कृत्यों से मीडिया परिवार पर उगंली उठती है समाज पत्रकार को पत्रकार के ही रूप मे देखता है। सरकार की जो भी योजनायें है उसका लाभ सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त पत्रकारों व श्रमजीवी पत्रकारों को ही मिलता है ऐसे में गैर मान्यताप्राप्त पत्रकारों को कुछ नहीं मिलता क्योकि यदि सरकार आँकडे जुटाये तो मान्यताप्राप्त व श्रमजीवी पत्रकारों के ही आँकडे जुटा सकती है गैर मान्यताप्राप्त पत्रकारों की संख्या सरकार के पास नहीं है। ऐसे मे उन्हे कोई सरकारी सुविधाओं का लाभ मिलेगा सोचना बेईमानी होगा। गोष्ठी के दौरान अन्य पत्रकारों ने भी अपने विचार रखे।

संक्षिप्त खबरें

### रोजगार मेले का आयोजन



**अमेठी।** इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज में आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले में 294 बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से 162 का विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन किया गया। इस मेले का उद्घाटन कॉलेज के संस्थापक जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी ने किया और जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने अभ्यर्थियों को संबोधित किया। मेले में निमसन हर्बल कंपनी ने 31, पुखराज हेल्थकेयर ने 34, न्यू बी के इलेक्ट्रॉनिक ने 52, क्रॉम्पटन कंपनी ने 22 और ब्राइट फ्यूचर ने 23 अभ्यर्थियों का चयन किया। रोजगार मेले में एमआईएस मैनेजर मृत्युंजय तिवारी के साथ कौशल विकास के समस्त स्टाफ द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने कहा कि रोजगार मेले का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे मेलों का आयोजन किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें।

### जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क किताबें देने के लिए जिला प्रशासन की अनूठी पहल



**अमेठी।** जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे पुस्तक संग्रह अभियान के तहत कलेक्ट्रेट में पुस्तक संग्रहालय कक्ष स्थापित किया गया है। इस अभियान के तहत 16 लोगों ने किताबें दान की हैं, जिन्हें जिला पंचायत अध्यक्ष और जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी से पुस्तक संग्रहालय में किताबें दान देने की अपील की है, ताकि जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क किताबें दी जा सकें। इस अभियान के तहत दान की गई किताबें जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क दी जाएंगी, जिससे उन्हें शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलेगी। जिला प्रशासन की यह अनूठी पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने सभी से पुस्तक संग्रहालय में किताबें दान देने की अपील की है, ताकि हम इस अभियान को और भी सफल बना सकें।

### पुलिस अधीक्षक ने की परेड की सलामी

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई और अनुशासन बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाई। उन्होंने पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी वर्दी पहनने और नियमानुसार टर्नआउट मेन्टेन करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने पुलिस लाइन का मुआयना किया और साफ-सफाई व अभिलेखों के रखरखाव के लिए आवश्यक आदेश-निर्देश दिए।

# सख्त पहरे में हुई यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा, परीक्षा केंद्रों पर कड़े इंतजाम

- डीएम-एसपी ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा
- प्रथम सत्र में 3251 द्वितीय सत्र में 3398 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा खीरी जिले के 15 केंद्रों पर संचालित सिपाही भर्ती परीक्षा शुक्रवार को भी अभ्यर्थियों ने कड़ी सुरक्षा निगरानी में दोनों पाली की परीक्षा दी। इस दौरान दोनों पालियों में बुलाए गए 9792 में से 6649 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए जबकि 3143 ने गैर हाजिर रहकर परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम, एसपी, एडीएम, एएसपी समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने दोनों सत्रों की परीक्षा में भ्रमणशील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों (जीआईसी, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों को चैक किया व संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

वही एडीएम संजय कुमार सिंह ने दोनों पलियो की परीक्षा में भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों राजकीय इंटर कॉलेज, अब्दुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज और भगवानदीन आर्यकन्या इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी भ्रमणसील रहकर अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया।

बताते चले कि जनपद के 15 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 4896 के सापेक्ष पहली पाली में 3251 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1645 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 3398 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1498 ने परीक्षा से किनारा कर लिया।

## बिजुआ ब्लाक की दाउदपुर पंचायत को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद खीरी के बिजुआ विकास खण्ड में सर्वप्रथम आईएसओ मानकों को पूर्ण करने वाली ग्राम पंचायत दाऊद पुर को सर्व सुंदर,क्रियाशील सर्वश्रेष्ठ पंचायत घोषित करते हुये आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

ज़िला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह के द्वारा दाऊदपुर ग्राम प्रधान सज्जन खान एवं सचिव अहमद हसन को सुन्दर एवम क्रियाशील पंचायत भवन संचालन के लिये उपरोक्त प्रमाण पत्र देते उनकी कार्यशैली की सराहना की गई।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत दाऊदपुर यह प्रमाण पत्र पाने वाली विकास खण्ड बिजुआ की एक मात्र पंचायत है, जिसे यह पंचायत को गुणवत्तापूर्वक प्रबंधन व्यवस्था के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। प्राप्त हुआ है प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरांत ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी ने कहा कि वह ग्राम पंचायत के सभी लोगों के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं को सुविधाजनक एवं सुलभ करवाने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

बताते चलें कि आईएसओ का पूरा नाम अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन , यह एक स्वतंत्र संगठन है जो अंतरराष्ट्रीय मानकों को विकसित करता है यह अंतराष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों के लिए मानक निर्धारित करता है।

### 100 मीटर दौड़ में अनामिका, 200 में शशांक ने लहराया परचम

**गाजियाबाद।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग ने ग्रामीण क्रीड़ा स्थल अटोर में राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया। बालक-बालिका वर्ग में दौड़ और वॉलीबॉल प्रतियोगिता कराई गई। बालक सब जूनियर वर्ग की 200 मीटर दौड़ में शशांक पहले, विकास दूसरे और हर्षित तीसरे स्थान पर रहे।

जूनियर बालक वर्ग में अक्षय पहले, वीरेंद्र दूसरे और दक्ष तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में अनामिका पहले, राधा दूसरे और शिवांगी तीसरे स्थान पर रहीं। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अटोर की टीम विजेता बनी। कार्यक्रम का शुभारंभ अटोर ग्राम प्रधान रणवीर ने किया। विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नूतन सोनकर, ऋचा तिवारी, आशिमा गोस्वामी, आशीष, सुमित, कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

## कोतवाली क्षेत्र में चोरो ने मचाया धमाल, लाखों के जेवर व नगदी लेकर फरार



- पुलिस ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**धौरहरा-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती रात चोरों ने अपना जलवा दिखाते हुए तीन घरों को खंगालकर लाखों रुपए के जेवर नगदी व मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू करने की बात सामने आई है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खरवहिया नंबर एक निवासी दुलारे बेदराम छोटू पुत्र गण कल्लू के अलग-अलग बने घरों में सीढी के सहारे चढ़े चोरों द्वारा तीनों घरों से लाखों रुपए के जेवरात,पीतल के बर्तन 5000 रुपये नगदी लेकर फरार हो गए। परिजनों द्वारा घटना की सूचना पर पहुंचे कोतवाली के उप निरीक्षक रुद्र प्रकाश पाण्डेय द्वारा मौका ए वारदात का निरीक्षण किया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी में हो रहा जमकर भ्रष्टाचार

- डिलीवरी के नाम पर पीड़ित मरीजों से ली जाती है मोटी फीस

**लोकमित्र इन्तजार खान**



**मोहम्मदी-खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी खीरी में जमकर हो रहा भ्रष्टाचार ऐसे ही आज कई मामले प्रकाश में आए जिसमें बर्बर निवासी अरविंद पत्नी लक्ष्मी के 6 अगस्त को लगभग 3ः00 बजे के आसपास एक पुत्री का जन्म हुआ जिसमें अस्पताल के स्टाफ नर्सो द्वारा₹2200 की फीस ली गई व ₹1200 की दवाई बाहर से लिखी गई जबकि सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का साफ-साफ कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सारी सुविधा निशुल्क हो व मरीज को अच्छी से अच्छी सुविधा उपलब्ध हो मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो अरविंद की जो पुत्री का जन्म हुआ उसको रॉन्ग साइड में टीका लगा दिया गया जिससे उसकी टांग में अत्यधिक सूजन आ गई और बच्ची पीड़ा में व्यक्त है।

जिसे दिखाने के लिए पीड़ित व्यक्ति अरविंद व उसकी पत्नी लक्ष्मी बर्बर से मोहम्मदी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आते लेकिन किसी नर्स ने उसे सही बात नहीं की सबने उसे कहा कि उसको आप बाहर दिखाइए और तरह-तरह के बहाने बनाते रहे पीड़ित व्यक्ति बर्बर से चलकर मोहम्मदी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आता लेकिन उसका काम नहीं हुआ जिससे वह निराश होकर वापस अपने घर चला जाता आज पीड़ित व्यक्ति ने परेशान होकर अस्पताल गेट पर दिया धरना व अस्पताल स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाए धरने के दौरान ऐसे कई पीड़ित मरीज संपर्क में आए जिससे अस्पताल स्टाफ ने डिलीवरी के नाम पर मोटी फीस वसूली आए हुए पीड़ित व्यक्तियों की माने तो जब तक पैसा हाथ में नहीं दिया जाता है तब तक हाथ नहीं लगाया जाता है जिससे मजबूर होकर पीड़ित परिवारों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गेट पर दिया धरना। इसी दौरान क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह सीएससी पहुंचे वह पीड़ित परिवारों से मिले और अधीक्षक से जिसने पैसे लिए हैं उसे पर 24 घंटे के अंदर कार्रवाई की बात कही अगर कार्रवाई नहीं हुई तो मैं भी पीड़ित परिवारों के साथ स्वयं धरने पर बैठूंगा व धरने को समाप्त कराया पीड़ित परिवारों को आश्वासन दिया,कि 24 घंटे के अंदर जो भी स्टाफ पैसा लेने में विलुप्त है उस पर उचित कार्रवाई की जाएगी धरने में मुख्य रूप से पीड़ित परिवार ,मोहम्मदी अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया, अतुल बाजपेई, बार एसोसिएशन अध्यक्ष पिंकू मिश्रा एडवोकेट,समाजसेवी शिवम राठौर व किसान यूनियन के लोग मौजूद रहे।

### हाथ पर ब्लेड मारकर युवक से लूटा मोबाइल

**साहिबाबाद।** करहेड़ा मार्ग स्थित कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने पैदल जा रहे भुवेंद्र यादव के हाथ (कोहनी) में ब्लेड मारकर उनसे मोबाइल लूट लिया। भुवेंद्र ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। वहीं, पुलिस का कहना हे कि बदमाशों की तलाश की जा रही है। भुवेंद्र यादव करहेड़ा में परिवार के साथ रहते हैं। वह दिल्ली के लक्ष्मीनगर में एक कपड़े की दुकान पर काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह रोज दिल्ली से मेट्रो से आते हैं। बुधवार को मोहननगर में मेट्रो से उतरे और पैदल ही घर की तरफ जाने लगे। कृष्णा इंजीनियर कॉलेज के पास पहुंचते ही पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए। बदमाशों ने उनके हाथ में ब्लेड मारा और मोबाइल छीन लिया। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपी बाइक लेकर भाग गए। ब्लेड लगने से घायल हुए भुवेंद्र को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। एसीपी साहिबाबाद रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## दीपावली से पहले हर वार्ड में लगेंगी 50-50 स्ट्रीट लाइटें

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** दीपावली से पहले नगर निगम हर वार्ड में 50-50 स्ट्रीट लाइटें लगवाएगा। बृहस्पतिवार को नगर निगम मुख्यालय में शहर के विकास को गति देने के लिए 15वें वित्त की बैठक हुई। महापौर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 168 करोड़ 58 लाख के प्रस्ताव रखे गए। सड़क, सीवर, पेयजल, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करने के लिए महत्वपूर्ण विकास कार्यों पर मुहर लग गई है।

संबंधित विभागों को बजट का आवंटन कर दिया गया। 5000 नई स्ट्रीट लाइटों को खरीदने और प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पांच करोड़ 83 लाख का बजट स्वीकृत किया गया। साढ़े 11 बजे शुरू हुई बैठक डेढ़ बजे तक चली।

विजयनगर जोन में गंगाजल की आपूर्ति घर-घर तक पहुंचाने के लिए 16 करोड़ 20 लाख का बजट स्वीकृत किया गया। गंगाजल प्लांट से वार्डों में बनी पानी की टंकी तक करीब साढ़े सात किलोमीटर लंबी लाइन बिछाई जाएगी।

इसके अलावा जिन वार्डों में पेयजल समस्या है या नलकूप की समस्या है उसे दूर करने के लिए नए नलकूप लगाए जाएंगे। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि शहर के महत्वपूर्ण कार्यों पर चर्चा के उपरांत स्वीकृति दे दी गई है। जलकल विभाग को लगभग 49 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति दी गई, विजयनगर जोन में 10 एमएलडी गंगाजल की आपूर्ति के साथ ही 30 एचपी के छह नलकूप लगाए जाएंगे। वार्ड 49 में पानी के पाइपलाइन के कार्य को भी स्वीकृति दी गई है ।

15वें वित्त की बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों की सड़कों के सुधार के लिए 12 करोड़ के प्रस्ताव पास किए गए। निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता एनके चौधरी ने बताया कि अगले महीने इन कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

इसी के साथ ही वार्ड 25, 64, 46, 49, 28,17, 15, 73, 54, 24,12, 88, 50, 69 व अन्य वार्ड में भी कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## जब जिम्मेदार ही बने भक्षक तो कैसे होगा राम राज्य का सपना साकार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**धौरहरा-खीरी।** सरकारी फरमान से जिले में संचालित बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग का अपना एक अलग ही कार्य सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक पूरे जिले भर में इस परियोजना का संचालन सिर्फ जिम्मेदार अधिकारियों व आंगनवाड़ी कार्यकर्तियो की उपरी कमाई तक सीमित है। जबकि शाशन की मंशानुरूप शहर से लेकर गांव तक कोई भी कुपोषित न रहे इसके लिए तरस तरह के पौष्टिक आहारो से युक्त पोषाहार को निःशुल्क वितरण करने का फरमान जारी किया था।मगर जमीनी हकीकत में उपरोक्त योजना/परियोजना जिम्मेदार अधिकारियों की उपरी कमाई का




जरिया बन चुकी है।

प्राप्त विवरण के मुताबिक धौरहरा तहसील के तीन विकास खण्डों ईसानगर धौरहरा व रमियाबेहड में इस योजना के सफल व निःशुल्क संचालन के लिए शहर से लेकर गांव गांव तक भारी भरकम जिम्मेदारो की फौज कागजों पर मौजूद होने के बावजूद भी इस परियोजना के सफल संचालन में दीमक का बसेरा हो गया है।शाशन की मंशानुरूप शहर से लेकर गांव तक कोई व्यक्ति कुपोषित न रहे इसके लिए पौष्टिक आहारो से युक्त पोषाहार का निःशुल्क विवरण होना तय था।मगर जिम्मेदार अधिकारियों की शह पर प्रति माह मिलने वाले पात्रों के आहार में दीमक का बसेरा हो चुका है। सूत्रों के अनुसार कुल रजिस्टर पर दर्ज केन्द्रो के सापेक्ष में लगभग 25त्न केन्द्रो का संचालन जैसे तैसे कराया जा रहा है।शेष बचे केन्द्रो के बारे में जिम्मेदारो के पास कोई ठोस रणनीति नहीं है। जानकारों के मुताबिक क्षेत्र मे मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो द्वारा पूर्ण रूप से कुछ केन्द्रो का सफल संचालन अपने घर,लखीमपुर शहर व लखनऊ जैसे शहरों से हो रहा है।ऐसा नहीं कि इसकी जानकारी विभाग को न हो ऐसा असंम्भव दिख रहा है।

नाम न छापने की शर्त पर कुछ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बताया कि जिन केन्द्रो का संचालन व वितरण होता है उन्हें 1000 रुपए प्रतिमाह देने पड़ते हैं और जो केन्द्र केवल कागजों तक सीमित है उन्हें 4 से 5 हजार रुपए प्रतिमाह जमा करना होता है।अगर समय से अदायगी न हो तो विभागीय उच्चाधिकारियों द्वारा तरह तरह के आरोप प्रत्यारोप लगाकर नोटिस/ स्पष्टीकरण व वेतन रोकने तक की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

## जेएमएसआईटी गाज़ियाबाद में सात दिवसीय ओरिएंटेशन कम इंडक्शन 2024-25 का भव्य शुभारंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद ।** जेएमएसआईटी गाज़ियाबाद में बीबीए, बीसीए, एमबीए, और एमसीए पाठ्यक्रमों के लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 का सात दिवसीय ओरिएंटेशन कम इंडक्शन प्रोग्राम 30 अगस्त 2024 से 6 सितंबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर संस्थान में एक भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें प्रमुख अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) मोनिका मेहरोत्रा, कोऑर्डिनेटर, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ, ने अपने इंटरएक्टिव सत्र में इमोशनल मैनेजमेंट, हस्क्क और सब-कॉन्शियस




माइंड प्रोग्रामिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए अनेक अभ्यास कराए और उनके जीवन में कृतज्ञता के महत्व पर जोर दिया। सेक्रेटरी डॉ. हिमांशु सिंहल ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को नई उम्मीदों का प्रतीक बताते हुए उनकी संभावनाओं पर विश्वास जताया और कहा कि ये विद्यार्थी भी संस्थान की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए देश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करेंगे।

महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) सुभाष गौतम ने फोकस, वर्तमान में जीने, और अपने कार्य में शत-प्रतिशत देने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि उनका संस्थान विश्वस्तरीय गुणवत्ता निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अनिरुद्ध विश्वास ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं के लिए इस कार्यक्रम की अनिवार्यता को रेखांकित किया।यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को संस्थान के माहौल से परिचित कराने और उनकी शिक्षा की नींव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। डॉ. सिंहल ने इस मौके पर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और मैनेजमेंट और कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग की उपलब्धियों को सराहा । महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) सुभाष गौतम ने संस्थान के प्रमुख उद्देश्य पर जोर देते हुए कहा कि संस्थान अत्याधुनिक तकनीकी और अन्य सुविधाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय प्रतिभाओं में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह ओरिएंटेशन प्रोग्राम छात्र-छात्राओं को उनके शैक्षणिक सफर की शुरुआत में ही आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेगा।मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) मोनिका मेहरोत्रा ने अपने वक्तव्य में ओरिएंटेशन प्रोग्राम को नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए अत्यावश्यक शैक्षणिक वातावरण तैयार करने वाला बताया। उन्होंने इस कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच करार दिया, जो उन्हें आज के प्रतिस्पर्धी युग में सफलता के नए आयामों से अवगत कराए। मैनेजमेंट विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर हिमांशु संभलवाल और कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग के अध्यक्ष अंकुर चौधरी ने अपने-अपने सत्रों में संस्थान की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, प्लेसमेंट, खेलकूद, और प्रशासनिक गतिविधियों पर गहन प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर अनमोल कालरा ने किया।

## किशोरी से दुष्कर्म पर मचा बवाल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**साहिबाबाद।** साहिबाबाद में लिंक रोड थाना क्षेत्र की बृज विहार कॉलोनी में बुधवार शाम करीब पांच बजे रिक्शा चालक की 16 साल की बेटी के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म किया गया। घटना का पता चलने पर सुबह करीब 11 बजे हिंदू परिवार गौ रक्षक समेत कई संगठनों के लोग लिंक रोड थाने पर जमा हो गए।

पीड़िता और आरोपी अलग-अलग समुदाय के होने की वजह से तनाव की स्थिति बन गई। गुस्साए लोगों ने तोड़फोड़ और आगजनी की। इसके बाद पुलिस ने चौकी के बाहर धरना दे रहे लोगों को लाठी बरसाकर खदेड़ा।केस में नामजद कराए गए साहिबाबाद के शहीदनगर निवासी फैजान (20) को पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह दस बजे गिरफ्तार कर लिया। वह लिंक रोड क्षेत्र में कबाड़ी की दुकान पर काम करता है।घटना का पता चलने पर सुबह करीब 11 बजे हिंदू परिवार गौ रक्षक समेत कई संगठनों के लोग लिंक रोड थाने पर जमा हो गए। इन लोगों ने आरोपी को उनके हवाले किए जाने की मांग करते हुए जाम लगा दिया। वे लोग घटना को सामूहिक दुष्कर्म की बताकर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। जाम लगने से दिल्ली जाने और वहां से आने वाले लोगों को लंबे रास्ते से जाना पड़ा। पुलिस अधिकारियों ने समझाया आरोपी पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस पर वे लोग दोपहर 12 बजे लौट गए। लेकिन, दो घंटे बाद फिर से बवाल कर दिया। इस पर आठ थानों की पुलिस बुला ली गई । इसके बाद पुलिस ने लाठियां बस कर वहां उपस्थित हंगामा कर रहे लोगों को खदेड़ा ।

संक्षिप्त खबरें

## पल्स पोलियो की तरह चलेगा कुष्ठ रोगी खोज अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

**मवई-अयोध्या।** कुष्ठ रोग से मुक्त कराने के लिए 2 सितंबर से 16 सितंबर तक कुष्ठ रोगी खोज अभियान चलेगा। स्वास्थ्य विभाग इस अभियान को पल्स पोलियो की तरह चलाएगा। घर-घर जाकर कुष्ठ रोगी खोजे जाएंगे। सर्वे के लिए मवई ब्लाक में 166 टीमें बनाई गई हैं, जिनका प्रशिक्षण शुक्रवार से शुरू हो गया है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई के बीसीपीएम विनोद सिंह ने बताया कि पल्स पोलियो की तरह कुष्ठ रोगी खोज अभियान सम्पूर्ण ब्लाक क्षेत्र में चलाया जाएगा। इस दौरान आशा कार्यकर्ता और पुरुष सहयोगी की टीम घर-घर जाकर संभावित लक्षणों वाले कुष्ठ रोगियों को चिह्नित करने का काम करेंगी। इस अभियान के लिए 166 टीमें गठित की गई हैं, जो प्रतिदिन गांव में 15 से 20 घर के लगभग 100 लोगों की जांच करेंगी। उन्होंने बताया कि मवई में 4 कुष्ठ रोगी हैं। इनमें 2 पासी बैसिलरी (पीबी) और 2 मल्टी बैसिलरी (एमबी) के मरीज हैं।

### कुष्ठ रोग की है दो श्रेणियां,जिनके आधार पर चलती है दवाएं

पैरामेडिकल वर्कर सईद अहमद ने बताया कि कुष्ठ रोग की दो श्रेणियां हैं। पीबी श्रेणी के कुष्ठ रोगियों का इलाज छह महीने तक होता है। मल्टी बैसिलरी (एमबी) श्रेणी के मरीजों का इलाज एक साल तक चलता है। कुष्ठ रोगियों का नियमित इलाज के बाद रोग के कीटाणु समाप्त हो जाते हैं।

इन लक्षणों के वाले लोग अवश्य कराएं जांच-हल्के रंग के लाल अथवा तांबे के रंग का चकत्ता जिसमे सुन्नपन हो।-एक से अधिक दाग का होना-लाल रंग के उभरे हुए दाग-त्वचा पर कान पर गांठे होना-त्वचा में गांठे महसूस होना-पैर हाथ या शरीर के अन्य हिस्से पर दर्द रहित छाले या घाव-आंख बंद करने पर पलक बन्द नही होना अथवा भौहों के बाल झड़ जाना-उंगलियों में कमजोरी अथवा सुन्नपन-हाथ की मांशपेशियों में कमजोरी,हाथ की कलाई का झूल जाना-पैर के तलवे में सुन्नपन,मांसपेशियों में कमजोरी अथवा पंजे का झूल जाना।

## समाजवादी पार्टी ने चलाया छात्र जागरूकता पीडीए अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक सिंह यादव ने गोसाईगंज विधानसभा में राम सागर वर्मा के नेतृत्व में छात्र जागरूकता क्ष्ष्ठ..अभियान के तहत भारी संख्या में नौजवानों विद्यार्थियों और व्यापारियों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लोहिया वहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक सिंह यादव ने कहा कि जब समाजवादी पार्टी की सरकार रहती थी सबसे ज्यादा काम नौजवानों का होता था छात्र संघ का चुनाव समाजवादी पार्टी की सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में हुआ था हम सबके नेता हमेशा नौजवान छात्र बेरोजगार गरीब मजदूर किसान दलित व्यापारी के हित में हमेशा काम किया है जो विकास का कार्य समाजवादी पार्टी के सरकार में हुई थी आज तक किसी भी सरकार ने नहीं किया । सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि सपा सरकार में सभी वर्गो का विकास हुआ है । पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का काम किया है । जनता उनकी इस विकास कार्यो को आज भी याद कर रही है । सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के अनुसार कार्यक्रम में लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मृत्युंजय यादव सहित भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी गण कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## उपचुनाव में भी राम लला निर्देश देंगे और तीसरा निर्देश 2027 में भी मिल जाएगा - नकुल दुबे

▸▸ भाजपा के पाप का घड़ा भर रहा है जल्द फूटेगा- नकुल दुबे

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** 21 सदस्यीय कांग्रेस डेलिगेशन पहुंचा अयोध्या, थाना रौनाही व थाना महाराजगंज क्षेत्र में रेप पीड़िता परिवार से की मुलाकात, परिवार को दिया आश्वासन, कांग्रेस पार्टी परिवार के साथ,परिवार के साथ मुलाकात करने के बाद पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता नकुल दुबे का बयान, नकुल दुबे ने प्रदेश के कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल, कहा पूरे उत्तर प्रदेश में जंगल राज चल रहा है, किसी का कोई पुरसाहाल नहीं है, कोई कानून व्यवस्था नहीं है, जब हम चाहते हैं न्याय पूर्ण हो जाते हैं जब हम चाहते हैं अन्याय पूर्ण हो जाते हैं, आपको देख लेंगे तो न्याय की दूसरी परिभाषा हो जाएगी, दूसरे को देख लेंगे तो न्याय की परिभाषा बदल जाएगी इसलिए हम लोग अजीबो गरीब परिस्थितियों में जीने के लिए मजबूर हैं, बहुत जल्दी यह भी शासन समाप्त हो जाएगा, 2027 में इससे भी निजात मिल जाएगी,घर गिरना है बुलडोजर चलवाना है लोगों को तबाह करना है,अयोध्या में केवल एक-एक लाख रुपये दिया गया मुआवजा, अयोध्या में दुकानों का मुआवजा केवल एक एक लाख रुपए दिया गया, अब उनसे कहा जा रहा है 13 लाख रुपए में नई दुकान खरीद लीजिए, जिसको एक लाख रुपए का मुआवजा मिला है वो 13 लाख रुपए कहां से लाएगा, पाप का घड़ा भर रहा है दंड मिलना निश्चित है, जैसा आप कर्म करेंगे वैसा फल मिलेगा। अयोध्या में तो राम लला ने निर्देश दे दिया है, दूसरा निर्देश 2027 में मिलेगा जो उपचुनाव होगा उसमें भी मिल जाएगा, पाप का घड़ा तो भर ही चुका है बस खड़े का फूटना बाकी है, राम लला ने निर्देश देना चालू कर दिया है जल्द ही घड़ा फूटेगा।थाना रौनाही के मगल्सी गांव में रेप पीड़िता परिवार से की मुलाकात, थाना महाराजगंज के कुम्हिया गांव में 4 वर्षीय बालिका के साथ हुए दुष्कर्म पर परिवार से की मुलाकात, दोनों परिवारों को दिया आश्वासन, कहा कांग्रेस पार्टी परिवार के साथ इस दौरान तमाम कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राम नगरी में 16 जगहों पर बनेगा वेंडिंग जोन, सिविल लाइन्स में होगा फूड हब

## जाम से भी मिलेगी मुक्ति, योजना के अंतर्गत लगने वाले ठेले भी दिखेंगे व्यवस्थित

▸▸ रिकाबगंज से हनुमानगढ़ी के बीच दो किमी के अंदर कई जगहों को वेंडिंग जोन के लिए किया गया है चिह्नित



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** राम नगरी अयोध्या में जल्द ही वेंडिंग जोन निर्धारित होने जा रहे हैं। इसके लिए अभी 16 जगहों को चिह्नित किया गया है। वेंडिंग जोन बनते ही न सिर्फ इधर-उधर खड़े ठेले व्यवस्थित हो जाएंगे बल्कि शहर को जाम से भी निजात मिल जाएगी। वेंडिंग जोन सबसे अधिक सिविल लाइन्स एरिया को कवर करेगा क्योंकि रिकाबगंज से हनुमानगढ़ी के बीच दो किमी क्षेत्र के अंदर कई जगहों को वेंडिंग जोन के लिए चिह्नित किया गया है। इस जोन में अधिकतर खाद्य पदार्थ ही बेचे जा सकेंगे।

### जाम की स्थिति से मिलेगी निजात

अयोध्या में मंदिर निर्माण के साथ ही प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या के लिए खजाना खोल दिया है। करोडों के विकास कार्य कराए गए हैं। अयोध्या के मार्गों पर करोड़ों खर्च करके सड़कों का चौड़ीकरण किया गया था, जिसमें रामपथ, धर्मपथ व भक्तिपथ इत्यादि शामिल हैं। इन मार्गों पर आए दिन अतिक्रमण देखा जाता रहा है। लगातार ठेला वाले इस पर दुकानें लगाते हैं, जिससे मार्गों की सुंदरता को न सिर्फ जाम लगता है, बल्कि जाम की स्थिति भी बनती है उससे भी निजात मिलेगा। इन्हीं परेशानियों को देखते हुए हाल ही में नगर निगम में गठित हुई समिति ने 16 स्थानों पर वेंडिंग बनाने का प्रस्ताव दिया, जिस पर सहमति भी बन गई है।

### खाद्य सामग्रियों की ही होगी बिक्री

वेंडिंग जोन में सिर्फ खाद्य सामग्रियों की ही बिक्री हो सकेगी। वेंडिंग जोन में ठेला लगाने वाले को सफाई, शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं भी दी जाएंगी। नगर निगम के अधिकारियों का मानना है कि जल्द ही चयनित स्थलों पर नगर आयुक्त संतोष शर्मा की अध्यक्षता में बैठक होनी है। उसमें जगहों पर चर्चा व अलॉटमेंट संबंधी चर्चा भी होगी।

ये स्थान हुए हैं चिह्नित टेढ़ी बाजार से मोहबरा रोड,श्रीराम हास्पिटल पानी टंकी के समीप,पुष्पराज तिराहा अपोजिट,सहादतगंज से हनुमानगढ़ी 150 मीटर,देवकाली तिराहा नाला के समीप,रोडवेज पर ईदगाह पश्चिम दीवार से सर्किल हाउस,नियावां चौराहे से मछली बाजार बड़े नाले की तरफ वार्ड नियांवा (गौरापट्टी), सेंट्रल बैंक के सामने शाम 05.00 बजे के बाद वार्ड-13 सिविल लाइन मोहल्ला सिविल लाइन,साहबगंज गुड़िया रोड शाम 05.00 बजे के बाद वार्ड-5 साहबगंज ,पर स्थित अवैध गुमटियों को हटाकर,नाका हनुमानगढ़ी से अग्रसेन चौराहे तक,होटल कृष्णा पैलेस के सामने, अतिक्रमण हटवाकर,टेढ़ी बाजार से महोबरा पुल के नीचे,अयोध्या विकास प्राधिकरण जाने वाली सड़क,दर्शननगर स्थित सूर्य कुंड के चारों तरफ।

## सीएचसी पर आशा संगठन की जिला अध्यक्ष की बैठक और ज्ञापन सौंपने की घटना

**पूरा बाजार -अयोध्या।** आशा सुनीता की सांप के काटने से हुई दुखद मौत के मामले को लेकर आशा संगठन की जिला अध्यक्ष माया पांडे ने आज अपने समर्थकों के साथ सीएससी पूरा पर बैठक की। इस बैठक के दौरान उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष के नाम पर अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर सिंह को सौंपा गया, जिनसे बैठक के दौरान कुछ अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।बैठक के दौरान जब अंकुर सिंह ने सीएससी पूरा पर कार्यरत एचसीआर श्याम बहादुर वर्मा से बातचीत करनी चाही, उन्हें सही जवाब नहीं मिला। श्याम बहादुर वर्मा ने जवाब देने के बजाय अपने कक्ष में जाने का निर्णय लिया। उन्होंने उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत करने की बात कही।ज्ञापन देने वालों में आशा संगठन की जिला अध्यक्ष माया पांडे ,सुनीता वर्मा, वंदना गौड़ ,अनीता सिंह व उनके समर्थकों ने सुनीता की मौत के मामले में न्याय और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देने की मांग की।

## धान के लिए कुल 52 क्रय केन्द्र किये गये स्वीकृत

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या ।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि जनपद अयोध्या में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत कृषकों द्वारा उत्पादित ज्वार के खरीद हेतु खाद्य विभाग (विपणन शाखा) के कुल 03 और धान खरीद हेतु 24 अगस्त 2024 को जिलाधिकारी द्वारा खाद्य विभाग (विपणन शाखा) के 13, पी0सी0एफ0 के 19, पी0सी0यू0 के 10, यू0पी0एस0एस0 के 08 एवं भा0खा0नि0 के 02 कुल 52 क्रय केन्द्र स्वीकृत किये गये इन केन्द्रों के स्वीकृत किये जाने के पश्चात् तहसील सदर में 13, सोहावल में 06, मिल्कीपुर 11, बीकापुर में 14 तथा रुदौली तहसील में कुल 08 क्रय केन्द्र संचालित होंगे, जहां किसान सुविधानुसार अपना धान किसी भी क्रय केन्द्र पर विक्रय कर सकते हैं। स्वीकृत 03 ज्वार क्रय केन्द्रों में खाद्य विभाग के केन्द्र क्रमश मसौधा नवीन मंडी, अमानीगंज तथा पटरंगा के साथ-साथ धान क्रय केन्द्र कमशा नवीन मंडी सदर, गोसाईगंज (नवीन मंडी), पूरा बाजार, सोहावल मिल्कीपुर, हरिग्टनगंज मिल्कीपुर, अमानीगंज, बीकापुर शेरपुरपारा, तारून, रुदौली डाक बगला-प्रथम रूदौली डाक बंगला द्वितीय, अमराईगाव तथा पटरगा स्वीकृत किये गये है। जिलाधिकारी द्वारा समस्त क्रय एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि स्वीकृत धान क्रय केन्द्रों पर समस्त आवश्यक व्यवस्था प्रबन्ध/जियो टैगिंग 15 सितम्बर, 2024 तक पूर्ण करते हुये 01 अक्टूबर, 2024 से ज्वार एवं 01 नवम्बर 2024 से धान क्रय केन्द्रों को क्रियाशील कर धान की खरीद प्रारम्भ की जाय।

उक्त जानकारी जिला खाद्य विपणन अधिकारी अयोध्या ने दी है।

## डीएम ने कार्य की धीमी प्रगति पर लगायी अधिकारियों को लगाई फटकार

### दीपोत्सव से पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने के दिये निर्देश



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज सरयू नदी के तट पर चलित परियोजनाओं का निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने सरयू नदी के गोण्डा पुल से लेकर लक्ष्मण किला तक एवं दर्शक दीर्घा परियोजना का निरीक्षण किया गया। कार्य की धीमी प्रगति को लेकर रोष व्यक्त किया गया तथा उनके द्वारा समस्त कार्यो को दीपोत्सव से पूर्व गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कार्य को कराने के कड़े निर्देश दिये गये एवं साथ ही साथ उपरोक्त कार्य की समय सारणी बनाकर प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने राम की पैड़ी पर बने हुये चित्र कालाओं के कार्य को 15 दिवस के अन्दर पूर्ण कराने के निर्देश दिये तथा सरयू आरती पर चल रहे सेड के निर्माण में भी तेजी लाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा सरयू आरती स्थल पर सीढ़ियों पर सिलप डालकर लगाये जा रहे पत्थर को एक बराबर लगाने के निर्देश दिये जिससे श्रद्धालुओं को चलने में किसी प्रकार की असुविधा न हों। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी नगर, आर0एम अयोध्या, यू0पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0, निर्माण इकाई-11, अयोध्या के सहायक परियोजना प्रबन्धक व अवर अभियन्ता एवं सम्बन्धित फर्म के इंजीनियर उपस्थित रहे।इसके उपरांत जिलाधिकारी ने हलकारा का पुरवा के पास एस0टी0पी0 पंचकोसी परिक्रमा का भी निरीक्षण किया तथा कार्य की धीमी प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एडीएम सिटी, आर0एम0 अयोध्या, जलनिगम शहरी और कार्यदायी संस्था के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## नवागत प्रथम महिला मुख्य अधिशाषी अधिकारी का पूर्व पार्षदों ने बुके देकर किया स्वागत



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** छावनी परिषद अयोध्या की नवागत प्रथम महिला मुख्य अधिशाषी अधिकारी महोदया श्रीमती जिज्ञासा राज (आई.डी.एस ) का छावनी परिषद अयोध्या के पूर्व पार्षद मोहम्मद अपील बबलू के नेतृत्व में पूर्व पार्षदों ने बुके देकर स्वागत किया ।पूर्व पार्षद मोहम्मद अपील बबलू ने बताया कि आज़ादी के बाद पहली बार कोई महिला अधिकारी छावनी अयोध्या की मुख्य अधिशासी अधिकारी बनकर आयी हुई है ।मोहम्मद अपील बबलू ने बताया कि सीईओ से मुलाकात के साथ छावनी अयोध्या से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया और लंबित विकास की सभी योजनाओं को जल्द से जल्द शुरू करने की अपील की । और छावनी की जनता की तरफ से हर तरह के सहयोग का आश्वासन भी दिया ।इस पर सीईओ द्वारा सभी जनसमस्याओं समय रहते निस्तारण करने और सभी लंबित विकास की योजनाओं को शुरू करने आश्वासन भी दिया ।

## जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के भ्रष्टाचार की शिकायत मंडलायुक्त से की -दिनेश सिंह

**अयोध्या।** सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक अयोध्या मंडल अयोध्या कौस्तुभ सिंह द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय के भ्रष्टाचार की जांच बिंदुवार ना करके सभी आरोपों को निराधार बताकर दोष मुक्त करार दे दिया गया। श्रीराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश सिंह आज मंडल आयुक्त महोदय श्री गौरव दयाल जी से मिलकर प्रशासनिक एवं अन्य विभाग से जांच करने के लिए निवेदन किया गया।दिनेश सिंह ने बताया कि सहायक शिक्षा निदेशक श्री कौस्तुभ सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष राय एक ही जनपद आजमगढ़ के निवासी हैं एवं मित्र भी है किसी भी बिंदु पर जांच ना करके गोलमोल जवाब दिया गया है यदि इसी तरह जांच चलती रही तो मजबूरन हाई कोर्ट की शरण में जाना पड़ेगा ।

## प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता की तैयारी पूरी

### खेल प्रतियोगिता उद्घाटन विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडे द्वारा



लोकमित्र ब्यूरो

**पूरा बाजार -अयोध्या।** प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का आयोजन बच्चू लाल इंटर कॉलेज पूरा के प्रांगण में आगामी चार व पांच सितंबर 2024 को किया गया है उक्त जानकारी देते हुए खेल प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी सुरेश दुबे ने बताया कि खेल की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं खेल का शुभारंभ विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडे व समापन तथा पुरस्कार वितरण पूर्व सांसद लल्लू सिंह द्वारा किया जाएगा अतिथियों एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोगों को नियंत्रण देने का दायित्व दीप कुमार पांडे और सतीश कुमार सिंह पिंटू को सौपा गया है खेल प्रतियोगिता 4 सितंबर 2024 को प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगी।

## बेमौसम सब्जी की खेती कर किसान भाई कमाएं मुनाफा- डॉ0 बीपी शाही

### मवई ब्लाक के संडवा गांव में महिला कृषकों को दिया गया प्रशिक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**मवई-अयोध्या।** आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एंव प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मसौधा अयोध्या द्वारा मवई ब्लाक के संडवा गांव में रोजगारपरक सब्जी की खेती विषय पर कृषक महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. बी.पी.शाही ने बताया कि सब्जियो की खेती कर कृषक महिलाए अपनी आमदनी के साथ कुपोषण की समस्या भी दूर होगी। कृषक महिलाए यह भी ध्यान दे अपने क्षेत्र में किस सब्जी की ज्यादा मांग है। उसी के अनुरूप अपनी सब्जी की खेती की योजना बनाए - एक उचित समय सारणी बनाना महत्वपूर्ण है। बताया कि गर्म मौसम वाली सब्जी कब लगानी है और ठन्डें मौसम वाली सब्जी कब लगानी है इसकी जानकारी रखना बहुत जरूरी है। टमाटर, बैगन, मिर्च,शिमला मिर्च, प्याज, लहसुन, आलू,लौकी ,करेला, खीरा बहुत सारी सब्जी लगाकर अधिक आमदनी प्राप्त कर सकते है। सब्जियो की खेती कर एक फसल पर दो लाख से ढाई लाख रुपए तक मुनाफा हो जाता है। प्रशिक्षण में डा.प्रवीण कुमार मौर्य बरिष्ठ वैज्ञानिक ने आलू एंव प्याज की खेत की तैयारी ,बुआई का समय,बीज की मात्रा व दूरी,खाद एंव उर्वरक प्रबंधन, सिचाई,उत्पादन एंव खुदाई का समय के बारे विस्तृत जानकारी दी साथ ही आय प्राप्त कर एक स्वरोजगार स्थापित किया जा सकता है। बैमौसमी सब्जीयो की खेती कर अधिक आमदनी प्राप्त होती है।महिला कृषको को सब्जियो की नर्सरी तैयार करने एंव नर्सरी से आय भी प्राप्त कर सकती है। डा. रामगोपाल ने टमाटर, बैगन, मिर्च एंव कददूवर्गीय सब्जियो में लगने वाले कीट एंव रोग नियंत्रण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रगतिशील महिला कृषक एंव ड्रोन दीदी ने बताया कि कम समय में ड्रोन से छिड़काव कर समय की बचत एंव आसानी से किया जा सकता है।साथ ही हम लोग विगत वर्ष कृषि विज्ञान केन्द्र से आलू की नवीनतम प्रजाति लगाया जो कि अधिक उत्पादन के अच्छी गुणवत्तायुक्त बीज तैयार कर अक्टूबर माह में बुआई की जायेगी।जिससे की हमको अधिक आमदनी प्राप्त कर सके। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा प्रशिक्षण के उपरांत पोषण वाटिका किट भी वितरित किया है।इस प्रशिक्षण मे 20-25 महिला कृषको ने भाग लिया।

## एक प्रेमी ने ब्रेकअप करने से नाराज होकर प्रेमिका को रूह कंपा देने वाली मौत दी 9 दिन बाद खंडहर से मिली सड़ी-गली लाश




लोकमित्र ब्यूरो

**गोसाईगंज -अयोध्या।** थाना गोसाईगंज पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पीछे डाक बंगले के खंडहर में मिली लाख के संबंध में घटना का 24 घंटे के अंदर सफल अनावरण करती हुई हत्या के मामले में वांछित को गिरफ्तार किया।एक प्रेमिका को अपने प्रेमी से ब्रेकअप करना महंगा पड़ गया। नाराज प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या कर उसका शव थाना गोसाईगंज क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास एक खंडहर में फेंक दिया 9 दिन पुराना शव सड़ गल कर कंपोस्ट हो गया था, जिससे उसमें कीड़े पड़ गए थे. युवती आरोपी दीपप से ब्रेकअप कर दूसरे युवक के संपर्क में आ गई थी, जिससे नाराज पूर्व प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी. प्रेमिका सविता पड़ोसी जनपद अंबेडकर की रहने वाली थी और वह 21 अगस्त से लापता थी।गोसाईगंज थाना प्रभारी परशुराम ओझा ने बताया कि उसके पूर्व परिचित में उसकी हत्या कर शव खंडहर में फेंक दिया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी प्रेमी को मुखबिर की सूचना पर गोसाईगंज महादेवा घाट से समय 2:05 पर दीपक कुमार उम्र 28 वर्ष पुत्र लहुरी देवकली थाना कूरेभार जिला सुल्तानपुर को गिरफ्तार कर लिया। गोसाईगंज रेलवे स्टेशन परिसर में पुराना खंडहर डाक बंगला में एक युवती की सड़ी गड़ी लाश संदिग्ध परिस्थितियों में पायी गयी। अंबेडकर नगर जिले की महिला ने उसे अपनी 21 वर्षीय पुत्री सविता के रूप में पहचान की थी। हालांकि शव की हालत देख कर पुलिस हर पहलुओं की बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट व फोरेंसिक टीम की जांच के बाद ही किसी सही निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है।

अंबेडकर नगर के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के कनक पट्टी दशमढे निवासी कमला देवी ने गोसाईगंज थाना पहुंचकर बताया कि गुरुवार को एक फोन आया कि तुम्हारी लड़की की लाश गोसाईगंज स्टेशन के पास पड़ी है. महिला की पुत्री घर से 21 अगस्त को निकली थी, लेकिन उसकी गुमशुदगी की कोई भी सूचना कहीं दर्ज नहीं है. पुलिस के घंटों खोजबीन के बाद डाकबंगले के पुराने खंडहर में एक सड़ी लाश बरामद हुई. शव का हाथ और पैर ही बचे थे, बाकी पेट से सीने तक का हिस्सा बिल्कुल खत्म हो गया था. उसमें कपड़ा भरा था. सिर का भी पता नहीं था. लाश सड़ कर कंपोज्ड हो गई थी. पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है. शव को देखने के बाद प्रतीत हो रहा था कि हत्या कहीं और की गई है और शव अयोध्या जनपद के गोसाईगंज क्षेत्र में फेंक दिया गया। गिरफ्तारी करने वाले में थाना प्रभारी परशुराम ओझा उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार राय उप निरीक्षक रामचंद्र मौर्य कांस्टेबल मयंक पाल मौजूद थे।

# डीआईओएस के निरीक्षण में बिना मान्यता के इंटर तक संचालित मिला स्कूल

## मां पूजा देवी मेमोरियल मॉडर्न स्कूल बिना मान्यता के नवमी से इंटर तक हो रहा संचालित





> तत्कालीन डीआईओएस के निरीक्षण में भी स्कूल बिना मान्यता के चलने पर दी गई थी नोटिस

**बलरामपुर।** आठवीं की मान्यता पर इंटरमीडिएट तक कक्षा संचालन करना प्रबंधक को महंगा पड़ा। जिला विद्यालय निरीक्षक के आकस्मिक निरीक्षण में श्री दत्त गंज बाजार के खरदौरी मे मां पूजा देवी मेमोरियल मॉडर्न पब्लिक स्कूल बिना मान्यता के नौवीं से इंटरमीडिएट तक कक्षाएं संचालित मिला है। विद्यालय प्रबंधक से पांच दिवस के भीतर स्कूल की मान्यता संबंधी पत्रावली एवं इंटर तक कक्षा संचालन के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है निर्धारित समय के भीतर संतोष जनक स्पष्टीकरण ना मिलने पर एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी दी है।

जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ने ब्लॉक संसाधन केंद्र श्रीदत्तगंज के बगल संचालित मां पूजा देवी मेमोरियल मॉडर्न पब्लिक स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया है निरीक्षण के दौरान नवी से इंटरमीडिएट तक कक्षाएं संचालित मिली है इस संबंध में मान्यता संबंधी पत्रावली मांगे जाने पर विद्यालय प्रबंधक प्रधानाचार्य धनीराम वर्मा नहीं उपलब्ध करा सके हैं निरीक्षण के दौरान नवी कक्षा मे63 के सापेक्ष 49 ,हाई स्कूल में 67 के सापेक्ष 55 ,कक्षा11वीं में 34 के सापेक्ष 25 एवं इंटरमीडिएट में 47 के सापेक्ष 24 छात्र छात्राएं उपस्थित मिले हैं डीआईओएस ने हाई स्कूल से लेकर इंटरमीडिएट तक संचालित स्कूल के मान्यता संबंधित अभिलेख मांगने पर उन्हें प्रबंधन प्रिंसिपल द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया

उन्होंने तत्काल विद्यालय बंद करने के निर्देश दिए एवं भविष्य में निरीक्षण के दौरान बिना मान्यता के कक्षा संचालित मिलने पर माध्यमिक शिक्षा नियमावली के अंतर्गत नियमानुसार विधिक कार्रवाई एवं उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने 2 सितंबर 2024 तक विद्यालय प्रबंधक प्रधानाचार्य को कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर मान्यता संबंधी अभिलेख उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है निर्धारित अवधि के भीतर अभिलेख उपलब्ध न करने पर विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। बताते चलें कि इस विद्यालय में बीते वर्ष तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम के निरीक्षण में भी बिना मान्यता की कक्षाएं संचालित मिली थी उनके निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधक प्रधानाचार्य से काफी तकरार भी हुआ था

उसे दौरान भी तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक ने कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी लेकिन स्कूल बिना मान्यता के नवमी से इंटरमीडिएट तक चला रहा। अब सवाल उठता है कि मौजूदा जिला विधायक निरीक्षक बिना मान्यता वाले स्कूल के संचालन पर कार्रवाई करेंगी अथवा तत्कालीन जिला विद्या निरीक्षक की तरह मामले को ठंडा बस्ते में डाल देंगी। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुल आनंद का कहना है कि बिना मान्यता के अथवा मानक विहीन स्कूल किसी भी सूरत में चलने नहीं दिया जाएगा। मान्यता से अधिक कक्षा संचालन पर प्रबंधक प्रधानाचार्य के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# जरूरतमंदों की मदद संस्था के सदस्यों का कार्य सराहनीय-ठाकुर प्रसाद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** कौन कहता है आसमां में सुराग नहीं होता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो ए लाइन राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संगठन के सदस्यों पर सटीक बैठती है। गुरुवार की रात बरसात ने भी उनके हौसलों को परास्त नहीं कर सका। समय पर अस्पताल और रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों को गरम भोजन की थाली परोसकर अपनी मुहिम को धार दी।

गुरुवार की रात झमाझम बरसात ने संगठन के सदस्यों का आत्मविश्वास नहीं डीगा सका। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय व रेलवे-स्टेशन पर अपर उप जिलाधिकारी ठाकुर प्रसाद सिंह ने राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संगठन के सहयोग से 435 जरूरतमंदों को गरम भोजन की थाली परोसकर भूख मिटाई।

उन्होंने कहा संगठन का यह कार्य सराहनीय है। अच्छे कार्य से लोग प्रेरित होंगे। मन में सहयोग की भावना पैदा होगी। संस्था अध्यक्ष मेराज अहमद ने बताया 80 हफ्तों से संगठन के सदस्यों के सहयोग से निशुल्क भोजन वितरण होता है। संगठन के मार्गदर्शन निजाम खान ने बताया प्रत्येक गुरुवार को दाल, चावल, रोटी,सब्जी अस्पताल और रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों को बाटा जाता है।

वितरण कार्यक्रम में प्रदीप श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश वर्मा, हाजी मुज्तबा अंसारी, सरदार गुरप्रीत सिंह, सिकंदर वर्मा, अब्दुल वदूद, मिलियन ट्रेलर, राशिद खान, राशिद वर्दी ट्रेलर, आसिफ़ अरबाब अहमद, सलीम इदरीसी, बैजनाथ प्रजापति, भोलू, सुल्तान सलाहुद्दीन खान, आशुतोष झा लकी, सलमान खान आदि का अहम सहयोग रहा।

# सचित्र उत्तराखंड पीसीएस में प्राथमिक विद्यालय महादेव के प्रधानाध्यापक की तैनाती पर मिठाई खिलाते बीईओ

## प्राइमरी शिक्षक श्रेय शुक्ल का उत्तराखंड पीसीएस में हुआ चयन



**बलरामपुर।** इरादे बुलंद हो तो कामयाबी कदम चूमती है कुछ ऐसे ही इरादों के पक्के श्रेय शुक्ला है जिन्होंने उत्तराखंड पीसीएस में चयनित होकर जिले का मान बढ़ाया है। जिला मुख्यालय के टेढ़ी बाजार निवासी सेवानिवृत्ति गन्ना विकास निरीक्षक शैलेंद्र शुक्ला एवं प्रधानाध्यापिका रही मिथिलेश शुक्ला के बेटे मौजूदा समय में सदर शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय महादेव के प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत हैं उनकी शिक्षा दीक्षा हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज एवं स्नातक एवं अन्य शिक्षा एमएलकेपीजी कॉलेज में हुई है इसके बाद प्राथमिक विद्यालय में चयनित हुए हैं प्रधानाध्यापक पद पर कार्य करने के बाद भी सिविल की तैयारी में जुटे रहे हैं उनका लक्ष्य सिविल सेवा में सफलता हासिल करना रहा है इसे उत्तराखंड पीसीएस में चयनित होकर का नाम रोशन किया है उनके इस उपलब्धि पर माता-पिता के साथ बहन प्रोफेसर श्रेया शुक्ला मौजूदा खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पाठक शिक्षक पंकज पांडेय माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष भगवती प्रसाद शुक्ला सहित अन्य सगे संबंधी मित्रों एवं शुभचिंतकों ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# शिक्षा के साथ-साथ बेटियों के स्वास्थ्य सुरक्षा पर विभाग गंभीर-बीएसए

## केजीबीवी की 100 छात्राओं को दिया गया सैनिटरी पैड



**बलरामपुर।** बेसिक शिक्षा कैंपस में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नगर क्षेत्र की 100 छात्राओं को सैनिटरी पैड का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस दौरान 100 छात्राओं को सैनिटरी पद दिया गया है।

विधान परिषद सदस्य साकेत मिश्रा के प्रतिनिधि मनीष शुक्ला ने विद्यालय में एक इंसीनरेटर भी लगाया। जिला समन्वयक प्रशिक्षण मोहित देव ने बताया कि वार्डेन सुधा मिश्रा ने छात्राओं की तरफ से प्रतिनिधि को पत्र सौंपकर विद्यालय में वाटर कूलर लगाए जाने की मांग की, जिस पर उन्होंने शीघ्र ही वाटर कूलर लगवाने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में एमएलसी साकेत मिश्रा का जिले में विशेष योगदान है। बीएसए शुभम शुक्ला ने विधान परिषद सदस्य के इस कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बेटियों के स्वास्थ्य सुरक्षा का भी विशेष ध्यान देना विभाग का कर्तव्य है।इस अवसर पर दीपक यादव, घनश्याम लाल करूणा, मंशा, रश्मि व पूजा अनवर जहां शाइस्ता खान आफताब आदि मौजूद रहे है।

# महिला को बस ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** गुरुवार की देरशाम लखनऊ-बलिया हाइवे पर स्थित पांडेबाबा बाजार में सड़क पार कर रही महिला को परिवहन निगम की बस में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला को धर्मराज पाठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया। इलाज के लिए निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज ले जाते समय महिला के रास्ते में मौत हो गई।

कोतवाली कादीपुर क्षेत्र के शेरपुर लखनी गांव निवासी 50 वर्षीय उर्मिला देवी पत्नी स्व. अनिल यादव गुरुवार को आवश्यक कार्य से बरौंसा गई हुई थी। देर शाम 7:15 बजे के करीब वह बरौंसा से ई-रिक्शा से वापस लौटी। लखनऊ-बलिया हाइवे पर स्थित मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के पांडेबाबा बाजार में ई-रिक्शे से उतरकर वह हाइवे के दूसरी तरफ जा रही थीं कि तभी कादीपुर से सुल्तानपुर की तरफ जा रही सुल्तानपुर डिपो की बस ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल उर्मिला को परिजन निजी वाहन से लेकर धर्मराज पाठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीर हालत में उन्हें मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया। इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। परिवहन निगम की बस को बाजारवासियों ने सड़क के किनारे खड़ी करा दिया। बस सवार यात्री दूसरे साधनों से अपने गंतव्य को निकले। थानाध्यक्ष मोतिगरपुर तरुण पटेल ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बाइकसवार बदमाशों ने युवक को मारी गोली, घायल

**सुल्तानपुर।** जिले में अपराध का ग्राफ कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। 30 घंटे पहले अभी जहां शहर के बीचों बीच एक सर्राफ कारोबारी के यहां हुई करोडो की डकैती का मामला अभी सुलग ही रही है, कि देर शाम बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने युवक को गोली मार मौके से फरार हो गए। आनन फानन में घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं घटना की जानकारी लगते ही पुलिस के आला अधिकारी भी जिला अस्पताल पहुंच गए और पीड़ित युवक से घटना से संबंधित जानकारी ली।दरअसल कोतवाली नगर क्षेत्र के विनोवापुरी इलाके का रहने वाला आदर्श मिश्रा उर्फ अंकुर बाइक से घूमने के लिए बाईपास की तरफ निकला हुआ था। आरोप है वहां से लौटते समय पल्सर सवार दो अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने उसे रोकना चाहा, लेकिन रुकने के बजाय उसने अपनी बाइक बढ़ा दी। इतने में उन बदमाशों ने आदर्श पर फायर कर दिया। जिससे इसके हाथ में गोली लगी। घटना के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। फिलहाल अंकुर की हालत अब खतरे से बाहर है। वही घटना की जानकारी के बाद पुलिस टीम जिला अस्पताल पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। फिलहाल पुलिस के मुताबिक घटना अभी संदिग्ध मानी जा रही है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

# विपिन विक्रम सिंह को मिली पीएचडी उपाधि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** लम्भुआ तहसील के खानपुर निवासी विपिन विक्रम सिंह दीपक को डॉ.राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने हिन्दी विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है ।



विपिन ने केएनआईपीएसएस के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राधेश्याम सिंह के निर्देशन में अरुण कमल के काव्य में समसामयिकता एवं यथार्थ बोध विषय पर शोध कार्य किया है। वर्तमान में अमरोहा जनपद के श्रीमती सुखदेवी इंटर कालेज हसनपुर में प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक विपिन विक्रम सिंह ने स्नातक व परास्नातक की पढ़ाई इलाहाबाद विश्वविद्यालय से की थी। खानपुर गांव निवासी अमरनाथ सिंह के पुत्र विपिन विक्रम सिंह दीपक ने जेआरएफउत्तीर्ण करके प्रोफेसर राधेश्याम सिंह के निर्देशन में इस उपलब्धि को हासिल किया है। जेएनयू के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह ने शोध मौखिकी परीक्षक के रूप में विपिन की परीक्षा ली। उनकी इस उपलब्धि पर राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ,इनके अभिभावक एडवोकेट अशोक कुमार सिंह, डॉ.रघुराज सिंह, समेत अनेक प्रमुख लोगों ने प्रसन्नता जताई है।

# हत्या-लूट बलत्कार में घिरी भाजपा, बचाव में ले हे बंगाल का नाम-अजय राय

**सुल्तानपुर।** जिले मे सोना व्यापारी से मिलकर बोले अजय राय, यूपी में हत्या-लूट बलत्कार में घिरी भारतीय जनता पार्टी, घुमा कर बंगाल की तरफ ले जा रही। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में नहीं देख रही है, फर्रुखाबाद में दो-दो बच्चियों को टांग दिया गया, अयोध्या में बलत्कार हो रहा, इटावा में तीन-तीन लोग जहर खाकर मर गए, यहां करोड़ो की दिन दहाड़े डकैती हो गई। इस पर क्यों नहीं बोल रहे। मैं समझता हूं, पूरी तरीके से भारतीय जनता पार्टी घिरी हुई है। बचाव के लिए वो बड़ी बड़ी बातें और बंगाल की तरफ घुमा रही है। यह बातें यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार शाम मीडिया से कही। वे चौक में सोना व्यापारी भरत सोनी से मिलने पहुंचे थे। शहर स्थित एक निजी होटल में कांग्रेस के कार्यक्रम में अजय राय शामिल हुए। यहां उनके साथ अमेठी सांसद केएल शर्मा मौजूद थे। अजय राय ने मीडिया से कहा कि कानून व्यवस्था पर बड़ी बड़ी बात योगी जी बोल रहे हैं, यहां दिन दहाड़े पांच करोड़ रूपये लूट ले गए। ये क्या है? आज पुलिस निरंकुश हो चुकी है। यहां को जो एसपी है ढाई साल से वो बैठा हुआ है, उसको संरक्षण दिए हुए हैं आप (योगी), मशाल जुलूस निकालने पर कार्यकर्ताओ को जेल भेजते हैं, उन पर लाठियां चलती हैं। अजय राय ने कहा जो लूट रहा है उसकी अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई ये बहुत ही शर्मिंदगी की बात है। अजय राय ने सुल्तानपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में हुए घोटाले पर प्रदेश सरकार पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सुल्तानपुर से लेकर पूरे प्रदेश में काफी ऐसी शादियां हैं जो दुबारा कराई गई हैं। तमाम तरीके से भ्रष्टाचार है उस पे योगी जी नहीं बोलेगे। क्यों, क्योंकि वो और उनके लोग पूरी तरीके में शामिल हैं, और भ्रष्टाचार में पूरी भारतीय जनता पार्टी शामिल है। अजय राय ने ये भी कहा कि हर घर जल योजना में एक एक्सीईएन की पीट पीट कर हत्या हुई। उससे पहले एक डॉक्टर की हत्या हुई। कानून व्यवस्था धवस्त हो चुकी है, योगी जी फेल हैं। अपने फेल्योर को बचाने के लिए योगी उलूल जुलूल की बात कर रहे हैं।

# एडीओ पंचायत के खिलाफ लामबंद हुआ प्रधान संघ

## सदर विधायक से एडीओ पंचायत को हटाने की मांग



**बलरामपुर।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद की बैठक सदर ब्लाक सभागार में आयोजित की गई। जिसमें ग्राम प्रधानों की समस्याओं के निराकरण पर चर्चा हुई। बैठक में एडीओ पंचायत के कार्य व्यवहार पर प्रधानों ने आक्रोश जताया। एडीओ पंचायत के स्थानान्तरण की मांग के सम्बन्ध में ग्राम प्रधानों ने सदर विधायक पल्टूराम को ज्ञापन सौंपा। प्रधानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही एडीओ पंचायत का स्थानान्तरण न हुआ तो प्रधान सारे विकास कार्य ठप कर देंगे।

सदर ब्लाक सभागार में आयोजित बैठक में अखिल भारतीय पंचायत परिषद के जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि एसबी शुक्ल को ग्राम प्रधानों ने अवगत कराया कि एडीओ पंचायत प्रेम प्रकाश चौधरी का कार्य व्यवहार ठीक नहीं है। एडीओ पंचायत सदर ब्लाक के ग्राम प्रधानों से जांच के नाम पर अवैध धन की वसूली कर रहे हैं। करीब छह माह पहले एडीओ पंचायत की तैनाती सदर ब्लाक में हुई है। पदभार ग्रहण करने के बाद से ही एडीओ पंचायत ने ग्राम प्रधानों का उत्पीड़न शुरू कर दिया है। गोंदीपुर के ग्राम प्रधान रिंकू सिंह ने बताया कि एक सप्ताह पहले उनके यहां जांच की गई है। जांच के दौरान डिप्टी डायरेक्टर ने उनके साथ अमर्यादित व्यवहार किया। ग्राम प्रधानों ने बैठक में कहा कि एडीओ पंचायत प्रत्येक सप्ताह में 10-10 ग्राम पंचायतों की सूची बनाकर डिप्टी डायरेक्टर को भेज रहे हैं और उन ग्राम पंचायतों की जांच के नाम प्रधानों से अवैध धन की वसूली की जा रही है। बैठक में प्रदेश महासचिव विजय तिवारी, जिला महामंत्री शशिकांत त्रिपाठी, महेश मिश्रा, जितेन्द्र सिंह, अनूप पांडेय, महेश सिंह, अभय मिश्रा, रामकृपाल शुक्ला, सुरेन्द्र, मो0 उस्मान, राजेश शुक्ला ने बताया कि एडीओ पंचायत ग्राम प्रधानों का उत्पीड़न करा रहे हैं जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्राम प्रधानों ने एडीओ पंचायत के स्थानान्तरण की मांग को लेकर सदर विधायक पल्टूराम को ज्ञापन सौंपा। सदर विधायक ने ग्राम प्रधानों को आश्वासन दिया है कि एडीओ पंचायत की शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी। साथ ही उनका स्थानान्तरण हर हाल में कराया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार तिवारी, पुनीत यादव, पप्पू यादव, मुख्तार आलम, इसरार अहमद सहित तमाम ग्राम प्रधान मौजूद थे।

# चकबन्दी अधिकारी कटघरा के न्यायालय का निरीक्षण

**जौनपुर ।** बन्दोबस्त अधिकारी ने अवगत कराया है कि चकबन्दी आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश के क्रम में जनपद जौनपुर में 10 वर्ष से अधिक समय से चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों की समीक्षा 29 अगस्त 2024 को संयुक्त संचालक चकबन्दी मुख्यालय लखनऊ रण विजय सिंह द्वारा की गयी और 30 अगस्त 2024 को चकबन्दी अधिकारी कटघरा के न्यायालय का निरीक्षण किया गया।

जनपद में 46 ग्राम 10 वर्ष से अधिक समय से चकबन्दी प्रक्रियाधीन है। समीक्षा के दौरान 10 वर्ष से पुराने ग्रामों में अपेक्षित प्रगति न होने तथा शिथिल पर्यवेक्षण के कारण सहायक चकन्दी अधिकारी बुद्धूराम को कारण बताओ नोटिस, राम नयन सिंह सहायक चकबन्दी अधिकारी का स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा सहायक चकबन्दी अधिकारी राम अचल राम को नियम 10 (2) के अन्तर्गत नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। अपेक्षित कार्य प्रगति न होने के कारण चकबन्दीकर्ता नन्दलाल के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये तथा चकबन्दीकर्ता हरिराम का वेतन रोके जाने के निर्देश दिये गये हैं।

# आनलाइन कर संग्रहण प्रणाली का शुभारम्भ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** नगर पालिका परिषद सुलतानपुर सभाकक्ष में पालिका सीमान्तर्गत स्थित समस्त सम्पत्तियों, भवनों इत्यादि से कर संग्रहित किये जाने हेतु 'आनलाइन कर संग्रहण प्रणाली' का शुभारम्भ किये जाने हेतु समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समीर रंजन पंडा, जी0एम0, बैंक आफ बड़ौदा एवं पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि समीर रंजन पंडा द्वारा अपने सम्बोधन में सभी का स्वागत एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा गया कि हमारे बैंक द्वारा लखनऊ जोन में पहली बार सुलतानपुर से आनलाइन कर संग्रहण प्रणाली की शुरूआत की जा रही है, इसके उपयोग से लोगों को अपने घर बैठे गृहकर जलकर के भुगतान की व्यवस्था मिलेगी।



पालिका कर्मियों को पॉस मशीनें उपलब्ध करायी जायेंगी, जिससे मौके पर ही जाकर स्वैप द्वारा अथवा कैश रसीद उपलब्ध कराते हुए कर संग्रहण का कार्य किया जायेगा। बैंक ऑफ बड़ौदा के तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा आनलाइन कर प्रणाली द्वारा आम जानमानस द्वारा कर भुगतान करने व पालिका कर्मियों द्वारा कर संग्रह कार्य करने हेतु बनाये गये आनलाइन पोर्टल विषयगत प्रस्तुतीकरण कर जानकारी दी गयी। पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल द्वारा इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा गया कि आनलाइन कर प्रणाली लागू होने पर करदाता घर बैठे अपना वार्षिक कर देख कर जमा कर सकेगा, जिससे पालिका की आय में व्यापक वृद्धि होगी, साथ ही नगरवासियों को इस पारदर्शितापूर्ण आधुनिक कर प्रणाली से उनको कर भुगतान सम्बन्धी समस्याओं को दर्ज करने व उसके आनलाइन निस्तारण किये जाने हेतु इसे वर्तमान बोर्ड की उपलब्धि के रूप में बताया गया, साथ-साथ यह भी बताया गया कि आने वाले समय में पालिका द्वारा इस आनलाइन प्रणाली के माध्यम से नये भवनों को दर्ज करने हेतु आवेदन, नामान्तरण एवं दाखिल खारिज हेतु आवेदन करने, विविध लाइसेन्सिग हेतु आवेदन करने तथा अन्य पालिका सम्बन्धी समस्याओं के आनलाइन निस्तारण हेतु पब्लिक ग्रीवियान्स रिड्रेसल सिस्टम उपलब्ध कराया जायेगा। अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज ने बताया कि नगर पालिका व बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त प्रयास से आनलाइन कर प्रणाली लागू की गयी है, जिसका आनलाइन लिंक है, जिस पर अपने भवन सम्बन्धी जानकारी देखी जा सकती है। इस अवसर पर पालिका के सभासदगण, अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज, कर विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारी तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख, तकनीकी विशेषज्ञ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्थाई कार्यों के निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कार्यशाला आयोजित



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत एवं कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द की उपस्थिति में शुक्रवार को इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन हॉल में महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत कराये जा रहे स्थायी कार्यों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता को सुनिश्चित बनाये रखने एवं निर्माण कार्य को समय से पूर्ण किए जाने के सम्बंध में विभिन्न विभागों के कार्यदायी संस्थाओं के मुख्य अभियंता, अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता व निर्माण कार्यों से जुड़े हुए ठेकेदारों एवं थर्ड पार्टी के विशेषज्ञों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में थर्ड पार्टी के विशेषज्ञों के द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत कराये जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित मानकों एवं निर्माण कार्य में अपनायी जाने वाली प्रक्रियाओं व सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में मुख्य अभियंता-लोक निर्माण विभाग, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, नगर निगम, सेतु निगम, जल निगम, सिंचाई विभाग के द्वारा उनके विभाग से सम्बंधित कराये जा रहे कार्यों की प्रगति के बारे में बताते हुए मानक के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए चरणबद्ध ढंग से अपनायी जाने वाली विधियों, प्रक्रियाओं, व मानीटरिंग के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने कहा कि यहां पर महाकुम्भ-2025 का आयोजन होने जा रहा है और पूरे देश व दुनिया की नजर प्रयागराज पर है। जिससे हम सभी पर और अधिक जिम्मेदारियों का दायित्व है साथ ही आपको यहां अपना पुरूषार्थ दिखाने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश व दुनिया से श्रद्धाभाव से ओत-प्रोत होकर श्रद्धालु यहां आयेंगे। यदि आप अच्छा कार्य करेंगे, तो उनके पुण्य का लाभ आपको भी प्राप्त होगा। मण्डलायुक्त ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों को कुम्भ के दृष्टिगत कराये जा रहे कार्यों का निरंतर निरीक्षण करते रहने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने कार्य में गुणवत्ता, कार्य में कुशलता एवं कार्यों की गति में धीमी न होने पाये, इसको सुनिश्चित किए जाने के लिए निर्देशित किया है। इस अवसर पर कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द ने निर्माण कार्य से जुड़े सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों, आपूर्तिकर्ताओं व ठेकेदारों को टीम भावना व आपसी सामंजस्य बनाते हुए सभी कार्यों को निर्धारित की गयी समयसीमा में पारदर्शिता व कटिबद्धता के साथ पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है।

**मण्डलायुक्त ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों को कुम्भ के दृष्टिगत कराये जा रहे कार्यों का निरंतर निरीक्षण करने तथा कार्य में गुणवत्ता, कुशलता एवं गति धीमी न होने पाये, इसको सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश**

इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी मेला प्राधिकरण आकांक्षा राणा, अपर मेलाधिकारी मेला दयानन्द प्रसाद, उपजिलाधिकारी मेला विवेक शुक्ला सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नाटक कहानियां कहती कहानी का शानदार मंचन



**प्रयागराज।** संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली की अनुदान योजना अंतर्गत समन्वय रंगमंडल प्रयागराज एवम् गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान के संयुक्त तत्वावधान में समन्वय की नवीन प्रस्तुति कहानियां कहती कहानी का मंचन गोविंद बल्लभ पंत के प्रेक्षागृह में सफलतापूर्वक किया गया। इस प्रस्तुति का नाट्य रूपांतरण, परिकल्पना एवम् निर्देशन सुषमा शर्मा का था इस नाट्य कार्यशाला परक प्रस्तुति में कार्यशाला के अंतर्गत नवीन कलाकारों की प्रस्तुति को तैयार किया।÷कहानियां कहती कहानी ÷मूलत छ्- लोक कथाओं पर आधारित है जिन्हें तमिल, तेलगु, मराठी और गोंड साहित्य की लोक कथाओं से लिया गया है। इन सभी कहानियों में कहानी दर्शको से ये गुहार लगाती हुई दिखाई देती है कि आधुनिकता के इस पल पल बदलते युग में उन्हें सुरक्षित किया जाए और अगली पीढ़ी को हस्तांतरित भी किया जाए। इस तरह वह सुरक्षित भी रहेगी और नई पीढ़ी भी उनसे अनभिज्ञ नहीं रहेगी। चाबी की खोज, अनकही कहानी, दीवारों से कहो, नाई का रहस्य, कथा ध्यान से सुनने का परिणाम तथा और फिर फुर्र कोलाज फॉर्म में दर्शको के सामने आती हैं और स्वांग शैली को अपनाती दिखाई देती हैं। इस प्रस्तुति में मीना उरांव, विजय कुमार, अरनव राय, दिव्या शुक्ला, अविनाश मिश्रा, अव्यय भारद्वाज, हर्षल राज तथा सलोनी उरांव ने मंच पर अभिनय किया। प्रकाश संचालन संजू साहू, पार्श्व संगीत एवम संचालन निखिलेश कुमार मौर्य, वस्त्र विन्यास मीना उरांव, रूप सज्जा हामिद, प्रस्तुति प्रबंधन सुशील कुमार राय और नाट्य रूपतांतरण, परिकल्पना एवम् निर्देशन सुषमा शर्मा का रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध लेखक , शिक्षक एवं संस्कृतिकर्मी डॉ धनंजय चोपड़ा, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध चित्रकार रवीन्द्र कुशवाहा उपस्थित रहे।

# व्यापारी बंधु की बैठक में प्रयागराज व्यापार मंडल ने सौंपा 7 सूत्रीय ज्ञापन



**प्रयागराज।** आज प्रयागराज व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा जिला व्यापारी बंधु की बैठक में एडीएम सिटी मदन कुमार को 7 सूत्रीय ज्ञापन दिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष सुशांत कुमार केसरवानी के नेतृत्व में पहुंचे व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल में जिला वरिष्ठ महामंत्री अखिलेश केसरवानी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश निषाद, प्रभारी गंगापार सुरेश चौरसिया, प्रभारी गंगापार बबलू जारी, नगर वरिष्ठ महामंत्री विजय केसरवानी, जिलाध्यक्ष महिला जूही श्रीवास्तव, जिला महामंत्री महिला सुनीता पाल, अध्यक्ष हरीसनगंज शिव जी साहू, महामंत्री अर्पित जायसवाल, अध्यक्ष मऊआइमा मुदित खत्री मौजूद रहे। ज्ञापन में प्रमुख रूप से हरीसेनगंज राजमार्ग 330 में रोड और लाइट सोरांव में सार्वजनिक शौचालय, प्याऊ, रामलीला मैदान की सफाई, मऊआइमा बाजार से प्रयागराज के लिए रोडवेज बस शुरू करने के विषय में, जारी बाजार में सफाई और आवारा पशुओं के विषय में, प्रयागराज बजाजा पट्टी पर लाइट लगवाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया।

# 'पढ़े बेटियां, बढ़े बेटियां' के संकल्प को पूरा कर रही है सरकार

## प्रयागराज में कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में 4.13 करोड़ से हो रहा है डॉरमेट्री का निर्माण

### सांस्कृतिक कार्यक्रम और गोष्ठियों के लिए मिलेगा मंच

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ÷पढ़े बेटियां , बढ़े बेटियां ÷ के अपने संकल्प को लेकर निरंतर आगे बढ़ रही है। वंचित वर्ग की बालिकाओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से जोड़ने में कस्तूरबा बालिका विद्यालय बड़ा माध्यम बन रहे हैं। प्रदेश सरकार इनका सम्पूर्ण विकास करने के लिए विद्यालयों में डोरमेट्री का निर्माण करा रही है। प्रयागराज में 20 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हैं। जिनमे आवासीय सुविधा प्रदान करने के बाद अब विद्यालय की प्रतिभाओं को निखारने के लिए डोरमेट्री का निर्माण कराया जा रहा है। बीएसए प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी बताते है कि जिले के सभी कस्तूरबा बालिका विद्यालय में डोरमेट्री का निर्माण होना है। इनमे सांस्कृतिक कार्यक्रम और गोष्ठियों का आयोजन होगा। इसमें तीन विद्यालयों में इसका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जिले के कौंधियारा, कौड़ीहार और बहादुरपुर में निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। शेष 17 विद्यालयों में डॉरमेट्री बनना है। इसके लिए हर विद्यालय को 18.5 लाख का बजट मिला है।

**एआई और मशीन लर्निंग का प्रशिक्षण लेंगी कस्तूरबा बालिका विद्यालय की छात्राएं ट्रेनिंग के लिए कंप्यूटर लैब का हो रहा है निर्माण**

### बालिकाओं को एआई और मशीन लर्निंग की मिलेगी ट्रेनिंग

**प्रयागराज।** कस्तूरबा विद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और फाइनेंशियल इंटेलिजेंस पर आधारित प्रशिक्षण से भी बालिकाओं को जोड़ा जा रहा है। बीएसए प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी बताते हैं कि इसके लिए विद्यालय में कंप्यूटर लैब स्थापित हो रही हैं। जनपद के तीन बालिका विद्यालयों में यह लैब बनकर तैयार भी हो चुकी है। हर लैब के निर्माण में 4.8 लाख का बजट प्राप्त हुआ है। जिले के 9 कस्तूरबा विद्यालय में कम से कम पांच और अधिकतम 10 कंप्यूटर ऐसेसरीज के साथ यह लैब स्थापित हो रही हैं। अभी तक एक विद्यालय के लिए पांच लाख रुपये का बजट आया है। इस लैब में 6 डेस्कटाप, 6 यूपीएस, 6 स्पीकर, 6 हेडफोन, एक मल्टी फंक्शनल प्रिंटर भी खरीदा जाएगा। इसमें 4.50 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

# विकास व अंकित ने गंगा डिग्री कॉलेज को जिताया



**प्रयागराज।** विकास कुमार के हरफनमौला खेल (55 नाबाद एवं दो विकेट) और अंकित कुमार की उम्दा गेंदबाजी (5-0-17-4) की बदौलत गंगा डिग्री कॉलेज ने तेजस क्लब को नौ विकेट से हराकर नंद किशोर पीजी कॉलेज अंडर-16 एवं अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये।

ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में टॉस जीतकर तेजस क्लब ने 18 ओवर में 79 रन (तन्मय केसरवानी 26, अंकित कुमार 4/17, विकास कुमार 2/03, दीपक कुमार 2/23) बनाये।

जवाब में गंगा डिग्री कॉलेज ने 6.3 ओवर में एक विकेट पर 80 रन (विकास कुमार 55 नाबाद, शिखर 1/14) बना लिए। मैच में अजय कुमार व सुधीर सोनकर ने अंपायरिंग और अंकित पाण्डेय ने स्कोरिंग की।

# इम्मोर्टल्स एवं नॉर्दन फुटबॉल अकादमी फ़ाइनल में

## चीता ऍफ़ सी को तीसरा स्थान, राष्ट्रीय खेल दिवस पर फुटबॉल प्रतियोगिता



**प्रयागराज।** नॉर्दन फुटबॉल अकादमी द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर फुटबॉल प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग के प्रथम सेमीफाइनल में इम्मोर्टल्स ने चीता ऍफ़ सी को 1-0 से जबकि दूसरे सेमीफाइनल में मेजबान नॉर्दन फुटबॉल अकादमी ने कान्हा बॉयज को एक रोमांचक मुकाबले में 2-1 से हराकर फ़ाइनल में जगह बनायीं।

फुटबॉल प्रशिक्षक इंद्रनील घोष ने विजेता टीम की ओर से ऋषभ इम्मोर्टल्स सत्यम एवं राहुल चांदना नॉर्दन फुटबॉल अकादमी ने गोल करके अपनी अपनी टीम को जीत दिलाई। चीता ऍफ़ सी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। फ़ाइनल मुकाबला 31 अगस्त को खेला जायेगा।

# निशीथ कुमार डे द्वितीय जिला रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** लूकरगंज क्लब के तत्वावधान में आज निशीय कुमार डे द्वितीय जिला रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता लूकरगंज क्लब प्रयागराज में प्रारंभ हुई। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सौरभ गुहा सहायक आयकर आयुक्त टीडीएस थे।

जिन्होंने उक्त प्रतियोगिता का आज शुभारंभ किया तथा सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

# युवाओं और छात्रों के सुविधा के लिए कान्हा रैस्टोरेंट का शुभारंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** शहर के पशिचम इलाके मीरा पट्टी, मुंडेरा तथा आसपास के लोगों विशेष कर युवाओं और छात्रों की सुविधा के मद्देनजर कान्हा रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया गया है। सेंट्रली एयरकंडीशन विशुद्ध शाकाहारी रेस्ट्रोरेंट का उद्घाटन शुक्रवार अपराह्न उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी राज्य कार्यसमिति के सदस्य फुज़ैल हाशमी ने वैदिक मंत्रों चारण के बीच करतल ध्वनि के साथ किया।



रेस्ट्रा प्रोपराइटर कुंदन पाल ने बताया कि सुबह नाश्ते में लाज़ीज कचौरी, खस्ता, समोसा, पोहा,बटर टोस्ट, सैंडविच, स्वादिष्ट दही जलेबी, मलाई लस्सी, छाच, तंदूर चाय, काफी आदि उपलब्ध है। लंच और डिनर में सौ से अधिक वेरायटी के अलावा शाम के नाश्ते में दोसा, इमरती, बर्गर, इडली, मेवा कुल्फ़ी, रबढ़ी, पनीर पकौड़ा, ब्रेड पकौड़ा आदि के अतिरिक्त सर्विस की विशेषता और गुणवत्ता का विशेष खयाल रखा गया है। होम डिलीवरी राउंड द क्लाक उपलब्ध है।उद्घाटन के मौके पर पूर्व प्रधान कमाल हाशमी, बिलास पाल, अनीश अहमद, एमाज़उद्दीन, लाल चंद्र कुशवाहा, अहमद, देवी प्रसाद केसरवानी, भोला नाथ यादव, गया नाथ पाल, सिराजुल हसन, इंजीनियर सलमान हाशमी आदि मौजूद थे।

# सरसवा ब्लाक क्षेत्र के डहरई ग्राम प्रधान सेक्रेटरी के मनमानी का मामला, जांच की मांग..!




**लोकमित्र ब्यूरो**

**पश्चिम शरीरा, (कौशाम्बी)।** पूरा मामला सामुदायिक शौचालय का है सामुदायिक शौचालय डहरई 2021 में पूर्व प्रधान के कार्यकाल में बनाया गया था।

जिसमें की शर्मिला देवी इस शौचालय में संविदा पर काम करती हैं लेकिन जब नए प्रधान व सेक्रेटरी के मनमानी के चलते एक वर्ष से शौचालय बंद कराया गया है। शौचालय बंद होने के बाद आज तक संविदा में काम कर रही शर्मिला देवी को 6000 हजार ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी नहीं दे रहे हैं। सामुदायिक शौचालय न चलने पर शर्मिला देवी ने 28 अगस्त, 2024 को जिलाधिकारी को लिखित तहरीर भी दी है। ग्राम सभा की महिलाएं खुले में शौच करने के लिए मजबूर हैं। एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जोड़-तोड़ से हर गांव में शौचालय की व्यवस्था और स्वच्छ भारत अभियान चला कर गांव की जनता को निजात दिलाता है तो दूसरी तरफग्राम पंचायत अधिकारी व सेक्रेटरी पहुंचकर चौपाल लगाते हैं कि गांव की समस्या गांव में लेकिन कभी भी डहरई में चौपाल नहीं लगाई गई खानापूर्ति कर के रिपोर्ट लगा दी गई और चौपाल लगाई भी गई है तो माजरा खरौना में लगाई गई है अब यह मामला प्रिंट मीडिया व सोशल मीडिया के कैमरा में कैद होने के बाद और वीडियो बनाने के बाद जगह-जगह बना चर्चा का विषय अब स्वच्छ भारत की सही सलामत जांच कर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट दी जाएगी। गांव के लोगो ने जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष बने बब्बू सिंह पटेल और मंत्री बने अशर्फीलाल कुशवाहा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** भारतीय किसान संघ जनपद कौशांबी उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी का चुनाव पूर्व उपाध्यक्ष राम प्रताप तिवारी के आवास पर संपन्न हुआ ग्राम सुधवार चायल जिसमें श्री बब्बू सिंह पटेल अध्यक्ष तथा असर्फी लाल कुशवाहा महामंत्री एवं राजीव कुमार त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि कृष्ण मुरारी मिश्र प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तथा निर्वाचन अधिकारी के रूप में प्रांत मंत्री श्री भोला सिंह द्वारा निर्वाचन संपन्न कराया गया ।प्रांतीय सदस्य श्री जयदीप सिंह ने शपथ ग्रहण कराया जैविक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह भी उपस्थित रहे ब्लॉकों की कार्यकारिणी का सदस्यों के साथ ग्राम सभा के किसान भी उपस्थित रहे और अपनी मांग रखते हुए कहा कि बिजली माफी किसानों के लिए धोखा है इसमें सुधार लाया जाए। आज ही नई कार्यकारिणी के गठन के बाद अध्यक्ष एवं मंत्री तथा जैविक प्रमुख ने कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी डॉक्टर अजय कुमार सिंह को विज्ञापन भी सौपा जिसमें कहा गया कि कृषि विज्ञान अनुसंधान परिषद किसान हित के लिए सदैव तत्पर रहेगा तथा श्री सिंह ने आश्वासन दिया किया मांग पत्र आदरणीय हिमांशु जी पाठक महानिदेशक कृषि विज्ञान अनुसंधान परिषद आईसीएआर नई दिल्ली को भेज दिया जाएगा।।



# जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

## ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में कराये जा रहें कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से करायें पूर्ण-डीएम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कार्यालय कक्ष में बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत डिस्ट्रिक्ट को-आर्डिनेटर सिविल, केजीबीवी , प्रशिक्षण , एमआईएस एवं एमडीएम की विस्तृत समीक्षा बैठक की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने छात्रावासों के उच्चीकरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जो भी छात्रावास बनकर तैयार हो गये हैं उन्हें हैण्डओवर कर दिये जायें। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में खेल का मैदान सहित अन्य आवश्यक सुविधायें अवश्य हों। उन्होंने कहा कि छात्रावासों का लगातार निरीक्षण किया जाता रहें। छात्रावासों में आवागमन रजिस्टर अनिवार्य रूप से भरा जाय, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में वार्डेन एवं अध्यापक आपसी समन्वय बनाकर रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों के जर्जर हो चुकें भवनों का तेजी से सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिन विद्यालयो में बच्चें अधिक हैं और कमरे कम है, या जर्जर हैं, उन बच्चों को निकटतम विद्यालयों में शिफ्ट कराया जाय। उन्होंने पीएमश्री विद्यालयां के निर्माण कार्यो के प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए उनमें तेजी लाने के निर्देश दियें। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग कें अधिकारियों को निर्देशित किया कि जब भी विद्यालयों का निरीक्षण करें, तो जनपद के दूरस्थ विद्यालयों का ही निरीक्षण करें, यदि वे संघर्षशील विद्यालय हैं तो उन्हें निपुण बनाने का प्रयास करें। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में कराये जा रहें कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने के निर्देश दियें।

इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी सुखराज बन्धु एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# अनुज कुमार पीसीएस अधिकारी में चयनित होकर फतेहपुर जिले का नाम रोशन किया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी/फ्तेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फ्तेहपुर जनपद के हथगाम ब्लॉक के आलीमऊ गांव के रहने वाले अनुज कुमार उत्तराखंड पीसीएस 2021 के परीक्षा परिणाम में जिला सूचना अधिकारी पद पाने में सफ्लता हासिल की। जिसमें उनके परिवार व गांव में खुशी का माहौल है। आपको बताते चलें कि हथगाम विकास खंड के आलीमऊ गांव के रहने वाले अनुज कुमार दो भाई हैं जिसमें बड़े भाई अमित कुमार कुछ समय तक खंड विकास अधिकारी की नौकरी करते ही 2018 में पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण करके वर्तमान में उत्तर प्रदेश के जनपद सोनभद्र में सीओ पद पर कार्यरत हैं। अनुज कुमार इस सफ्लता का श्रेय अपनी माता व बड़े भाई अमित एवं बाबा जगदीश प्रसाद को देते हैं और कहते हैं कि मैं आज उनकी कड़ी मेहनत व लगन से पीसीएस अधिकारी बना हूं। बाबा जगदीश प्रसाद ने प्रेस वार्ता में बताया कि नाती अनुज कुमार अपने परिवार का नाम तो रोशन किया ही है साथ में जनपद क्षेत्र गांव का नाम भी रोशन किया है। जिससे हम अपनी खुशी को इजहार नहीं कर सकते, मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि उससे सीख लेनी चाहिए और पढ़ाई वह अमृत रस जिसको पिया जाए तो जरुर सफ्लता की कुंजी हासिल की जा सकती इसलिए आप लोग मेहनत करके पढ़ाई करें और आगे बढ़े।



# अजीत कुमार श्रीवास्तव होंगे कौशाम्बी के सीडीओ

**कौशाम्बी।** सीडीओ रवि किशोर त्रिवेदी के रिटायर्ड होने के बाद से सीडीओ का पद रिक्त था। शासन ने शुक्रवार को अजीत श्रीवास्तव को तैनाती कर दिया है। हमीरपुर में जिला विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे अजीत कुमार श्रीवास्तव को हाल ही में शासन ने प्रोन्नत किया था। पदोन्नति के बाद शासन ने अजीत कुमार श्रीवास्तव को कौशाम्बी सीडीओ का कार्यभार ग्रहण करने का आदेश जारी किया है। 31 जुलाई को तत्कालीन सीडीओ रहे डाक्टर रवि किशोर त्रिवेदी रिटार्यड हो गए थे। इसके बाद से सीडीओ की कुर्सी खाली थी। जिला विकास अधिकारी सुखराज बंधु को सीडीओ चार्ज दिया गया था।